3 राजधानी
दो निजी अस्पतालों के खिलाफ जांच के आदेश

6 अभिमत
राष्ट्र जीवन की गति का दिशासूचक संविधान

10 स्पोर्ट्स
भारत का आक्रमण बेहद मजबूतः लैंगर

11 विदेश
राष्ट्रीय सुरक्षा दल अमेरिका को सुरक्षित रखेगाः बाइडेन

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 38
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 26 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कोहली ऑग्मेंटेड रियलिटी में फेसबुक इंस्टाग्राम पर आए
विविध-12

# संक्रमण रोकने को राज्य लगा सकते हैं पाबंदी

- लेकिन निषिद्ध क्षेत्र के बाहर लॉकडाउन के लिए लेनी होगी मंजूरी, गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देश 1 से 31 दिसंबर तक होंगे लागू
- लोगों के एक से दूसरे राज्य आने-जाने या सामानों के आवागमन पर नहीं होगी रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कुछ** क्षेत्रों में कोरोना वायरस के मामलों में वृद्धि के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि राज्य और केंद्रशासित प्रदेश संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए रात्रिकालीन कर्फ्यू जैसी स्थानीय पाबंदियां लगा सकते हैं। हालांकि, निषिद्ध क्षेत्रों के बाहर किसी भी तरह का लॉकडाउन लगाने के पहले केंद्र से विचार-विमर्श करना होगा।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिसंबर के लिए 'निगरानी, रोकथाम और सावधानी' दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि निर्देश का मुख्य लक्ष्य देश में कोविड-19 के खिलाफ मुकाबले में जो कामयाबी मिली है, उसे बनाए रखना है। रोकथाम रणनीति की बदौलत ही देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। दिशा-निर्देश में कहा गया है कि कुछ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में हाल ही में मामलों में बढ़ोतरी, त्योहार के मौसम और ठंड की शुरुआत को ध्यान में रखते हुए यह जोर दिया जाता है कि महामारी की रोकथाम के लिए सावधानी रखना बहुत जरूरी है और इसको लेकर निर्धारित रणनीति का कड़ाई से पालन करना होगा।

मंत्रालय ने कहा कि रोकथाम की रणनीति में निगरानी, अन्य उपायों पर ध्यान होना चाहिए और गृह मंत्रालय तथा स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का कड़ाई से पालन करना चाहिए। मंत्रालय ने कहा कि राज्य और केंद्रशासित प्रदेश स्थिति के अपने आकलन के आधार पर कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए रात्रिकालीन कर्फ्यू जैसी स्थानीय पाबंदी लागू कर सकते हैं। दिशा-निर्देश में कहा गया कि हालांकि, राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारें केंद्र सरकार के साथ विचार-विमर्श किए बिना निषिद्ध क्षेत्रों के बाहर किसी भी प्रकार का स्थानीय लॉकडाउन (राज्य, जिला, उपसंभाग, शहर के स्तर पर) नहीं लागू करेंगी। दिशा-निर्देश एक दिसंबर से 31 दिसंबर तक प्रभावी रहेगा। मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय जिला, पुलिस और निगम प्राधिकार पर यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी होगी कि रोकथाम उपायों का कड़ाई से पालन कराया जाए। राज्य सरकारें इस संबंध में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करेंगी।

दिशा-निर्देश के मुताबिक निषिद्ध क्षेत्रों के बाहर कुछ गतिविधि को सशर्त अनुमति के अलावा सभी गतिविधियों की अनुमति दी गयी है। सिनेमा हॉल और थियेटरों को बैठने की 50 प्रतिशत क्षमता के साथ संचालन की अनुमति दी गयी है। सामाजिक, खेल, मनोरंजन, शैक्षणिक, सांस्कृतिक और धार्मिक जमावड़े की स्थिति में एक हॉल में अधिकतम 50 प्रतिशत क्षमता के साथ 200 लोगों तक की अनुमति होगी। खुले स्थान में मैदान के हिसाब से लोगों को अनुमति दी जाएगी। हालांकि, स्थिति के आकलन के आधार पर राज्य सरकारें बंद स्थानों में लोगों की संख्या 100 तक सीमित कर सकती हैं।

दिशा-निर्देश में गतिविधियों को अनुमति देने के संबंध में समय-समय पर जारी 19 एसओपी की एक सूची भी शामिल है। लोगों के, राज्यों के भीतर और एक राज्य से दूसरे राज्य आने-जाने या सामानों के आवागमन पर कोई पाबंदी नहीं होगी। ऐसी आवाजाही के लिए अलग से ( शेष पेज 9 )

## कोरोना पर नई गाइडलाइन



मुंबई में बांद्रा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की कोरोना चांच करते स्वास्थ्यकर्मी


## एक दिसंबर से मेडिकल कॉलेज खोलें राज्यः केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को राज्य सरकारों से एक दिसंबर या उससे पहले मेडिकल कॉलेजों को फिर से खोलने के लिए कदम उठाने को कहा। इसने साथ में हिदायत दी कि कोविड-19 से संबंधित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित हो। देश में कोविड-19 महामारी के कारण मार्च से ही शिक्षण संस्थान बंद हैं। सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को लिखे पत्र में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने यह भी सुझाव दिया कि संबंधित मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में पर्याप्त संख्या में गैर कोविड बिस्तर उपलब्ध रखे जाएं ताकि छात्रों को प्रशिक्षण मिल सके। पत्र में उल्लेख किया गया है कि स्वास्थ्य मंत्रालय ने मेडिकल कॉलेजों को फिर से खोलने के लिए गृह मंत्रालय से सहमति प्राप्त की है। स्वास्थ्य सचिव ने 25 नवंबर को लिखे पत्र में कहा है कि राज्य और केंद्रशासित प्रदेश एक दिसंबर या उससे पहले मेडिकल कॉलेजों को खोलने के लिए आवश्यक कदम उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कहने की जरूरत नहीं है ( शेष पेज 9 )

## नेहरू-गांधी परिवार पर प्रधानमंत्री का परोक्ष निशाना

# रायबरेली कारखाने में निवेश तो वर्षों पहले हुआ लेकिन पहला कोच 2014 के बाद बना






### लविवि के 100 वर्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को परोक्ष रूप से गांधी-नेहरू परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि रायबरेली स्थित रेल कोच कारखाने में तो निवेश वर्षों पहले हुआ था लेकिन बड़ी-बड़ी घोषणाओं के बाद भी वहां कई वर्षों तक सिर्फ डेंटिंग-पेंटिंग का ही काम होता था जबकि वहां पहला कोच बनकर 2014 के बाद तैयार हुआ।

लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शिरकत करते हुए प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि आज का रायबरेली रेल कोच कारखाना सामर्थ्य के सही इस्तेमाल का बेहतर उदाहरण है जो हर साल सैंकड़ों रेल कोच तैयार कर रहा है। कार्यक्रम को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए।

प्रधानमंत्री ने कहाकि यूनिवर्सिटी सिर्फ उच्च शिक्षा का केंद्र नहीं होती यह ऊंचे लक्ष्य ऊंचे संकल्पों को साधने की शक्ति का भी एक बड़ी बहुत बड़ी पावर हाउस होती हैं। यूनिवर्सिटी के शिक्षक साल दर साल अपने स्टूडेंट्स के इंटेलेक्चुअल, एकेडमिक और फिजिकल डेवलपमेंट को निखारते हैं। छात्रों का सामर्थ्य बढ़ाते हैं। छात्र अपने सामर्थ्य को पहचाने इसमें भी शिक्षकों की बड़ी भूमिका होती है। लेकिन साथियों लंबे समय तक हमारे यहां समस्या यह रही है कि हम अपने सामर्थ्य का पूरा उपयोग ही नहीं करते हैं। यही समस्या पहले हमारी गवर्नेंस में सरकारी तौर तरीकों में भी थी।

सामर्थ्य का सही उपयोग ना हो, क्या नतीजा होता है मैं आज आपके बीच में उसका एक उदाहरण देना चाहता हूं और वह आज यहां यूपी में काफी सूटेबल है। आपके लखनऊ से बहुत दूर रायबरेली नहीं है। रायबरेली का रेल कोच फैक्ट्री। बरसों पहले वहां निवेश हुआ संसाधन लगे मशीनें लगी बड़ी बड़ी घोषणाएं हुई। रेल कोच बनाएंगे लेकिन अनेक सालों तक वहां ( शेष पेज 9 )

# ऐप पर प्रतिबंध से बौखलाया चीन भारत के फैसले का किया विरोध

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/बीजिंग

- विश्व व्यापार संगठन के नियमों के खिलाफ होने का किया दावा

**भारत** द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर 43 और चीनी मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगाने से चीन बौखला गया है। बीजिंग ने बुधवार को कहा कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर 43 चीनी मोबाइल ऐप पर पाबंदी लगाने के भारत के निर्णय का पुरजोर विरोध करता है।

चीन ने दावा किया कि यह कदम विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के खिलाफ है। भारत के ताजा कदम के बारे में पूछे जाने पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजिआन ने संवाददाता सम्मेलन में इसको लेकर गंभीर चिंता जतायी। उन्होंने कहा कि इस साल जून से अबतक चार बार भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर चीन से जुड़े स्मार्टफोन ऐप पर पाबंदी लगायी है। प्रवक्ता ने कहा कि ये कदम बाजार सिंद्धातों और विश्व व्यापार संगठन के नियमों के खिलाफ है। इसमें चीनी कंपनियों के हितों और वैध अधिकारों की अनदेखी की गयी। झाओ ने कहा कि चीन सरकार हमेशा अपनी कंपनियों से दूसरे देशों में काम करते समय अंतरराष्ट्रीय नियमों और स्थानीय कानून का पालन करने के लिये कहती है।

उन्होंने कहा कि चीन और भारत का आर्थिक तथा व्यापार सहयोग दोनों देशों के लिये लाभदायक है। प्रवक्ता ने कहा कि हम भारतीय पक्ष से इस भेदभावपूर्ण रुख में तत्काल सुधार लाने और आगे द्विपक्षीय सहयोग को नुकसान पहुंचाने वाले कदम से बचने का आग्रह करते हैं। भारत ने मंगलवार को अलीबाबा ग्रुप होल्डिंग की ई-वाणिज्य ऐप अलीएक्सप्रेस समेत 43 और चीनी ऐप पर पबंदी लगा दी। चीन के साथ सीमा पर गतिरोध के बीच यह कदम उठाया गया है। नई दिल्ली में जारी में आधिकारिक बयान के अनुसार ये ऐप देश की संप्रभुता और अखंडता के लिये ( शेष पेज 9 )

## लॉकडाउन की अवधि में निजी स्कूलों की फीस माफी की मांग पर जवाब तलब

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**लॉकडाउन** की अवधि के दौरान निजी स्कूलों की फीस माफ कराने और प्रदेश में भौतिक रूप से कक्षाएं शुरू होने तक किसी भी तरह की परीक्षा कराए बगैर कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों को उत्तीर्ण करने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रदेश सरकार और संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है। मुख्य न्यायाधीश गोविंद माथुर और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा की पीठ ने मासूम बचपन फाउंडेशन नाम के एक ट्रस्ट द्वारा दायर जनहित याचिका पर 17 नवंबर को यह नोटिस जारी किया। याचिकाकर्ता ने ऑनलाइन कक्षाओं के दौरान लैपटॉप, कंप्यूटर, मोबाइल स्क्रीन से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक किरणों के संपर्क में बच्चों के लंबे समय तक रहने से स्वास्थ्य संबंधी नुकसान का मुद्दा भी उठाया है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि इलेक्ट्रानिक उपकरणों से बच्चों में तनाव का स्तर बढ़ रहा है और उनकी तार्किक सोच, यादाश्त, मूड और मानसिक स्थिरता ( शेष पेज 9 )

# भाजपा विधायक की खरीद-फरोख्त संबंधी लालू की ऑडियो क्लिप वायरल

**भाषा।** पटना

**बिहार** में विधायकों की खरीद-फरोख्त के प्रयास के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जेल में बंद अध्यक्ष लालू प्रसाद की भाजपा विधायक के साथ फोन पर की गई कथित बातचीत की ऑडियो क्लिप सामने आने के बाद बुधवार को राजद को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा।

माना जा रहा है कि चारा घोटाला मामले में रांची की एक जेल में बंद प्रसाद ने भाजपा विधायक ललन पासवान को मंगलवार को कथित रूप से उस समय फोन किया, जब पासवान भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी के साथ बैठक कर रहे थे। उधर झारखंड के जेल महानिरीक्षक वीरेन्द्र भूषण ने चारा घोटाले में सजा काट रहे और रिम्स में भर्ती राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव द्वारा मंगलवार को बिहार के पीरपैंती से भाजपा विधायक ललन पासवान को कथित तौर पर फोन किए जाने के मामले में जांच के आदेश दिए हैं। राजद सुप्रीमो प्रसाद के कटु



आलोचक मोदी ने मंगलवार देर रात ट्वीट किया कि प्रसाद राजद विधायकों को मंत्रिपद का लालच देकर खरीदने की कोशिश कर रहे हैं। मोदी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर डेढ़ मिनट की क्लिप साझा की जिसमें प्रसाद को अपने अंदाज में पीरपैंती के विधायक ललन कुमार से बातचीत करते सुना जा सकता है।

ऑडियो में प्रसाद को यह कहते हुए सुना जा सकता है, हम आपका ठीक से ख्याल रखेंगे, आप कल विधानसभा अध्यक्ष पद के चुनाव में राजग उम्मीदवार को हराने में हमारी मदद कीजिए। ऑडियो में विधायक अपनी पार्टी के खिलाफ वोट करने में अपनी दिक्कतों को बता रहे हैं जिस पर प्रसाद कहते हैं आपको चिंतित होने की जरूरत नहीं है। हमारा अपना विधानसभा अध्यक्ष होगा। हम इस सरकार को गिराकर अपनी सरकार बनाते ही आपको पुरस्कृत करेंगे। भाजपा विधायक ने ऑडियो क्लिप की पुष्टि की और कहा कि सुशील कुमार मोदी की मौजूदगी में बातचीत हुई, जिसका भान संभवतः राजद सुप्रीमो को नहीं था। ललन कुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं सुशील कुमार मोदी के साथ बैठक में था जब मेरा निजी सचिव आया और सूचित किया कि मेरे मोबाइल पर लालू प्रसाद का फोन है। मुझे आश्चर्य हुआ, लेकिन मैंने सोचा कि कई अन्य लोगों की तरह उन्होंने चुनावी जीत पर बधाई देने के लिए फोन किया होगा।

विधायक ने कहा, वह काफी वरिष्ठ नेता हैं, इसलिए मैंने उन्हें प्रणाम किया। वह सरकार गिराने की बात करने लगे। मैंने उन्हें बताने का प्रयास किया कि मैं पार्टी के अनुशासन से बंधा हुआ हूं। फोन बीच में रोकते हुए मैंने सुशील मोदी को सूचित किया। मोदी ने मंगलवार की रात ट्वीट ( शेष पेज 9 )

# हाईकोर्ट में सीबीआई ने पेश की हाथरस मामले की स्टेटस रिपोर्ट

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

- जांच 10 दिसंबर तक पूरी होने की संभावना

**हाथरस** मामले की जांच कर रही सीबीआई ने बुधवार को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में अपनी स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत की। सीबीआई की ओर से बताया गया कि इस मामले की जांच 10 दिसंबर तक पूरी होने की संभावना है। पीठ के समक्ष इस मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से हाथरस के जिलाधिकारी प्रवीण कुमार का बचाव भी किया गया। कहा गया कि कुछ राजनीतिक दल उन्हें हटवाना चाहते हैं।

पीठ ने इस जवाब पर खिन्नता जाहिर करते हुए अंतिम संस्कार के मामले में प्रस्तावित गाइड लाइन पर और विचार विमर्श करने का आदेश दिया। अब मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर को होगी। जस्टिस पंकज मित्तल एवं जस्टिस राजन रॉय की पीठ ने यह आदेश हाथरस मामले में स्वतः संज्ञान द्वारा गरिमापूर्ण ढंग से अंतिम संस्कार के अधिकार टाइटिल से दर्ज जनहित याचिका पर दिया। बुधवार को पीठ के समक्ष पूर्व आदेश के अनुपालन में सीबीआई की ओर से अब तक के जांच की स्टेटस रिपोर्ट पेश की गई। पीठ के पूछने पर सीबीआई के वकील ने बताया कि 10 दिसंबर तक जांच पूरी होने की संभावना है। उनका कहना था कि इस मामले में कई फॉरेंसिक रिपोर्ट आने हैं। जिसकी वजह से समय लग रहा है। दूसरी तरफ राज्य सरकार की ओर से भी एक हलफनामा दाखिल किया गया। कहा गया है कि इस पूरे मामले में जिलाधिकारी प्रवीण कुमार का कार्य व निर्णय सद्भावनापूर्ण रहा है। कुछ राजनीतिक दल उन्हें वहां से हटाना चाहते हैं।

यदि उन्हें हटाया गया, तो इससे सद्भावनापूर्ण तरीके से काम करने वाले सरकारी अधिकारी हतोत्साहित होंगे। यह भी कहा गया कि मृतका के परिवार ने भी जिलाधिकारी के खिलाफ कोई शिकायत नहीं की है और न ही मामले की जांच में उनके द्वारा किसी प्रकार के हस्तक्षेप की कोई बात ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 43,828 | ↓ | 694 | |
| निफ्टी | 12,858 | ↓ | 196 | |
| सोना | 48,273 | ↑ | 45 | /10g |
| चांदी | 59,380 | ↑ | 407 | /kg |

## क्विक न्यूज

### प्रदेश में छह माह के लिए हड़ताल पर रोक

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश अत्यावश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम 1966 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके छह महीने की अवधि के लिए हड़ताल निषिद्ध की गई है। यानी इस दौरान हड़ताल करने पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी। शासन द्वारा इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये गये हैं। अपर मुख्य सचिव कार्मिक मुकुल सिंघल ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य के कार्य कलापों से संबंधित किसी लोक सेवा व राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन व नियंत्रणाधीन किसी सेवा तथा किसी स्थानीय प्राधिकरण के अधीन किसी सेवा के कर्मचारियों के लिए हड़ताल निषिद्ध की गई है।

# फुटबॉल के एक युग का अंत डिएगो माराडोना का निधन

**एपी।** ब्यूनस आयर्स

**दुनिया** के महानतम फुटबॉल खिलाड़ियों में शुमार 1986 विश्व कप में अर्जेंटीना की जीत के नायक डिएगो माराडोना का बुधवार को निधन हो गया। पेले की ही तरह दस नंबर की जर्सी पहनने वाले दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलरों में गिने जाने वाले माराडोना 60 वर्ष के थे। पिछले लंबे समय से वह कोकीन की लत और मोटापे से जुड़ी कई परेशानियों से जूझ रहे थे।

अर्जेंटीना में तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा कर दी गई है। दुनिया भर के फुटबॉलप्रेमियों में इस खबर से शोक की लहर दौड़ गई है और सोशल मीडिया पर इस महान फुटबॉलर को श्रृद्धांजलि दी जा रही है। फीफा ने उन्हें 2001 में ब्राजील के पेले के साथ खेल के इतिहास के दो महानतम खिलाड़ियों में शामिल किया था। दो सप्ताह पहले ही दिमाग के



आपरेशन के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी गई थी।

विश्व कप 1986 में इंग्लैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में खुदा का हाथ वाले गोल के कारण फुटबॉल की किवदंतियों में अपना नाम शुमार कराने वाले माराडोना दो दशक से लंबे अपने कैरियर में फुटबालप्रेमियों के नूरे नजर रहे। माराडोना ने बरसों बाद स्वीकार किया था कि उन्होंने जान बूझकर गेंद को हाथ लगाया था।

# कांग्रेस के संकट मोचक अहमद पटेल नहीं रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- कोविड संबंधी जटिलताओं के कारण हुआ निधन, सोनिया गांधी के रहे वफादार

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता, आलाकमान के सबसे भरोसेमंद और कुशल रणनीतिकार अहमद पटेल का बुधवार तड़के 3.30 बजे निधन हो गया। एक माह पहले कोरोना हो गया था, इसके बाद उनके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था।

शरीर में कई जटिलताएं विकसित होने के बाद 15 नवंबर को उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती किया गया था। पटेल को उनके पैतृक गाँव और उनके जन्म स्थान गुजरात के पिरमान में गुरुवार को सपुर्द ए खाक किया जाएगा। उनके बेटे फैसल ने सोशल मीडिया पर यह समाचार साझा करते हुए सभी शुभचिंतकों से सामूहिक समारोहों से बचने और कोविड-19 नियमों का पालन करने का आग्रह किया है। पटेल के परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। दिग्गज कांग्रेसी नेता ने बीते 1 अक्टूबर को खुद ट्वीट कर कोरोना पॉजिटिव होने की जानकारी दी थी।

अपने मित्रों के बीच एपी और सहयोगियों में अहमद भाई के नाम से मशहूर मृदुभाषी पटेल कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी के सबसे करीब सहयोगियों में से एक और लंबे समय से उनके राजनीतिक सचिव थे। वह कांग्रेस के संकटमोचक माने जाते थे और उन्होंने कई बार पार्टी को विकट परिस्थितियों से बाहर निकाला। वह अन्य पार्टियों और नेताओं के साथ प्रमुख मुद्दों पर सहमति बनाने के माहिर नहीं थे। यूपीए के दस वर्षों के कार्यकाल के दौरान दोनों ही बार मनमोहन सिंह गठबंधन सरकार का



1949-2020

नेतृत्व कर रहे थे, लेकिन पटेल ही वह शख्सियत थे जिन्होंने गठबंधन दलों में तालमेल बैठाने और सत्ता संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मिलनसार व्यक्तित्व के मालिक पटेल का बहुत सम्मान किया जाता था। अलग-अलग क्षेत्रों में उनके दोस्त मौजूद थे। वह आठ बार सांसद रहे। इनमें पांच बार वह राज्यसभा के लिए चुने गए। पटेल वर्तमान में गुजरात से राज्यसभा के सदस्य थे। 2017 में उन्होंने राज्यसभा चुनाव अपने कुशल रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए कड़ी चुनौती के बीच जीता था। वह तीन बार कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रहे।

अभी भी वह इसी पद पर थे। पटेल ने 1976 में गुजरात के भरूच जिले में स्थानीय निकाय चुनाव लड़कर अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। वह मार्च 1977 में लोकसभा सांसद बने और 1989 तक छठी, सातवीं और आठवीं लोकसभा के सदस्य रहे। इसके बाद अगस्त 1993 में वह पहली बार राज्यसभा के लिए चुने गए। पटेल राजीव गांधी के करीबी विश्वासपात्र थे और 1985 से 1986 तक प्रधानमंत्री के संसदीय सचिव के तौर पर कार्य किया। उन्होंने बाद में गुजरात और पार्टी आलाकमान दोनों जगह कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे की कमान संभाली। वह इकलौते ऐसे कांग्रेसी नेता थे, जिनका सोनिया गांधी के निवास 10 जनपथ में भी कार्यालय था। हालांकि पटेल कभी मंत्री नहीं बने, उन्होंने हमेशा कांग्रेस में पर्दे के पीछे रहकर काम किया और अपनी मृत्यु तक पार्टी के निर्णयों में केंद्रीय भूमिका में रहे।

कुछ माह पहले जब उनसें पार्टी के अंदरूनी मामलों के जानकार के तौर पर संस्मरण लिखने के बारे में पूछा गया तो उनका संक्षिप्त सा जवाब था कि सभी रहस्य उनके साथ कब्र में दफन हो जाएंगे। पटेल का नाम कई राजनीतिक घोटालों और घोटालों में फंस गया और वे जांच के दौर से गुजर रहे थे, जिसके बारे में उन्होंने हमेशा दावा किया था कि वे बाहर निकलेंगे। संकटमोचक और सर्वसम्मति बनाने वाले नेता के रूप में खास पहचान रखने वाले पटेल का अंतिम राजनीतिक मास्टर स्ट्रोक महाराष्ट्र में शिवसेना के साथ मिलकर गठबंधन सरकार बनवाना रहा। वह एक धर्मनिष्ठ मुसलमान भी थे और धर्मनिर्पेक्ष मूल्यों में गहरी आस्था रखते थे।

# संक्रमण की चेन तोड़ने में टेस्टिंग की भूमिका महत्वपूर्णः सीएम

## अधिक संक्रमण दर वाले जनपदों पर विशेष ध्यान देते हुए केस मैपिंग की जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में प्रतिदिन 1 लाख 78 हजार से अधिक कोविड-19 की टेस्टिंग क्षमता अर्जित किये जाने पर संतोष व्यक्त करते हुए टेस्टिंग कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कोविड-19 के संक्रमण की चेन को तोड़ने में टेस्टिंग कार्य की महत्वपूर्ण भूमिका है।

मुख्यमंत्री ने अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने कोविड-19 के दृष्टिगत पूरी सतर्कता और सावधानी बरतने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 से बचाव के बारे में लोगों को निरन्तर जागरूक किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि पब्लिक एड्रेस सिस्टम पूरी सक्रियता से संचालित हो। उन्होंने कहा कि मास्क के अनिवार्य उपयोग तथा सोशल डिस्टेंसिंग के पालन पर पूरा ध्यान दिया जाए। भीड़ एकत्र न हो, इसके प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने मास्क लगाने के सम्बन्ध में प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिक संक्रमण दर वाले जनपदों पर विशेष ध्यान देते हुए केस मैपिंग की जाए। इसके परिणाम के आधार पर रणनीति बनाते हुए कोविड-19 के नियंत्रण की प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने इस सम्बन्ध में आरटीपीसीआर केन्द्रित फोकस टेस्टिंग किये जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की प्रभावी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, मेरठ तथा गाजियाबाद में कोविड-19 की रिकवरी दर को बेहतर करने के लिए चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। उन्होंने कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग की कार्यवाही को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर को सक्रिय बनाये रखने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कोविड चिकित्सालयों में औषधियों एवं मेडिकल उपकरणों की सुचारु उपलब्धता की जाए। उन्होंने अतिरिक्त आईसीयू बेड्स की जरूरत का आकलन करते हुए आवश्यकतानुसार आईसीयू बेड्स बढ़ाने की कार्यवाही के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा कर्मियों तथा सुरक्षा बल के कार्मिकों को संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए सभी प्रबन्ध किये जाएं।

## फ्लिपकार्ट ग्रुप ने सीएम को भेंट कीं 50 हजार पीपीई किट



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके सरकारी आवास पर फ्लिपकार्ट ग्रुप की ओर से 50 हजार पीपीई किट भेंट की गई। इस अवसर पर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ रजनीश कुमार ने मुख्यमंत्री से वर्चुअल माध्यम से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कोविड-19 की लड़ाई में फ्लिपकार्ट द्वारा किये गये सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का एक बड़ी आबादी वाला राज्य है। देश का हर छठा व्यक्ति उत्तर प्रदेश का है। प्रदेश सरकार कोविड 19 के खिलाफ पूरी सक्रियता से लड़ाई लड़ रही है। कोरोना कालखण्ड में प्रत्येक तबका कहीं न कहीं प्रभावित हुआ है। अब उनके लिए बेहतर माहौल तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा फ्लिपकार्ट के साथ एमओयू किया गया था जिससे प्रदेश के एमएसएमई सेक्टर तथा ओडीओपी के उत्पादों को एक नई पहचान मिली है।

# समय से कार्यालय आएं डीएम व एसएसपीः योगी

## विद्यार्थियों को निशुल्क स्वेटर का वितरण समय से किया जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को धान क्रय प्रक्रिया की गहन मॉनिटरिंग तथा क्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि धान क्रय केन्द्रों पर किसानों को अपनी उपज बेचने में कोई असुविधा न हो। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसानों की उपज का भुगतान 72 घण्टे में हो जाए।

मुख्यमंत्री बुधवार को अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को निःशुल्क स्वेटर का वितरण समय से कर दिया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि यह स्वेटर गुणवत्तापूर्ण हों। मुख्यमंत्री ने सरकारी कार्यालयों में सभी कार्मिकों की समय से उपस्थिति पर बल दिया है। यह सुनिश्चित किया जाए कि जनपदीय, तहसील तथा ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों में भी अधिकारी और कर्मचारी समय से उपस्थित हों। उन्होंने कार्मिकों की कार्यालय में समय से उपस्थिति के सत्यापन के लिए आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त जिलाधिकारियों तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक सीयूजी नम्बर वाला अपना फोन स्वयं रखें और समय पर कार्यालय आयें। उन्होंने कहा कि इन निर्देशों के अनुपालन की पुष्टि राज्य मुख्यालय स्तर से की जाए।

# किसानों को सहकार प्रज्ञा के अंतर्गत प्रशिक्षित किया जाएगाः तोमर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**केंद्रीय** कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि देश के ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक सहकारिताओं में किसानों को एनसीडीसी द्वारा सहकार प्रज्ञा के अंतर्गत प्रशिक्षित किया जाएगा। एनसीडीसी सहकार प्रज्ञा द्वारा प्रशिक्षण के लिए समर्पित लक्ष्मणराव इनामदार राष्ट्रीय सहकारिता अनुसंधान एवं विकास अकादमी (लिनाक) जो कि एनसीडीसी से संबद्ध एवं वित्त पोषित है जिसके द्वारा देश भर में 18 क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों के पैन अपने विस्तृत नेटवर्क के माध्यम से एनसीडीसी की प्रशिक्षण क्षमता को 18 गुना तक बढ़ाने का संकल्प करती है। प्राथमिक सहकारी समितियों को तैयार करने के उद्देश्य से ज्ञान, कौशल एवं संगठनात्मक क्षमताओं को अंतरण करने हेतु सहकार प्रज्ञा में 45 प्रशिक्षण मॉड्यूल सम्मिलित हैं जिससे प्रधानमंत्री के आत्म निर्भर भारत संकल्पना में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम लखनऊ के क्षेत्रीय निदेशक सुधांशु शर्मा ने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा वर्चुवल माध्यम से संबोधित करते हुए यह भी कहा गया कि लिनाक वर्ष 1985 से सहकारी समितियों के 30,000 से अधिक व्यक्तियों को प्रशिक्षित कर चुका है। नवीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्राथमिक सहकारी समितियों में किसानों को सशक्त बनाने के लिए एनसीडीसी को निर्देशित किया है। एनसीडीसी का गठन सहकारी सिद्धांतों पर कृषि उत्पादों, खाद्य पदार्थों, औद्योगिक वस्तुओं, पशुधन, कुछ अन्य वस्तुओं के उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन, भंडारण, निर्यात एवं आयात तथा सेवाओं जैसे कि अस्पताल व स्वास्थ्य और शिक्षा आदि के लिए कार्यक्रमों की योजना बनाने और बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। अब तक इसने देश भर की विभिन्न श्रेणियों की सहकारी समितियों के लिए 1.58 लाख करोड़ रुपये के अग्रिम ऋण दिए हैं। इस अवसर पर एनसीडीसी के प्रबंध निदेशक संदीप कुमार नायक द्वारा कहा कि लिनाक ने एक वर्ष में सहकारी समितियों में लगभग 5000 किसानों को प्रशिक्षित करने की योजना बनाई है। सहकारी समितियों को बाजार की अर्थव्यवस्था के पेशेवर व्यावसायिक शर्तों से संबधित मामलों से निपटने हेतु पैंतालीस समर्पित प्रशिक्षण मॉड्यूल से लैस करेंगे।

# आंध्र प्रदेश को भायी साफ-सुथरी काशी

**● मुख्यमंत्री जगनमोहन के निर्देश पर काशी आएंगे सीएम के प्रमुख सचिव, करेंगे स्वच्छता प्रणाली का अध्ययन**

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ का क्लीन यूपी-ग्रीन यूपी अभियान अब दूसरे प्रदेशों को भी भाने लगा है। महादेव की नगरी काशी की साफ -सफाई आंध्र प्रदेश सरकार को इतनी भायी कि मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी अपने प्रदेश में भी काशी की स्वच्छता प्रणाली को लागू करने की तैयारी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जगनमोहन ने अपने प्रमुख सचिव प्रवीण प्रकाश को काशी आकर यहां के सॉलिड और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था का अध्ययन करने का निर्देश दिया है। रेड्डी के निर्देश पर प्रवीण प्रकाश 28-29 नवंबर को इस बाबत वाराणसी आएंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र भेजकर आंध्र प्रदेश सरकार ने नमामि गंगे कार्यक्रम अंतर्गत बनारस में हुए कार्यों की तारीफ की है। आंध्र प्रदेश के अधिकारी विभिन्न मानकों पर वाराणसी में हुए काम का अध्ययन करने के लिए दो दिनी वाराणसी दौरे पर आ रहे हैं। स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर आंध्र प्रदेश के अधिकारी बनारस प्रणाली का अध्ययन करेंगे। आंध्र प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध तिरुपति मन्दिर ट्रस्ट महादेव की नगरी काशी में एक मंदिर की स्थापना के लिए प्रयासरत है। तिरुपति तिरुमला देवस्थानं ट्रस्ट की ओर से प्रस्तावित यह मंदिर करीब 5 एकड़ में होगा जिसके लिए आंध्र प्रदेश के अधिकारी 28-29 नवम्बर को वाराणसी भ्रमण के दौरान भूमि की तलाश भी करेंगे।

# पुलिस महकमे के 254 आरक्षी चालकों को मिला प्रोन्नति का तोहफा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**योगी** सरकार ने पुलिस महकमे के 254 आरक्षी चालकों को प्रोन्नति का तोहफा दिया है। इन सभी को उनके वर्तमान तैनाती स्थल पर ही मुख्य आरक्षी चालक बना दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक लॉजिस्टिक अमित वर्मा की ओर से जारी आदेश के अनुसार उत्तर प्रदेश पुलिस मोटर परिवहन शाखा अधीनस्थ अधिकारी सेवा नियमावली 2015 में निहित निर्देशों के अन्तर्गत अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर पुलिस उप महानिरीक्षक कार्मिक-स्थापना के पत्र के साथ प्राप्त उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के पत्र के आधार पर 254 आरक्षी चालकों को मुख्य आरक्षी चालक के पद पर पदोन्नति के लिए उपयुक्त पाए जाने और पुलिस महानिदेशक के अनुमोदन के पश्चात इन्हें उनके वर्तमान नियुक्ति स्थान पर ही कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से मुख्य आरक्षी चालक के पद पर पदोन्नति प्रदान की जाती है। पदोन्नति पाए समस्त मुख्य आरक्षी चालक अपने नियुक्ति स्थान जनपद, इकाई, शाखा के मुख्यालय पर कार्यभार ग्रहण करेंगे एवं कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 2 वर्ष की अवधि तक परिवीक्षाधीन रहेंगे। जिसे सेवा नियमावली 2015 के प्राविधानों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा आगे बढ़ाया जा सकेगा। सफलतापूर्वक परिवीक्षाकाल पूर्ण करने पर सक्षम स्तर से इसके लिए आदेश निर्गत किए जाएंगे।

# अनुशासनहीनता के आरोप में मथुरा के उपायुक्त श्रम रोजगार निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अनुशासनहीन,** लापरवाह और भ्रष्टाचारी अधिकारियों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्रवाई जारी है। मथुरा के उपायुक्त श्रम रोजगार वीरेंद्र कुमार को अनुशासनहीनता और स्वेच्छाचारिता के आरोप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निलंबित करने का आदेश दिया है। निलंबन अवधि में यह अधिकारी, कार्यालय आयुक्त ग्राम्य विकास लखनऊ से सम्बद्ध रहेंगे। मामले की जांच के लिए संयुक्त विकास आयुक्त आगरा मण्डल को जांच अधिकारी बनाया गया है। बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है।

निलंबित उपायुक्त श्रम रोजगार मथुरा वीरेंद्र कुमार पर मनमाने ढंग से कार्य करने, बिना अनुमति कार्यालय से अनुपस्थित रहने तथा डीएम द्वारा कारण बताओ नोटिस का जवाब न देने सहित अनुशासनहीनता के अनेक आरोप हैं। आए दिन यह छुट्टी पर चले जाते हैं और जवाब मांगने पर जवाब भी नहीं देते। जिलाधिकारी मथुरा ने भी वीरेंद्र कुमार की कार्यशैली को लेकर नाराजगी जताई थी। मुख्यमंत्री ने इसे आदर्श शासकीय कार्यशैली के विपरीत आचरण माना है और तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश दिया है। इससे पहले बीते 21 नवम्बर को ऐसे ही आरोपों में मुख्यमंत्री ने संभल के जिला विकास अधिकारी, रामसेवक को निलंबित कर दिया था। रामसेवक पर उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने, आईजीआरएस अंतर्गत आख्या प्रेषित न करने, अधीनस्थों से अभद्रता करने और बगैर समुचित अनुमति के जनपद मुख्यालय से बाहर जाने सहित अनुशासनहीनता और स्वेच्छाचारिता के अनेक आरोप प्रथमदृष्टया सिद्ध हुए थे।

# पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हो रहा है चीनी का उत्पादनः भूसरेड्डी

**● चीनी मिल मुडेरवा एवं पिपराइच में माह के अन्त तक प्रारम्भ हो जायेगी पेराई**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश राज्य चीनी निगम की 3 चीनी मिलें प्रदेश में स्थापित हैं जिसमें से मोहद्दीनपुर, मेरठ में पेराई कार्य प्रारम्भ हो चुका है शेष 2 चीनी मिलों में पेराई कार्य नवम्बर माह की अन्तिम तिथि तक प्रारम्भ हो जायेगा। मोहद्दीनपुर चीनी मिल जिसकी पेराई क्षमता 2500 टीसीडी से 3500 टीसीडी विगत वर्ष में की गयी थी। वर्तमान पेराई सत्र 2020-21 में मिल पूरी क्षमता के साथ पेराई कर रही है। चीनी मिल द्वारा आज तक 5.05 लाख कुन्तल गन्ने की पेराई करते हुए 0.39 लाख कुन्तल चीनी का उत्पादन किया जा चुका है जबकि विगत पेराई सत्र में मिल द्वारा इसी समय तक 3.39 लाख कुन्तल गन्ना पेराई कर 0.22 लाख कुन्तल चीनी का उत्पादन हुआ था। अपर मुख्य सचिव संजय आर भूसरेड्डी द्वारा बताया गया कि मिल वर्तमान पेराई सत्र में शत प्रतिशत क्षमता के साथ पेराई कर रही है जब कि विगत पेराई सत्र में 70 प्रतिशत क्षमता पर ही पेराई हो पा रही थी। वर्तमान में पूरी क्षमता से पेराई होने के कारण मिल द्वारा विगत पेराई सत्र की तुलना में 1.66 लाख कुन्तल अधिक गन्ने की पेराई करते हुये 0.17 लाख कुन्तल चीनी का अधिक उत्पादन किया गया है। मिल द्वारा विगत पेराई सत्र से 0.20 प्रतिशत अधिक चीनी परता भी प्राप्त कर रही हैं।

# भाजपा सरकार में जनता की तकलीफें घटने के बजाय बढ़ती गईंः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के प्रदेश की सत्ता में पौने चार साल बीत रहे हैं पर जनता की तकलीफें घटने के बजाय बढ़ती गई है। अर्थव्यवस्था खराब दौर से गुजर रही है। मंहगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है। काला बाजारियों और जमाखोरों पर कोई अंकुश नहीं है। कानून व्यवस्था चौपट है। बर्बादी के इन बुरे दिनों में भी भाजपा सरकार को बस दो ही बातें सूझ रही है। राम नाम सत्य करो या फिर जेहाद बोल दो। अखिलेश ने कहा कि जो सरकार चारों पहर राम नाम सत्य का जाप करती हो वह किसी के बारे में शुभ सोच ही नहीं सकती है। वैसे भी भाजपा नेतृत्व को विकास के बारे में सोचने, जनहित की योजनाएं लाने और गरीब को राहत पहुंचाने के लिए समय ही नहीं है। इस भाजपा सरकार को अपने वादे भी याद नहीं है। किसानों को फसल की लागत का ड्योढ़ा मूल्य देने, आय दुगनी करने, नौजवान को हर वर्ष नौकरियों का थोक तोहफा देने, व्यापारियों की मदद करने और हरेक के खाते में 15 लाख रूपए भेजने जैसी फरेबी बातें हवा में ही रह गई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनते ही अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेंस की बात बड़े जोरशोर से की गई थी, वह तो कहीं साकार होती दिखी नहीं। जनता भी समझ गई है कि जुमलेबाजी और तुक्केबाजी वाली सरकार से उसका कोई भला होने वाला नहीं है।

# सी-प्लान एप पर हुई साढ़ नौ लाख से अधिक मोबाइल नम्बरों की फीडिंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**● कम्युनिटी पुलिसिंग की दिशा में प्रदेश पुलिस का सराहनीय काम**

**प्रदेश** पुलिस ने कम्युनिटी पुलिसिंग की दिशा में बड़ा काम किया है। पुलिस से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण एवं पुलिस के कार्यो में जनता की महत्तम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू किए गए सी प्लान मोबाइल एप में प्रदेश पुलिस ने अब तक गांव मोहल्लों के 9 लाख 59 हजार से अधिक संभ्रांत सदस्यों के मोबाइल नंबरों की फीडिंग की है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस महानिदेशक मुख्यालय के नियन्त्रण कक्ष को एकीकृत करते हुए सितम्बर 2019 में सी प्लान एप का प्रारम्भ किया गया। सी प्लान एप का उद्देश्य कम्यूनिटी पुलिसिंग, आमजन से सीधा संवाद, बेहतर कानून व्यवस्था स्थापित करना है। सीप्लान का लाभ किसी भी घटना की तथ्यात्मकता का तत्काल परीक्षण, वास्तविक परिस्थिति के अनुरूप पुलिस रिस्पांस, ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी वार्डो तथा कस्बों के सम्भ्रान्त व्यक्तियों से सीधा सम्पर्क, आमजन का पुलिस से जुड़ने पर सुरक्षा का भाव, जनहित एवं जनसुरक्षा संदेशों का व्यापक प्रेषण किया जा सकता है। सीप्लान एप का पर्यवेक्षण मुख्यालय स्थित नियन्त्रण कक्ष द्वारा अनवरत किया जा रहा है। समय समय पर इस एप से जुड़े सदस्यों से समन्वय स्थापित करते हुए क्षेत्र में हो रही आपराधिक गतिविधियों, किसी प्रकार की अफवाहों, आयोजनों आदि के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा रही है तथा शिकायतों का त्वरित निस्तारण एवं गलत सूचनाओं, अफवाहों का तत्काल खंडन किया जा रहा है।

**COLLEGE OF INNOVATIVE MANAGEMENT & SCIENCE**
(Running: BBA, BCA, B.Com, B.Com.(H), B.Ed.)
Affiliated to University of Lucknow

Applications are invited for the post of Lecturer in following Courses
(1) Bachelor In Computer Application (BCA)
(2) Bachelor Of Business Administration (BBA)
(3) Bachelor Of Commerce With Honours (B.Com(Hon.))

Eligibility Criteria: As per Lucknow University Norms Eligible candidates are requested to send their bio-data with photocopies of all documents through email/registered post within 07 days from date of advertisement.

Address: Management Park, Vipul Khand-6, Gomti Nagar, Lucknow -226010
Contact No. 9889191505, 8542054317, 0522-4035454
www.cims.edu.in, cimsedu7@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

अधोहर्ताक्षरी अपने मुवक्किल एल. आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड, लखनऊ के निदेशानुसारएल. आई सी.एच.एफ.एल. एरिया आफिस शाहनजफ रोड, लखनऊ की ओर से सकुलर न0 4 2 2 / एनेक्जर- ई एल आई.सी.एच.एफ.एल. के अन्तर्गत सूचित करता है कि श्री अमीर अली पुत्रश्री रहमान अली एवं मो0 मोहसिन पुत्र श्री शरीफुल हसन द्वारा बीर भरत सिंह पुत्र श्री विजय कुमारसिंह के पक्ष में निष्पादित मूल विक्रय विलेख दिनांकित 16.06.2016 जो कि भवन निर्मित भूखण्डसंख्या 260 खसरा संख्या 433 रकबा 600 वर्गफिट, स्थित बरौरा हुसैनबाड़ी, वार्ड कन्हैया माधौपुर, लखनऊ के साम्बन्ध में है, पूर्व स्वामी श्री बीर भरत सिंह से खो गया है तथा उनके अधिपत्य में नहींहै। उक्त विक्रय विलेख कार्यालय सब रजिस्ट्रार पंचम, लखनऊ में बुक संख्या 1, जिल्द 11576 पृष्ठसंख्या 271/320 क्रम संख्या 5897 पर दिनांक 16.06.2016 पर पंजीकृत है। चूंकि श्री इमरान खानने एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लि0 में उक्त सम्पत्ति को क्रय करने हेतु गृह ऋण के लिये आवेदन किया है तथा उक्त ऋण हेतु उक्त भूखण्ड के दस्तावेज बन्धक किये जाने है।अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज तथा उससे सम्बन्धित सम्पत्ति हेतु कोई दावा करनाहो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों की अवधि के अन्दर अपना दावा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा उक्त अवधि पूर्ण हो जाने पर यह मान लिया जायेगा कि उपरोक्त सम्पत्ति समस्त भारों विवादों व दायित्वों से मुक्त है तथा बन्धकर्ता तथा सम्पत्ति बन्धकदार के विरूद्ध कोई भी दावा व आपत्ति शून्य व अप्रभावी होगी।

महेन्द्र मोहन मिश्रा (एडवोकेट)
चेम्बरः शॉप नं. 4 व 5, प्रथम तल, कृष्णा टॉवर, निकट सीएमओ ऑफिस, कैसरबाग, लखनऊ
मो. नं. 9559985554, 9559975554

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **क्र. सं.: 1, ई-प्रापण निविदा संख्याः** उपमु0इं02-बीएसबी-2020-02 दिनांक 23.11.2020, **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के उप मुख्य इंजीनियर/नि0/II/वाराणसी के अधीन विभिन्न परियोजनाओं हेतु 60Kg./ 52Kg./ 90R (90 UTS) SH/New रेलों के LWR में रेल जोड़ों की सेस/ स्वस्थान पर सिंगल शॉट क्रूसिबल से SKV विधि द्वारा थर्मिट वेल्डिंग हेतु पोर्शन की सप्लाई। **अनुमानित निविदा मूल्यः** रु. 13339027.61, **बयाना राशिः** रु. 216700.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** रु. 00.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 06 (छः) माह। • बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि - **07.12.2020** • उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि - दिनांक 21.12.2020, **14.30** बजे तक। • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि- दिनांक 21.12.2020, **14.30** बजे तक • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेवसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

श्री डी.पी. सिंह
कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/मऊ
मो० न० 9794844287
उप मुख्य इंजीनियर/नि./II, वाराणसी
मुजाधि/डब्ल्यू=149

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. नं. 09794845955 पर एसएमएस करें।
ट्रेनों में बीड़ी /सिगरेट न पियें

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, प्रथम, लखनऊ**
6, आर0के0पुरम, मल्हौर स्टेशन रोड, लखनऊ
नोटिस/सन्दर्भ अन्तर्गत धारा-38 उपभोक्ता संरक्षण एक्ट-2019
शिकायत संख्या-748/2020
**परिवादी का नाम- श्रीमती रेनू बाजपेयी।**
बनाम
**विपक्षी का नाम/पता-1- फेथ इण्डिया इन्फ्राकॉन प्रा0 लि0,** रजिस्टर्ड आफिस 3-ए, हबीबुल्ला स्टेट, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा मैनेजिंग डायरेक्टर शशिकांत पुत्र श्री आर0 एस0 पाण्डेय, निवासी- सागर अपार्टमेन्ट, मैट्रो स्टेशन मुंशीपुलिया, इन्दिरा नगर, निकट पारिजात गेस्ट हाउस इन्साफनगर, इस्माइलगंज, लखनऊ।
**2- राम सागर पाण्डेय** निवासी- सागर अपार्टमेन्ट, मैट्रो स्टेशन मुंशीपुलिया, इन्दिरा नगर, निकट पारिजात गेस्ट हाउस इन्साफ नगर, इस्माइलगंज, लखनऊ।
उपरोक्त शिकायतकर्ता ने एक शिकायत अन्तर्गत धारा-35 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-2019 अधिनियम संख्या-35 प्रस्तुत की है, इस हेतु आपको निर्देशित किया जाता है कि आप इस शिकायत के बारे में अपना कथन इस फोरम के समक्ष लिखित रुप से नोटिस प्रकाशन के उपरान्त दिनांक 23.12.2020 तक 11:00 बजे पूर्वान्ह. स्वयं अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें।
आपको आगाह किया जाता है कि यदि आप निश्चित समय पर उपरोक्तानुसार अपना कथन प्रस्तुत करने में यदि असफल रहे तो शिकायत पर एकतरफा सुनवाई करके निर्णय किया जायेगा। वाद दिनांक 23.12.2020 को प्रस्तुत किया जायेगा।
जिला उपभोक्ता आयोग
अध्यक्ष लखनऊ

# अहमद पटेल के निधन पर कांग्रेस में शोक की लहर, दी गई श्रद्धांजलि



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ नेता, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजनैतिक सलाहकर एवं राज्यसभा सदस्य अहमद पटेल के आकस्मिक असामयिक निधन की सूचना मिलते ही प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शोक की लहर दौड़ गयी। मुख्यालय स्थित तिरंगा झण्डा शोक में झुका दिया गया।

अहमद पटेल के निधन पर पार्टी कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अपने महान नेता को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने अहमद पटेल के निधन को पार्टी की अपूर्णीय क्षति बताते हुए कहा कि निकट भविष्य में कांग्रेस में हुई रिक्ति की पूर्ति संभव नहीं प्रतीत होती। वह अकेले नेता थे जिसका पूरे देश के लोगों से संवाद था। कांग्रेस पार्टी तथा सरकार चलाने में विपक्ष सहित राजनीतिक दलों और व्यक्तियों से सहयोग लेने में उनमें अकूत क्षमता थी। अजय कुमार लल्लू ने कहा कि अहमद पटेल का निधन समूची पार्टी और हम सबके लिए अपूर्णीय क्षति है। हमें गुजरात विस चुनाव स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य के रूप में उनसे मिलने का अवसर मिला तथा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद मुलाकात का अवसर मिला। दोनों बार उनसे एक ही सीख मिली कि पार्टी में हर कार्यकर्ता का अपना महत्व होता है। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि अहमद पटेल के निधन के समाचार से मैं स्तब्ध हूं। उनके निधन से मुझे गहरा दुख एवं पीड़ा हुई है। कांग्रेस कार्यकर्ता से लेकर नेताओं तक के दिलों में उनकी अलग छवि एवं पहचान थी। मृदुभाषी अहमद पटेल अपने मिलनसार व्यक्तित्व और सरल स्वभाव के कारण ही हर दिल अजीज थे। हमेशा कार्य करने की लगन उनमें थी। उनकी कमी हम सबको हमेशा अखरेगी और उनकी भरपाई कभी संभव नहीं होगी।

## राजनाथ ने कल्बे सादिक व अहमद पटेल के निधन पर व्यक्त की संवेदना

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे सादिक के निधन पर दु:ख प्रकट करते हुए कहा कि वे आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल बोर्ड के उपाध्यक्ष रहे और हमेशा समाज में भाईचारे को मजबूत करने पर बल दिया। मौलाना कल्बे सादिक एक नेक और अजीम शख्सियत थे। मैं उनके परिवार और चाहने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। राजनाथ सिंह ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद अहमद पटेल के अचानक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह एक बहुत ही सुलझे हुए नेता थे जिन्होंने अपनी पार्टी और जनता के लिए सराहनीय योगदान दिया। अहमद भाई ने पार्टी लाइन से ऊपर उठकर अपने मित्र बनाए। उनके परिवार और शुभचिंतकों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

**प्रियंका ने जताया दुखः लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के उपाध्यक्ष, व धर्मगुरु डॉ. कल्बे सादिक के इन्तकाल की सूचना मिलने पर उनके बेटे कल्बे सिब्तैन नूरी से दूरभाष पर शोक संवेदना प्रकट करते हुए ढांढस बंधाया।

**सार्वजनिक सूचना**

अधोहस्ताक्षरी अपने मुवक्किल एल. आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड, लखनऊ के निदेशानुसार एल आई.सी एच.एफ.एल. एरिया आफिस शाहनजफ रोड,लखनऊ की ओर से सकुलर न0 422/एनेक्जर-ई एल आई.सी एच.एफ.एल. के अन्तर्गत सूचित करता है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा निरंकार प्रसाद पुत्र बद्री प्रसाद एवं श्रीमती सुमित्रा देवी पत्नी निरंकार प्रसादके पक्ष में निष्पादित मूल विक्रय विलेख दिनांकित 21.11.2009 जो कि मकान नं० डुप्लेक्स (प्रथम तल) डी.एस. 212, रकबा 12.04 वर्गमीटर, स्थित सेक्टर जी, कानपुर रोड स्कीम, वार्ड विद्यावती देवी नगर, लखनऊ के सम्बन्ध में हे, वर्तमान स्वामी श्रीमती संध्या त्रिवेदी पत्नी महेश चन्द्र त्रिवेदीसे खो गया है तथा उनके अधिपत्य में नहीं है। उक्त विक्रय विलेख कार्यालय सब रजिस्ट्रार प्रथम,लखनऊ मेंबुक संख्या 1, जिल्द 10698 पृष्ठ संख्या 41/60 क्रम संख्या 13839 पर दिनांक 21.11.2009 पर पंजीकृत है। चूंकि श्री अरविन्द कुमार ने एल. आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लि0 में उक्त सम्पत्ति को क्रय करने हेतु गृह ऋण के लिये आवेदन किया है तथा उक्त ऋण हेतु उक्त भूखण्ड के दस्तावेज बन्धक किये जाने है।अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज तथा उससे सम्बन्धित सम्पत्ति हेतु कोई दावा करना हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों की अवधि के अन्दर अपना दावा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा उक्त अवधि पूर्ण हो जाने पर यह मान लिया जायेगा कि उपरोक्त सम्पत्ति समस्त भारों विवादों व दायित्वों से मुक्त है तथा बन्धकर्ता तथा सम्पत्ति बन्धकदार के विरूद्धकोई भी दावा व आपत्ति शुन्य व अप्रभावी होगी।

महेन्द्र मोहन मिश्रा (एडवोकेट)
चेम्बरः शॉप नं. 4 व 5, प्रथम तल, कृष्णा टॉवर, निकट सीएमओ ऑफिस, कैसरबाग, लखनऊ
मो. नं. 9559985554, 9559975554

**दानिश अल्पसंख्यक शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान**
**गंजेहड़ी, सोहगौली कुड़वार, सुलतानपुर**

**बी0एड0 पाठ्यक्रम सत्र 2020-22 में अल्पसंख्यक कोटे में प्रवेश हेतु सूचना**

महाविद्यालय में बी0एड0 पाठ्यकम सत्र 2020-21 में अल्पसंख्यक कोटे के अन्तर्गत रिक्त 50 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश होना है। ऐसे अभ्यर्थी जो लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय संयुक्त बी0एड0प्रवेश परीक्षा 2020 की परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं, आवेदन हेतु पात्र होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशित होने के 10 दिनों के अन्दर बी0एड0सत्र 2020-22 में अल्पसंख्यक कोटे के अन्तर्गत प्रवेश हेतु महा विद्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रबन्धक
दानिश अल्पसंख्यक शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान
गंजेहड़ी, सोहगौली कुड़वार, सुलतानपुर। मोबाइल नंबर-9450712798, 8707248559

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# भारत को मजबूत बनाने का जिम्मा उठाएं युवाः राजनाथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## लखनऊ विश्वविद्यालय का 100 वां स्थापना दिवस समारोह




**लखनऊ** विश्वविद्यालय के 100 वें स्थापना दिवस समारोह में बुधवार को वर्चुअल मोड पर शामिल देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि देश को 34 साल बाद नई शिक्षा नीति मिली है। यह शिक्षा नीति नए भारत की जरूरतों के आधार पर तैयार की गई है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने भाषण में विश्वविद्यालय को इस स्थान को प्राप्त करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह एक बड़ी उपलब्धि है जो भारत में केवल कुछ विश्वविद्यालयों ने हासिल की है। इसके बाद उन्होंने 19 वीं शताब्दी में कैनिंग कॉलेज की स्थापना का उल्लेख किया, जो बाद में लखनऊ विश्वविद्यालय में बदल गया। उन्होंने उल्लेख किया कि इस पूरे कालखंड में विश्वविद्यालय न केवल जीवित रहे बल्कि पनपे। उन्होंने कहा कि बीरबल साहनी, डॉ शंकर दयाल शर्मा जैसी कई शानदार हस्तियों ने इस विश्वविद्यालय में अध्ययन किया था। उन्होंने आईटी चौराहा और हनुमान सेतु मंदिर में नीम करौरी बाबा के बारे में उल्लेख किया। उन्होंने सभी और खासतौर पर युवाओं से मनकामेश्वर मंदिर जाने का आग्रह किया, जब वे अवसाद महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि वह उत्तर प्रदेश

## 34 साल बाद देश को नई शिक्षा नीति मिली

राज्य में शिक्षा मंत्री होने के बाद से विश्वविद्यालय आ रहे हैं। फिर उन्होंने कोविड.19 से लड़ने में कोरोना योद्धा के रूप में युवाओं की भूमिका का उल्लेख किया। फिर उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के बारे में बात की और कहा कि यह नया भारत ज्ञानवान, धनवान और चरित्रवान होगा। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की पहली युवा आइकन की कहानी का उल्लेख किया, जिसमें एक विदेशी ने उनके वेशभूषा पर टिप्पणी की थी। जवाब में स्वामी जी ने कहा कि आपके देश में दर्जी आदमी बनाता है और हमारे देश में चरित्र आदमी बनाता है। उन्होंने युवाओं से हमारे देश की समृद्ध संस्कृति और विरासत से प्रेरणा लेकर भारत को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी उठाने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने देश में विभिन्न क्षेत्रों में लंबे समय से प्रतीक्षित सुधार के बारे में भी कहा। उन्होंने अंत में उत्सव में सभी को आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया और सभी को आशीर्वाद दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्री ने लखनऊ विश्वविद्यालय के बारे में वृत्तचित्र फिल्म का उद्घाटन किया, जिसे पत्रकारिता और जन संचार विभाग द्वारा तैयार किया गया था। फिर उन्होंने कॉफी टेबल बुक का उद्घाटन किया और फिर एक अन्य पुस्तक लखनऊ विश्वविद्यालय: सौ वर्ष का एक ओडिस और अंत में विश्वविद्यालय के शताब्दी कैलेंडर का उद्घाटन किया। तत्पश्चात, विश्वविद्यालय की आईटी टीम ने विश्वविद्यालय में स्थापित विभिन्न शोध पीठ और उत्कृष्टता केंद्र का ऑनलाइन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री प्रोफेसर दिनेश शर्मा और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री नीलिमा कटियार मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए। कुलपति ने सभी मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि दुनिया में केवल एक ही चीज है परिवर्तन। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने पहले ही नई शिक्षा नीति के विचारों को लागू करना शुरू कर दिया है और भारत और विदेशों में विश्वविद्यालय की रैंकिंग में सुधार करने के लिए कटिबद्ध है।

इसके बाद कुछ जाने माने पूर्व छात्र मालिनी अवस्थी, सुरेश कुमार खन्ना, प्रशांत मिश्रा, डॉ राजीव कुमार, सुरेश रैना, जूही चतुर्वेदी और डॉ नरेश त्रेहन को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

# 46 साल बाद एलयू ने अनूप जलोटा को दी डिग्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वर्ष** 1974 में लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातक पूरा करने वाले विवि के पूर्व छात्र व भजन सम्राट अनूप जलोटा को आखिरकार विश्वविद्यालय प्रशासन ने उनकी डिग्री दे ही दी। शताब्दी समारोह में शिरकत करने से पूर्व अनूप जलोटा ने अपने डिग्री की मांग की। जिस पर बुधवार को विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने उन्हें अपने कार्यालय में डिग्री दी।

लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी उत्सव में अपने पूर्व छात्र प्रसिद्ध भजन सम्राट अनूप जलोटा जी को भी आमंत्रित किया था। जिनका कार्यक्रम मंगलवार को कला संकाय प्रांगण में हुआ था। अनूप जलोटा ने 1974 में लखनऊ विश्वविद्यालय से बीए उत्तीर्ण किया था। डिग्री प्राप्त करने के बाद जलोटा ने कहा कि यह डिग्री प्राप्त करके मुझे ऐसा महसूस हो रहा है कि डिग्री प्राप्त करने के बाद जलोटा ने कहा कि यह डिग्री प्राप्त करके मुझे ऐसा महसूस हो रहा है कि जैसे मैं दूसरी बार पद्मश्री से सम्मानित किया जा रहा हूं। उन्होंने यह भी कहा कि जब जब विश्वविद्यालय उन्हें याद करेगा वे लखनऊ विश्वविद्यालय अवश्य आएंगे।

**पायनियर का काफी क्रेज था:** बातचीत के दौरान अनूप जलोटा ने कहा कि उनके समय मे पायनियर का काफी क्रेज हुआ करता था। बर्लिंगटन चौराहे पर




आफिस था। वहाँ चाय पीने जाया करता था। उन्होंने बताया कि वह पायनियर पढ़ा करते थे। उस समय नेशनल हेराल्ड और नवजीवन जैसे अखबार भी थे। लेकिन पायनियर उनमें सबसे ऊपर था। हिंदी में स्वतंत्र भारत पढ़ा करते थे। बाकी अखबार बाद में आये हैं।

**कैंटीन में गजल गाते थे**

विवि के दिनों की बात याद करते हुए कहा कि पढ़ाई के दौरान वह कैंटीन में बैठकर गजल व गाने गाते थे। गाने से प्रभावित शिक्षकों से ऐसा लगता था कि वे तो पास कर ही देंगे।

## लविवि पर कस्टमाइज्ड माई-स्टैम्प व विशेष आवरण जारी



**लखनऊ** विश्वविद्यालय के सौवें स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय पर एक कस्टमाइज्ड माई-स्टैम्प व विशेष आवरण व विरूपण जारी किया गया। इस कस्टमाइज्ड माइ-स्टैम्प तथा विशेष आवरण व विरूपण का विमोचन प्रधानमंत्री कार्यालय, नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअली किया गया। इन बहुमूल्य स्मृति चिन्हों पर लखनऊ विश्वविद्यालय की गौरवशाली इमारतों एवं शताब्दी उत्सव के प्रतीक चिन्ह का चित्रण किया गया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी वर्चुअली इस अनावरण कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे। यह कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय के कला प्रांगण में आयोजित किया गया। इस दौरान उत्तर प्रदेश डाक परिमण्डल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल कौशलेन्द्र कुमार सिन्हा ने इस अवसर पर कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय पर जारी किए गए कस्टमाइज्ड माई स्टैम्प व विशेष आवरण लखनऊ विश्वविद्यालय के गत 100 वर्षों में अर्जित ऊचाईयों व इसके स्वर्णिम इतिहास को संजोए हुए हैं। इस दौरान पोस्टमास्टर जनरल विवेक कुमार दक्ष ने बताया कि कस्टमाइज्ड माई स्टैम्प व विशेष आवरण जारी होने से लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह को अविस्मरणीय उपहार मिला है। लोग इन स्मृति चिन्हों के माध्यम से लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बन्धित अपनी यादों को संजोकर रख सकते हैं। डाक विभाग की ओर से इस विमोचन कार्यक्रम को कोआर्डिनेट कर रहे प्रवर अधीक्षक डाकघर अलोक ओझा ने बताया कि विशेष आवरण का मूल्य 30 रुपए रखा गया है तथा ये फिलेटलिक ब्यूरो के माध्यम से बिक्री किये जायेंगे। साथ हीए कस्टमाइज्ड माई स्टैम्प भारतीय डाक विभाग के ई.पोस्ट ऑफिस की वेबसाइट पर बिक्री हेतु उपलब्ध रहेंगे।

# दो सफाई निरीक्षक निलंबित, जोनल अधिकारी को कारण बताओ नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## नगर आयुक्त के निरीक्षण में गंदगी फैलाते व खुले में शौच करते हुए मिले लोग




**शहर** की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण नगर आयुक्त सहित क्षेत्रीय अधिकारियों ने मंगलवार रात्रि में निरीक्षण किया। फिनिक्स माल, अपोलो हॉस्पिटल होते हुए मेट्रो स्टेशनों की सफाई का जायजा लेने के दौरान गंदगी और खुले में शौच करते लोग पाए गए। साथ ही हास्पिटलों का कचरा सार्वजनिक स्थलों पर पाया गया। लापरवाही से नाराज नगर आयुक्त ने दो सफाई निरीक्षक को निलंबित करने साथ जोनल अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी की।

पीजीआई क्षेत्र में बीती मंगलवार रात्रि को नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी सहित अफसरों का पूरा अमला सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने निकला। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त के साथ अपर नगर आयुक्त अमित कुमार, अर्चना द्विवेदी, जोनल अधिकारी 5 एवं 8 के साथ रात्रि 10 बजे से 12 तक सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। जोन 8 में अपोलो हॉस्पिटल के आसपास, फिनिक्स मॉल होते हुए मेट्रो स्टेशन तक और जोन 5 कानपुर रोड स्थित चंदन नगर से श्रृंगार नगर तक मार्ग के दोनों पटरियों का निरीक्षण किया गया। जोन 8 में अपोलो हॉस्पिटल के आसपास निरीक्षण के दौरान वहां पर लोग खुले में शौच करते हुए दिखे। इसके साथ ही पूर्व में दिए गए निर्देशों में क्यूं आरटी द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण न किए जाने के कारण लोगों को रैन बसेरे में नहीं पहुंचाया गया था। निरीक्षण के दौरान यहां मंगल बाजार के उस क्षेत्र के साथ-साथ अपोलो हॉस्पिटल से लेकर कानपुर रोड तक गंदगी व्याप्त पाई गई। इससे जोनल अधिकारियों की कलई खुल गयी। क्षेत्रीय जोनल अधिकारी जोन 8 एवं सफाई खाद्य निरीक्षक द्वारा जनता को सफाई एवं कूड़े के निस्तारण के लिए न तो जागरूक किया जा रहा है, न ही समय-समय पर दिए गए निर्देशों का पालन किया गया है। यही नहीं दुकानदारों को डस्टबिन रखने व उसने कूड़ा एकत्र किए जाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार तक नहीं कराया गया। इसके कारण अस्पताल के आसपास गंदगी पाई गई। इस कृत्य के लिए उस क्षेत्र के सफाई निरीक्षक सुमित मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। साथ ही जोनल अधिकारी को कारण बताओ नोटिस निर्गत करने के लिए आदेशित किया गया । इसके अतिरिक्त जोन 5 क्षेत्र के कानपुर रोड स्थित चंदन नगर से श्रृंगार नगर तक मार्ग के दोनों पटरियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मार्ग के अगल-बगल काफी सं या में अतिक्रमण होने के साथ, यहां सब्जी विक्रय के कारण व्यापक गंदगी पाई गई,जिसके कारण यहां जगह-जगह आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा हुआ था। सड़क पर आवागमन के लिए मार्ग में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र की सफाई व्यवस्था सही नहीं पाए जाने के कारण इस क्षेत्र की सफाई व्यवस्था देख रहे हैं जोनल सेनेटरी अधिकारी को निलंबित करने और जोनल अधिकारी को कारण बताओ नोटिस दिए जाने का निर्देश दिया गया।

## कोरोना संक्रमित युवक की मौत का मामला

# दो निजी अस्पतालों के खिलाफ जांच के आदेश

### मामले को लेकर परिजनों ने सीएम से मिलकर की थी निष्पक्ष न्याय की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लंबे समय** से न्याय की गुहार लगा रहे पीड़ित परिवार को उस समय राहत मिली जब मुख्यमंत्री ने खुद ही संज्ञान लेते हुए अस्पताल के खिलाफजांच के आदेश दिए। धरना, प्रदर्शन शिकायत और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पीड़ित परिवार का भरोसा पूरा हुआ। चिनहट इलाके में रहने वाले कोरोना संक्रमित 28 वर्षीय आदर्श कमल पांडेय की मौत मामले की जांच के लिए मंगलवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने आदेश दिए हैं। इसके बाद परिजनों में न्याय की उम्मीद जगी है। पीड़ित परिवार ने सीएम से मिलकर जांच की मांग की थी।

बता दें कि गत 15 सितंबर को कस्बा के न्यू गुलिस्ता कॉलोनी में रहने वाले शिव प्रकाश पांडेय का बेटा 28 वर्षीय आदर्श कमल पांडेय कोरोना संक्रमित हो गया। इसके बाद स्थानीय चिनहट सीएचसी पर तैनात एक डॉक्टर की सलाह पर आदर्श खुद जाकर कुर्सी रोड स्थित इंटीग्रल यूनिवर्सिटी एंड मेडिकल कॉलेज में एडमिट हो गया। आरोप है कि यहां पर उसे इलाज के नाम पर तरह तरह की यातनाएं दी गई। इतना ही नहीं इलाज में भी घोर लापरवाही बरती गई। परिजनों की मानें तो आदर्श ने अपनी मौत से पहले व्हाट्सएप के जरिए परिजनों से कई अहम जानकारियां साझा कीं थीं। इसमें किडनी की खरीद-फरोख्त तक की आशंका जताई थी। इसके अलावा उक्त अस्पताल कि कई संदिग्ध गतिविधियों को लेकर भयभीत था। साथ ही अस्पताल से जल्द निकालने की मिन्नतें की। आरोप है कि जिम्मेदारों ने एक भी नहीं सुनीं बल्कि साक्ष्य को छिपाने के लिए युवक के मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए गए।

इस दौरान पीड़ित परिवार सरकारी दफ्तरों से लेकर अन्य जिम्मेदारों के कुर्सियों का चक्कर काटता रहा। बावजूद इसके उनकी एक भी सुनवाई नहीं हो सकी थी। तमाम दौड़ भाग करने के बाद अस्पताल के जिम्मेदारों ने उसे ठाकुरगंज स्थित एरा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां 26 सितंबर रात करीब 11 बजे उसकी मौत हो गई।

मृतक युवक के चाचा जय प्रकाश पांडेय का कहना है कि स्थानीय सांसद कौशल किशोर से न्याय की गुहार लगाई गई थी। इसके बाद गत 20 नवंबर को सांसद के प्रयासों से सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलकर न्याय की गुहार लगाई गई थी। मुख्यमंत्री ने उच्च स्तरीय जांच कराने का भरोसा दिया था। ऐसे में 24 नवंबर को टीम गठित कर मामले की जांच करने के आदेश किए गए हैं।

## धारा 144 लागू, कोविड प्रोटोकॉल के तहत मनेंगे त्यौहार

### कोविड-19 को लेकर जारी गाइडलाइन का सख्ती से कराया जाएगा पालनः ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर

**लखनऊ।** कोरोनावायरस के लगातार बढ़ रहे संक्रमण को देखते हुए निषेधाज्ञा अंतर्गत धारा 144 लगाई गई है। जिसमें कोविड.19 के तहत जारी की गई गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराया जाएगा। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर नवीन अरोरा ने बताया कि विभिन्न राजनीतिक दलों एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा लखनऊ कमिश्नर सिस्टम में प्रदर्शन करने की संभावना है, इससे शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। वर्तमान में कोरोना वायरस के चलते शासन ने बीती एक अक्टूबर को जारी गाइड लाइन में संशोधन करते हुए 23 नवंबर को एक नई गाइडलाइन जारी की थी। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में ग्यारहवीं शरीफ, कार्तिक पूर्णिमा समेत गुरु नानक जयंती के त्योहार मनाए जाएंगे। जिसमें असामाजिक तत्वों द्वारा शांति भंग पैदा करने की संभावना जताई जा रही है । जिससे समाज में वैमनस्य पैदा हो सकता है। इस को ध्यान में रखते हुए कमिश्नर सिस्टम में कोई भी सामाजिक, शैक्षिक ,खेल, मनोरंजन ,सांस्कृतिक ,धार्मिक ,राजनीतिक कार्यक्रमों समेत अन्य सामूहिक गतिविधियों में 100 से अधिक व्यक्तियों की उपस्थिति नहीं होगी। जहां भी 100 लोग एकत्र होंगे वहां की अनुमति शर्तों के अधीन होगी। जिसमें बंद स्थानों में या हाल मे उपस्थित लोगों के लोगों के लिए फेस मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग, थर्मल स्कैनिंग, हैंड वॉश समेत सैनिटाइजर की व्यवस्था उपलब्ध कराना आवश्यक होगा । वही खुले स्थानों में क्षेत्रफल के हिसाब से 40 प्रतिशत से भी कम लोगों की उपस्थिति ही मान्य होगी। उन्होंने बताया कि तत्काल प्रभाव से इस आदेश को लागू किया गया है, फिर भी यदि कोई व्यक्ति संस्था या कोई पक्ष इस आदेश में छूट चाहता है तो उसे पुलिस कमिश्नरए संयुक्त पुलिस कमिश्नर या पुलिस उपायुक्तों के सम्मुख जाकर आवेदन करना होगा।

## व्यापारियों ने मास्क लगाने के लिए जनता को किया जागरूक

**लखनऊ।** व्यापारियों ने नजीबाबाद में कोरोना पर दुकानदारों को जागरूक किया। राहगीरों व व्यापारियों को मास्क भी बांटे। व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुरेश छाबलानी ने बताया कि जनता में मास्क वितरण कर लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया। बुधवार को नजीराबाद बाजार में नजीराबाद व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुरेश छबलानी द्वारा कोरोना जनजागरण अभियान चलाया गया । नजीराबाद के व्यापारियों ने हाथों में कोरोना से जंग अभी जारी है मास्क सही से पहनना सबकी जिम्मेदारी है, दो गज दूरी और मास्क है जरूरी। हम सब ये ठाना है , कोरोना को भगाना है। सावधानी हटी. दुर्घटना घटी, दो गज दूरी मास्क है जरूरी। आदि स्लोगन लिखी तख्तियां भी व्यापारी लिए हुए थे और पूरी बाज़ार में मार्च निकाला। राहगीरों व व्यापारियों को मास्क भी बांटे। इस मौके पर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी ने बताया कि जनता में मास्क वितरण कर लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि कोरोना की स्थिती तनावपूर्ण है लेकिन हमें दो गज की दूरी और मास्क है जरूरी यह नियम फॉलो करने है तभी हम इससे बच सकते हैं।

# सूबे में वायु प्रदूषण रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे पूछा हाईकोर्ट ने

विधि संवाददाता। लखनऊ



**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार व यूपी पाल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से सूबे में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए किए जा रहे उपायों पर जवाब तलब किया है। पीठ ने यूपी पाल्यूशन कंटोल बोर्ड के साथ ही राज्य सरकार से अगले छह हफ्ते में इस संदर्भ में हलफनामा दाखिल करने को कहा है।जस्टिस पंकज मित्तल एवं जस्टिस सौरभ लवानिया की पीठ ने यह आदेश राधिका सिंह व अन्य की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि वायु प्रदूषण व धुंध को रोकने के लिए समुचित कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। पीठ ने सुनवायी के बाद इस याचिका को पहले से विचाराधीन एक अन्य याचिका के साथ सूचीबद्ध करने का आदेश दिया।

**रिश्वत लेते गिरफ्तार परिवहन निगम बांदा के क्षेत्रीय प्रबंधक को अदालत ने भेजा जेल :** रिश्वत के एक मामले में गिरफ्तार परिवहन निगम बांदा के प्रभारी क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार अग्रवाल को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने चार दिसंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बुधवार को विशेष जज गौरव शर्मा की अदालत में मुल्जिम को पेश कर इसका न्यायिक रिमांड हासिल किया गया।

23 नवबर 2020 को रिश्वत के इस मामले की शिकायत परिवहन निगम बांदा के वरिष्ठ लिपिक रमेश कुमार वर्मा ने दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक रमेश के वेतन निर्धारण में हुई त्रुटि को दुरुस्त करने के लिए मुल्जिम 10 हजार की रिश्वत मांग रहा था। उसकी इस शिकायत पर विजिलेंस की टीम ने मुल्जिम को रिश्वत की इस रकम के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। 24 नवंबर को भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने इस मामले की एफआईआर बांदा के कोतवाली नगर में दर्ज कराई थी।

**पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमे की अर्जीः** राजधानी के गोमतीनगर निवासी एक व्यक्ति को अगवा कर 15 लाख की फिरौती वसूलने के कथित मामले में बुधवार को अदालत में मुकदमे की एक अर्जी दाखिल की गई। इस अर्जी में मेरठ के थाना मुंडाली के एसआई श्याम सिंह, सिपाही अमित बालियान व सिपाही विनोद तथा मेरठ के अंसार अली व आलम के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने की मांग की गई है। अदालत में यह अर्जी लखनऊ के अरविन्द सिंह ने दाखिल की है। सीजेएम शिवानंद ने फिलहाल इस अर्जी पर थाना गोमतीनगर से रिपोर्ट तलब करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई आठ दिसंबर को होगी। अर्जीकर्ता का कहना है कि बीते आठ नवंबर को मेरठ के अंसार अली व आलम के साथ उक्त पुलिसवालों ने दयाल पैराडाइज से उन्हें जबरिया उनकी गाड़ी से अगवा कर लिया। मेरठ ले गए। 15 लाख की वसूली की। रकम लेकर मेरठ आए उनके मित्र राजेश को सिविल कोर्ट ले गए। उनसे सादे स्टाम्प पर दस्तखत कराया। फिर 20 लाख और मांगे। असमर्थता जताने पर उनकी गाड़ी अंसार ने रख ली। इसके बाद उन्हें मुडाली थाने ले गए। वहां से यह कहते हुए छोड़ दिया कि जल्द 20 लाख का इंतजाम करो और इस बात की जानकारी किसी को मत देना। वरना इनकाउंटर कर देंगे।

**नमक घोटाले में आशीष राय के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल:** नमक घोटाला मामले में बुधवार को मुल्जिम आशीष राय के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया। इस मामले के शेष मुल्जिमों के खिलाफ विवेचना अभी प्रचलित है। 11 अगस्त 2020 को इस मामले की एफआईआर नीलम नरेंद्र भाई पटेल ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। इस मामले में आशीष राय व मोंटी गुर्जर समेत सात मुल्जिमों को आईपीसी की धारा 506, 471, 468, 467, 420, 419 व 120बी के साथ ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में नामजद किया गया था। मुल्जिमान न्यायिक हिरासत में निरुद्ध हैं।

## अगले सत्र से प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों में जेईई मेन्स से होंगे दाखिले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ. एपीजे** अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से सम्बद्ध इंजीनियरिंग कॉलेजों में संचालित होने वाले इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के नए शैक्षिक सत्र में दाखिले संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मेन्स) से होंगे। इस सम्बन्ध में प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुल सचिव नंद लाल सिंह ने बुधवार को आादेश जारी कर दिया। कुल सचिव के अनुसार उत्तर प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए अभ्यर्थियों को अब जेईई मेन्स के माध्यम से आवेदन करना होगा। कुल सचिव के नंद लाल सिंह के अनुसार इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए अभ्यर्थी को अब केवल एक ही परीक्षा जेईई मेन्स देनी होगी। अगले सत्र से एकेटीयू उत्तर प्रदेश राज्य प्रवेश परीक्षा इंजीनियरिंग कॉलेजों के लिए नहीं कराई जाएगी। उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा कि वह नेशनल टेस्ट अभ्यास ऐप को गूगल प्ले स्टोर से निशुल्क डाउनलोड कर मॉक टेस्ट के आधार पर अपनी तैयारी सुनिश्चित कर सकते हैं। कुल सचिव नंद लाल सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त माध्यमिक स्कूलों में जेईई मेन्स की तैयारी के उद्देश्य से निशुल्क कोचिंग कक्षाएं आयोजित कराए जाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी दाखिले सम्बन्धी जानकारी के लिए टोलफ्री हेल्पलाइन नंबर 18001800161, 0522-2336805 कार्यालय समय पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## राजधानी में 325 सूबे में मिले कोरोना के 2318 नए केस

**लखनऊ।** राजधानी में अब कोरोना मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। बुधवार को राजधानी में कोरोना के 325 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 2318 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 24876 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3570 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7644 मरीजों की और राजधानी में 975 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 525,711 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 1328 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 500838 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। राजधानी लखनऊ में आज कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 9805 लोगों के सैम्पल लिये गये। जिनमें प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 29, गोमती नगर 36, रायबरेली रोड 22, आलमबाग 16 , चौक 17, कृष्णानगर 10, हजरतगंज 15, महानगर 12, विकास नगर 10, जानकीपुरम 10, अलीगंज 13 इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 127 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमे से 127 सभी रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 64 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 63 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया।

# उत्तर प्रदेश में निवेश की असीमित संभावनाएं: योगी

● चीन से शिफ्ट हो रही फ्रेंच कंपनियों के लिए भारत प्रथम वरीयता वाला देश: लेनैन

●सीएम ने फ्रांस को यूपी में निवेश के लिए किया आमंत्रित

●फ्रांस व यूपी के विश्व विद्यालयों में सहयोग बढ़ाने के लिए होगा करार

## मुख्यमंत्री से फ्रांस के राजदूत ने शिष्टाचार भेंट की



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ से बुधवार को उनके सरकारी आवास पर भारत में फ्र ांस के राजदूत इमैन्युएल लेनैन ने शिष्टाचार भेंट की। लेनैन ने कहा कि कोविड-19 से उत्पन्न परिस्थितियों के फलस्वरूप सप्लाई चेन को सुदृढ़ करने के लिए कई फ्रेंच कम्पनियां चीन से अन्यत्र शिफ्ट हो रही हैं। इनके लिए भारत प्रथम वरीयता वाला देश है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में मौजूद सकारात्मक निवेश वातावरण के सम्बन्ध में फ्रांस की कम्पनियों को अवगत कराया जाएगा। प्रदेश में निवेशकों को प्रदान की जा रही सुविधाओं को देखते हुए अन्य फ्रेंच कम्पनियां भी नोएडा में अपने कार्यालय स्थापित कर सकती हैं।

मुख्यमंत्री ने फ्रांस को यूपी में निवेश करने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि यहां पर निवेश की असीमित सम्भावनाएं मौजूद हैं। निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा विभिन्न सेक्टोरल पॉलिसियों का निर्धारण किया गया है। इसके साथ ही प्रदेश में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए भी सकारात्मक माहौल बनाया गया है। उन्होंने कहा कि डिफेंस कॉरिडोर में एमआरओ, साइबर सिक्योरिटी इत्यादि क्षेत्रों में निवेश की काफी सम्भावनाएं मौजूद हैं। सीएम ने कहा कि फ्रांस में उप्र में ओडीओपी उत्पादों के लिए बड़ा बाजार उपलब्ध है। उन्होंने प्रदेश में स्थापित किए जा रहे मेडिकल डिवाइस पार्क तथा फार्मा पार्क में बड़े पैमाने पर फ्रांस की कम्पनियां निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने फ्रांस के राजदूत से उत्तर प्रदेश में मौजूद निवेश के सकारात्मक माहौल का पूरा लाभ उठाने के लिए कहा। इससे भारत, उत्तर प्रदेश और फ्र ांस के बीच सम्बन्ध और सघन होंगे।

लेनैन ने कहा कि फ्रांस अपने देश तथा भारत खास तौर पर उत्तर प्रदेश के मध्य सहयोग बढ़ाना चाहता है। यहां के छात्र-छात्राओं को फ्रांस के विश्वविद्यालयों में अध्ययन के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी टीम ने आईआईएम लखनऊ का भ्रमण किया है। उनकी टीम प्रदेश के अन्य विवि का भ्रमण करेगी। फ्रांस शिक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के साथ सहयोग बढ़ाना चाहता है। उन्होंने कहा कि फ्रांस के विश्वविद्यालयों तथा उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों के मध्य आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए एमओयू भी साइन किया जा सकता है।

## पावरलूम बुनकरों को फ्लैट रेट पर मिलेगी बिजली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



●नये फ्लैट रेट पर विद्युत उपलब्ध कराने का प्रस्ताव कराया जा रहा तैयार

**उत्तर** प्रदेश के हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि पावरलूम बुनकरों को फ्लैट रेट पर विद्युत सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। पूर्व निर्धारित फ्लैट रेट को रिवाइज करते हुए नये फ्लैट रेट पर विद्युत उपलब्ध कराने का प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोविड.19 को देखते हुए वर्ष 2006 से निर्धारित दर के आधार पर 31 जुलाई 2020 तक छूट प्रदान की गई जिसपर 450 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय भार भी आया है। श्री सिंह गुरुवार को खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सभागार में विधान परिषद सदस्य अशोक धवन, मेरठ के विधायक रफीक अंसारी एवं बुनकर संगठनों के साथ पावरलूम के लिए फ्लैट रेट पर विद्युत निर्धारण के संबंध में चर्चा कर रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि पहले पावरलूम बुनकरों के लिए फ्लैट रेट विद्युत के स्थान पर बिल आधारित व्यवस्था की गई थी, जिसके तहत आधा हार्सपावर तक के लूम हेतु 120 यूनिट विद्युत मुफ्त और उसके उपर प्रति यूनिट के हिसाब से साढ़े तीन रूपये बिल का प्राविधान किया गया था। इसी प्रकार एक हार्सपावर लूम के लिए 240 यूनिट विद्युत फ्री और उसके ऊपर साढ़े तीन रुपये प्रति यूनिट बिल की व्यवस्था की गई थी, लेकिन कोरोना महामारी आने से अन्य उद्योगों की तरह बुनकरों का कारोबार भी प्रभावित हुआ है, जिसको दृष्टिगत रखते हुए फ्लैट रेट पर विद्युत की सुविधा देने का निर्णय लिया गया है।

बैठक में बुनकरों ने फ्लैट रेट के लिए अपने सुझाव भी दिये। सभी ने एक मत से सरकार के इस फैसले का स्वागत किया और पूर्व निर्धारित फ्लैट रेट को बढ़ाने पर सहमति देते हुए प्रस्तावित दर को कुछ कम करने आग्रह भी किया। श्री सिंह ने कहा कि बुनकरों की अपेक्षा के अनुसार राज्य सरकार के सीमित संसाधनों को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत दर का निर्धारण कराया जायेगा। इसके साथ ही विद्युत दर को अंतिम रूप देने से पहले बुनकर संगठन के प्रतिनिधियों से विचार विमर्श भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में पावरलूमों का सर्वे भी कराया जायेगाए ताकि कोई भी पात्र बुनकर इस सुविधा से वंचित न रह सके। बैठक में अपर मुख्य सचिव, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग रमारमण, आयुक्त एवं निदेशक उद्योग गोविन्द राजू एनएसए उप्र बुनकर फोरम के प्रदेश अध्यक्ष अरशद जमाल सहित गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, मऊआइमा, बाराबंकी, मेरठ, सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बुनकर संगठनों के प्रतिनिधि सहित विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

## चीनी मिल संचालकों ने गन्ना समर्थन मूल्य न बढ़ाने की लगाई गुहार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण काल में चीनी की कम खपत होने के साथ ही अपेक्षित मात्रा में निर्यात न होने से चीनी मिल संचालक काफी परेशान हैं। इसी बीच गन्ना समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की सुगबुगाहट चीनी मिल संचालकों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। चीनी मिल संचालकों ने प्रदेश सरकार से गन्ना का समर्थन मूल्य न बढ़ाने की गुहार लगाने के साथ ही वित्तीय सहायता की भी मांग की है।

प्रदेश में गन्ना पेराई सत्र आरंभ होने के करीब एक माह होने के बाद प्रदेश की 119 में से करीब सौ चीनी मिलों में गन्ना खरीद शुरू हो चुकी है। इसके बाद भी इस बार गत वर्ष से चीनी उत्पादन में बढ़ोत्तरी हुई परंतु रिकवरी कम होने से मिल संचालकों की बेचैनी बढ़ गयी है। खासकर मध्य क्षेत्र और पूर्वांचल में चीनी रिकवरी कमी ज्यादा दिख रही है। इन सभी ने लामबंद होकर मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में चीनी मिलों की वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए आर्थिक सहायता की मांग की है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक गत वर्ष की तुलना में 16 नवंबर तक गन्ना पेराई में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जिस कारण कुल चीनी उत्पादन में 0.5 फीसद की बढ़ोत्तरी हो गयी परंतु रिकवरी कम होना चिंताजनक माना जा रहा है। पिछले सत्र में जहां रिकवरी शुरूआती दौर में 9.66 प्रतिशत तक पहुंच गयी थी लेकिन अभी 9.15 फीसद रिकवरी ही मिल रही है। उत्तर प्रदेश चीनी मिल्स एसोसियेशन के सचिव दीपक गुप्तारा का कहना है कि कोरोना संक्रमण के चलते चीनी की खपत में रिकार्ड गिरावट आयी है और निर्यात संकट भी गहराया है। चीनी का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3100 रुपये क्विंटल निर्धारित है जिसमें लागत मूल्य भी नहीं निकल पा रहा है। ऐसे में भुगतान संकट कम नहीं होता दिख रहा। मिलों द्वारा उत्पादित बिजली भी कम दरों पर खरीदी जा रही है और उसका भी समय से भुगतान नहीं हो पा रहा है।

## हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहा इनामी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रतापगढ़** जिले में हत्या के प्रयास के एक मामले में पिछले 1 साल से फरार चल रहे 25000 के इनामी अपराधी परवेज खान को एसटीएफ ने नगर कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस और एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद हुई।

फरार अपराधियों की तलाश में जुटी एसटीएफ को सूचना मिली थी कि परवेज खान किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में पावर हाउस चिलबिला रोड से अन्तू की तरफ जाने वाला है। इस सूचना पर एसटीएफ ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर परवेज खान को गिरफ्तार किया। पूछताछ में परवेज खान ने बताया कि वह चोरी तथा स्मैक की तस्करी का काम अपने साथियों के साथ मिलकर करता है । उसने बताया कि गुड्डू सिंह उर्फ दीपक सिंह निवासी महोली नहर कोतवाली नगर



प्रतापगढ़ को कई बार चोरी का सीमेन्ट मेरे साथी इस्तखार अहमद उर्फ छुरीबाज द्वारा बेचा गया था। गुड्डू सिंह उर्फ दीपक सिंह के कहने पर इमरान द्वारा बाराबंकी से कई बार स्मैक की तस्करी कर गुड्डू सिंह को दिया गया था, जिसमें पैसे के लेनदेन को लेकर उन लोगों का गुड्डू सिंह से विवाद था। इसी विवाद के चलते परवेज ने अपने साथियों इस्तखार अहमद, निवासी खमपुर थाना कन्धई प्रतापगढ़ व जावेद निवासी पिपरी खालसा थाना कन्धई प्रतापगढ़ के साथ मिलकर अक्टूबर 2019 में गुड्डू सिंह को गोली मारी थी। परवेज ने बताया कि घटना के समय वह मोटरसाइकिल चला रहा था। प्रतापगढ़ से फरार होकर तीनों साथी ग्वालियर, दिल्ली तथा गुजरात आदि स्थानों पर रहे।

## इंटरनेशनल सोशलिस्ट कॉउन्सिल के सचिव ने लंदन के मेयर को लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**संयुक्त** राष्ट्र हिंदी जन अभियान के अध्यक्ष व इंटरनेशनल सोशलिस्ट कॉउन्सिल के सचिव दीपक मिश्र ने लंदन में स्थापित पंडित जवाहर लाल नेहरु की प्रतिमा की रख-रखाव व सफाई के लिए लंदन के मेयर एवं ग्रेटर लंदन प्राधिकरण के एक्सक्यूटिव सादिक खान को पत्र लिखा और दूरभाष पर बात की। लंदन एक्सक्यूटिव प्राधिकरण की जन संपर्क इकाई ने दीपक मिश्र को पत्र द्वारा बीस दिनों में उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

दीपक मिश्र को लंदन से एक हिंदी भाषी भारतवंशी ने बताया कि भारतीय दूतावास के समक्ष स्थापित पंडित नेहरु की प्रतिमा काफी गंदी है। उस साथी ने नेहरु प्रतिमा की तस्वीर भी प्रेषित की। इसके बाद दीपक ने तस्वीर के साथ ट्वीट कर भारत व इंग्लैंड के प्रधानमंत्री, राहुल, प्रियंका व लंदन के मेयर को प्रतिमा की हो रही उपेक्षा की जानकारी दी । दीपक ने फिर मेयर लंदन को मेल किया जिसका सकारात्मक उत्तर आया। दीपक मिश्र के अनुसार पंडित नेहरु हमारे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और समाजवादी आंदोलन के पहरुआ था। उन्होंने मानवता की अनन्य सेवा की थी।

हम उनके राजनीतिक विचारों या प्रधानमंत्री के रूप में उनकी कुछ नीतियों के विरोधी हो सकते हैं किंतु उनके योगदान व अवदान से इनकार नहीं कर सकते । श्री मिश्र के अनुसार यदि बीस दिनों के अंदर नेहरु प्रतिमा की सफाई और रख रखाव का यथोचित प्रबंध नहीं हुआ तो हिंदी जन अभियान व सोशलिस्ट कॉउन्सिल की इंग्लैंड इकाई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नेहरु प्रतिमा की सफाई श्रमदान करेंगे। इसके पूर्व दोनों दोनों संगठनों के कार्यकर्ता मॉरीशस, कंबोडिया, लंका में महान भारतीयों की प्रतिमा की सफाई श्रमदान द्वारा कर चुके हैं।

## पुलिस की सक्रियता से महिला के खाते से निकले 73 हजार रुपए आए वापस

**लखनऊ।** साइबर सेल पुलिस के मुताबिक बीते 18 नवंबर को गोमतीनगर में रहने वाली महिला श्वेता गोयल अपने सेटअप बॉक्स टाटा स्काई में रिचार्ज करने का प्रयास कर रही थी। उन्होंने बताया कि रिचार्ज न होने पर वह काफी परेशान हो गई जिसके थोड़ी देर बाद उनके मोबाइल फोन पर एक अंजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले युवक ने उनसे बताया कि आप टाटा स्काई के खाते में पांच रुपये जमा कर दें। उन्होंने जब दोबारा पैसे जमा करने का प्रयास किया तो उसपर भी पांच रुपए जमा नहीं हुए। इसके बाद कॉलर ने उन्हें बताया कि वह एनी डेस्क नाम की एक एप डाउनलोड कर ले और उसपर अपने मोबाइल एक्सेस डाल दें। आरोप है कि एक्सेस देने के बाद ही उनके मोबाइल पर एक ओटीपी आया और उनके खाते से 73 हजार की रकम कट गई। बताया जा रहा है कि थोड़ी देर बाद उनके खाते से 61 हजार की रकम उड़ाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन उनके डेबिट कार्ड की लिमिट एक लाख रुपए होने के चलते 61 हजार की रकम बच गई। इसके बाद पीड़िता ने बैंक मामले की सूचना देने के साथ ही साइबर सेल में शिकायत दर्ज करवाई। साइबर सेल में नियुक्त एसआई सौरव मिश्रा ने बताया कि केस दर्ज कर टीम को एक्टिव किया गया कमपनियों की ई.मेल के माध्यम से संपर्क कर मंगलवार को श्वेता गोयल के खाते में उनके पैसें वापस आ गए। रकम वापस आने के बाद श्वेता व उनके पति अमित गोयल ने लखनऊ पुलिस को धन्यवाद दिया।

### भाषण प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रा को प्रथम पुरस्कार

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (द्वितीय कैम्पस) की प्री-प्राइमरी की प्रतिभाशाली छात्रा वर्णिका श्रीवास्तव ने नेशनल लेविल ऑनलाइन कम्पटीशन 'टूरिज्म फेस्ट-2020' के अन्तर्गत आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था 'परपल विंग्स' के तत्वावधान में आयोजित हुई, जिसमें देश भर के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में अलीगंज (द्वितीय कैम्पस) की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने 'माई सिटी माई प्राइड' विषय पर बोलते हुए धाराप्रवाह अभिव्यक्ति क्षमता, आत्मविश्वास एवं स्पष्टता के साथ ओजस्वी वाणी में अपने विचार प्रस्तुत कर निर्णायक मंडल को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के आयोजको ने वर्णिका की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### कौमी एकता के प्रतीक थे मौलाना कल्बे सादिक

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी एवं डा. (श्रीमती) भारती गाँधी ने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के उपाध्यक्ष और शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे सादिक के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए सारी मानवता के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। सीएमएस संस्थापकों ने डा. कल्बे सादिक के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने न सिर्फशिक्षा, चिकित्सा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दिया, बल्कि कौमी एकता के लिए अपना सारा जीवन समर्पित कर दिया। उनके इस अतुलनीय कार्यो के लिए सारी मानवता सदैव उनकी आभारी रहेगी। डा. (श्रीमती) भारती गाँधी ने कहा कि देश के अत्यन्त लोकप्रिय धर्म गुरु डॉ कल्बे सादिक ने देश के सभी धर्मों के नागरिकों के उत्थान एवं कल्याण के साथ ही देश की महान 'गंगा-जमुनी' तहजीब को सारे विश्व में फैलाने के लिए अत्यन्त ही सराहनीय एवं अतुलनीय कार्य किया। डॉ जगदीश गाँधी ने कहा कि वे चाहते थे कि सारी दुनिया के लोगों में प्रेम एवं भाईचारा बना रहें और इसी के लिए उन्होंने सारी जिंदगी काम भी किया।

### तस्कर गिरफ्तार, डेढ़ किलो गांजा बरामद

**लखनऊ।** राजधानी के चिनहट थाना क्षेत्र में चिनहट पुलिस ने एक तस्कर को दबोचने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी के पास से डेढ़ किलो गांजा बरामद हुआ है पुलिस ने तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही कर रही है प्रभारी निरीक्षक चिनहट धनंजय कुमार पांडे ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर खास की सूचना पर टूटा किला कॉलोनी तिराहा आवास संघ के पास से आरोपी दीन मोहम्मद निवासी उमराव हाता महानगर को चौकी इंचार्ज कमता संदीप मिश्रा ने अपनी टीम के साथ धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी के पास से तलाशी के दौरान डेढ़ किलो गांजा बरामद हुआ।

### राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड आज लखनऊ दुग्ध संघ को करेगा सम्मानित

**लखनऊ।** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड बृहस्पतिवार को ऑनलाइन भुगतान एवं सर्वाधिक दूध उत्पादन के लिए दूध उत्पादकों व समितियों को सम्मानित करेगा। उत्तर प्रदेश में यह सम्मान लखनऊ दुग्ध संघ एवं रायबरेली के दुग्ध उत्पादक रामसेवक को दिया जाएगा। यह जानकारी लखनऊ दुग्ध संघ के चेयरमैन उमेश सिंह तोमर ने दी। श्री तोमर ने बताया कि श्वेतक्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन की बृहस्पतिवार 26 नवंबर को जयंती है। इस अवसर पर राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के तत्वाधान में ऑनलाइन सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। पराग डेयरी कारखाने के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश भर में ऑनलाइन काम ऑनलाइन भुगतान के लिए चयनित लखनऊ दुग्ध संघ एवं सर्वाधिक दूध उत्पादन के लिए काम करने वाले किसान रामसेवक को सम्मानित किया जाएगा।

### कल्बे सादिक का निधन मुसलमानों के लिये बड़ी क्षति

**लखनऊ।** लम्बी बीमारी से लड़ रहे विख्यात मुस्लिम शिया धर्मगुरू व ऑल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के उपाध्यक्ष मौलाना कल्बे सादिक जी के दुखद निधन पर अपनी सम्वेदना व्यक्त करते हुए तहरीक फिक्र-ए मिल्लत फाउण्डेशन के महासचिव हनीफखान ने कहा कि विश्व स्तर पर मुसलमानो का प्रतिनिधित्व करने वाले मौलाना कल्बे सादिक का निधन भारत सहित दुनिया भर के मुसलमानो के लिये बड़ी क्षति है। वह शिया-सुन्नी एकता के पैरोकार थे। उन्होने कहा कि मोहब्बत और अमन की बात करने वाले शख्स का यूं अचानक चले जाना धर्म व समाज के साथ, इंसानियत का भी बड़ा नुकसान है जिसकी भरपाई नही हो सकती। कल्बे सादिक के जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि जुल्म और ज्यादती के विरुद्ध बड़ी ताकतो से लड़ने के लिये जिस्मानी नही रुहानी ताकत की जरुरत होती है। कल्बे सादिक अपनी मोहब्बत, जद्दोजहद और कभी हार न मानने वाली शखसीयत के रुप में सदैव हमारे बीच जीवित रहेंगे।

### अनियंत्रित डंपर पलटा, क्लीनर की मौत

**मोहनलालगंज।** मीनापुर गांव में बुधवार सुबह डम्पर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के बाद पलट गया। जिसके नीचे दबने से क्लीनर कुलदीप कुशवाहा 22 की मौत हो गई। ड्राइवर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्लीनर का शव बरामद किया। रेलवे में सप्लाई के लिए मोहनलालगंज के मीनापुर में मिट्टी खुदाई हो रही है। पुलिस के मुताबिक बुधवार सुबह मिट्टी लाद कर डम्पर साइट पर जा रहा था। जिसमें मीनापुर निवासी कुलदीप क्लीनर के तौर पर सवार था। रास्ते में डम्पर अनियंत्रित होकर पलट गया। ड्राइवर ट्रक से कूदने में सफल रहा। कुलदीप ने भी छलांग लगाई थी। लेकिन वह डम्पर के नीचे दब गया। इंस्पेक्टर के मुताबिक सूचना मिलने पर जेसीबी की मदद से डम्पर को हटाने पर कुलदीप का शव बरामद कर परिवार वालों को सूचना दी गई। फिलहाल परिजनों की तरफ से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रामपुर नयागांव, वि.ख.-ऐलिया, सीतापुर**

पत्रांक-मेमो/मनरेगा/नि0कार्य/2020-21 दिनांक-25.11.2020

**निविदा सूचना**

वि0ख0ऐलिया की ग्राम पंचायत रामपुर नयागांव में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो से सीलबंद निविदाएं दिनांक 29.11.2020 की अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे खोली जायेंगी।

| कार्य का नाम | सामग्री | प्राक्कलित धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 राहुल के मकान से करन के मकान तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य। | सीमेन्ट, मौरंग, बालू, ईंटा, इण्टरलाकिंग रोड़ा इत्यादि। | 1,68,595/- | 500/- |

प्रधान सचिव

**कार्यालय नगर पंचायत बरवर खीरी**

पत्रांक-269/न0प0ब0/नीलाम सूचना-कबाड़/2020-21 दिनांक 25.11.2020

**सार्वजनिक सूचना**

समस्त कबाड़ क्रेताओं को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बरवर द्वारा निष्प्रोज्य सामग्री की नीलामी दिनांक 10.12.2020, समय 12.00 बजे अपरान्ह, दिन बृहस्पतिवार निश्चित की जाती है, इच्छुक कबाड़ क्रेता समय से उपस्थिति होकर निम्नलिखित जमानत धनराशि नगद जमा करने पश्चात बोली में भाग ले सकते है।

| क्र.सं. | निष्प्रोज्य सामग्री का नाम | जमानत धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | हैण्डपम्प से सम्बन्धित निष्पोज्य सामग्री | 5000.00 |
| 02 | सफाई उपकरण से सम्बन्धित निष्प्रोज्य सामग्री | 5000.00 |
| 03 | विद्युत सामग्री से सम्बन्धित निष्प्रोज्य सामग्री | 5000.00 |

नियम व शर्तें :

01. बोली दाता की बोली स्वीकृत के उपरान्त समस्त धनराशि नगद जमा करनी होगी।
02. बोली स्वीकृत पश्चात बोली दाता को समस्त सामग्री उसी दिन ले जानी अनिवार्य होगी।
03. बोलीदाता को बोली के समय समस्त सामग्री का मिलान करवा दिया जायेगा तत्पश्चात विभाग की कोई जिम्मेदारी नही होगी।
04. बोलीदाता को बोली लगाने से पूर्व जमानत धनराशि नगद जमा करनी अनिवार्य होगी।
05. उपरोक्त सूची के अनुसार कमांक 01 से 03 तक की सामग्री की बोली अलग-अलग कराई जायेगी।
06. नीलाम बोली को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर पंचायत बरवर में निहित होगा

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत बरवर खीरी — अध्यक्ष, नगर पंचायत बरवर खीरी

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, 30वां (वि./यां.) वृत्त, लो.नि.वि.,लखनऊ**

पत्रांक-2593/36 सी0बी0-30/2020 **अति अल्पकालीन निविदा सूचना (ई-टेण्डरिंग)** दिनाँक : 20.11.2020

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न तालिका में अंकित कार्य हेतु ऑन-लाईन निविदाएँ http://etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 28.11.2020 से दिनांक 04.12.2020 तक अपरान्ह 12.00 बजे तक ही आमंत्रित की जाती है।

निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक 04.12.2020 को अपरान्ह 12.30 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। यदि दिनांक 04.12.2020 को अवकाश होता है तो निविदाएँ अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर खोली जायेगी।

| क्र. सं. | जिला | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य मय जी.एस.टी.सहित | पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लखनऊ | विधान परिषद सचिवालय में स्थित समिति अनुभाग 1 एवं 2 तथा कार्यवाही अनुभाग में सिविल कार्यो के उपरान्त विद्युत, टेली फोन, इन्टरनेट एवं अग्निशमन सम्बन्धी कार्य (विद्युत कार्य) (पार्ट-A) | रु0 15.30 लाख | रु0 1.53 लाख | 2 माह | रु0 854.00 | लोक निर्माण विभाग में विद्युत कार्यो हेतु 'ए' श्रेणी में पंजीकृत एवं अति-महत्वपूर्ण शासकीय भवनों में विद्युत कार्यों में अनुभव प्राप्त ठेकेदार ही निविदा के पात्र होंगे। |

निविदाओं को स्वीकृत तथा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।
वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण,शर्तें एवं बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स दिनांक 04.12.2020 के अपरान्ह 12.00 बजे तक ऑन लाइन प्राप्त किये जा सकते है। पात्र निविदादाता अपने बिड को दिनांक 04.12.2020 अपरान्ह 12.00 बजे तक अनिवार्य रूप से अपलोड कर सकते है।

उ0प्र0-157208, दिनांक-23.11.2020
विज्ञापन वेबसाईट www.up.gov.nic.in पर उपलब्ध है।

अधीक्षण अभियन्ता
30वां (वि0/यॉ0) वृत्त
लो0नि0वि0, लखनऊ

## आनलाइन आवेदन के बाद भी वरासत दर्ज कराने के लिए लगा रहे चक्कर

संवाददाता। मोहनलालगंज

**पहले** पिता को खोया और अब वरासत दर्ज कराने के लिए राजस्वकर्मियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। तहसील स्तर पर वरासत के लिए आनलाइन आवेदनों के मानीटरिंग की पुख्ता व्यवस्था नहीं होने से राजस्वकर्मी मनमानी कर रहे हैं। लिहाजा ग्रामीणों को आवेदन आनलाइन कराने के बावजूद भी वरासत कराने के लिए तहसील में भटकना पड़ रहा है। मोहनलालगंज समेत प्रदेशभर की सभी तहसीलों में वरासत दर्ज कराने के लिए लोगों को बेवजह भागदौड़ नहीं करनी पड़े इसके लिए राजस्व परिषद ने वरासत के लिए आनलाइन आवेदन की व्यवस्था लागू कर रखी है। परिषद की मंशा थी कि प्रदेशभर में कहीं से भी वरासत के लिए आवेदन आनलाइन कराने के बाद लोगों को घर बैठे ही खतौनी मिल जाएगी। लेकिन तहसील स्तर पर वरासत आवेदनों के मानीटरिंग की पुख्ता व्यवस्था के अभाव में मनमानी कर रहे राजस्वकर्मी आवेदकों को तरह तरह के बहाने बनाकर टरका रहे हैं। लिहाजा परेशानहाल आवेदक तहसील समाधान दिवस से लेकर आईजीआरएस तक वरासत दर्ज कराने के लिए गुहार लगा रहे हैं। खास बात यह है कि शिकायत अधिकारियों तक पहुंचने के बाद राजस्वकर्मी आनलाइन आवेदन में कमी बताकर पल्ला झाड़ ले रहे हैं। लिहाजा परेशानहाल आवेदकों को राजस्वकर्मियों की तलाश में भटकने से लेकर आरके आफिस और खतौनी काउण्टर के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

बताते चलें कि मोहनलालगंज के दहियर निवासी हंसकुमार का दिसम्बर 2019 में देहान्त हो गया। सूचना देने के बाद भी राजस्वकर्मियों ने वरासत दर्ज नहीं की। अब दीपावली से पूर्व आवेदन आनलाइन कराने के बावजूद राजस्वकर्मी टरका रहे हैं। वहीं पकरा आदमपुर निवासी श्रीकेशन का 2008 में निधन हो गया लेकिन वरासत नहीं की गई। अब आवेदन आनलाइन कराने पर भी वरासत नहीं हो सकी तो वारिसों ने तहसील समाधान दिवस में गुहार लगाई है। दूल्हापुर हुसेनाबाद निवासी लालमन के देहान्त के बाद वरासत नहीं की गई। आनलाइन आवेदन भी ठण्डे बस्ते में जाता नजर आया तो वारिसों ने अफसरों से शिकायत की है। दहियर निवासी बालकुमार का फरवरी 2020 में कैंसर की बीमारी से निधन हो गया। आवेदन आनलाइन कराने के बावजूद भी बेटे अमन को तहसील की परिक्रमा करनी पड़ रही है।

**क्या कहते हैं एसडीएम**

एसडीएम विकास सिंह ने बताया वरासत दर्ज कराने के लिए अब लोगों को आनलाइन आवेदन करने की व्यवस्था है। जिसका तय समय में निस्तारण किया जाता है। तहसीलदार स्वयं इसकी मानीटरिंग करते हैं।

## चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर उड़ाया माल

**लखनऊ।** राजधानी के पीजीआई इलाके में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पीजीआई के वृन्दावन योजना रायबरेली रोड निवासी राजन सिंह ने बताया कि अगले 30 नवंबर को उनकी बेटी की शादी होनी थी जिसके चलते राजन यहां घर पर ताला लगाकर अपने पूरे परिवार के साथ पैतृक आवास पिपराघाट गए थे। बताया जा रहा है कि बुधवार को वह किसी काम से पीजीआई स्थित अपने घर वापस लौटे तो देखा कि मेन गेट व कमरों के ताले टूटे पड़े है और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा है। पीड़ित राजन के मुताबिक चोरों ने उनके घर से हजारों की नकदी व लाखों के जेवर चोरी किए है। वहीं सोनभद्र जनपद में पंचायत कर्मचारी मुन्नी लाल सिंह अपने परिवार के साथ वृन्दावन योजना में रहते हैं। सोमवार को मुन्नी लाल पत्नी के साथ गांव चले गए थे और बच्चे पड़ोसी के यहां छोड गए थे। पड़ोसी राजेन्द्र ने बताया कि बुधवार सुबह लगभग 8 बजे बच्चे अपने घर गए तो देखा कि मेन गेट का ताला टूटा पड़ा था और अंदर सारा समान बिखरा हुआ था।

## एसडीएम ने जरूरतमंदों को बांटे व्यावसायिक ऋण



संवाददाता। बख्शी का तालाब

**उत्तर** प्रदेश सहकारी विकास बैंक बीकेटी में व्यवसाय करने के लिये बुधवार को एसडीएम नवीन चंद्र द्वारा ऋण वितरित किये गये । राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम लिमटेड के तहत रोजगारों में वृद्धि के लिये यह ऋण दिये जाते है। शाखा प्रबंधक विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि शिवरी गांव के रहने वाले अनिल पुत्र विश्वनाथ दुग्ध व्यवसाय, गौरी शंकर पुत्र भगवानदीन मानपुर को गिफ्ट स्टोर व मोहम्मद सिद्दीकी पुत्र जुम्मन रामाधीन पुरवा गुलालपुर को भवन निर्माण के व्यवसाय के लिये यह ऋण दिये गये । इसके तहत 2 लाख का ऋण स्वीकृत हुआ है । जिसमें से 1 लाख रुपये के चेक आज दिये गये । बाकी शेष राशि जल्द ही खातों में भेजी जाएंगी। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष दिवाकर सिंह तहसीलदार विवेकानंद मिश्रा सहित किसान और अधिकारी मौजूद थे ।

## आश्रय केन्द्रों पर लाखों खर्च के बाद भी फसल चट कर रहे गोवंश

संवाददाता। मोहनलालगंज

**निराश्रित** गोवंश आश्रय केन्द्र पर लाखों खर्च के बाद भी बाहर घूम रहे गोवंश किसानों की फसल चट कर रहे हैं। लिहाजा तारबाड़ और कंटीली झाड़ियां लगाने के बावजूद भी फसल बचाने के लिए किसानों को कड़ाके की ठण्ड में रतजगा करना पड़ रहा है। परेशानहाल किसान जिला प्रशासन से निराश्रित गोवंश और नीलगायों की धरपकड़ कराने की पुरजोर मांग कर रहे हैं।

मोहनलालगंज के दहियर गांव के आसपास शिवढ़रा और परेहटा में निराश्रित गोवंश आश्रय केन्द्र का संचालन कर उनमें रखे गए गोवंश की देखरेख के लिए सरकार की ओर से प्रतिमाह तकरीबन तीन लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। फिर भी बाहर घूम रहे निराश्रित गोवंश दहियर और आसपास के गांव में आतंक मचा रहे हैं। मौका मिलते ही गोवंश के झुण्ड खेतों में



घुसकर अंकुरित होकर निकल चुकी फसल चट कर जा रहे हैं। लिहाजा बिना तारबाड़ लगाए किसानों के लिए फसल बचाना बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है। वहीं रात में नीलगायों के झुण्ड तारबाड़ को लांघकर खेतों में पहुंचकर फसलों का सफाया कर रहे हैं। जिससे परेशानहाल किसानों को कड़ाके की ठण्ड में भी खेतों में रतजगा करने के लिए विवश होना पड़ रहा है।

किसानों का आरोप है कि कृषि विभाग के अधिकारियों से शिकायत के बावजूद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। जिससे आने वाले दिनों में ठण्ड बढ़ने और कोहरे की धुन्ध में फसल बचाना और भी मुश्किल हो जाएगा।

# जय श्रीराम के जयकारे के साथ लाखों पगों ने की पंचकोसी परिक्रमा

**संवाददाता।** अयोध्या

● अयोध्या नगर के चारों तरफ पूरे दिन गूंजता रहा जय श्री राम का नारा कई लाख लोगों ने की पंचकोसी परिक्रमा

● कोविड-19 को देखते हुए जहां प्रशासन सतर्क था वही रामा दल ट्रस्ट ने दस मास्क बांटकर मिसाल कायम किया

**भगवान** श्रीराम की जन्म स्थली अयोध्या में कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की देवोत्थानी एकादशी को भोर में 4:30 बजे जय श्रीराम के नारे के साथ लाखों पग अयोध्या के चारों तरफ एक परिधि के चलने लगे और जय श्रीराम के नारे के साथ पूरी अयोध्या गुंजायमान हो रही थी। पंचकोसी परिक्रमा में अयोध्या के संतो महंतों के साथ बालक वृद्ध महिलाएं परिक्रमा करने लगे। वेसै तो व्रत व त्यौहारों पर धार्मिक नगरी अयोध्या गुलजार ही रहती हैए लेकिन कार्तिक माह में इसकी आध्यात्मिक आभा और रोशन हो उठती है।

दीपोत्सवए 14 कोसी परिक्रमा के बाद बुधवार को देवोत्थानी एकादशी पर पंच कोसी परिक्रमा हो रही है। सुबह शुभ समय में श्रद्धालुओं ने परिक्रमा शुरू की। इस बार बाहरी जिलों के श्रद्धालुओं को जिले में एंट्री नहीं दी गई। स्थानीय लोग व संत महंत परिक्रमा कर रहे हैं। परिक्रमा पथ पर पुलिस और प्रशासन की टीम लोगों को कोरोना से बचाव के उपाय का खास ख्याल रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अयोध्या के चारों तरफ मानव श्रृंखला में परिवर्तन हो गया था जहां ऐसा कयास लगाया जा रहा था कि कोविड-19 के चलते इस बार पंचकोसी परिक्रमा में कम भीड़ होगी अपेक्षाकृत यह भीड़ अधिक हुई अयोध्या फैजाबाद के लोगों ने भोर में 4 बजे से ही परिक्रमा प्रारंभ कर दी और यह परिक्रमा पूरे दिन चलती रही और पूरा शहर जय श्रीराम के नारे से गुंजायमान होता रहा। वही परिक्रमा क्षेत्र में कोविड-19 का पालन करते हुए दर्जनों स्वयंसेवी संस्थाओं ने कैंप लगाकर परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की सेवा की और पुणे बटोरे।









## शहरी क्षेत्र के लोगों ने की पंचकोसी परिक्रमा

अयोध्या में 14 कोसी परिक्रमा के बाद देवोत्थानी एकादशी पर पांच कोसी परिक्रमा होती है। बुधवार को एकादशी के शुभ मुहूर्त 4:30 बजे परिक्रमा शुरू हो गई। इसमें अयोध्या व फैजाबाद नगरों के शहरी लोगए महिलाएं व छात्र-छात्राएं ज्यादा हिस्सा ले रहे हैं। पिछले बर्ष अयोध्या की 5 कोस परिक्रमा मार्ग पर नंगे पांव चल कर करीब 20 लाख श्रद्धालुओं ने परिक्रमा पूरी की थी। लेकिन इस साल कोरोना संक्रमण के चलते इसमें लोगों को सीमित संख्या में हिस्सा लेने की अपील प्रशासन ने की है।

## मेला क्षेत्र में बनाए गए कोविड-19 चेकपोस्ट

डीएम एके झा ने बताया कि जिले के बार्डर पर यहां 19 चेक पोस्ट बनाए गए हैं। वहां बाहर की भीड़ को रोकने के लिए चेकिंग की जा रही है। उनकी रैंडम थर्मल स्कैनिंग व कोविड लक्षण पाए जाने पर जांच भी करवाने की व्यवस्था की गई है?। ध्वनि प्रसारण यंत्रों द्वारा निरंतर श्रद्धालुओं के लिए यह प्रसरित किया जा रहा था कि परिक्रमा करने वालों के लिए मास्क अनिवार्य है बिना मास्क क कोई परिक्रमा न करें। 65 साल से अधिक उम्र वाले बुजुर्ग और 10 साल से कम उम्र के बच्चे परिक्रमा ना करें ऐसा बार बार प्रशासन की तरफ से हिदायत दिया जा रहा था।

### रामा दल ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित कल्कि जी ने बांटे 10 हजार मास्क

**अयोध्या।** देवोत्थानी एकादशी पर अयोध्या में होने वाले परिक्रमा पर वैसे तो श्रद्धालुओं की सेवा के लिए दर्जनों स्थानों पर कैंप लगाए जाते है लेकिन कोविड.19 के दौरान रामा दल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कल्कि राम जी महाराज ने मानव कल्याण के निमित्त सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बीच श्री अयोध्या जी में सम्पन्न हो चुकी 14 कोसी परिक्रमा के साथ ही पंचकोसी परिक्रमा में शामिल मास्क न रखने वाले श्रद्धालुओं को निःशुल्क दस हजार मास्क वितरित करते हुए कोरोना से सुरक्षित रखने का सूक्ष्म प्रयास किया गया। उल्लेखनीय है कि मार्च माह मे कोरोना काल के आरंभ से ही रामादल ट्रस्ट आमजनो के बीच पहुंच कर मास्क और सेनेटाइजर उपलब्ध कराता आ रहा है। इसी क्रम मे परिक्रमा में आने वाले श्रद्धालु भक्त जनों को नयाघाट चौराहा, गोलाघाट सहित परिक्रमा मार्ग पर 10 हजार से अधिक मास्क का वितरण किया गया।

## मेला क्षेत्र में थी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

डीआईजी दीपक कुमार के मुताबिकए पांच कोसी परिक्रमा क्षेत्र को 3 जोन में बांट कर संरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके अलावा कार्तिक पूर्णिमा मेला का समापन 30 नवंबर को सरयू स्नान से होगा। इसको लेकर भी पुलिस विभाग ने पुख्ता इंतजाम किया है। अयोध्या के प्रमुख मंदिरों के साथ.साथ पंचकोसी परिक्रमा क्षेत्र के सभी चौराहों की तिराहो रेलवे क्रॉसिंग पे पुलिस मजिस्ट्रेट तैनात थे जिससे कोई अप्रिय घटना ना घट सके पूरे दिन शांतिपूर्वक सकुशल परिक्रमा चलती रही।

# डीजे एसो. के पदाधिकारियों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या।** डीजे एसोसिएशन के पदाधिकारियों में सांसद को संबोधित ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में कहा गया है कि बैंड डीजे रोड लाइट बग्गी विगत 8 महीने से कोरोना के कारण बंद चल रहा है। नवंबर दिसंबर के बाद अगले 4 महीने तक कोई शादी विवाह का आयोजन होने की उम्मीद नहीं है जिससे इस व्यवसाय में जुड़े गरीब मजदूर लोगों को रोजगार की समस्या उत्पन्न हो रही है। परिणाम स्वरूप परिवार के पालन पोषण की विकट समस्या इस व्यवसाय से जुड़े लोगों को हो रही है वर्तमान में वैवाहिक कार्यक्रम शुरू हो रहा है जिसमें सब आदमियों के शामिल होने की अनुमति है जिसमें डीजे बैंड रोड लाइट ब्रास बैंड बग्गी सभी चीजों की अनुमति है किंतु इस संबंध में प्रशासन से अनुमति नहीं मिल रही है जिसको देखते हुए स्थानीय सांसद लल्लू सिंह के आवास पर पहुंच कर डीजे वालों ने मांग की है कि तत्काल उन्हें भी जिला प्रशासन से अनुमति दिलाई जाए। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष कौशिक प्रामाणिक कार्यकारिणी अध्यक्ष बबलू गुप्ता महामंत्री संतोष जयसवाल आदि शामिल रहे।

# सावधानः शादियों में भीड़ नियंत्रण के लिए टीमें तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**शादी या** अन्य सार्वजनिक समारोहों में 100 से अधिक लोगों के शामिल न होने की व्यवस्था का पालन कराना प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर साबित होगी। बुधवार को अकेले शहर में ही 400 से अधिक शादियां हैं। ऐसे में महज कुछ मजिस्ट्रेट और टीम के सहारे 100 लोगों की पाबंदी का पालन कराना आसान नहीं होगा। उधर प्रशासन का कहना है कि शासनादेश का पूरी तरह से पालन कराया जाएगा। किसी भी आयोजक या मैरेज हाउस प्रबंधक ने नई व्यवस्था की अनदेखी की तो संबंधित के खिलाफ एफआइआर दर्ज करायी जाएगी और जुर्माना भी वसूल किया जाएगा। भीड़भाड़ को नियंत्रित करने के लिए चार टीमें लगाई गई हैं। ये टीमें इन क्षेत्रों की मानीटरिंग करेंगी।

बुधवार को शहर के एक मैरेज हाउस से अपने भाई की शादी कर रहे मुकेश कुमार निगम बताते हैं कि उन्होंने शासनादेश का पालन करने के लिए पहले से 200 मास्क मंगा लिया है। इसके साथ एक-एक लीटर वाला सैनेटाइजर भी मंगा लिया है। प्रवेश द्वार के पास ही दो सैनेटाइजर रखवाने का इंतजाम करा दिया है ताकि प्रवेश के पहले लोग अपने हाथ को सैनेटाइज कर सकें।

इस संदर्भ में एसएसपी जोगेंद्र कुमार ने बताया है कि शासन की गाइड लाइन के अनुसार शादी समारोह व अन्य पार्टियों पर पुलिस की नजर रहेगी। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने या फिर निर्धारित संख्या से ज्यादा भीड़ जुटाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी के. विजयेंद्र पांडियन ने बताया है कि सार्वजनिक समारोहों में 100 से अधिक की संख्या नहीं जुट सकती। इस सम्बंध में सभी मजिस्ट्रेट और क्षेत्र के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। भीड़ की मॉनीटरिंग के लिए टीमें भी लगा दी गई हैं। यदि जांच में संख्या अधिक मिली तो एफआइआर दर्ज कराने के साथ जुर्माना भी वसूल किया जाएगा।

# कुपोषित बच्चों को बनाना है सुपोषितः सीडीओ

**गोरखपुर।** मुख्य विकस अधिकारी इन्द्रजीत सिंह की अध्यक्षता में एनेक्सी सभागार में नवीन अनुपूरक पुष्टाहार योजना अन्तर्गत प्रशिक्षण सत्र आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। योजना के तहत बाल विकास परियोजनाओं में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों/मिनी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर अनुपूरक पुष्टाहार की आपूर्ति में सूखे राशन को राज्य आजीविका मिशन के माध्यम से संचालित स्वयं सहायता समूहों से वितरण किया जाना है।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा यह एक नयी व्यवस्था लागू की गयी है जिसका मुख्य उद्देश्य कुपोषित बच्चों को बेहतर पोषण देकर उन्हें सुपोषित करना है। क्योंकि स्वस्थ्य बच्चों से ही स्वस्थ्य समाज का निर्माण होता है। उन्होंने इस योजना की शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने हेतु सभी संबंधित विभागों का आपसी समन्वय बनाये रखने का निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी गण टीम भावना के साथ कार्य करें। मुख्य विकास अधिकारी ने इस योजना के क्रियान्वयन एवं वितरण व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वितरण दिवस को पोषण उत्सव के रूप में मनाया जायेगा। कार्यशाला में उप जिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, तहसीलदार, अपर जिला सूचना अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# लूट के मोबाइल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर।** पुलिस के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अपराध पर अंकुश, अपराधियों की गिरफ्तारी एवं घटना के अनावरण में लगी शाहपुर थाने की पुलिस टीम क्षेत्र में मामूर थी कि मुखबिर खास से मिली सूचना के आधार पर आशीष प्रजापति पुत्र सत्यनारायण प्रजापति निवासीजंगल बहादुर अली पोखरहवा टोला थाना चिलुआताल, अजीत गौड़पुत्र सिकन्दर गौड़निवासी जंगल बहादुर अली पोखरहवा टोला थाना चिलुआताल को खजान्ची चौराहे से गिरफ्तार किया। जामा तलाशी एवं उनकी निशानदेही पर टीम ने एक अदद एण्ड्राइड मोबाइल ओप्पो कम्पनी, एक अदद मोबाइल एण्ड्राइड रीयलमी, एक अदद की-पैड मोबाइल नोकिया कम्पनी, एक अदद मोटरसाईकिल बरामद किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सुधीर कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक, व.उ.नि. शोभनाथ यादव, उ.नि. संजीव कुमार, सादिक परवेज, स्वाट टीम, हे.का. योगेश सिंह, स्वाट टीम, का. संजीव कुमार सिंह, सोनू प्रसाद, सुनील कुमार यादव, शशिकान्त राय, स्वाट टीम आदि शामिल रहें।

# एनटीपीसी टांडा में ऊर्जा संरक्षण जागृति अभियान का आयोजन

**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टाण्डा के द्वारा ऊर्जा संरक्षण जागृति अभियान के अन्तर्गत सप्तरंग क्लब मे बच्चों, महिलाओं एवं छात्रों को ऊर्जा संरक्षण से सम्बंधित विभिन्न व्यवहारिक उपायों की जानकारी दी गयी तथा ऊर्जा संरक्षण से होने वाले लाभों जैसे की ऊर्जा की बचत, पैसे की बचत, प्राकृतिक संसाधनों की बचत एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण के बारे में भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर बच्चों, महिलाओं एवं छात्रों के लिए चित्रकला एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन ई.ई.एम.जी. विभाग के तत्वाधान में आयोजित किया गया। सभी प्रतिभागियों ने बढ-चढ़ के प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। महिलाओं की चित्रकला प्रतियोगिता में श्रीमती नेहा श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि श्रीमती रूचि वशिष्ठ ने द्वितीय तथा श्रीमती मञ्जूषा ने तृतीया स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में श्रीमती ममता सबसे आगे रहीं तथा श्रीमती रैना मिश्रा एवं श्रीमती नेहा श्रीवास्तव ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों की प्रतियोगिता में विवेकानंद स्कूल की तृप्ति वत्स ने प्रथम स्थान हासिल करके विद्यालय का नाम रोशन किया जबकि सनी कुमार एवं मीनाक्षी क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय रहे। सभी प्रतिभागियों के बीच ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एल.ई.डी. बल्ब का वितरण भी किया गया। ऊर्जा संरक्षण जागृति अभियान का सफल आयोजन परियोजना प्रमुख श्री के.एस.रॉव के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती स्वर्णलता राव ने सभी प्रतिभागियों का मार्गदर्शन एवं हौसला अफ्जाई किया तथा निर्णायक मंडल के तौर पर गरिमा महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्यों श्रीमती नीता सेनशर्मा, श्रीमती सरोज अहलावत एवं डॉ साधना तिवारी ने सभी प्रविष्टियों की बारीकी से जाँच कर विजेताओं का चुनाव किया। इस अवसर पर मानव संसाधन विभाग के विभागाध्यक्ष श्री एस एन पाणिग्रही ने अपने विचारों से सभी लोगों का मार्गदर्शन किया एवं भविष्य में इस तरह के और कार्यक्रम करने का सुझाव दिया जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसका फायदा मिल सके। उपर्युक्त ऊर्जा संरक्षण जागृति अभियान ई.ई.एम.जी. विभाग के विभागाध्यक्ष श्री शिव भवन के निर्देशन में किया गया।



# सरकारी सेवा में चयनित अभ्यार्थियों से प्रेरणा ले अपने लक्ष्य को आसान बनाएंः विशाल

● विगत कुछ वर्षों से लगातार जारी है ट्रस्ट के द्वारा इस तरह का कार्यक्रम

**संवाददाता।** बसखारी, अम्बेडकरनगर



**बसखारी** बाजार के पड़ोसी गांव के बुढनापुर में चल रहे श्री राम लीला कार्यक्रम के अंतिम दौर में मंगलवार 24 नवंबर 2020 की रात्रि में जनपद के विभिन्न इलाकों एवं क्षेत्रों से सरकारी पदों पर चयनित हुए युवाओं और युवतियों के हौसले को बुलंद करने के उद्देश्य से संजय स्मृति सेवा ट्रस्ट मोतिगरपुर बुढनापुर के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस सम्मान समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय स्मृति मंच के संरक्षक रामकेवल वर्मा एवं मुख्य अतिथि के रूप में टाण्डा विधान सभा क्षेत्र के वरिष्ठ समाज सेवी एवं समाज वादी पार्टी के वरिष्ठ नेता फैजाबाद अम्बेडकर नगर के पूर्व विधान परिषद सदस्य अजय कुमार उर्फविशाल वर्मा एवं बसखारी ब्लॉक के पूर्व युवा ब्लाक प्रमुख विजय वर्मा माथुर के कुशल नेतृत्व के संचालन में संपन्न हुआ यह सम्मान समारोह कार्यक्रम लगभग कई वर्षों से पूर्व एम एल सी विशाल वर्मा के सहयोग से सरकारी पदों पर चयनित होने वाले युवाओं को सम्मानित करने का बीड़ा उठाया है जो जिले में पहले एक ऐसे ब्याक्ति है जो सरकारी पदक पर चयनित युवाओ के हौसले को बुलंद करते आ रहे हैं।

इस दौरान पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा ने कहा कि हम लोगों को बहुत ही गर्व की बात है कि हमारे आसपास एवं जिले के होनहार युवा अपने माता पिता एवं गाव जनपद के नाम को रोशन करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं जो बहुत-बहुत बधाई के पात्र हैं ऐसे होनहार बच्चों को उन्हें सम्मानित कर उनके हौसले को बढ़ाने की जरूरत है ताकि इनके हौसले और मजबूत हो सके उन्होंने कहा कि मानव जीवन में शिक्षित होना अति आवश्यक है शिक्षा के न होने से पूरा जीवन अंधकारमय होता है पूर्व एम एल सी विशाल वर्मा नेउपस्थित लोगों सेआहवान किया कि वे अपने अपने बच्चों को शिक्षित करने में अपनी पूर्ण भूमिका निभाएं ताकि बच्चों के जीवन में एक नई रोशनी और उनका भविष्य उज्जवल हो सके। इस दौरान श्री रामलीला के मंच पर संजय स्मृति ट्रस्ट के तत्वाधान में सम्मान समारोह में कुल 6 लोगों को मंच पर बुलाकर उन्हें स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया सर्व प्रथम क्षेत्राधिकारी के पद पर चयनित टाण्डा के सलेमपुर निवासी श्वेता वर्मा पुत्री मुन्ना लाल वर्मा ,विकास वर्मा पुत्र जियालाल वर्मा सहायक अध्यापक रायपुर निवासी ग्राम बुढनापुर ,उमेश वर्मा पुत्र सेवाराम वर्मा सहायक अध्यापक फैजाबाद निवासी मजगवाअछती,उत्तम वर्मा पुत्र कमला कांत बर्मा उत्तर प्रदेश पुलिस निवासी मोतिगरपुर सलेमपुर ,नमिता चौधरी पुत्री डॉक्टर सेवा राम चौधरी सहायक अध्यापक निवासी मोतिगरपुर डॉ राना नूर पुत्री नूर मोहम्मद सिद्दीकी असिस्टेंट प्रोफेसर गणित बीएचयू वाराणसी निवासी मोतिगरपुर गोल्डी पटेल पुत्री केशव रामबर्मा सहायक अध्यापक ग्राम मोतिगरपुर बसखारी संजय स्मृति सेवा ट्रस्ट के बैनर तले उत्तर प्रदेश राज्य सरकार में चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संजय स्मृति मंच के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं मे अपनी सक्रिय भूमिका निभाने वालो मे लालता प्रसाद वर्मा सेवाराम वर्मा सुरेंद्र कुमार वर्मा प्रेमचंद वर्मा सुरेंद्र यादव विजेंद्र यादव प्रमोदचौरसिया मोतिगरपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रविशंकर आनंद सहित लोग मौजूद रहे।


# ।। कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, रामपुर मथुरा- सीतापुर ।।

पत्रांक 1137/पन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त/निविदा पत्रा0/2020– 21 — दिनांक 24 नवम्बर, 2020

## अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठकेदारों द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रपत्र दिनांक 26–11–2020 से 3–12–2020 अपरान्ह 4.00 बजे तक निविदा मूल्य जमा कर कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी रामपुर मथुरा से प्राप्त की जा सकती है।

मोहरबंद निविदा दिनांक 04–11–2020 को अपरान्ह 4.00 बजे तक कार्यालय में पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा की जा सकती है, तथा दिनांक 05–11–2020 को अपरान्ह 4.00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी एवं निविदा कमेंटी एवं पंजीकृत ठेकेदारों की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

कोविड– 19 महामारी के बचाव हेतु लॉकडाउन की अवधि में निविदा सूचना को प्रकाशित कराने का पूर्ण उत्तरदायित्व अधोहस्ताक्षरी का होगा।

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत GST सहित | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | अल्लीपुर में डामर रोड से दयाराम वर्मा के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 945000.00 | 47250 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |
| 02 | धांधी गांव से वेद प्रकाश के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 384900.00 | 19245 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |
| 03 | गंगा पुरवा में इण्टरलाकिंग कार्य। | 676000.00 | 33800 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |
| 04 | बाबूपुरवा में सोलिंग से रंगीदास मन्दिर तक इण्टरलांकिग निर्माण कार्य। | 565000.00 | 28250 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |
| 05 | सुरेश के घर से त्रिलोकी के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 719000.00 | 35950 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |
| 06 | असईपुर मार्ग से हरदीप सिंह झाला होते हुए बाराबंकी बार्डर मध्य में पुलिया निर्माण। | 293000.00 | 14650 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |
| 07 | रामचन्द्र के घर से फौजी के घर तक नाला मरम्मत कार्य। | 461500.00 | 23075 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |
| 08 | अरबिन्द के मकान से तालाब तक नाली निर्माण। | 709900.00 | 35495 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |
| 09 | कल्लू के घर से तेलिया तालाब तक नाली निर्माण। | 490700.00 | 24535 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |
| 10 | मो0 हबीब के घर से दिलीप के घर तक नाली निर्माण। | 436200.00 | 21810 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |
| 11 | समरदहा में बाबूराम के घर से पुलिया तक नाली निर्माण। | 411000.00 | 20550 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |
| 12 | चंदपरु में प्रा0वि0 प्रथम से विक्रम के घर तक नाली निर्माण। | 995400.00 | 50000 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |
| 13 | ग्राम पंचायत डफरा में गडरियनपुरवा में नाली निर्माण। | 775700.00 | 38785 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |
| 14 | मुन्नी शुक्ला के घर से रमेश के घर तक खडण्जा निर्माण कार्य। | 172000.00 | 8600 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |
| 15 | बल्दीपुरवा में रामासरे के घर के पास से रामप्रसाद के घर के पास तक नाली निर्माण। | 639800.00 | 32000 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |
| 16 | महमूदाबाद रेउसा रोड से बसन्तीपुर गांव के दक्षिण तक खडण्जा कार्य | 842000.00 | 42100 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |
| 17 | छेद्दूपुरवा से मेन खडण्जा कार्य। | 684000.00 | 34200 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |
| 18 | कोठार मन्दिर से देशी लौकिया बार्डर तक खडण्जा निर्माण कार्य। | 435000.00 | 21800 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |
| 19 | सी0सी0 रोड से अस्पताल तक इण्टरलांकिग कार्य। (पंचम राज्य वित्त) | 1000000.00 | 50000 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |
| 20 | वकील दर्जी के घर से कब्रिस्तान तक इण्टरलाकिंग। (पंचम वित्त) | 9570000.00 | 48000 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |
| 21 | ग्राम पंचायत इण्टलाकिंग से रमाकान्त के मकान तक इण्टरलाकिंग कार्य। (पंचम वित्त) | 996000.00 | 50000 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |
| 22 | रामधनी के मकान से मन्दिर के आगे सी0सी0 तक इण्टरलाकिंग कार्य। (पंचम वित्त) | 624000.00 | 31200 | 1000–00 | 2 माह | क्षेत्र पंचायत रामपुर मथुरा के पंजीकृत ठेकेदार |

**निविदा की आहरतायें : –**

1– निविदा सम्बन्धि अन्य जानकारी दिनांक 04–11–2020 तक किसी भी कार्य दिवस में खण्ड विकास अधिकारी रामपुर मथुरा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकरी विकास खण्ड में तैनात अवर अभियन्ता (आर0ई0डी0) से प्राप्त की जा सकती है।
2– निविदा प्रपत्रों के साथ उक्त पात्रताओं का प्रमाण– पत्र संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3– निविदा के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ0डी0आर0 जो खण्ड विकास अधिकारी रामपुर मथुरा के पक्ष में बंधक हो लगाना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**खण्ड विकास अधिकारी,**
**रामपुर मथुरा– सीतापुर**

## लव जिहाद
### उच्च न्यायालय की राय


**हालांकि**, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक मामले में लव जिहाद का आरोप खारिज करते हुए परिपक्व वयस्कों द्वारा पसंद के अधिकार की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को स्वीकार किया है, लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मुद्दे पर अध्यादेश लाने की घोषणा की है। कुछ अन्य राज्य सरकारों ने भी अंतर-धार्मिक विवाहों को प्रेम के बहाने धर्मान्तरण रोकने का साधन माना है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने पहले निर्णय दिया था कि केवल विवाह के लिए धर्मान्तरण अस्वीकार्य है। लेकिन अब उसने कठोर दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा है कि यह फैसला 'कानून की नजर में बुरा' है क्योंकि यह वयस्कों के जीवन के अधिकार व व्यक्तिगत स्वतंत्रता में बाधा डालता है। एक मुस्लिम पुरुष से विवाह करने के लिए एक हिंदू लड़की द्वारा स्वेच्छा से इस्लाम स्वीकारने तथा उसके माता-पिता द्वारा मामला दर्ज कराने पर लड़की के अधिकारों के पक्ष में फैसला देते हुए पीठ ने स्पष्ट कर दिया है कि दो वयस्कों को संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत पसंद का अधिकार है। इस प्रकार अदालत ने हर अंतर-धार्मिक संबंध पर संदेह करने से इनकार किया है। अदालत ने यह चेतावनी भी दी है कि अंतर-धार्मिक विवाहों पर ऐसे बाध्यकारी मानक 'विविधता में एकता' को प्रभावित कर सकते हैं। इसके साथ ही कहा गया है, 'यदि कानून दो समलिंगियों को भी शांतिपूर्वक साथ रहने की अनुमति देता है तो किसी व्यक्ति या परिवार और यहां तक कि राज्य को दो वयस्कों के ऐसे संबंध पर आपत्ति का अधिकार नहीं होना चाहिए जो अपनी स्वतंत्र इच्छा से साथ रह रहे हैं।'



महिलायें विवाह संबंधों में स्वतंत्रता के लिए लगातार संघर्ष करती रही हैं और अनेक मामलों में उनकी परिवार या समाज की इज्जत के नाम पर हत्या तक कर दी जाती है। यदि वयस्क के रूप में उसे पसंद के अधिकार से वंचित कर दिया जाए तो उसके सशक्तीकरण पर भी सवाल उठते हैं। उत्तर प्रदेश का अध्यादेश तथा मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पास धर्म स्वतंत्रता विधेयक 2020 कुछ परिस्थितियों में अंतर-धार्मिक विवाह को गैर-जमानती प्रकृति का अपराध परिभाषित करते हैं जिसमें पांच साल तक कठोर दंड का प्राविधान है। सर्वोच्च न्यायालय ने केरल में एक लव जिहाद के मामले में पसंद के अधिकार को सम्मान देते हुए 24 वर्षीय लड़की को उसके परिवार और पति से अलग किया था। केरल उच्च न्यायालय ने हदिया का संरक्षकत्व उसके माता-पिता को सौंपा था जिन्होंने उसे 11 महीने बंद रख कर सलेम कालेज में उसकी पढ़ाई बंद करा दी थी क्योंकि उनको उसके पति शाफीन द्वारा बहकाने का खतरा था। इस प्रकार सर्वोच्च न्यायालय ने परिवार तथा पति से अलग कर पता लगाया था कि हदिया का संबंध वास्तविक था। इससे सिद्ध हुआ था कि दो वयस्कों के साथ रहने के अधिकार को सामाजिक पूर्वाग्रहों के आधार पर कुचला नहीं जा सकता है। उत्तर प्रदेश के अध्यादेश में कहा गया है कि यदि कोई विवाह के बाद स्वेच्छा से धर्मान्तरण करना चाहता है तो उसे दो महीने पहले जिला मजिस्ट्रेट को प्रार्थनापत्र देना होगा, जबकि मध्य प्रदेश में इसके लिए कलेक्टर से अनुमति लेनी होगी। लेकिन इज्जत के नाम पर हत्या जैसे प्रकरणों वाले समाज में सार्वजनिक रूप से प्रेम या धर्मान्तरण की घोषणा शायद कठिन होगी। हाल ही में अंतर-धार्मिक विवाह की पैरवी करने वाले एक ज्वेलरी ब्रांड के विज्ञापन को विरोध का सामना करना पड़ा था, जहां दोनों पक्षों ने अपना धर्म नहीं बदला था। इसके अलावा जबरन धर्मान्तरण के खिलाफ कानून पहले से मौजूद हैं। भारतीय दंड संहिता की धारा 366 में जबरन विवाह के लिए किसी महिला के अपहरण पर दस साल जेल की सजा का प्राविधान है। वैसे भी भारतीय मानव विकास सर्वेक्षण के अनुसार सभी विवाहों में केवल लगभग पांच प्रतिशत ही अंतर-जातीय विवाह होते हैं तथा अंतर-धार्मिक विवाहों की संख्या और भी कम है। 2016 में सोशल एटीट्यूड्स रिसर्च फार इंडिया-सारी के सर्वे में पता चला था कि बहुसंख्य लोग अंतर-जातीय व अंतर-धार्मिक विवाहों के विरोध में हैं।

# राष्ट्र जीवन की गति का दिशासूचक संविधान

**संविधान राष्ट्रजीवन की गति का मुख्य दिशासूचक है। भूमि, जन और शासन से ही राष्ट्र नहीं बनते। जाति, मजहब, राजनीति और क्षेत्रीय आग्रह समाज तोड़ते हैं, संस्कृति ही इन्हें जोड़ती है।**



**हृदयनारायण दीक्षित**
(लेखक उप्र विधानसभा अध्यक्ष हैं)



भारत ने 26 जनवरी 1950 को पहला गणतंत्र दिवस मनाया। भारतीय संविधान सभा की आखिरी बैठक (26 नवम्बर 1949) में डॉ. आम्बेडकर के प्रस्ताव पर मतदान हुआ और संविधान पारित हो गया। संविधान ही राष्ट्र का धारक और राष्ट्र राज्य व्यवस्था का धर्म बना। भारत ने संविधान को ही सर्वोत्तम सत्ता माना। भारत के प्रत्येक जन को वाक्स्वातंत्र्य और विधि के समक्ष समता सहित सभी मौलिक अधिकार मिले। इसके पहले 1947 तक भारत में ब्रिटिश सत्ता थी। भारत परतंत्र था। 26 नवम्बर के दिन से अपना संविधान प्रवर्तन हुआ था। सो जनगणमन ने समता, समरसता और सम्पन्नता के सपने देखे। अब न कोई राजा था, न कोई शासक। जनगणमन का भाग्य विधाता अब संविधान था। नागरिक संविधान के प्रति श्रद्धालु रहा है। संविधान के कार्यकरण पर चर्चा का अवसर है। आज 26 नवम्बर का दिन सभी संवैधानिक संस्थाओं, राजनैतिक दलों और देशभक्तों के लिए गहन आत्म विश्लेषण का उत्सव हैं।

संविधान राष्ट्रजीवन की गति का मुख्य दिक्सूचक है। भूमि, जन और शासन से ही राष्ट्र नही बनते। जाति, मजहब, राजनीति और क्षेत्रीय आग्रह समाज तोड़ते हैं, संस्कृति ही इन्हें जोड़ती है। भारतीय संविधान निर्माता सनातन सांस्कृतिक क्षमता से परिचित थे। उन्होंने संविधान की हस्तलिखित प्रति में सांस्कृतिक राष्ट्रभाव वाले 23 चित्र सम्मिलित किए। मुखपृष्ठ पर राम और कृष्ण तथा भाग 1 में सिन्धु सभ्यता की स्मृति वाले मोहनजोदड़ो काल की मोहरों के चित्र हैं। भाग 2 नागरिकता वाले अंश में वैदिक काल के गुरुकुल आश्रम का दिव्य चित्र है। भाग3- मौलिक अधिकार वाले पृष्ठ पर श्री राम की लंका विजय व भाग 4- राज्य के नीति निर्देशक तत्वों वाले पन्ने पर कृष्ण अर्जुन उपदेश वाले चित्र हैं। भाग-5 में महात्मा बुद्ध, भाग 6 में स्वामी महाबीर और भाग 7 में सम्राट अशोक के चित्र हैं। भाग 8 में गुप्त काल, भाग 9 में विक्रमादित्य, भाग 10 में नालंदा विश्वविद्यालय, भाग 11 में उड़ीसा का स्थापत्य, भाग 12 में नटराज, भाग 13 में भगीरथ द्वारा गंगावतरण, भाग 14 में मुगलकालीन स्थापत्य, भाग 15 में शिवाजी और गुरू गोविन्द सिंह, भाग 16 में महारानी लक्ष्मीबाई, भाग 17 व 18 में क्रमश: गांधी जी की दाण्डी यात्रा व नोआखाली दंगों में शान्ति मार्च, भाग 19 में नेताजी सुभाष, भाग 20 में हिमालय, भाग 21 में रेगिस्तानी क्षेत्र व भाग 23 में लहराते हिन्दु महासागर की चित्रावलि है।

संविधान पारण के बाद अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा -अब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं एक हस्तलिखित अंग्रेजी की प्रति है, इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किये हैं, दूसरी छपी हुई अंग्रेजी व तीसरी हस्तलिखित हिन्दी की। (संविधानसभा कार्यवाही खण्ड 12 पृष्ठ 4261) भारतीय सभ्यता, संस्कृति और इतिहास के छात्रों के लिए संविधान की चित्रमय प्रति प्रेरक हैं। संविधान मार्गदर्शी है लेकिन राष्ट्र की समृद्धि संवैधानिक संस्थाओं पर आसीन महानुभावों पर निर्भर है। डा0 राजेन्द्र प्रसाद ने संविधान सभा के आखिरी भाषण (26.11.1949) में कहा - संविधान किसी बात के लिए उपबंध करे या न करे, देश का कल्याण उन व्यक्तियों पर निर्भर करेगा, जो देश पर शासन करेंगे। अपने आखिरी भाषण में डॉ. अम्बेडकर ने भी प्राचीन भारतीय परम्परा की याद दिलाते हुए कहा था " एक समय था जब भारत गण राज्यों से सुसज्जित था। यह बात नहीं है कि भारत पहले संसदीय प्रक्रिया से अपरिचित था।" भारत संसदीय प्रक्रिया से पहले भी सुपरिचित था। यहां वैदिक काल से ही एक परिपूर्ण गणव्यवस्था थी। गणेश गणपति थे।

प्राचीनतम ज्ञान अभिलेख ऋग्वेद में "गणांना त्वां गणपति" आया है। मार्क्सवादी चिंतक डा0 रामविलास शर्मा ने लिखा है "गण पुराना शब्द है, यह पुरानी समाज व्यवस्था का द्योतक है। गण और जन ऋग्वेद में पारिभाषिक हो गए हैं।" महाभारत युद्ध के बाद युधिष्ठिर ने भीष्म से आदर्श गणतंत्र के सूत्र पूछा। भीष्म ने (शांतिपर्व: 107.14) बताया कि भेदभाव से ही गण नष्ट होते हैं। उन्हें संघबद्ध रहना चाहिए। गणतंत्र के लिए बाहरी की तुलना में आंतरिक संकट बड़ा होता है - 'आभ्यन्तरं रक्ष्यमसा बाह्यतो भयम्' बाह्य उतना बड़ा नहीं। संविधान राष्ट्र का कारक है। संविधान निर्माताओं ने संसदीय जनतंत्र अपनाया है। उन्होंने अनेक संवैधानिक संस्थाओं का प्राविधान किया है। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के मध्य शक्ति के पृथक्करण का सिद्धांत लागू है। निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाएं सारी दुनिया में प्रतिष्ठित हैं। संसद विधायी और संविधायी अधिकारों से लैस है। संवैधानिक संस्थाएं आदरणीय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने लोकसभा प्रवेश के पहले दिन संसद भवन की सीढ़ियों पर साष्टांग प्रणाम किया था। यह प्रेरक और ऐतिहासिक है। वे सभी संवैधानिक संस्थाओं का आदर करते हैं। संविधान निर्माताओं ने संसद को सविधान संशोधन का भी अधिकार दिया है। श्री मोदी की सरकार ने संविधान के अनुच्छेद-370 को हटाने की कार्यवाही पूरी कर ली है। इसे हटाना संविधान निर्माताओं का ही स्वप्न था। उन्होंने इसके शीर्षक में 'अस्थायी उपबंध' शब्द छोड़े थे। जम्मू कश्मीर की आम जनता इससे प्रसन्न है, लेकिन अलगाववादी शक्तियां अभी भी सक्रिय हैं। यही स्थिति सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) की है। कुछ ताकतें खुल्लमखुल्ला इसका विरोध कर रही हैं। इसी तरह संसद द्वारा किसानों के हित के लिए पारित कानूनों को लेकर भी कुछ सरकारें संसद द्वारा पारित कानून को भी चुनौती दे रही हैं। कुछ अलगाववादी और देश तोड़ ताकतें बार-बार सिर उठाती है। ऐसी ताकतें संविधान की सर्वोपरिता का सिद्धांत नहीं मानती हैं। भारतीय गणतंत्र लगातार विकसित हो रहा है। न्यायपालिका संविधान की जिम्मेदार संरक्षक है। हिन्दुत्व की व्याख्या व नवीं अनुसूची के दुरूपयोग को रोकने सहित अनेक मसलों पर न्यायपीठ ने प्रशंसनीय फैसले किये हैं। मौलिक अधिकार सुरक्षित है। कृषि, विकास, गोवंश संवर्द्धन राज्य के नीति निर्देशक संवैधानिक तत्व हैं। महाभारतकार ने गणतंत्र की सभा समिति (संसदीय व्यवस्था) के सदस्य की अनिवार्य योग्यता बतायी थी -न न: स समितिं गच्छेत यश्च नो निर्वपेत्कृषिम- जो खेती नहीं करता वह सभा में प्रवेश न करे। ऋग्वैदिक काल में ऋषि भी कृषि करते थे। कामन सिविल कोड नीति निर्देशक तत्व है। हिदुत्व इस देश का प्राण तत्व है, लेकिन साम्प्रदायिक कहा जाता है। अलगाववाद देशतोड़क है तो भी सेकुलर है। अल्पसंख्यकवाद की आंधी है, लेकिन संविधान और कानून में 'अल्पसंख्यक' शब्द की परिभाषा नहीं है। गहन आत्मचिन्तन ही एकमेव विकल्प है।

संविधान में देश के प्रत्येक नागरिक को मौलिक अधिकारों की प्रतिभूति है। लेकिन इसी के साथ संविधान के अनुच्छेद-51क में मूल कर्तव्यों की भी सूची है। इस सूची में कहा गया है कि "प्रत्येक नागरिक का मूल कर्तव्य है कि वह संविधान के पालन के साथ उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रगान का आदर करें। स्वाधीनता के राष्ट्रीय आन्दोलन के आदर्शों को हृदय में संजोये और उनका पालन करें। राष्ट्र की सम्प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे। किसी भी तरह के भेदभाव से परे भारत के सभी लोगों में समरसता और भाईचारा की भावना का विकास करे। पर्यावरण की रक्षा करे, सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे। हिंसा से दूर रहें।" मूल कर्तव्यों की यह सूची भारत के लोक जीवन को आनन्दित करने का दस्तावेज है। संविधान दिवस के अवसर पर इसका पाठ और पुनर्पाठ बहुत जरूरी है।

संविधान की उद्देशिका स्मणीय है। उद्देशिका में 'हम भारत के लोग' शब्द का प्रयोग ध्यान देने योग्य है। भारत की जनता के लिए किसी जाति सम्प्रदाय या वर्ग शब्द का प्रयोग नहीं है। हम सबकी पहचान भारत है।' हम सब भारत के लोग' हैं। उद्देशिका में सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक न्याय प्राप्त कराने के लिए संकल्प है। इनमें प्रतिष्ठा और अवसर की समता है। उद्देशिका एक तरह से हमारी राजव्यवस्था का स्वप्न है। यह बारम्बार विचारणीय और माननीय है। संविधान भारत का राजधर्म है।

# नगरोटा कांड के पीछे पाकिस्तान

**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी व पूर्व उपराज्यपाल हैं)



जम्मू शहर के बाहर स्थित नगरोटा कस्बा एक समय दुनिया के सबसे बड़े सैनिक कार्पर्स के आवासस्थल के रूप में जाना जाता था जहां नाइट्स कार्पर्स या 16वीं कार्पर्स रहती थी। यहां घाटी से भाग कर आए कश्मीरी पंडितों को भी बसाया गया था। यह छोटा गैरिज़न कस्बा जम्मू-कश्मीर राजमार्ग की जीवनरेखा के निकट है। यह राजमार्ग जम्मू के मैदानों को कश्मीर घाटी से जोड़ता है तथा पीर पंजाल व त्रिकुटा पर्वतों के बीच से निकलता है। एक पहाड़ की चोटी पर वैष्णो देवी मंदिर है तथा तलहटी में नगरोटा बस्ती है। इसी सड़क पर 54 किलोमीटर आगे भारतीय सेना के उत्तरी कमांड का मुख्यालय उधमपुर में है। इस कस्बे में भारतीय सेना की अच्छी उपस्थिति है क्योंकि यह निकटतम पाकिस्तानी सीमा से केवल 40 किलोमीटर दूर है तथा यहां ऐसे अनेक रणनीतिक आपरेशन 'लाइव' देखने में आए हैं जिनका संबंध पाकिस्तान से लगी नियंत्रण रेखा-एलएसी से रहा है। इस कारण इस कस्बे पर आतंक व हिंसा फैलाने वालों ने भी बहुत ध्यान दिया है जो एलएसी के पार अपने आकाओं से संचालित होते हैं। चार साल पहले नगरोटा में आतंकी हमला हुआ था जब भारी हथियारों से लैस आतंकियों ने सीमा पार कर 116 मीडियम रेजीमेंट के आवास की रक्षा करने वाले सैनिकों पर अंधाधुंध गोलियां चलाई थीं। यहां सैनिकों को बंधक बनाने का प्रयास हुआ था तथा स्थिति सामान्य होने तक सात भारतीय सैनिक शहीद हुए थे व तीन आतंकी मारे गए थे। नगरोटा मुठभेड़ स्थल से मिले सारे प्रमाण आतंकी संगठन जैशे मुहम्मद की ओर इशारा करते हैं। मृत आतंकियों से मिले दस्तावेजों से तथाकथित 'अफ्जल गुरु स्क्वाड' की संलिप्तता सामने आई है। इस कथित समूह ने पहले पठानकोट, बारामूला, उड़ी व अन्य स्थानों पर ऐसे आतंकी हमले किए हैं। पिछले साल इसी समूह ने पुलवामा में घातक हमला किया था जिसमें कम से कम 350 किलो विस्फोटकों का प्रयोग हुआ था तथा भारतीय सुरक्षा बलों के 40 जवान शहीद हुए थे। इसके बाद भारतीय वायुसेना ने बालाकोट पर जवाबी हवाई हमला किया था। पिछले सप्ताह जैशे मुहम्मद फिर सामने आया जब उसके चार आंतकी भयानक मुठभेड़ में जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग के निकट नगरोटा में मारे गए। हालिया मुठभेड़ में पाकिस्तान का हाथ असंदिग्ध रूप से दिखाई देता है क्योंकि बहावलपुर स्थित जिहादी समूह जैशे मुहम्मद का जन्म पाकिस्तानी अवस्थापना या इंटर सर्विसेज़ इंटेलीजेंस-आईएसआई से हुआ है और वही उसे पालती पोसती है। यह कश्मीर घाटी में विद्रोही समूहों के बीच प्रतियोगिता का युद्ध भी है जहां पहले स्थानीय 'स्वतंत्रता-समर्थक' समूहों का वर्चस्व था।



लेकिन उनको हाशिए पर धकेल दिया गया है और अब एलओसी के पार से राज्य-समर्थन पाने वाले 'पाकिस्तान-समर्थक' या ज्यादा उग्र स्तर पर सारी दुनिया में इस्लामी खलीफा राज्य स्थापित करने के समर्थक समूहों का अस्तित्व बचा हुआ है। जैशे मुहम्मद को उसके कुख्यात नेता व विचारक मसूद अजहर के नाम से जाना जाता है जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित किया है। उसे कुख्यात व निन्दनीय रूप से चीन का समर्थन भी प्राप्त है जिसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद-यूएनएससी की प्रतिबंध समिति में उस पर प्रतिबंध लगाने के खिलाफ 'तकनीकी आधार' पर वीटो लगाया था तथा 'प्रमाणों की कमी' का झूठा बहाना बनाया था। पाकिस्तान और चीन द्वारा जैशे मुहम्मद के समर्थन के पीछे असली राजनीति का संबंध इस तथ्य से है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में उनके लिए नैतिकता या निरंतरता का कोई स्थान नहीं है। इसलिए पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय निगरानी एजेंसी एफएटीएफ द्वारा आतंकवाद प्रायोजित करने के कारण 'काली सूची' में डालने से बचने के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। जैशे मुहम्मद पर संरा. तथा लगभग सभी पश्चिमी देशों और यहां तक कि यूएई जैसे इस्लामी देशों ने भी प्रतिबंध लगाया है। वैश्विक दबाव के कारण पाकिस्तान ने भी इस पर प्रतिबंध लगाने का ढोंग किया है, जबकि यही समूह बाद में तहरीकुल फुरकान, खुद्दामुल इस्लाम, अल रहमत ट्रस्ट, आदि नामों से सामने आता रहा। सारे दबावों के बावजूद मसूद अजहर पाकिस्तानी 'डीप स्टेट' के प्रति स्वामिभक्त है और इससे समूह को कश्मीर में कार्रवाइयों की आजादी मिल गई है। अजहर पर समय-समय पर अस्थाई 'संरक्षक हिरासत' लगा दी जाती है, लेकिन जम्मू कश्मीर में उसकी कार्रवाई की क्षमताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है क्योंकि इनके पीछे पूरी तरह व संपूर्ण रूप से पाकिस्तानी अवस्थापना का हाथ है। हालिया नगरोटा हमला अपने आयाम, संवेदनशीलता व आक्रामकता के दृष्टिकोण से पूरी तरह पाकिस्तानी संलिप्तता स्पष्ट करता है। आतंकियों के पास से 11 एके 47 राइफलें, तीन पिस्तौल, 29 ग्रेनेड, 6 यूबीजीएल, मोबाइल उपकरण आदि बरामद हुए। इसके अलावा निकटवर्ती सांबा क्षेत्र में 150 मीटर लंबी सुरंग का पता लगा जो सीमा पार से घुसपैठ के लिए बनाई गई थी। ये सारी गतिविधियां बिना पाकिस्तान सरकार की सहायता के असंभव हैं। इस सुरंग के निर्माण में इंजीनियरिंग जटिलता प्रदर्शित होती है जो कम से कम 25-30 मीटर गहरी तथा 2.5 मीटर चौड़ी है। यह सुविधा निकटवर्ती पाकिस्तानी फौजी चौकियों रजब साहिब व आसिफसाहिब के सहयोग के बिना नहीं बनाई जा सकती थी। सुरंग के पाकिस्तानी पक्ष की ओर ऊंची सरकंडा घास की मौजूदगी गोपनीय रूप से काम का अवसर प्रदान करती है। इस सुरंग के निर्माण की जानकारी से इनकार करना असंभव है क्योंकि इससे निकटने वाली मिट्टी पर पाकिस्तानी गश्ती दलों व चौकियों की नजर पड़ना अपरिहार्य था। इसकी किसी प्रकार कल्पना भी नहीं की जा सकती है। नई दिल्ली ने उचित कदम उठाते हुए पाकिस्तान के कार्यकारी राजदूत को तलब कर उनको इसके प्रमाण दिए जो 'शांति व सुरक्षा को अस्थिर करने पर बड़ा हमला' था। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने इससे हमेशा की तरह इनकार किया। वह दशकों से यही करता आ रहा है जिसके कारण वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकियों की वैश्विक 'नर्सरी' के रूप में कुख्यात हो गया है। महत्वपूर्ण रूप से भारत ने इस हमले के आरोप पाकिस्तान पर लगाए हैं और स्वयं प्रधानमंत्री ने इसके बारे में ट्वीट किए। हमलों में यह तेजी ऐसे समय आई है जब पड़ोसी अफगानिस्तान में पाक-समर्थित तालिबानों ने हमले तेज किए हैं तथा वहां स्थिति और बिगड़ने की आशंका है। पाकिस्तान को अपने दुष्टतापूर्ण षडयंत्रों के लिए अमेरिकी प्रशासन में परिवर्तन का मौका नहीं दिया जाना चाहिए। यह खासकर इसलिए भी जरूरी है क्योंकि अपने व्यक्तिगत स्वार्थों के कारण डोनाल्ड ट्रंप ने अफगानिस्तान से सैनिकों को वापस बुलाने की घोषणा की है। पाकिस्तान की संलिप्तता स्पष्ट रूप से उजागर करना इसलिए जरूरी है कि उस पर पड़ने वाला वैश्विक दबाव कम न होने पाए। जैशे मुहम्मद और नगरोटा हमले के बीच संबंध स्पष्ट करना तथा सारे बिंदुओं को जोड़ना जरूरी है क्योंकि इस्लामाबाद इसे स्थानीय दुश्मनी बताने का प्रयास कर रहा है। पाकिस्तान लगातार कश्मीर में सशस्त्र संघर्ष का एकमात्र स्रोत बना हुआ है और नगरोटा ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है।

## आप की बात

### संक्रमण की रोकथाम

**एक** जानकारी के मुताबिक अमेरिका की नार्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं कोरोना रोगियों पर नज़र रखने का नया तरीका ईजाद किया है। अमेरिका की नार्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं डाक टिकट के आकार का सेंसर युक्त उपकरण तैयार किया जो बेहद मुलायम और लचीला है। इसे गले के निचले हिस्से पर लगाया जा सकता है। त्वचा पर होने वाले बेहद मामूली कंपन ,श्वसन तंत्र पर नज़र खांसी की गणना आदि कर बीमारी की प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान करने वाले उपकरण से कोरोना रोगियों पर नजर रखने में आसानी होगी। ऐसे उपकरण की सुविधा बीमारी की प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान करने हेतु मंगवाए जाना चाहिए ताकि ये चिकित्सा के क्षेत्र में मददगार साबित हो। इसके साथ ही अतिमहत्वपूर्ण आवश्यक सेवाओं के कार्यालयों छोड़ कर शेष पर पूर्ण प्रतिबंध होना चाहिए। महामारी से सब देश जूझ ही रहे है। जब आपदा का हमला हो तो निर्णय लेना आवश्यक की पूर्णतया घर से बाहर ना निकलने का संकल्प संक्रमणता तो काफी कम कर सकता है। साथ ही इस बात की ट्रेंनिग भी है। यदि कभी युद्ध की स्थिति बनती तो इसप्रकार के हालातों से निपटने हेतु आत्मनिर्भर बन कठिनाइयों का सामना आसानी से कर लेंगे।

- **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

### संविधान की 71वीं वर्षगांठ

**देश** के केवडिया में, विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पर भारतीय संविधान की 71वी वर्षगांठ मना रहा है। आज विश्व के सबसे बड़े आबादी वाले लोकतांत्रिक देश में अनेकता में एकता का संचार लिए हुए, सम्पूर्ण विश्व में शांति, सौहार्द और समरसता का भाव उज्जवालित कर रहा।देश की आजादी के बाद, वर्ष 1949 में हमारा संविधान बनकर तैयार हुआ।26 जनवरी, 1950 को भारत गणतंत्र और स्वतंत्र हो गया।हमारे संविधान ने सभी धर्म, जाति, मजहब, भाषा, पंथ को खुले हांथो से अपना लिया।जिस प्रकार से हिन्दू के लिए गीता पवित्र है, मुस्लिम के लिए कुरान, सिख के लिए गुरुग्रंथ साहिब और ईसाई के लिए बाइबल, उसी प्रकार एक देश और उसके देशवासियों के लिए संविधान। ये संविधान न सिर्फ एक धरोहर है बल्कि देश को विकास और एकजुटता में बांधे रखने का अमूल्य एवं पवित्र बंधन भी।प्रधानमंत्री मोदी भी केवाडिया के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।भारत हमेशा अपनी संप्रभुता, अखंडता और एकता को बनाए रखने के लिए शांति के पथ पर अग्रसर हो रहा।आत्मनिर्भर भारत की उड़ान से एक बार फिर भारत नई मिशाल कायम कर रहा है।

- **अमन जायसवाल**, दिल्ली विश्वविद्यालय

### चीन को करारा जवाब

**विगत** कुछ समय से चीन भारत के रिश्तों में कड़वाहट का जवाब भारत ने हमेशा ही मुहतोड़ दिया है। और चीन का ये अतिविश्वास भी खत्म किया है कि वो भारत को हल्के में न ले। भारत की संस्कृति सभ्यता और सहजता को कमजोरी समझने की भूल ना करे। और भारत के कारगर कदमो में फिर भारत ने स्नेक वीडियो समेत 43 और मोबाइल ऐप्स पर प्रतिबन्ध लगाकर चीन को करारा तमाचा जड़ा है। निश्चित ही चीन को झटका लगना है। केंद्र सरकार ने 43 मोबाइल एप्स पर प्रतिबंध लगाया।जिसमे ज्यादातर डेटिंग एप्स है। सरकार ने आई टी एक्ट 69-ए के तहत इन एप्स को ब्लॉक किया है। यानी अब भारत के यूजर्स इन एप्स का इस्तेमाल नही कर पाएंगे। भारत ने इससे पहले चीन को जून ,जुलाई, और सितम्बर में भी चीनी मोबाईल एप्स प्रतिबन्धित किये थे। टिक टाक पर पाबंदी के बाद स्नेक वीडियो तेजी से उसके विकल्प के तौर पर उभरा था। ये भी चीनी एप है। देश की संप्रभुता, अखंडता, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को खतरा बताते हुये 43 मोबाईल एप्स पर कार्रवाई की गई।

- **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र


पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

## फरमाया



"**भाजपा** लगातार राजनीतिक विरोधियों को निशाना बना रही है। क्या कभी आपने भाजपा से जुड़े लोगों पर सीबीआई छापेमारी की बात सुनी है।

- **बाला साहब थोराट**
महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री



**पहले** भाजपा ने शरद पवार को फिर राजस्थान व अन्य राज्यों में अन्य विपक्षी नेताओं को निशाना बनाया। यह द्वेषपूर्ण राजनीतिक है।

- **छगल भुजबल**
राकांपा नेता



**प्रताप** सरनाइक कोई संत नहीं हैं और क्रियान्वयन निदेशालय की कार्रवाई कानून के मुताबिक चल रही है।

- **नारायण राणे**
भाजपा नेता"

# जेल में बंद भाजपा नेता के फेसबुक वॉल पर अपलोड हुई डिप्टी सीएम संग फोटो, हड़कंप

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

- डिप्टी सीएम के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी भाजपा नेता की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद डिलीट
- जेल प्रशासन ने भी ली बैरक की तलाशी, कहा बाहर से अपलोड की गई फोटो
- डॉ. अनिल द्विवेदी के साथ सामूहिक दुराचार के मामले में जेल में बंद है श्याम प्रकाश द्विवेदी

**केंद्रीय** कारागार नैनी में बंद सामूहिक दुराचार के आरोपी भाजपा नेता डॉ श्याम प्रकाश द्विवेदी के फेसबुक वॉल पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ उसकी फोटो शेयर की गई है। यह जानकारी जब जेल प्रशासन को हुई तो जेल में खलबली मच गई। आनन फानन में जेल प्रशासन ने भाजपा नेता डॉ श्याम प्रकाश द्विवेदी से फेसबुक वॉल पर डाली गई फोटो के बारे में पूछताछ की और मोबाइल प्रयोग के बारे में जानकारी जुटाई। जांच के बाद जेल प्रशासन ने दावा किया कि डॉ श्याम प्रकाश द्विवेदी के फेसबुक वॉल पर अपलोड की गई फोटो बाहर से उसके भाई द्वारा की गई है न कि जेल के अंदर से।

गौरतलब है कि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामरक्षा द्विवेदी का बेटा डॉ श्याम प्रकाश द्विवेदी और एक अस्पताल के चिकित्सक डॉण् अनिल द्विवेदी जार्जटाउन थाने में दर्ज से एक युवती के साथ सामूहिक दुराचार के प्रकरण में नैनी सेंट्रल जेल में बंद हैं। सोमवार को भाजपा नेता श्याम प्रकाश द्विवेदी के फेसबुक वाल से उसकी और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की एक फोटो अपलोड की गई। जिससे खलबली मच गई। इसकी जानकारी होने पर कांग्रेस के एक नेता ने आपत्ति दर्ज कराते हुए सोशल मीडिया पर भाजपा नेता के फेसबुक वाल पर अपलोड की गई उस फोटो का स्क्रीनशॉट लेकर वायरल किया तो जेल प्रशासन भी सकते में आ गया। दूसरी तरफ आनन फानन में भाजपा नेता श्याम प्रकाश के फेसबुक वॉल पर डाली गई फोटो को डिलीट कर दी गई। जेल प्रशासन ने श्याम प्रकाश द्विवेदी की बैरक के अंदर तलाशी ली और मोबाइल के बारे में पूछताछ की। पूछताछ में श्याम प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि उसका फेसबुक वाल जेल के बाहर उसका भाई अपडेट करता है। आशंका है कि उसी ने पोस्ट डाली होगी। इस संबंध में वरिष्ठ जेल अधीक्षक पी एन पांडेय और डिप्टी जेलर वीरेंद्र त्रिवेदी ने बताया कि जेल के अंदर से किसी प्रकार का कोई मोबाइल प्रयोग नहीं हुआ है। भाजपा नेता के फेसबुक वॉल पर जो भी पोस्ट डाली गई वह बाहर से डाली गई है।

# देवोत्थान पर्व पर हजारों लोगों ने गंगा में लगायी डुबकी





**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

- घाटों पर महिलाओं ने मंडप बनाकर श्री विष्णु-तुलसी जी का विवाह भी किया

**कार्तिक** मास के देवोत्थान एकादशी के पावन पर्व पर हजारों नर-नारियों ने पंचनदी(पंचगंगा)घाट, दशाश्वमेध, शीतला, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद सहित सभी घाटों पर श्रद्धालुओं ने गंगा-स्नान कर भगवान बिन्दु माधव के मंदिर में पहुॅचकर दर्शन पूजन किया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने मॉ शीतला मंदिर, श्री काशी विश्वनाथ, मॉ अन्नपूर्णा जी के मंदिर में दर्शन-पूजन किया तथा श्री विष्णु-तुलसी जी का विवाह आदि किया गया।

कार्तिक मास में काशी के पावन तट पंचगंगा घाट पर स्नान-ध्यान का महत्व है। शास्त्र के अनुसार पंचगंगा घाट पर पंच नदियों का संगम है। इसीलिए कार्तिक मास में एक महीने तक पंचगंगा घाट पर ही काशीवासी गंगा स्नान कर बिन्दु माधव मंदिर में दर्शन पूजन करते हैं तथा कार्तिक पूर्णिमा को विशेष गंगा स्नान का महत्व के साथ दीपदान करते हैं। शास्त्रों में कहा गया है जो मनुष्य कार्तिक मास के एक महीना गंगा स्नान नहीं कर पाते वे देवोत्थान एकादशी से लेकर कार्तिक पूर्णिमा तक गंगा स्नान कर लेते हैं तो वो एक महीने का पुण्य प्राप्त कर लेते है। बुधवार को काशी के राजघाट से लेकर अस्सी घाटों पर श्रद्धालुओं ने अलसुबह पहुॅचकर गंगा स्नान किया एवं विष्णु-तुलसी का विवाह आदि किया। देवोत्थान के दि नही विष्णु जी करीब छह महीने बाद क्षीरसागर से सोकर उठते हैं। और हिन्दू समाज में आज के दिन से शुभ कार्य आदि शुरू हो जाते हैं।कार्तिक मास में पंचगंगा स्थित बिन्दु माधव मंदिर में श्रद्धालु एक महीने तक दर्शन-पूजन करने का विधान है।

## 25वां बनारस पुस्तक का दूसरा दिन
# शिक्षा एक ऐसा हथियार है जो व्यक्ति को सकारात्मक सोच प्रदान करती है

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**चन्दुआ छित्तूपुर** में आयोजित 25 वें बनारस पुस्तक मेला के दुसरे दिन 'एक राष्ट्र, एक शिक्षा नीति' पर आयोजित परिचर्चा में संस्था के सचिव, एमएस कुशवाहा ने विषय वस्तु को रखते हुए कहा कि शिक्षा एक ऐसा हथियार है जो व्यक्ति को सकारात्मक सोच प्रदान करती है और लोगों को अपने अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी देती है। शिक्षा ही विकास का मार्ग है। प्राचीन काल से हीए भारत शिक्षा में विश्व गुरु रहा है। टेक्नोलॉजी ने मनुष्य के सोच को प्रभावित किया है। शिक्षा में गुणवत्ता का अभाव है और बाजारीकरण के कारण शिक्षा ने व्यक्ति के ज्ञान को प्रभावित किया है। आज की शिक्षा साध्य न बनकर साधन बनकर रह गयी हैए ये चिंता का विषय है। समाजशास्त्र के प्रवक्ता, डॉ. दिनेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि हमें ऐसी पालिसी चाहिये, जिससे एक गरीब का बच्चा भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सके। डॉ. रमेश कुमार कुशवाहा ने कहा कि तर्क संगत युक्त शिक्षा होनी चाहिये। संस्कृत के प्रवक्ताए डा. मनीष उपाध्याय ने कहा कि शिक्षा वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से होना चाहिये। एक राष्ट्र, एक शिक्षा का अलख जगाने से जो हम सबको परंपरागत विद्याओं से लाभान्वित समाज को एक नई दिशा दे सके। गौरव कुशवाहा ने कहा कि शिक्षा नीति पर व्यापक चर्चा होनी चाहिये और एक ठोस निर्णय पर पहुँचाना चाहिये । पुस्तक मेला में 'बनारस लॉकडाउन' साहित्यिक पुस्तकें तथा तकनीकि ज्ञान की पुस्तकें लोगों ने खरीदी। इस अवसर पर राधेश्याम मौर्य, अभय चौधरी, सुनील कुमार, अमन तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आईएसडीसी में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**प्रयागराज।** मैत्रेयी साहित्यिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था एवं सड़क सुरक्षा एवं राजमार्ग मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में ईश्वर शरण डिग्री कालेज में सड़क सुरक्षा जीवन सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व संस्था के महासचिव धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रोण् आनंद शंकर सिंह को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। लोगों ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें यातायात संबंधी नियमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क के नियमों का पालन करके ही दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। प्रवक्ता डाण् विभा मिश्रा डा आदित्य सिंह डा राजकुमार श्रीवास्तव डा अंजना श्रीवास्तव ने बताया कि गाड़ी चलाते समय गाड़ी का लाइसेंस इंश्योरेंस एवं गाड़ी के सभी कागजात हमेशा अपने साथ रखना चाहिए। मद्यपान करके गाड़ी नहीं चलाना चाहिए। इससे आप अपने साथ दूसरे की जान को भी खतरा पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक्र सिग्नल का पालन करें एवं स्टॉप लाइन से पहले ही गाड़ी रोक दें। ऐसा करने से आप होने वाली दुर्घटनाओं से बच सकते हैं।

# प्रबोधनी एकादशी पर केंद्रीय ब्राह्मण महासभा ने गंगा मइया का दुग्ध से किया अभिषेक

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**अपने** पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय ब्राह्मण महासभा युवा मंच के पदाधिकारियों सदस्यों ने अपने राष्ट्रीय महामंत्री पंडित दिनेश कुमार तिवारी एवं प्रदेश अध्यक्ष युवा मंच पंडित राजेश त्रिपाठी जी के नेतृत्व में दशाश्वमेध घाट पर बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रबोधिनी एकादशी के शुभ अवसर पर मां गंगा का दूध से अभिषेक किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री पंडित दिनेश कुमार तिवारी ने कहा कि मोक्षदायिनी शरीर और आत्मा को पवित्रता और शांति देने वाली मां गंगा को पवित्र रखना प्रदूषण मुक्त रखना हम सब का कर्तव्य है मां गंगा हिंदुस्तान के करोड़ों करोड़ों लोगों की जीवन रेखा है इन्हीं के तट पर ऋषि.मुनियों ने तपस्या कर परम सिद्धि लाभ प्राप्त किया है आज की युवा पीढ़ी को मां गंगा के इसी महत्व को समझाने के लिए केंद्रीय ब्राह्मण महासभा युवा मंच ने दुग्ध अभिषेक का कार्यक्रम आयोजित कर युवा पीढ़ी को एक अच्छा संदेश दिया है और मां गंगा के प्रति प्रेरित भी किया है। केंद्रीय ब्राह्मण महासभा युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजेश त्रिपाठी जी ने इस अवसर पर कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में गंगोत्री से बलिया तक मां गंगा को पवित्र रखने के लिए युवा मंच पूरे प्रदेश में जन जागरण अभियान चलाएगा गंगा घाट के किनारे रहने वाले तथा गंगा स्नान करने आने वाले लोगों को गंगा में किसी भी प्रकार की गंदगी प्रवाहित ना करने के लिए प्रेरित करेगा। दुग्ध अभिषेक कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय महामंत्री पंडित दिनेश कुमार तिवारीए युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी पंडित आमोद शुक्ला युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# वैश्विक स्तर पर कैंसर मौत का दूसरा प्रमुख कारणः डा. आत्रेय

**प्रयागराज।** अब लाऊदर रोड प्रयागराज स्थित जयश अस्पताल में अपोलो अस्पताल लखनऊ की सुविधाएं मुहैया हो सकेंगी। जयश अस्पताल में ओपीडी 27 नवंबर से शुरू होगी। अपोलो अस्पताल लखनऊ के डॉक्टर अब प्रयागराज के जयश अस्पताल में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए परामर्श एवं उपचार की सुविधाएं देंगे। प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे शुक्रवार को विशेष ओपीडी होगी। अपोलो के वरिष्ठ कैंसर फिजिशियन एवं पूर्व चिकित्सक एम्स दिल्ली डा हर्षवर्धन आत्रेय तथा वरिष्ठ कैंसर सर्जन डा अशोक कुमार सिंह प्रयागराज में अपनी परामर्श सेवाएं प्रदान करेंगे। ओपीडी के लिए समय सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक होगा। वरिष्ठ कैंसर फिजिशियन डा हर्षवर्धन आत्रेय ने पत्रकारों से कहा कि कैंसर वैश्विक स्तर पर मौत का दूसरा प्रमुख कारण है। भारत में प्रत्येक वर्ष कैंसर के एक मिलियन से अधिक मामले सामने आते हैं। कैंसर का यदि प्रारंभिक अवस्था में निदान किया जाए तो उपचार संभव हैं। ओपीडी की मदद से स्तन कैंसर ओरल कैंसर लिवर कैंसर किडनी कैंसर फेफड़ों के कैंसर ब्लैडर कैंसर प्रोस्टेट कैंसर आदि सभी प्रकार के कैंसर के रोगियों को परामर्श देंगे। कैंसर सर्जन डॉ अशोक कुमार सिंह ने कहा कि कैंसर जैसी जटिल बीमारी से लड़ने के लिए अच्छे डॉक्टर के साथ साथ एक प्रशिक्षित टीम अत्याधुनिक उपकरण तथा उन्नत डायग्नोस्टिक सेवाओं की आवश्यकता होती है। अपोलो में रोगी को सभी सेवाएं एक ही जगह उपलब्ध कराने के साथ समस्त प्रकार के उपचार जैसे सर्जरी कीमोथेरेपी रेडिएशन थेरेपी टार्गेटेड ड्रग थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी आदि उपलब्ध करायी जाती है। इस मौके पर डा. वीबी सिंह, डा. दीपक गुप्ता रवि सिंह आदि रहे।

# इंजीनियर के परिवार को चाकू के बल पर बंधक बनाकर सात लाख की लूट

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

- रोहनिया थाना प्रभारी ने परिजनों से चोरी की घटना की तहरीर ली है

**रोहनिया** थाना क्षेत्र के लठियां स्थित यश विहार कॉलोनी में इंजीनियर के परिवार को चाकू की नोक पर बंधक बनाकर डकैतों ने सात लाख से ऊपर लूट की घटना को अंजाम दिया है। डकैतों ने डेढ़ घंटे से ज्यादा समय तक मकान में आतंकित करके परिवार के साथ मारपीट और लूटपाट किया। डकैतों के आतंक से परिवार काफी डर और सदमे में है। महिला का आरोप है कि पुलिस को पूरी घटना बताने के बाद भी उन्होंने अपने मन से तहरीर लिखवाई है।

राजीव रंजन कुमार गुजरात में इंजीनियर हैं और लठियां यश बिहार कॉलोनी मे घर बनाकर रहते हैं जहां उनकी पत्नी अनीता सिंह और लड़का शौर्य और मां अवध राज देवी रहती हैं। अनिता ने जागरण को बताया कि रात को लगभग 3 बजे के आसपास किचन के रास्ते खिड़की की जाली काट कर डकैत किचन में घुस गए और उसके बाद 6 व7 की संख्या में बेडरूम में आ गए। डकैतों ने अनिता और उनके बेटे का हाथ पैर बांधने के बाद चाकू दिखाकर आलमारी की चाबी ले लिया। बेटे ने विरोध किया तो डंडे से पिटाई के बाद जान से मारने की धमकी देने लगे।इसके बाद आलमारी और बेड के दराज में रखे सोने और चांदी के गहने जिसमें तीन सोने की चेनए एक हारए एक मंगलसूत्रए 12 जोड़ी पायलए अंगूठीए टप्स आदि गहने उठा ले गए जिसकी कीमत सात लाख से ज्यादा है। बताया कि जाते जाते डकैत मोबाइल भी उठा ले गए ताकि पुलिस को फोन न कर सकें। वारदात की बाबत जागरण को बताया कि किसी तरह से हाथ पैर खोल कर हमलोग बाहर आए और पड़ोसी की मोबाइल से पुलिस को घटना की सूचना दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर अखरी पुलिस चौकी व रोहनिया पुलिस के लोग पहुंचे और घटना की जानकारी ली। अनिता का आरोप है कि मेरे कहने के बाद भी पुलिस ने अपने मन से तहरीर लिखवाया है। थाना प्रभारी रोहनिया परशुराम त्रिपाठी ने कहा कि घटना डकैती की नहीं चोरी की है। भुक्तभोगी ने चोरी की तहरीर दी है जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। घर में सीसीटीवी और कैमरे लगे हैं जबकि सब बंद है। कॉलोनी में लगे कैमरे में मुंह बांधे और मास्क लगाए बदमाश दिख रहे हैं।

## आधार कार्ड से मोबाइल नंबर की संबद्धता
# छात्र-छात्राओं को पड़ रही है भारी

**राम सेवक यादव।** बांगरमऊ उन्नाव

**आधार** कार्ड से मोबाइल नंबर सम्बद्ध न होने के चलते तमाम छात्र छात्राएं छात्रवृत्ति हेतु आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। आधार कार्ड से मोबाइल नंबर सम्बद्ध कराने के लिए सैकड़ो छात्र- छात्राएं संबंधित बैंक तथा डाकघर के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। कई धंधेबाज केंद्र संचालक मोबाइल नंबर सम्बद्ध कराने के नाम पर छात्र-छात्राओं का आर्थिक शोषण भी करने में जुटे हुए हैं। शासन के नए दिशा निर्देशों के अनुसार छात्रवृत्ति के लिए छात्र-छात्राओं द्वारा भरे जाने वाले फार्म के साथ आधार कार्ड की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है। साथ ही आधारकार्ड से मोबाइल नंबर सम्बद्ध होना आवश्यक है। लेकिन तमाम छात्र छात्राओ के आधार कार्ड से उनका मोबाइल नंबर सम्बद्ध नहीं है। जिसके चलते जनसेवा केंद्रों से उन्हें बैरंग वापस किया जा रहा है। आधार कार्ड से मोबाइल नंबर सम्बद्ध कराने के लिए सैकड़ों छात्र छात्राएं बैंक तथा डाकघरों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। कई विद्यार्थियों ने बताया कि कई धंधेबाज आधार कार्ड से मोबाइल नंबर जोड़ने के नाम पर मोटी रकम वसूलने में जुटे हुए हैं। छात्रवृत्ति की निर्धारित तिथि से पहले आवेदन करने के लिए छात्र-छात्राएं मुहमांगी रकम देकर आधार कार्ड से अपना मोबाइल नंबर सम्बद्ध कराने को विवष हैं। विद्यार्थियों ने जिलाधिकारी से केंद्र संचालकों द्वारा किया जा रहा शोषण बंद कराने तथा समस्या का समाधान कराये जाने की मांग उठाई है।

# जीव अभियंत्रिकी की मदद से होगा जीव तकनीक का प्रयोगः डा. संगीता

- जैव प्रौद्योगिकी तकनीकों के मूलतत्व नामक विषयक सात दिनी ई कार्यशाला सीएमपी में शुरू

**प्रयागराज।** सीएमपी डिग्री कालेज के वनस्पति विज्ञान एवं प्राणि विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में डीबीटी स्टार कालेज के स्कीम परियोजना के तहत बुधवार को जैव प्रौद्योगिकी तकनीकों के मूलतत्व नामक विषय पर सात दिवसीय ई कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। डीबीटी स्टार कालेज स्कीम परियोजना की समन्वयक डा सरिता श्रीवास्तव ने कार्यशाला के बारे में जानकारी देने के साथ साथ मुख्य वक्ताओं के जीवन वृत्त पर भी प्रकाश डाला।कार्यक्रम की अध्यक्षता डा संगीता श्रीवास्तव अध्यक्ष फसल सुधार विभाग आईसीएआर भारतीय गन्ना अनुसंधान केन्द्र लखनऊ ने किया। उन्होंने कहा कि जैव प्रौद्योगिकी का संबंध प्राचीनकाल से चला आ रहा है। कृषि कार्य हेतु ऊतक संवर्धन द्वारा पौधों में वांछित गुणों का प्रतिरोपण करके सब्जियों फलों और फूलों की किस्म में सुधार किये जा रहे हैं। जीव अभियंत्रिकी की मदद से जीव तकनीक का प्रयोग करके व्यावसायिक सफलता वाली संकर फसलें विकसित करने के साथ नयी प्रजातियों के विकास में मदद मिलती है। प्रतिभागियों का स्वागत डा संजय सिंह अध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग ने किया। इस मौके पर डा बृजेश कुमार प्राचार्य सीएमपी डिग्री कालेज ने कार्यशाला के सफलता पूर्वक सम्पन्न होने के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यशाला में की नोट स्पीकर प्रो अजय प्रताप सिंह शोध निदेशक रोग विज्ञान विभाग मिशेल कैंसर संस्थान दक्षिणी अल्बामा विश्वविद्यालय ने बायोटेक्नोलॉजी इन मेडिसिन पर व्याख्यान दिया। बताया कि जैव प्रौद्योगिकी सूक्ष्म जीवों जीवित पद्दप एवं पशु कोशिकाओं का औद्योगिक उपयोग है। जैव प्रौद्योगिकी में डीएनए तकनीक कोशिका तथा ऊतक तन्त्र रोग प्रतिरक्षण एन्जाइम विज्ञान जैव अभियंत्रिकी टीका उत्पादन क्लोनन किण्वन तथा सम्बद्ध क्षेत्र आदि शामिल है। प्रो सिंह ने इसके साथ साथ कैंसर एवं उससे संबंधित नवीन चिकित्सा सहित कोविड 19 में प्रयुक्त आरटी पीसीआर और एंटी बॉडी टेस्ट की विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डा उमा रानी अग्रवाल विभाग समन्वयक जन्तु विभाग ने की। प्रथम तकनीकी सत्र में सुजीत कुमार सिंह निदेशक साइटोजीन शोध एवम विकास केन्द्र लखनऊ ने कार्यशाला में होने वाले सभी प्रायोगिक कार्यक्रमों की रुपरेखा प्रस्तुत की। विशाल मौर्य साइटेजीन शोध एवं विकास केन्द्र लखनऊ ने डीएनए आइसोलेशन के बारे में व्याख्यान दिया। इसमें वनस्पति विज्ञान तथा जन्तुविज्ञान के प्राध्यापक सदस्यों के साथ सैकड़ों छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का संचालन डा नेहा पाण्डेय एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. चारु त्रिपाठी ने किया।

# मानव संपदा पोर्टल पर डाटा फीड न होने तक नवनियुक्त शिक्षकों को दी जाये ऑफलाइन छुट्टी

- नवनियुक्त शिक्षकों का डाटा अतिशीघ्र ऑनलाइन फीड कराने को लेकर जूनियर शिक्षक संघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन
- संगठन शिक्षकों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर नहीं करेगा बर्दाश्तः राघवेंद्र सिंह

**उन्नाव।** नवनियुक्त शिक्षकों की सम्पूर्ण जानकारी (डाटा) जिले के कई ब्लाकों में मानव सम्पदा पोर्टल पर स्कूलों में करीब एक महीना कार्यभार ग्रहण करने के बावजूद फीड नहीं हुआ है। जिससे नवनियुक्त शिक्षकों को मानव सम्पदा पोर्टल से ऑनलाइन अवकाश लेने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल(पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह नाराजगी जताते हुए नव नियुक्त शिक्षकों का डाटा मानव सम्पदा पोर्टल पर अतिशीघ्र फीड कराने को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार पांडेय को ज्ञापन सौंपा है।

बतातें चलें कि जिले के कई ब्लॉकों में घोर लापरवाही की जा रही है। जिसका नतीजा यह कि नव नियुक्त शिक्षकों को स्कूलों में करीब एक महीना कार्यभार ग्रहण किये हो गया है लेकिन उसके बावजूद नव नियुक्त शिक्षकों की मानव सम्पदा पोर्टल पर ऑनलाइन सर्विस बनाने के लिये न तो आज तक शिक्षकों की आईडी और पासवर्ड जनरेट किया गया है। जिससे नव नियुक्त शिक्षकों की डाटा फीडिंग फंसी हुई है। जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने बीएसए को दिये गये ज्ञापन में बताया कि कई ब्लाकों में आकस्मिक अवकाश पोर्टल पर डालने के बावजूद बीईओ के द्वारा यह कहकर अस्वीकृत कर दिया जा रहा है कि अवकाश प्रधान शिक्षक के माध्यम से भेजवायें। जबकि कर्मचारियों का आकस्मिक अवकाश आकस्मिक स्थितियों में ही लिया जाता है। ऐसी स्थिति शिक्षक कर्मचारी के पास इतना समय नहीं रहता है कि वह प्रधान शिक्षक के माध्यम से अवकाश स्वीकृत करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित कर सके। बहुत से विद्यालयों के शिक्षकों के सामने टेक्निकल समस्यायें भी है। जो अपने संसाधनों से भी अवकाश पोर्टल पर अप्लाई नहीं करने में असमर्थ हैं और मजबूरी में प्राइवेट कैफे का सहारा ले रहे हैं। जिसमें शिक्षकों को धन के अलावां कई तरह की परेशानियाँ झेलनी पड़ रही हैं।

## सौ रुपये का शपथ पत्र लेकर शिक्षामित्रों के पदों से नियुक्त शिक्षकों को दिया वेतनः जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने शिक्षामित्रों के पदों से नियुक्त सहायक शिक्षकों के वेतन आहरण एवम् उनके शैक्षिक प्रमाण पत्रों के सत्यापन को लेकर बीएसए को ज्ञापन भी सौंपा है। जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने बीएसए को दिये गये ज्ञापन में बताया है कि 31237 भर्ती प्रक्रिया में 137 शिक्षा मित्र सहायक अध्यापक के पदों पर नियुक्त हुए हैं। इनमें अधिकांश वह शिक्षा मित्र हैं जो शिक्षकों के पद पर समायोजित होने के बाद इनके शैक्षिक अभिलेखों का सत्यापन सम्बन्धित संस्थाओं से कराये गये थे और करीब दो वर्ष तक उनको विभाग वेतन आहरण के साथ व्यक्तिगत एरियरों के भुगतान भी हुए हैं। सत्यापन आख्यायें विभागीय रिकार्ड में भी हैं। शिक्षा मित्रों के पद से अध्यापक बने उक्त अध्यापकों की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने बीएसए प्रदीप पाण्डेय से माँग की है कि शिक्षा मित्रों के पदों से नियुक्त हुए शिक्षकों को 100 रूपये के नोटरी शपथ पत्र के आधार पर वेतन आहरण की प्रक्रिया चालू करा दिया जाये तो उचित होगा क्योंकि आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। जिससे वे अवसाद में जीवन यापन कर रहे हैं। इतना नहीं कई दु:खद घटनायें घटित हो चुकी हैं। जिससे विभाग में सक्रिय सत्यापन रैकेट के आर्थिक शोषण से इन सबको बचाया जा सके।

## अवकाश स्वीकृति का अधिकार बीईओ के पास होने से हो रही मनमानी कर रहे हैं

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने बीएसए प्रदीप कुमार पाण्डेय से मानव सम्पदा पोर्टल पर नव नियुक्त शिक्षकों का डाटा फीड न होने तक उनको ऑफलाइन अवकाश दिये जाने एवम् बीईओ के द्वारा नव नियुक्त शिक्षकों के आकस्मिक अवकाशों को अस्वीकृत करने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगवाने की माँग की है। जिससे नव नियुक्त शिक्षकों का बीईओ द्वारा शोषण न हो सके। इस अवसर पर बीएसए को ज्ञापन देने वालो में प्रान्तीय कोषाध्यक्ष संजय कनोजिया मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह महामंत्री सौरभ सिंह कोषाध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्रा गणेश शंकर गुप्ता राजकुमार यादव दिलीप विमल समेत आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बाइक अनियंत्रित होकर पलटी, दो की हालत गंभीर

**बांगरमऊ उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के संडीला मार्ग पर अचानक सामने आए आवारा जानवर को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सरकारी एंबुलेंस से यहां सीएचसी पहुंचाया गया। यहां के चिकित्सकों ने दोनों घायलों की हालत नाजुक बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हरदोई जनपद के थाना कासिमपुर अंतर्गत ग्राम साईंपुर चमरहा निवासी अनूप पुत्र रामपाल तथा उसका रिश्तेदार ओमप्रकाश पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम शाहपुर सिंधोरा थाना औरास दोनो आज दोपहर बाइक से बांगरमऊ बाजार आए थे। शाम को घर लौटते समय संडीला मार्ग पर स्थित बेहटा मुजावर के निकट अचानक सामने आए आवारा पशु को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार अनूप तथा ओमप्रकाश बुरी तरह जख्मी हो गए। राहगीर की सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस दोनों घायलों को यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई।

# बीटीसी की परीक्षा देने जा रही छात्रा की ट्रक के नीचे आने से हुई मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**लंका थाना** क्षेत्र के नुवांव बाईपास पर बुधवार की सुबह ट्रक के धक्के से बाइक से गिरी छात्रा को ट्रक ने रौंद दिया जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में बाइक चला रहा पड़ोसी बालण्बाल बच गया और सामने मौत देख बेसुध हो गया। थोड़ी देर बाद मौत की सूचना परिवार वालों को मिली तो परिवार और गांव के आक्रोशित लोगों ने शव उठाने से मना कर दिया। रोहनिया थाना क्षेत्र के करसड़ा की रहने वाली सुमन भारती 24 वर्ष अपने पड़ोसी लालू के साथ बाइक से बीटीसी की परीक्षा देने रामनगर जा रही थी। नुवांव बाईपास स्थित सब्जी मंडी के पहले सर्विस मार्ग पर पीछे से ट्रक ने धक्का मारा तो सुमन ट्रक के पहिये के नीचे आ गयी और मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने ट्रक चालक को पकड़कर धुनाई के बाद पुलिस को सौंप दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया और चालक को लंका थाने भेज दिया। चौकी प्रभारी संध्या सिंह ने शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया तो घरवालों ने नारेबाजी करते हुए वहीं बैठ गए। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर लंका महेश पांडेय के काफी समझाने के बाद लोगों ने शव उठाने दिया जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के पिता पंचम पान की दुकान चलाते हैं और दो बड़े भाई रमेश और अशोक हैं मां की पहले ही मौत हो चुकी थी।

## जाम से निकलने के प्रयास में ट्रक ने ले ली जान

एनएच 2 की जर्जर सड़क पर चलना कदम कदम पर खतरों से भरा है। सड़क पर बने जानलेवा गड्ढे और जगह जगह बनाये गए ब्रेकर दुर्घटना का कारण बनते हैं। पिछले छह महीने से ज्यादा समय से डाफी टोलप्लाज़ा और विश्वसुंदरी पुल का कार्य चल रहा है जिसके कारण घन्टों जाम लगता है। जाम में फंसने के कारण ट्रक चालक सर्विस मार्ग और गलत दिशा से भागने का प्रयास करते हैं जिससे बेगुनाहों की जान चली जाती है।

# कुछ न्यायिक फैसलों से प्रतीत होता है कि न्यायपालिका का हस्तक्षेप बढ़ा है : नायडू

**भाषा।** केवडिया (गुजरात)



**पटाखों** पर अदालत के फैसले और न्यायाधीशों की नियुक्ति में कार्यपालिका को भूमिका देने से इंकार करने का उदाहरण देते हुए उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने बुधवार को कहा कि कुछ फैसलों से प्रतीत होता है कि न्यायपालिका का हस्तक्षेप बढ़ा है। उन्होंने कहा कि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका संविधान के तहत परिभाषित अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत काम करने के लिए बाध्य हैं। वह विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच सौहार्दपूर्ण समन्वय - जीवंत लोकतंत्र की कुंजी विषय पर अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के 80वें सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। नायडू ने कहा कि तीनों अंग एक-दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप किए बगैर काम करते हैं और सौहार्द बना रहता है। उन्होंने कहा कि इसमें परस्पर सम्म्मान, जवाबदेही और धैर्य की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से ऐसे कई उदाहरण हैं जब सीमाएं लांघी गईं। नायडू ने कहा कि ऐसे कई न्यायिक फैसले किए गए जिसमें हस्तक्षेप का मामला प्रतीत होता है। उपराष्ट्रपति ने कहा, स्वतंत्रता के बाद से उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय ने ऐसे कई फैसले दिए जिनका सामाजिक-आर्थिक लक्ष्यों पर दूरगामी असर हुआ। इसके अलावा इसने हस्तक्षेप कर चीजें ठीक कीं। लेकिन यदा-कदा चिंताएं जताई गईं कि क्या वे कार्यपालिका और विधायिका के अधिकार क्षेत्र में प्रवेश कर रही हैं। उन्होंने कहा, इस तरह की बहस है कि क्या कुछ मुद्दों को सरकार के अन्य अंगों पर वैधानिक रूप से छोड़ दिया जाना चाहिए। नायडू ने कुछ उदाहरण देते हुए कहा कि दिवाली पर पटाखों को लेकर फैसला देने वाली न्यायपालिका कॉलेजियम के माध्यम से जजों की नियुक्ति में कार्यपालिका को भूमिका देने से इंकार कर देती है। नायडू ने कहा, कुछ न्यायिक फैसलों से प्रतीत होता है कि हस्तक्षेप बढ़ा है। इन कार्वाइयों से संविधान द्वारा तय रेखाओं का उल्लंघन हुआ जिससे बचा जा सकता था। नायडू ने कहा कि कई बार विधायिका ने भी रेखा लांघी है। इसे लेकर उन्होंने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के चुनाव को लेकर 1975 में किए गए 39वें सविधान संशोधन का जिक्र किया।



मुंबई में सीएसएमटी स्टेशन पर 26/11 आतंकी हमले के तहत जांच करते हुए पुलिसकर्मी।

## लोग निर्वाचित प्रतिनिधियों से अनुशासन की उम्मीद करते हैं : कोविंद

**केवडिया ( गुजरात )।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बुधवार को कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों को संसद और विधानसभाओं में स्वस्थ संवाद करना चाहिए और सदन में चर्चा के दौरान असंसदीय भाषा के इस्तेमाल से बचना चाहिए। नर्मदा जिले के केवडिया गांव में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के निकट टेंट सिटी में 80वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कोविंद ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा सदन में असंसदीय भाषा के इस्तेमाल और अनुशासनहीनता से उनका चुनाव करने वाले लोगों की भावनाएं आहत होती हैं। उन्होंने कहा, निर्वाचित प्रतिनिधियों से यह उम्मीद की जाती है कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर प्रतिबद्ध रहेंगे। निर्वाचित प्रतिनिधियों और लोकतांत्रिक संस्थानों के लिए लोगों की उम्मीदों को पूरा करना सबसे बड़ी चुनौती है। कोविंद ने कहा, मेरा मानना है कि देश के लोग उम्मीद करते हैं कि उनके निर्वाचित प्रतिनिधि संसदीय मान्यताओं का पालन करें। जब उनके निर्वाचित प्रतिनिधि असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करते हैं या संसद अथवा विधानसभा में अनुशासनहीनता करते नजर आते हैं तो लोग आहत होते हैं। अनावश्यक कड़वाहट को दूर करने के लिए अध्यक्षों से सदन में स्वस्थ संवाद के अवसर उपलब्ध कराने को कहा। संसदीय लोकतंत्र में सत्ताधारी दल के साथ ही विपक्ष की भी एक महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए दोनों के बीच समझ,सहयोग और विचारों के अर्थपूर्ण आदान-प्रदान की जरूरत है।

## हम जांच से नही डरते : शिवसेना विधायक के परिसरों पर ईडी के छापे को लेकर राउत ने कहा

**मुंबई।** शिवसेना के विधायक प्रताप सरनाईक की संपत्ति पर प्रवर्तन निदेशालय के छापे के एक दिन बाद शिवसेना नेता संजय राउत ने बुधवार को कहा कि वे जांच से नहीं डरते हैं। राउत ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि राजनीतिक प्रतिशोध के तहत ईडी ने छापेमारी की। राउत ने कहा कि वह ईडी को भाजपा के 120 नेताओं की सूची भेजेंगे और देखेंगे कि क्या केंद्रीय एजेंसी उन्हें जांच के लिए बुलाती है। राउत ने आरोप लगाया, हम जांच से नहीं डरते हैं। सरनाईक पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि उनके परिवार का उस मामले से कोई लेना देना नहीं है, जिसकी जांच ईडी कर रहा है। दिल्ली के शासकों को लगता है कि मराठी भाषी लोगों को कारोबार नहीं करना चाहिए और अगर ऐसा करेंगे तो उन्हें ईडी के जरिए खत्म कर दिया जाएगा।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सुरक्षा प्रदान करने वाली कंपनी तथा अन्य के खिलाफ धन शोधन की जांच के तहत मुंबई और ठाणे में सरनाईक से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की थी। राउत ने कहा, इस जांच को पूरी होने दीजिए...मैं ईडी को भाजपा के 120 नेताओं की एक सूची दूंगा और देखूंगा कि क्या वह उन सबको पूछताछ के लिए बुलाती है? लोग जानते हैं कि ईडी की जांच से कौन डरता है।

उन्हें भी ईडी का नोटिस मिलने संबंधी खबरों के बारे में पूछे जाने पर शिवसेना सांसद ने कहा, मुझे भी बताया गया है कि पुराने मामलों को खंगाला जा रहा है। ईडी मोहनजोदाड़ो-हड़प्पा तक जा रही है। मुझे और महाराष्ट्र विकास अघाड़ी के नेताओं को अगर ऐसा नोटिस मिलता है तो मुझे कोई हैरानी नहीं होगी। उन्होंने कहा, मुखर होना, सच बोलना और अपनी पार्टी के प्रति वफादारी रखना इन दिनों अपराध हो गया है।

## भाजपा मुझे गिरफ्तार कर लेती है तो मै जेल से भी तृणमूल की जीत सुनिश्चित करूंगी : ममता

**बांकुड़ा ( पश्चिम बंगाल )।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा को झूठ का पुलिंदा और देश के लिए सबसे बड़ा अभिशाप करार देते हुए भगवा पार्टी को उन्हें गिरफ्तार करने की चुनौती दी और कहा कि वह जेल से भी आगामी विधानसभा चुनाव में तृणमूल की जीत सुनिश्चित करेंगी। उल्लेखनीय है कि अगले साल अप्रैल-मई में 294 सदस्ईय पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए चुनाव होने है। भाजपा पर तृणमूल कांग्रेस के विधायकों को रिश्वत देकर अपने पाले में लाने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए ममता बनर्जी ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि कुछ लोग निष्पक्ष होने का नाटक करते हैं और इस मुगालते में हैं कि भगवा पार्टी राज्य की सत्ता में आ सकती है। उन्होंने कहा, भाजपा राजनीतिक पार्टी नहीं है बल्कि झूठ का पुलिंदा है। जब भी चुनाव आता है वह नारद (स्टिंग ऑपरेशन) और शारदा (घोटाला) का मुद्दा तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को भयभीत करने के लिए लाती है।



कोविड-19 के बाद अपनी पहली प्रमुख रैली को यहां संबोधित करते हुए ममता ने कहा, लेकिन मैं उन्हें स्पष्ट कर देना चाहती हूं कि मैं भाजपा और उसकी एजेंसियों से नहीं डरती। अगर उनमें साहस है तो वे मुझे गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाल सकते हैं। मैं जेल से चुनाव लड़ूंगी और तृणमूल कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करूंगी। हाल में हुए बिहार चुनाव का संदर्भ देते हुए ममता ने कहा कि यहां तक कि राजद नेता लालू प्रसाद यादव को जेल में डाल दिया गया था, इसके बावजूद उनकी पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया। तृणमूल अध्यक्ष ने कहा, यहां तक कि लालू प्रसाद को सलाखों के पीछे डाल दिया गया इसके वावजूद उन्होंने अपनी पार्टी का बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित किया। भाजपा की जीत धांधली से हुई है न कि जनता में लोकप्रियता की वजह से। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2011 से ही तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल की सत्ता में है।

## क्विक न्यूज

### सोने की तस्करी के मामले में एआईएसएटीएस के दो कर्मी सहित तीन लोग गिरफ्तार : सीमा शुल्क विभाग

**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क अधिकारियो ने सोने की कथित तस्करी के मामले में एअर इंडिया एसएटीएस (एआई एसएटीएस) स्टाफ के दो अधिकारियो सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इस सोने की कीमत 72.5 लाख रुपए आंकी गई है। आधिकारिक बयान के अनुसार सोमवार को अबू धाबी से आए एक यात्री को सीमा शुल्क अधिकारियों ने रोका था। सीमा शुल्क विभाग की ओर से एक बयान के अनुसार, पूछताछ के दौरान, उसने रासायनिक पेस्ट के दो चांदी के रंग के पैकेट, जिसमें लगभग 1.48 किलोग्राम सोना था, उसे विमान के शौचालय में छिपाने की बात स्वीकार की। उसने बताया कि जांच के दौरान एअर इंडिया एसएटीएस के एक कर्मी को सीमा शुल्क अधिकारियो ने अन्य एक एआईएसएटीएस कर्मी को पैकेट देते पकड़ा। एआईएसएटीएस एक हवाई अड्डा सेवा प्रदाता है। यह एअर इंडिया (एआई) और सिंगापुर एयरपोर्ट टर्मिनल सर्विसेज (एसएटीएस) का एक संयुक्त उद्यम है। उसने बताया कि तीनों को गिरफ्तार किया जा चुका है और 72.5 लाख रुपए का सोना जब्त किया गया है। बयान के अनुसार, पूछताछ के दौरान यात्री ने अपनी पूर्व तीन यात्राओं के दौरान 2.17 करोड़ रुपए के सोने की तस्करी करने की बात स्वीकार की है।

### पश्चिम बंगाल दूसरा कश्मीर बन गया है : भाजपा राज्य प्रमुख

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के भाजपा प्रमुख दिलीप घोष ने बुधवार को कहा कि राज्य दूसरा कश्मीर बन गया है क्योंकि यहां हर दिन आतंकवादियो को गिरफ्तार किया जा रहा है रोजाना अवैध तरीके से बम बनाने वाली फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ हो रहा है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इन टिप्पणियो के लिए घोष पर निशाना साधा और कहा कि वह भाजपा शासित उत्तर प्रदेश की ओर ध्यान दें, जहां कानून के शासन का अस्तित्व ही समाप्त हो गया है। घोष ने बीरभूम जिले में चा-चक्र (चाय पर चर्चा) कार्यक्रम के दौरान कहा, पश्चिम बंगाल दूसरा कश्मीर बन गया है। हर दिन आतंकवादियो को गिरफ्तार किया जा रहा है और हर दूसरे दिन अवैध तरीके से बम बनाने वाली फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ हो रहा है। यहां केवल एक फैक्ट्री चल रही है - बम बनाने की फैक्ट्री। उनके बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि घोष राज्य की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे है। तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष ने कहा, बाहरी लोगों की मिलीभगत से दिलीप घोष पश्चिम बंगाल की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे है। राज्य की स्थिति पर टिप्पणी करने से पहले, उन्हे भाजपा शासित उप्र की ओर देखना चाहिए, जहां कानून के शासन का कोई अस्तित्व ही नही है।

### मध्यप्रदेश विधानसभा का तीन दिवसीय सत्र 28 दिसंबर से

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा का तीन दिवसीय सत्र 28 दिसंबर से शुरू होगा। यह जानकारी मध्यप्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को दी है। 28 से 30 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र मे तीन बैठकें होगी। इस सत्र मे कई महत्वपूर्ण सरकारी विधाई कार्य निपटाए जाएंगे। राज्य सरकार लव जिहाद के खिलाफ सख्त कानून बनाने के लिए मध्यप्रदेश धर्म स्वातंत्र्य विधेयक-2020 पेश कर सकती है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं विधायक डॉ. गोविन्द सिंह ने मांग की कि इस सत्र को बढ़ाकर कम से कम 10 दिन का किया जाना चाहिए, ताकि सदस्य अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र की समस्याएं रखने के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर सदन मे विस्तृत चर्चा कर सकें।

### मादक पदार्थों के संदिग्ध तस्कर को जमानत मिली

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से संबंधित मादक पदार्थ मामले मे एनसीबी द्वारा गिरफ्तार किए गए एक संदिग्ध मादक पदार्थ तस्कर को बुधवार को जमानत दे दी। एनसीबी ने राष्ट्रीय स्वापक औषधि एवं मन-प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रावधानो के तहत सितंबर मे आरोपी करमजीत सिंह आनंद को गिरफ्तार किया था। विशेष एनडीपीएस न्यायाधीश जी बी गुरव ने उसे 50 हजार रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दे दी। आनंद को अदालत की अनुमति के बिना देश से बाहर नही जाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही अदालत ने उसे सबूतों से छेड़छाड़ और जांच मे बाधा नही डालने की भी हिदायत दी है।

### आय से अधिक संपत्ति के मामले में सीबीआई के समक्ष पूछताछ के लिए पेश हुए शिवकुमार

**बेंगलुरु।** कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी के शिवकुमार अपने खिलाफ दर्ज आय से अधिक संपत्ति के मामले में बुधवार को बेंगलुरु में पूछताछ के लिए सीबीआई के समक्ष पेश हुए। सीबीआई ने शिवकुमार को 19 नवंबर को नोटिस जारी कर 23 नवंबर को पेश होने को कहा था लेकिन उन्होने बल्लारी, मस्की और बसावा कल्याण मे पहले से तय बैठकों का हवाला देते हुए समय मांगा था। उनके अनुरोध पर सीबीआई अधिकारियो ने उन्हें बुधवार को पेश होने की इजाजत दे दी थी। एजेंसी के समक्ष पेश होने से पहले शिवकुमार ने कहा कि वह जांच एजेंसी के अधिकारियो के साथ सहयोग करेंगे।



ममलापुरम में निवार तूफान से सुरक्षा के लिए नाव को सुरक्षित जगह पर ले जाते हुए मछुआरे।

## राहुल गांधी की ओर से भेजी गई बाढ़ राहत सामग्री लावारिस पड़ी मिली

**भाषा।** मलप्पुरम

**केरल** के वायनाड से सांसद तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की ओर से भेजी गई बाढ़ सामग्री यहां नजदीक में नीलम्बूर में एक दुकान में लावारिस पड़ी हुई मिलीं, जिसपर स्थानीय निवासियों और वामदलों समेत विभिन्न वर्गों ने आक्रोश प्रकट किया है। मंगलवार को जब कुछ लोग एक दुकान को किराए पर लेने के लिए आए तब ये राहत सामग्री यहां पड़ी हुई मिली। इस राहत सामग्री में खाने का सामान, कपड़े और अन्य चीजें शामिल हैं।

सत्तारूढ़ माकपा की युवा इकाई डीवाईएफआई ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ विरोध मार्च निकाला और उसके नेताओं से लोगों से माफी मांगने को कहा। नीलम्बूर से विधायक पीवी अनवर (एलडीएफ को समर्थन दे रहे निर्दलीय विधानसभा सदस्य) ने बुधवार को जिला कलेक्टर के गोपालाकृष्णन से इस मामले की जांच कराने की मांग की। उन्होंने दावा किया कि मामला सामने आने के बाद कांग्रेस नेताओं ने कथित रूप से पूरे विधानसभा क्षेत्र से इस प्रकार का सामान नष्ट कर दिया।

अनवर ने वीडियो संदेश के जरिए पत्रकारों से कहा, यह नीलम्बूर में इकलौता मामला नहीं है। उसने (कांग्रेस पार्टी) आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए कई अन्य स्थानों पर खाद्य सामग्री जमा की थी। यह मामला सामने आने के बाद कांग्रेस नेताओं ने अन्य स्थानों से खाद्य पदार्थों वाली राहत सामग्री को या तो हटा दिया या नष्ट कर दिया। जिला कांग्रेस नेतृत्व ने कहा है कि उसे घटना के बारे में जानकारी नहीं थी और इस मामले की जांच कराई जाएगी। राज्य के नेतृत्व ने अभी इस मामले पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। राहत सामग्री के कवर पर वायनाड सांसद लिखा था।

## बाढ़ से हुए नुकसान की समीक्षा करने अभी तक केंद्र से कोई दल महाराष्ट्र नहीं आया: अजित पवार

**पुणे।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार को कई बार सूचना देने के बावजूद राज्य में बाढ़ से हुए नुकसान की समीक्षा करने के लिए अभी तक केंद्र से कोई दल नहीं आया है। सतारा जिले के करद में स्थित प्रीतिसंगम में महाराष्ट्र के प्रथम मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद पवार ने संवाददाताओं से कहा कि केंद्र सरकार को पार्टी और विचारधारा से ऊपर उठकर प्राकृतिक आपदा के समय राज्यों की सहायता करनी चाहिए।

जब राज्य में भारी बारिश से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई थी तब मुख्यमंत्री, पुनर्वास मंत्री और मुख्य सचिव ने केंद्र को पत्र लिखा था। हालांकि अभी तक केंद्र से कोई दल नहीं आया है। पवार ने कहा कि (कांग्रेस नीत) मनमोहन सिंह सरकार के समय यदि ऐसी आपदा आती थी तो नुकसान की समीक्षा के लिए तत्काल एक दल आता था और राहत पैकेज की घोषणा की जाती थी।

आज इतने दिनों बाद भी केंद्र से कोई दल नहीं आया है। राज्यों को केंद्र से मदद मिलनी चाहिए क्योंकि सभी राज्य भारत के अंग हैं। पवार ने कहा कि प्राकृतिक आपदा आने पर केंद्र को पार्टी और विचारधारा के आधार पर पक्षपात नहीं करना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा, इस मुद्दे को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में फिर उठाया गया था और मुख्य सचिव से इस मामले को देखने को कहा गया था। पवार ने यह भी कहा कि राज्य को अभी तक केंद्र से 29,000 करोड़ रूपए का जीएसटी मुआवजा नहीं मिला है।

## जम्मू-कश्मीर प्रशासन की तरफ से जारी सूची में फारूक की बहन, प्रमुख होटल व्यवसायियों का नाम शामिल

**भाषा।** श्रीनगर

**रोशनी कानून** के तहत जमीन हासिल करने वाले 130 लोगों की दूसरी सूची में नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला की बहन और कांग्रेस के एक नेता सहित दो प्रमुख होटल व्यवसायियों के नाम शामिल हैं। इस कानून को अब रद्द कर दिया गया है। कश्मीर के संभागीय आयुक्त की वेबसाइट पर अपलोड की गई नई सूची के मुताबिक, लाभ हासिल करने वालों में एक पूर्व नौकरशाह और उनकी पत्नी भी शामिल हैं जिन्होंने योजना के तहत अपने आवासीय स्थल को वैधानिक बनाया, जबकि दर्जनों अन्य व्यवसायियों ने अपने व्यावसायिक भवनों का मालिकाना हक प्राप्त किया।

जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के नौ अक्टूबर के निर्देश के मुताबिक संभागीय प्रशासन की तरफ से जारी लाभार्थियों की यह दूसरी सूची है। उच्च न्यायालय ने रोशनी कानून को अवैध, असंवैधानिक और अव्यावहारिक करार दिया और इस कानून के तहत जमीन के आवंटन पर सीबीआई जांच का आदेश दिया।

प्रशासन ने 35 लाभार्थियों की सूची अपलोड की जिसमें पूर्व वित्त मंत्री हसीब द्राबू, उनके कुछ रिश्तेदार और शीर्ष होटल व्यवसाई तथा एक पूर्व नौकरशाह के नाम शामिल हैं। दूसरी सूची में कांग्रेस नेता के. के. अमला और मुश्ताक अहमद चाया के अलावा पूर्व नौकरशाह मोहम्मद शफी पंडित और उनकी पत्नी शामिल हैं। अमला और चाया होटल व्यवसाई भी हैं। लाभार्थियों में फारूक अब्दुल्ला की बहन सूरिया अब्दुल्ला का नाम भी शामिल है जिन्हें तीन कनाल से अधिक के प्लॉट का मालिकाना हक आवासीय इस्तेमाल के तहत प्राप्त हुआ। अधिकारियों ने जमीन को मंजूरी दी लेकिन सूरिया ने अभी तक एक करोड़ रुपए के शुल्क का भुगतान नहीं किया है। उनके नाम से जमीन को मंजूरी देने के बाद से उन्हें कोई नोटिस भी जारी नहीं किया गया।

### पाकिस्तान में 10 महीने फंसे रहने के बाद परिवार से मिली हिंदू महिला

**जोधपुर, ( भाषा )।** पाकिस्तान की एक हिंदू शरणार्थी महिला 10 महीने तक पड़ोसी देश में फंसे रहने के बाद मंगलवार को भारत में अपने परिवार मिली। भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने वाली जनता माली अपने पति और बच्चों के साथ एनओआरआई वीजा पर फरवरी में पाकिस्तान के मीरपुर खास में अपनी बीमार मां से मिलने गई थीं, लेकिन कोरोनावायरस के प्रसार को रोकने के लिए राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन लागू होने के बाद उन्हें वापस यात्रा करने की अनुमति नहीं मिली क्योंकि उनका वीजा समाप्त हो गया था।




कोलकाता में भारत-तिब्बत कोर समूह के कार्यकर्ताओं ने कोलकाता में भारतीय भूमि और क्षेत्रों पर चीनी आक्रमण के खिलाफ चीनी वाणिज्य दूतावास के बाहर प्रदर्शन कर नारे लगाते हुए।

# लव जिहाद के दोषी को मप्र में होगी 10 साल की सजा

## ● अगले महीने आएगा विधेयक : नरोत्तम मिश्रा

**भाषा ।** भोपाल



**मध्य प्रदेश** के कानून एवं गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को कहा कि लव जिहाद के खिलाफ सख्त कानून बनाने के लिए भाजपा नीत प्रदेश सरकार 28 दिसंबर से शुरू होने वाले तीन दिवसीय विधानसभा सत्र में धर्म स्वातंत्र्य विधेयक-2020 लाएगी। उन्होंने कहा कि लव जिहाद को गैर जमानती अपराध घोषित कर मुख्य आरोपी और इसमें सहभागियों को 10 साल की कठोर कारावास की सजा का प्रावधान किया जा रहा है, जबकि इस तरह की शादी-निकाह कराने वाले धर्म गुरु, काजी-मौलवी, पादरी को भी पांच साल की सजा होगी।

मिश्रा ने यहां संवाददाताओं को बताया, धर्म स्वातंत्र्य विधेयक के मसौदे में बहला-फुसलाकर एवं डरा-धमकाकर धर्मांतरण के लिए विवाह करने पर 10 साल की सजा का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा, इस तरह की शादी-निकाह कराने वाले धर्म गुरु, काजी-मौलवी, पादरी को भी पांच साल की सजा होगी। ऐसी शादियां कराने वाली संस्थानों का पंजीयन भी निरस्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ऐसा विवाह शून्य घोषित किया जाएगा। मिश्रा मध्यप्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि धर्म स्वातंत्र्य विधेयक-2020 को लेकर मंत्रालय में बुधवार को गृह और विधि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने बताया कि बैठक में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा, विधि विभाग के प्रमुख सचिव सत्एंद्र सिंह और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अन्वेष मंगलम और अन्य अधिकारियों के साथ प्रस्तावित कानून के ड्राफ्ट पर विचार विमर्श किया। मिश्रा ने बताया कि इस अधिनियम में यह अपराध संज्ञेय तथा गैर जमानती होगा। उन्होंने कहा कि आरोपी को स्वयं सिद्ध करना होगा कि उसने बगैर दबाव, धमकी या बहला फुसलाकर कर यह धर्मान्तरण किया है। उन्होंने कहा कि इसमें सहयोग करने वाले सभी लोग मुख्य आरोपी की तरह ही आरोपी माने जाएंगे। मिश्रा ने बताया कि इस अधिनियम में कार्रवाई के लिए धर्मान्तरण के लिए बाध्य किए गए पीड़ित व्यक्ति अथवा उसके माता-पिता अथवा भाई-बहन अथवा अभिभावक शिकायत कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि धर्मांतरण और धर्मांतरण के पश्चात होने वाले विवाह के एक माह पहले जिला दंडाधिकारी (कलेक्टर) को धर्मांतरण और विवाह करने और करवाने वाले दोनों पक्षों को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर अनुमति लेगी होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धर्मांतरण या विवाह कराने वाली संस्थाओं को डोनेशन देने वाली संस्थाएं या लेने वाली संस्थाओं का पंजीयन भी निरस्त होगा। मिश्रा ने बताया, इसके लिए मसौदा तैयार हो गया है। दिसंबर के दूसरे हफ्ते में जो कैबिनेट की बैठक होगी उसमें हम इस विधेयक का मसौदा रखेंगे। उन्होंने कहा, 28 से 30 दिसंबर तक जो विधानसभा सत्र होगा, उसमें यह विधेयक लाया जाएगा। एक सवाल के जवाब में मिश्रा ने स्पष्ट किया, यह अध्यादेश के रूप में नहीं आएगा। यह कैबिनेट में जाएगा और वहां से पास होकर यह विधानसभा में विधेयक के रूप में लाया जाएगा।

## राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के मामले में चार लोग हिरासत में

**अहमदाबाद।** गुजरात में आणंद जिले के उमरेठ कस्बे में कथित तौर पर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के मामले में 30 वर्षीय महिला को गिरफ्तार किया गया है, वहीं उसके नाबालिग बेटे और उसके दो दोस्तों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस उपाधीक्षक बी डी जडेजा ने कहा कि महिला और 10 से 14 साल की उम्र के तीनों लड़कों पर राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीनों लड़के ईद मनाने के लिए इस्लामी प्रतीकों के साथ झंडा फहराना चाहते थे। हालांकि उन्होंने हरे झंडे के बजाय एक तिरंगा खरीदा जिस पर इस्लामी प्रतीक छपे थे। जडेजा ने कहा, स्थानीय पुलिस को जानकारी मिली कि कुछ लड़कों ने उमरेठ कस्बे के एक घर पर बदला हुआ तिरंगा फहराया है। हमने घर की मालिक महिला को गिरफ्तार कर लिया है और उसके बेटे तथा उसके दो दोस्तों को राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के मामले में हिरासत में लिया है।



गाजियाबाद में बुधवार को सुबह की ठंड में अलाव के पास खुद को गर्म करते बच्चे।

# भारत के शुक्रयान को स्वीडन देगा विशेष उपकरण

**भाषा ।** बेंगलुरु

**भारत** के शुक्र ग्रह ऑर्बिटर अभियान शुक्रयान के साथ स्वीडन ने जुड़ने का फैसला किया है जिसके तहत वह ग्रह पर खोज करने के लिए एक वैज्ञानिक उपकरण उपलब्ध कराएगा। भारत में स्वीडन के राजदूत, क्लास मोलिन ने कहा कि इसमें स्वीडिश अंतरिक्ष भौतिकी संस्थान (आईआरएफ) भारत का सहयोग करेगा।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ आईआरएफ का यह दूसरा सहयोग है। मोलिन ने पीटीआई-भाषा से कहा, आईआरएफ उपग्रह उपकरण विनसियन न्यूट्रल्स एनालाइजर (वीएनए) इस पर अध्ययन करेगा कि सूर्य से निकलने वाले आवेशित कण (शुक्र) ग्रह के वातावरण में कैसा व्यवहार दिखाते हैं। उन्होंने कहा, शुक्र अभियान का तात्पर्य है कि आईआरएफ और इसरो के बीच सहयोग जारी रहेगा। स्वीडिश अधिकारियों के अनुसार वीएनए, आईआरएफ द्वारा विकसित नौवीं पीढ़ी का उपकरण है।

पहली पीढ़ी के उपकरण का नाम सारा (एसआरए) था और उसका इस्तेमाल 2008-2009 के दौरान चंद्रयान-एक अभियान में किया गया था। यह आईआरएफ और इसरो के बीच पहली सहयोगात्मक परियोजना थी। मोलिन ने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग का दायरा बहुत बड़ा है। उन्होंने कहा कि इस दायरे में संस्थानों से लेकर तकनीक के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियां भी शामिल हैं।

# पार्टी को गलत मत समझिए: ममता ने तृणमूल के असंतुष्ट नेताओं से कहा

**भाषा ।** बांकुड़ा (पबंगाल)



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस के असंतुष्ट नेताओं से बुधवार को कहा कि वह उन नेताओं के बारे में जानती हैं, जो विपक्षी खेमे के संपर्क में हैं पर व्यक्तियों के बीच मतभेदों के कारण पार्टी में कोई भ्रांति पैदा नहीं होनी चाहिए। बनर्जी ने कहा कि वह पार्टी के साथ-साथ प्रशासनिक कार्यों को भी स्वयं देखेंगी।

उन्होंने कोविड-19 संक्रमण के बीच यहां अपनी पहली जन रैली में कहा, मैंने जीवनभर राजनीति में काम किया है। मैं अपने अनुभव के आधार पर कभी यह दावा नहीं कर सकती कि हर कोई अच्छा होता है। एक या दो लोग ऐसे हो सकते हैं, जो अच्छे नहीं हों, लेकिन हम इन गलतियों को सुधारेंगे। यदि कोई गलती हुई है, तो तृणमूल कांग्रेस उसे ठीक करेगी। उन्होंने कहा, कुछ गलतफहमी हो सकती है या कोई व्यक्ति कुछ लोगों से नाराज हो सकता है, लेकिन इसके लिए पार्टी को गलत मत समझिए। बनर्जी ने कहा कि तृणमूल में अपने नेताओं के बारे में जमीनी रिपोर्ट हासिल करने की व्यवस्था है और ऐसे कई नेताओं को हटाया जा चुका है, जिनके बारे में शिकायतें मिली थीं।

उन्होंने कहा, कुछ लोगों को शिकायत है कि किस जिले में कौन पार्टी पर्यवेक्षक बनेगा। मैं यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि मैं पूरे राज्य के लिए पार्टी पर्यवेक्षक हूं। आप जब एक राजनीतिक पार्टी में होते हैं, तो आपको हरेक को साथ लेकर चलने की आवश्यकता होती है।

बनर्जी ने यह बयान ऐसे समय में दिया है, जब कई तृणमूल नेता शिकायत कर रहे हैं कि पार्टी की कमान अब उनके हाथ में नहीं है। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा, मैं यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि मैं उन लोगों के इरादे से अच्छी तरह वाकिफ हूं जो विपक्षी खेमे के संपर्क में हैं। मैं जानती हूं कि कुछ अवसरवादी लोग हैं, लेकिन समर्पित कार्यकर्ताओं की तुलना में उनकी संख्या कम है। असंतुष्ट तृणमूल नेता और राज्य परिवहन मंत्री सुवेंदु अधिकारी कुछ समय से पार्टी से दूरी बनाए हुए हैं और कुछ महीनों से राज्य कैबिनेट की बैठकों में शामिल नहीं हुए हैं। उनके निकटस्थ सूत्रों ने बताया कि वह जिला पर्यवेक्षक का पद समाप्त किए जाने के विचार को लेकर सहज नहीं हैं।

## आईएमए घोटाला मामला

# पूर्व मंत्री रोशन बेग तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेजे गए

**भाषा ।** बेंगलुरु

**करोड़ों** रुपए के आई-मॉनिटरी एडवाइजरी (आईएमए) पॉन्जी घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार पूर्व मंत्री आर रोशन बेग को बुधवार को एक विशेष अदालत ने तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, आईएमए घोटाले में उनकी भूमिका की और जांच के लिए हमें रोशन बेग की 28 नवंबर तक तीन दिन की हिरासत मिली है।

पिछले साल पार्टी से बगावत करने पर उन्हें कांग्रेस विधायक के तौर पर अयोग्य ठहराया गया था। बेग को सोमवार को गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई सूत्रों ने कहा कि पॉन्जी घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता मोहम्मद मंसूर खान से बेग का आमना-सामना कराया जाएगा। खान 27 नवंबर तक सीबीआई हिरासत में है। बेग की गिरफ्तारी 22 नवंबर को इस मामले में एक अन्य आरोपी बेंगलुरु के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (प्रशासन) हेमंत निंबालकर से पूछताछ के बाद हुई है। सूत्रों ने कहा कि करोड़ों रुपए का यह घोटाला कर्नाटक स्थित आईएमए और उसके समूह की कंपनियों द्वारा कथित तौर पर ज्यादा लाभ का लालच देकर लोगों से करीब 4000 करोड़ रुपए की ठगी कर अंजाम दिया गया। आरोपियों ने निवेश के इस्लामी तरीकों को अपनाने का झांसा देकर लोगों को ठगा। यह घोटाला जून 2019 में सामने आया था जब आईएमए संचालक मोहम्मद मंसूर खान देश छोड़कर भाग गया और आरोप लगाया कि बेग व कुछ सरकारी अधिकारियों ने उसके साथ धोखा किया। खान ने आरोप लगाया था कि बेग ने उससे करीब 400 करोड़ रुपए लिए। हालांकि पूर्व मंत्री ने आरोपों को सिरे से खारिज किया था। पुलिस के लगातार दबाव के बाद खान भारत लौटा और आत्मसमर्पण किया।

कांग्रेस और जद (एस) के गठबंधन वाली तत्कालीन सरकार ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन किया था। बाद में हालांकि भाजपा के सत्ता में आने पर जांच सीबीआई को सौंप दी गई। केंद्रीय एजेंसी ने इस मामले में एक आईएएस अधिकारी, दो आईपीएस अधिकारियों, कर्नाटक प्रशासनिक सेवा के एक अधिकारी और एक पार्षद को भी इस मामले में प्रदेश सरकार से अभियोजन की मंजूरी मिलने के बाद आरोपी बनाया था। आईएएस अधिकारी ने कुछ महीनों पहले अपने घर में कथित रूप से आत्महत्या कर ली थी।

## मालेगांव विस्फोट

### हस्तक्षेप याचिका पर कल आदेश पारित करेगा उच्च न्यायालय

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय 27 नवंबर को आदेश पारित करेगा कि निसार अहमद बिलाल को आरोपी लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीकांत पुरोहित की तरफ से दायर याचिका में हस्तक्षेप करने की अनुमति दी जा सकती है या नहीं, जिन्होंने अपने खिलाफ आरोपों को रद्द करने का आग्रह किया है। 2008 में मालेगांव विस्फोट में बिलाल का बेटा मारा गया था। न्यायमूर्ति एस एस शिंदे और न्यायमूर्ति एम एस कार्णिक की पीठ ने बुधवार को बिलाल के वकील बी ए देसाई और पुरोहित के वकील नीला गोखले की जिरह सुनी। महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में 29 सितंबर 2008 को एक मस्जिद के निकट मोटरसाइकिल पर रखे बम में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 अन्य लोग जख्मी हो गए थे। वकील देसाई ने पीठ से आग्रह किया कि उनके मुवक्किल को मामले में पक्षकार बनाया जाए और हस्तक्षेप आवेदन को स्वीकार किया जाए क्योंकि पीड़ित को सुने जाने का अधिकार है।

# तरुण गोगोई मेरे गुरु थे: राहुल गांधी

**भाषा ।** गुवाहाटी



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई को यहां बुधवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि गोगोई उनके गुरु थे। गांधी ने कहा कि गोगोई का निधन उनके लिए निजी क्षति है। उन्होंने कहा कि गोगोई से बात करके ऐसा लगता था जैसे आप पूरे असम से बात कर रहे हों क्योंकि तीन बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे गोगोई सिर्फ असम और उसके लोगों की बात करते थे।

गोवा से विशेष विमान से गुवाहाटी आने के बाद गांधी सीधे श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र पहुंचे जहां गोगोई के पार्थिव शरीर को जनता के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। उन्होंने गोगोई को पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान दिवंगत कांग्रेस नेता के सांसद पुत्र गौरव मौजूद थे। गांधी ने संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है गोगोई जी केवल असम के नेता नहीं थे। वह बेहतरीन मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय स्तर के नेता थे। उन्होंने असम के लोगों को एक करने और राज्य में शांति स्थापित करने का काम किया था। उन्होंने कहा कि गोगोई ने असम के लोगों की महान सेवा की तथा भारत के लिए भी शानदार काम किया। उन्होंने कहा, मैंने गोगोई जी के साथ काफी वक्त बिताया है।

वह मेरे शिक्षक, मेरे गुरु थे। उन्होंने मुझे समझाया कि असम और यहां के लोगों का महत्व क्या है। उन्होंने असम की सुंदरता से मेरा परिचय कराया। उनका जाना मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। गोगोई का सोमवार को यहां निधन हो गया था।

उनके परिवार में पत्नी डॉली गोगोई, बेटी चंद्रिमा और बेटा गौरव हैं। कलाक्षेत्र से राहुल गांधी दिसपुर में गोगोई के आधिकारिक निवास गए और वहां उनकी पत्नी और बेटी से मुलाकात की।

# स्मृति ईरानी ने हैदराबाद में बाढ़ को लेकर टीआरएस को आड़े लिया हाथ

**भाषा ।** हैदराबाद



**हैदराबाद** नगर निगम के चुनाव से पहले प्रचार चरम पर है और ऐसे में वरिष्ठ भाजपा नेता तथा केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को यहां हाल ही में आई बाढ़ को लेकर सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) को आड़े हाथ लिया और सवाल किया कि यहां 75,000 अतिक्रमण कैसे होने दिए। ईरानी ने टीआरएस पर एआईएमआईएम के साथ भ्रष्ट गठबंधन होने का आरोप भी लगाया।

उन्होंने कहा कि अलग तेलंगाना राज्य के सपने को साकार करने के लिए अपनी जान न्योछावर करने वालों के परिवारों के दिल टूट गए जिन्होंने शहर को डूबते देखा और यह भी देखा कि एआईएमआईएम तथा टीआरएस के बीच भ्रष्ट गठबंधन, भ्रष्ट साझेदारी के कारण कई लोगों की मृत्यु हो गई। ईरानी ने पूछा कि क्या एमआईएम और टीआरएस के बीच साझेदरी के बिना शहर में 75,000 अतिक्रमण संभव होते? विपक्षी दलों ने शहर में पिछले दिनों आई भयावह बाढ़ के लिए तालाबों, नालों और अन्य स्थानों पर अतिक्रमण को जिम्मेदार ठहराया है। केंद्रीय मंत्री ने एक दिसंबर को होने वाले ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के चुनाव से पहले यहां संवाददाताओं से कहा कि प्रदेश की राजधानी का भविष्य मतदाताओं के भाजपा का समर्थन करने के विवेकपूर्ण निर्णय पर निर्भर करेगा।

उन्होंने यह दावा भी किया कि राज्य सरकार ने अब तक केंद्रीय गृह मंत्रालय को अक्टूबर में भारी बारिश से यहां आई बाढ़ से हुए नुकसान पर अंतिम रिपोर्ट नहीं सौंपी है। ईरानी ने कहा कि जीएचएमसी के बजट को कम किया गया है।

# संस्मरण लिखने को लेकर पटेल ने कहा था सारे राज़ मेरे साथ कब्र में दफन हो जाएंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल को कुछ महीने पहले जब अपने राजनीतिक अनुभवों को लेकर संस्मरण लिखने के बारे में सलाह दी गई थी तो उन्होंने कहा था कि राज़ मेरे साथ कब्र में दफन हो जाएंगे। अहमद पटेल का बुधवार को निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे और कुछ हफ्ते पहले कोरोना वायरस से संक्रमित हुए थे। लेखक और पत्रकार रशीद किदवई के मुताबिक, वह लॉकडाउन के बाद पटेल से उनके आवास 23, मदर टेरेसा क्रेसेंट मार्ग पर मिले थे। किदवई ने बताया कि हम कांग्रेस और राजनीति के बारे में खुलकर बातें कर रहे थे। मैंने उनसे कहा कि आप अपने अनुभवों को लेकर संस्मरण क्यों नहीं लिखते। इस पर उनका जवाब था कि राज़ मेरे साथ कब्र में दफन हो जाएंगे। 24 अकबर रोड: ए शॉर्ट हिस्ट्री ऑफ द पीपुल बिहाइंड द फाल एंड राइज ऑफ द कांग्रेस नामक पुस्तक के लेखक किदवई का कहना है कि पटेल बहुत जल्द चले गए। किदवई का कहना है कि पटेल एक संकटमोचक होने के साथ सहमति बनाने वाले नेता थे। इसकी ताजा मिसाल महाराष्ट्र में शिवसेना के साथ गठबंधन करना जबकि अतीत में उद्धव ठाकरे की पाटी ने उन पर गंभीर आरोप लगाए थे।

# पेज 1 का शेष

## संक्रमण रोकने...

किसी अनुमति या ई-परमिट की जरूरत नहीं होगी। दिशा-निर्देश के मुताबिक, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में जिला प्रशासन सावधानी से निषिद्ध क्षेत्रों को चिन्हित करेगा। इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को भी ध्यान में रखना होगा। संबंधित जिलाधीशों द्वारा निषिद्ध क्षेत्रों के बारे में वेबसाइटों पर सूचना दी जाएगी और यह सूची केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ भी साझा की जाएगी। निषिद्ध क्षेत्रों में केवल जरूरी गतिविधियों की अनुमति होगी और इसके दायरे में लोगों की आवाजाही पर कड़ाई से प्रतिबंध लगाया जाएगा। केवल आपात चिकित्सा जरूरतों और आवश्यक सामानों और सेवा की आपूर्ति बनाए रखने को मंजूरी होगी।

## एक दिसंबर...

कि केंद्र/राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा महामारी के प्रसार को रोकने और भौतिक दूरी बनाने के संबंध में जारी सभी एसओपी/दिशा-निर्देशों का पालन सभी कॉलेज करें।

## रायबरेली कारखाने...

सिर्फ डेंटिंग पेंटिंग का काम होता रहा। कपूरथला से डिब्बे बनकर आते थे और यहां थोड़ा लीपापोती कर दिया जाता था, यही होता था। जिस फैक्ट्री में रेल के डिब्बे बनने का सामर्थ्य था उसमें पूरी क्षमता के साथ काम कभी नहीं हुआ। साल 2014 के बाद हमने सोच बदली तौर तरीका बदला। परिणाम यह हुआ कि कुछ महीने में ही यहां से पहला कोच बनकर तैयार हुआ और आज हर साल सैकड़ों डिब्बे यहां से बनकर निकलते हैं। सामर्थ का सही इस्तेमाल कैसे होता है, वह आपके बगल में ही है और दुनिया आज इस बात को देख रही है। यूपी को तो इस बात पर गर्व होगा कि कुछ समय बाद दुनिया की सबसे बड़ी रेल कोच फैक्ट्री की चर्चा होगी तो वह चर्चा रायबरेली की रेल कोच फैक्ट्री की होगी। सामर्थ्य के उपयोग के साथ साथ नियत और इच्छाशक्ति का होना भी उतना ही जरूरी है। इच्छाशक्ति ना हो तो भी आपको जीवन में भी सही नतीजे नहीं मिल पाते हैं। इच्छा शक्ति से कैसे बदलाव होता है, इसका देश के सामने कई उदाहरण है। एक जमाने में देश में यूरिया उत्पादन के बहुत सारे कारखाने थे लेकिन इसके बावजूद काफी यूरिया भारत बाहर से मंगाता था। इसकी बड़ी वजह यह थी जो देश के खाद कारखाने थे वह अपनी फुल कैपेसिटी पर काम ही नहीं करते थे। सरकार में आने के बाद जब अधिकारियों से इस बारे में बात की मैं हैरान रह गया। नीतिगत निर्णय लिए इसी का नतीजा है कि आज देश में यूरिया का व्यापक पैमाने पर उत्पादन हो रहा है। इसके साथ एक और समस्या थी यूरिया की ब्लैक मार्केटिंग। किसानों के नाम पर कारखानों से निकलता था और पहुंचता कहीं और था, चोरी हो जाता था। उसका बहुत बड़ा खामियाजा हमारे देश के किसानों को उठाना पड़ता था। यूरिया की ब्लैक मार्केटिंग का इलाज शत प्रतिशत नीम कोटिंग कर दी। नीम कोटिंग का कंसेप्ट भी पहले से था पहले भी कुछ मात्रा में नीम कोटेड होता था लेकिन कुछ मात्रा में करने से चोरी नहीं रुकती है। लेकिन शत प्रतिशत नीम कोटिंग के लिए जो इच्छा शक्ति चाहिए थी वह नहीं थी। नई टेक्नोलॉजी लाकर पुराने और बंद हो चुके कारखानों को अब दोबारा शुरू भी करवाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 100 वर्ष की यात्रा को पूरी करने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय को बधाई देते हुए कहा कि वर्ष 1947 से लेकर आने वाले वर्ष 2047 जब देश आजादी के 100 साल मनायेगा तब नई शिक्षा नीति हमारे एजुकेशन सिस्टम का हिस्सा होगी। आजादी के 100 वर्ष पूरे करने पर लखनऊ यूनिवर्सिटी कहाँ होगी, देश को कौन सी आवश्यकताओं को पूर्ति करने का नेतृत्व यूनिवर्सिटी करेगी, इस पर मंथन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए हौसले के साथ जब आज सौवां स्थापना दिवस मना रहे हैं तो बीते हुए दिनों की गाथाएं आने वाले दिनों के लिए प्रेरणा बननी चाहिए। बुधवार को वर्चुअल माध्यम से अपने सम्बोधन में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि 100 वर्ष का समय से सिर्फ आंकड़ा नहीं है।

## ऐप पर...

खतरा थे। इसको देखते हुए पाबंदी लगायी गयी है। जिन ऐप पर प्रतिबंध लगाया गया है, उसमें कुछ 'डेटिंग' ऐप (मनपसंद लोगों से मिलने और जुड़ने को आसान बनाने वाले मंच) शामिल हैं। बयान के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने भारत में उपयोगकर्ताओं तक इन ऐप की पहुंच पर पाबंदी लगाने का आदेश जारी किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध (रोधी) समन्वय केंद्र से इस संदर्भ में मिली विस्तृत रिपोर्ट के बाद यह आदेश जारी किया गया है। इससे पहले, सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी कानून 69ए के तहत 29 जून को 59 मोबाइल ऐप और 2 सितंबर, 2020 को 118 ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया था। ये प्रतिबंध लद्दाख क्षेत्र में चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव के बीच लगाये गये हैं।

## लॉकडाउन की...

बुरी तरह से प्रभावित हो रही है, इसलिए कई शिक्षाविदों ने शून्य परीक्षा व्यवस्था का सुझाव दिया है। साथ ही याचिकाकर्ता ने अदालत से शिक्षा अधिकारियों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया है कि शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को बगैर परीक्षा के अगली कक्षा में प्रोन्नत किया जाए। याचिकाकर्ता के मुताबिक, लॉकडाउन की अवधि के दौरान कोई भी शैक्षणिक संस्थान खुला नहीं था, इसलिए उस अवधि के लिए विद्यार्थियों से कोई फीस नहीं वसूली जा सकती। ऐसे कई उदाहरण दिए गए हैं जहां कुछ शैक्षणिक संस्थानों द्वारा फीस मांगी गई है। याचिकाकर्ता ने गैर सहायता प्राप्त स्कूलों के खातों का नियमन किए जाने की भी मांग की जिसमें विद्यार्थियों की फीस और अध्यापकों का वेतन शामिल है। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख चार दिसंबर निर्धारित की।

## भाजपा विधायक...

कर दावा किया कि उन्होंने राजद सुप्रीमो को फोन कर गंदे तरीके अपनाने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने अपनी पार्टी के नेता विजय कुमार सिन्हा के विधानसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा, लालू प्रसाद का षड्यंत्र विफल हो गया। उपमुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद ने घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने विधानसभा परिसर में संवाददाताओं से कहा कि वह झारखंड सरकार से कहेंगे कि मामले का संज्ञान ले और जरूरत पड़ने पर इस मामले में उच्चस्तरीय जांच के लिए केंद्र से संपर्क करे। बिहार के मंत्री मुकेश सहनी ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के संस्थापक सहनी ने कहा, जो लोग सरकार गिराने की नीयत से विधायकों से बात करते हैं उन्हें लोकतांत्रिक नियमों पर बोलने का अधिकार नहीं है। इस बीच, विधानसभा की कार्यवाही के दौरान नदारद रहे राजद नेताओं ने इस मुद्दे पर सोची-समझी चुप्पी साध रखी है, जिससे सत्ता में रहते हुए जंगलराज के आरोप झेलने वाली पार्टी की छवि पर एक और दाग लग सकता है। पार्टी के कुछ नेताओं ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर कहा, यह एक शरारत हो सकती है। लालू प्रसाद की आवाज मशहूर है और कई लोग बहुत सफाई से उनकी आवाज निकाल सकते हैं। हालांकि पार्टी नेताओं ने अभी तक इन आरोपों को सिरे से दरकिनार नहीं किया है। बहरहाल, महुआ सीट से नवनिर्वाचित विधायक मुकेश रौशन ने दावा किया, मार्च में आप बड़ा उलटफेर देखेंगे। यह सरकार गिर जाएगी और तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। सभी दलों के विधायक हमारे संपर्क में हैं। देखिए और इंतजार कीजिए। इस बीच झारखंड के जेल महानिरीक्षक वीरेन्द्र भूषण ने रांची में कहा कि जिला प्रशासन की अनुमति से प्रसाद रिम्स निदेशक के बंगले में रहते हैं। रांची जिला प्रशासन प्रसाद के आगंतुकों और उनसे जुड़े अन्य मुद्दों पर निर्णय करता है। सोशल मीडिया में चल रही क्लिप के बारे में भूषण ने रांची में पीटीआई-भाषा से कहा, हम इसे देखेंगे और अगर कोई सच्चाई मिलती है तो हम उप जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच करने और कानून सम्मत कार्रवाई करने के लिए कहेंगे।

## हाईकोर्ट में...

सामने आई है। पीठ का इस पर कहना था कि वह सरकार के जवाब से संतुष्ट नहीं है। इस सुनवाई के दौरान मृतका के परिवार की वकील सीमा कुशवाहा ने दिल्ली में घर दिए जाने का आदेश सरकार को देने की मांग की। पीठ ने इस पर कहा कि वर्तमान मामले पर संज्ञान सीमित उद्देश्य के लिए लिया गया है। यह आरोप-प्रत्यारोप का मुकदमा नहीं है। पीठ ने इसके साथ ही हाथरस जैसे मामले की पुनरावृत्ति होने की दशा में अंतिम संस्कार के लिए प्रस्तावित गाइडलाइन पर और विचार विमर्श करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया।

# न्यूजीलैंड के ग्रेग बारक्ले बने आईसीसी के नए चेयरमैन

## बारक्ले ने सिंगापुर के इमरान ख्वाजा को पछाड़ा

## भारत के शशांक मनोहर की जगह लेंगे

भाषा। दुबई

**न्यूजीलैंड** क्रिकेट (एनजेडसी) के प्रमुख ग्रेग बारक्ले को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का नया स्वतंत्र चेयरमैन चुना गया है। बारक्ले ने सिंगापुर के इमरान ख्वाजा को पछाड़ा और वह भारत के शशांक मनोहर की जगह लेंगे। मंगलवार को आईसीसी की तिमाही बैठक के दौरान मतदान हुआ। इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रक्रिया में 16 बोर्ड आफ डायरेक्टर ने हिस्सा लिया जिसमें टेस्ट खेलने वाले देशों के 12 पूर्ण सदस्य, तीन एसोसिएट देश और एक स्वतंत्र महिला निदेशक (पेप्सीको की इंदिरा नूई) शामिल हैं। बारक्ले ने कहा कि आईसीसी का चेयरमैन चुना जाना सम्मान की बात है और समर्थन के लिए मैं अपने साथी आईसीसी निदेशकों का धन्यवाद देना चाहता हूं। उम्मीद करता हूं कि हम एकजुट होकर खेल को आगे ले जाएंगे और वैश्विक महामारी से उबरकर मजबूत वापसी और प्रगति करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं अपने सदस्यों के साथ मिलकर काम करते हुए हमारे महत्वपूर्ण बाजारों के अलावा इसके बाहर भी खेल को मजबूत करने को लेकर उत्सुक हूं जिससे कि दुनिया के अधिक लोग क्रिकेट का लुत्फ उठा सकें। न्यूजीलैंड के इस अधिकारी ने मतदान में 11-5 से जीत दर्ज की।

दूसरे दौर के मतदान में उन्हें क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका का महत्वपूर्ण वोट मिला जिससे वह जीत दर्ज करने में सफल रहे। पिछले हफ्ते पहले दौर के मतदान के दौरान उन्हें 10 और ख्वाजा को छह वोट मिले थे लेकिन मौजूदा नियमों के अनुसार विजेता के लिए 16 सदस्यों के आईसीसी बोर्ड में दो-तिहाई बहुमत यानी 11 वोट हासिल करना जरूरी है। आईसीसी के सीईओ मनु साहनी बोर्ड के 17वें सदस्य हैं लेकिन उन्हें मतदान का अधिकार हासिल नहीं है। माना जा रहा है कि भारत, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया के अलावा न्यूजीलैंड ने बारक्ले के पक्ष में वोट किया जिन्होंने टीमों के अधिक द्विपक्षीय श्रृंखलाएं खेलने का समर्थन किया जो इस मुश्किल आर्थिक हालात में इन बोर्ड के वित्तीय मॉडल के अनुकूल है। दूसरी तरफ ख्वाजा को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का समर्थन हासिल था। सिंगापुर क्रिकेट बोर्ड के पूर्व प्रमुख आईसीसी टूर्नामेंटों की संख्या बढ़ाने के पक्ष में थे जिससे एसोसिएट देशों के लिए राजस्व राशि में इजाफा होता। आकलैंड के व्यावसायिक अधिवक्ता बारक्ले 2012 से एनजेडसी बोर्ड का हिस्सा हैं। वह फिलहाल आईसीसी बोर्ड में न्यूजीलैंड के प्रतिनिधि हैं लेकिन स्वतंत्र रूप से जिम्मेदारी निभाने के लिए इस पद को छोड़ेंगे। बारक्ले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2015 के भी निदेशक थे और वह नार्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स क्रिकेट संघ के बोर्ड के पूर्व सदस्य और चेयरमैन भी रहे।

## द्विपक्षीय क्रिकेट सभी देशों की जीवनरेखा: बारक्ले



भाषा। दुबई

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नए चेयरमैन ग्रेग बारक्ले के लिए बिग थ्री की धारणा का कोई अस्तित्व नहीं है जिनका मानना है कि द्विपक्षीय श्रृंखलाएं और आईसीसी प्रतियोगिता एक साथ रह सकती है जिससे खेल के पारिस्थितिकी तंत्र को मदद मलेगी। बिग थ्री धारणा के तहत भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को वैश्विक संस्था के राजस्व का अधिकांश हिस्सा मिलना था। चुनाव से पहले न्यूजीलैंड के बारक्ले ने कहा था कि यह धारण पैदा की गई थी वह हर अन्य चीज पर द्विपक्षीय क्रिकेट को अहमियत देंगे लेकिन यह वास्तविकता से कोसों दूर है। बारक्ले ने आईसीसी की वेबसाइट पर पोस्ट वीडियो में कहा कि मीडिया में इसे लेकर गलत धारणा बनाई गई, लेकिन तथ्य यह है कि बेशक मैं द्विपक्षीय क्रिकेट का पक्षधर हूं, यह क्रिकेट खेलने वाले सभी देशों की जीवनरेखा है। उन्होंने कहा कि देशों को नियमित रूप से एक दूसरे के खिलाफ खेलना, व्यावहारिक प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताएं प्रशंसकों को खेल से जोड़ती हैं। यह विकास का रास्ता साफ करती है, यह क्रिकेट का अहम हिस्सा है। बीसीसीआई का समर्थन हासिल करने वाले न्यूजीलैंड के इस प्रशासक ने कहा कि लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि विश्व प्रतियोगिताएं उतनी महत्वपूर्ण नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आईसीसी विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। पिछले साल महिला टी-20 विश्वकप, एकदिवसीय विश्वकप के दौरान जो हुआ उसे देखें तो शानदार प्रतियोगिताएं थी। बारक्ले ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि शीर्ष प्रतियोगिताएं हैं। मेरे यह कहने की जरूरत है कि इनके और एक साथ मिलकर काम करने की जरूरत है, इनमें से एक की दूसरे के लिए अनदेखी नहीं हो सकती।

# भारत का आक्रमण बेहद मजबूत: लैंगर

## आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज चुनौती के लिए तैयार

भाषा। सिडनी

**आस्ट्रेलिया** के कोच जस्टिन लैंगर ने बुधवार को कहा कि वह भारत के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का काफी सम्मान करते हैं लेकिन उनकी टीम के बल्लेबाज उनकी रणनीतियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं और आगामी श्रृंखला में उनकी किसी भी चुनौती के लिए तैयार हैं। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच पूर्ण श्रृंखला की शुरुआत यहां 27 नवंबर को सीमित ओवरों के मुकाबले के साथ होगी। लैंगर ने कहा कि दोनों टीमों के मजबूत होने के कारण यह मुकाबला रोमांचक होगा।

एक आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस में लैंगर ने कहा कि हमें पता है कि जसप्रीत बुमराह विश्व स्तरीय गेंदबाज है और मोहम्मद शमी पारी का आगाज करने के लिए शानदार साथी है। हम इसका काफी सम्मान करते हैं लेकिन आईपीएल के जरिए और पिछले कुछ साल में हमारे खिलाड़ियों ने उन्हें काफी खेला है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले कुछ साल में भारत के खिलाफ 14 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और दोनों टीमों ने सात-सात मुकाबले जीते हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह की अगुआई में भारत मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के साथ आस्ट्रेलिया का दौरा कर रहा है जिसमें मोहम्मद शमी, नवदीप सैनी और शारदुल ठाकुर भी शामिल हैं।

स्पिन विभाग में युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव के साथ रविंद्र जडेजा को जगह मिली है। लैंगर ने कहा कि आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज चुनौती के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ काफी खेले हैं और इस मुकाबले के संदर्भ में मुझे यह पसंद है, आप देखते हैं कि कौन सी टीम प्रगति कर रही है, कौन सा खिलाड़ी प्रगति कर रहा है। अब हम एक-दूसरे के खिलाफ काफी खेल चुके हैं। लैंगर ने कहा कि हम उनका काफी सम्मान करते हैं, उनके स्पिनरों का काफी सम्मान करते हैं, बुमराह, शमी और उनके अन्य गेंदबाज नवदीप सैनी का सम्मान करते हैं। लैंगर ने चोट के कारण भारत के स्टार सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज इशांत शर्मा के नहीं खेल पाने से जुड़े सवाल पर प्रतिक्रिया देने से इनकार करते हुए कहा कि यह उनकी समस्या नहीं है।

रोहित और इशांत को आईपीएल के दौरान चोट लगी थी और उन पर टेस्ट श्रृंखला से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। लैंगर ने कहा कि यह हमारा काम नहीं है, हमारे पास अपनी चुनौतियां हैं, मैच की सुबह एक समूह के रूप में हम पहली बार एक साथ आएंगे इसलिए यह भारत पर निर्भर करता है कि वे किसे चुनते हैं। कोच को अपने गेंदबाजों पर गर्व है और उन्होंने उन्हें शानदार करार दिया। उन्होंने कहा, हमारे पास काफी गहराई है, हमने पूरी एशेज श्रृंखला के दौरान यह दिखाया। हम विभिन्न हालात और वे कैसा महसूस कर रहे हैं इसके अनुसार अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल करने में सफल रहे लैंगर ने कहा कि हमारे पास मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड हैं। हमारे पास जेम्स पेटिनसन, सीन एबट और माइकल नेसेर हैं जो टीम में जगह बनाने के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि हम किसी भी हालात के अनुसार गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। लैंगर ने स्पष्ट किया कि सिर में चोट लगने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में नहीं खेल पाए स्टीव स्मिथ को इस श्रृंखला के लिए अंतिम एकादश में जगह मिलेगी।

उन्होंने कहा कि बेशक स्टीव सीधे टीम में जगह बनाएगा और इससे हमारा सिर दर्द बढ़ेगा लेकिन यह अच्छा सिर दर्द है। चयन को लेकर काफी बात हो रही है, इससे थोड़ा सिरदर्द बढ़ता है लेकिन मैं वादा करता हूं कि यह काफी अच्छा सिरदर्द है।

## दुर्व्यवहार के लिए जगह नहीं: लैंगर



**सिडनी**। आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने बुधवार को कहा कि उनकी टीम आगामी श्रृंखला में जब भारत के खिलाफ उतरेगी तो दुर्व्यवहार के लिए कोई जगह नहीं होगी लेकिन दो टक्कर की टीमों के बीच उन्हें काफी छींटाकशी की उम्मीद है। स्वयं आक्रामक खिलाड़ी रहे लैंगर ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने मैदान के अंदर और बाहर बर्ताव पर काफी बात की है। किसी भी हाल में जीत दर्ज करने की अपने खिलाड़ियों की मानसिकता के लिए अतीत में आस्ट्रेलिया को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है जिसके कारण टीम के रवैए और नैतिकता का विस्तृत विश्लेषण भी हुआ था। लैंगर ने शुक्रवार को पहले वनडे के साथ शुरू हो रही एकदिवसीय श्रृंखला से पहले कहा कि लोग कहते हैं कि आस्ट्रेलिया में आप नर्वस हो जाते हैं, मुझे यकीन नहीं कि वे मैदान पर बातचीत के संदर्भ में कह रहे हैं। ऐसा इसलिए है कि वे कुछ बेहद बेहद शानदार खिलाड़ियों के खिलाफ खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप शेन वार्न, ग्लेन मैकग्रा का सामना कर रहे हैं या स्टीव वॉ, एडम गिलक्रिस्ट या रिकी पोंटिंग को गेंदबाजी कर रहे हैं तो मैदान पर बोले जाने वाले कुछ शब्दों से अधिक यह आपको नर्वस करेगा। लैंगर ने कहा कि पिछले कुछ साल में हमने मैदान के अंदर और बाहर अपने बर्ताव पर चर्चा की है और हमने बात की है कि दुर्व्यवहार के लिए कोई जगह नहीं है। छींटाकशी के लिए काफी जगह है और यह प्रतिस्पर्धी रवैया है। लैंगर ने कहा कि अगामी श्रृंखला में खेलने वाले दिग्गज खिलाड़ियों को देखते हुए काफी प्रतिस्पर्धी ऊर्जा होगी।

## टीम कोई बहाना नहीं बनाएगी: वेड

**सिडनी**। भारत के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से पहले आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को अलग-अलग समूह में ट्रेनिंग को बाध्य होना पड़ा है लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने कहा कि टीम कोई बहाना नहीं बनाएगी क्योंकि खिलाड़ी इतने अनुभवी हैं कि इस तरह की स्थिति से निपट सकें। आस्ट्रेलिया की सीमित ओवरों की टीम इस समय दो स्थानों पर ट्रेनिंग पर रही है। एक समूह मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के मार्गदर्शन में सिडनी क्रिकेट मैदान पर ट्रेनिंग कर रहा है। यूएई में हाल में संपन्न इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने वाले स्टीव स्मिथ, डेविड वार्नर और पैट कमिंस जैसे खिलाड़ी 14 दिन के अनिवार्य पृथकवास से गुजर रहे हैं और सहायक कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं। वेड ने कहा कि हमने कुछ हद तक इस तरह की स्थिति का सामना पहले भी किया है लेकिन मौजूदा स्थिति पहले की स्थिति से बिलकुल अलग है। यह टीम लंबे समय से साथ है, विशेषकर अंतिम एकादश, इसलिए हम शुक्रवार सुबह उतरेंगे और सभी को अपनी भूमिका पता है। हमारी ओर से कोई बहाना नहीं है। दोनों समूह गुरुवार को एक साथ आएंगे और पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शुक्रवार को खेला जाएगा और ऐसे में खिलाड़ियों के पास एक समूह के रूप में अभ्यास करने का समय नहीं होगा। दूसरी तरफ भारतीय टीम भी यूएई से आने के बाद पृथकवास से गुजर रही है और सीमित ओवरों की टीम के अलावा टेस्ट टीम भी एक समूह के रूप में ट्रेनिंग कर रही है। वेड ने कहा कि भारत भी पृथकवास में है लेकिन उन्हें एक साथ ट्रेनिंग करने का मौका मिल रहा है जो हमारी स्थिति से थोड़ा अलग है। कप्तान आरोन फिंच, डेविड वार्नर, स्टीव स्मिथ की मौजूदगी में आस्ट्रेलिया का एकदिवसीय शीर्ष क्रम काफी मजबूत है जिसमें एलेक्स कैरी विकेटकीपर की जिम्मेदारी निभाएंगे और ऐसे में अक्टूबर 2017 में अपना पिछला एकदिवसीय खेलने वाले वेड की नजरें चार दिसंबर से शुरू होने वाली टी-20 श्रृंखला पर टिकी है।

## भारत-आस्ट्रेलिया में कड़े मुकाबले की उम्मीद



**कराची**। पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज वकार यूनिस का मानना है कि भारतीय टीम के तेजी से उभरते हुए तेज गेंदबाजों और टेस्ट क्रिकेट में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी तथा आस्ट्रेलियाई टीम में डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ की वापसी से दोनों टीमों के बीच आगामी क्रिकेट श्रृंखला काफी प्रतिस्पर्धी होगी। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला की शुरुआत शुक्रवार को सिडनी में पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के साथ होगी। वकार ने कहा कि आस्ट्रेलिया भारत पर कड़ा प्रहार करेगा क्योंकि वे अब भी 2018 की घरेलू टेस्ट श्रृंखला में शिकस्त की पीड़ा को महसूस कर रहे होंगे। वकार ने कहा कि आस्ट्रेलिया अपने घर में खेल रहा है और उसने अच्छा तेज गेंदबाजी आक्रमण तैयार किया है और डेविड वार्नर तथा स्टीव स्मिथ की वापसी से वे काफी मजबूत लग रहे हैं लेकिन भारत के पास भी कुछ अच्छे तेज गेंदबाज हैं जो काफी तेजी से उभरे हैं और उन्होंने आस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौरे पर अच्छी गेंदबाजी की थी। उन्होंने कहा कि भारत की बल्लेबाजी काफी प्रभावशाली है जिसमें पुजारा और रहाणे जैसे टेस्ट प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी शामिल हैं इसलिए मुझे अच्छे मुकाबले की उम्मीद है। पाकिस्तान के इस पूर्व कप्तान को हालांकि इसमें कोई संदेह नहीं कि एडीलेड में पहले टेस्ट के बाद विराट कोहली की गैरमौजूदगी और रोहित शर्मा तथा इशांत शर्मा के कम से कम पहले दो टेस्ट में नहीं खेलने से भारत की श्रृंखला जीतने वाले उम्मीदों पर असर पड़ेगा।

## डि ग्रैंडहोम व पटेल वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड टीम से बाहर

**वेलिंगटन**। न्यूजीलैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट की श्रृंखला से पहले दोहरा झटका लगा जब आलराउंडर कोलिन डि ग्रैंडहोम और स्पिनर एजाज पटेल चोट के कारण टीम से बाहर हो गए। डि ग्रैंडहोम के दाएं पैर में चोट है जबकि पटेल की पिंडली की मांसपेशियों में चोट है। आलराउंडर डेरिल मिशेल और मिशेल सेंटनर को विकल्प के तौर पर न्यूजीलैंड की टीम में शामिल किया गया है। डेरिल मिशेल ने पिछले साल नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण करते हुए नाबाद 73 रन की पारी खेली थी लेकिन तब से उन्हें दूसरा टेस्ट खेलने का मौका नहीं मिला। सेंटनर न्यूजीलैंड को बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी का विकल्प देने के साथ बल्लेबाजी में निचले मध्य क्रम को मजबूत करेंगे। सेंटनर और डेरिल मिशेल शुक्रवार से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए भी न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा हैं।

## कैरेबियाई क्रिकेटरों का तीसरा कोरोना टेस्ट नेगेटिव, पहला टी-20 आकलैंड में 27 को

**क्राइस्टचर्च**। न्यूजीलैंड पहुंचने के बाद से पृथकवास में रह रहे वेस्टइंडीज के क्रिकेटरों के तीसरे और आखिरी कोरोना टेस्ट की रिपोर्ट नेगेटिव आई है और अब वे शुक्रवार को पहला टी-20 मैच आकलैंड में खेलेंगे। वेस्टइंडीज के अधिकांश क्रिकेटर यूएई में इंडियन प्रीमियर लीग खेलकर यहां पहुंचे हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने एक बयान में कहा कि पृथकवास में रह रहे वेस्टइंडीज टीम के सभी सदस्यों की कोरोना जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई है। इसमें कहा गया कि अब वे पृथकवास केंद्र छोड़कर आकलैंड रवाना होंगे जहां शुक्रवार को पहला टी-20 मैच खेला जाना है। बयान में कहा गया कि इनमें सीमित ओवरों के कप्तान कीरोन पोलार्ड भी शामिल है जो टीम की कमान संभालेंगे। पहला मैच 27 नवंबर को आकलैंड में, दूसरा और तीसरा 29 और 30 नवंबर को माउंट माउंगानुइ में खेला जाएगा। इसके बाद दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला होगी।

## एमएसएलटीए ने टाटा ओपन महाराष्ट्र को 2021 सत्र के दूसरे हाफ में जगह मांगी

**नई दिल्ली**। महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ (एमएसएलटीए) ने एटीपी को पत्र लिखकर टाटा ओपन महाराष्ट्र को 2021 सत्र के दूसरे हाफ में जगह देने को कहा है। एमएसएलटीए ने कोविड-19 महामारी के कारण देश के इस शीर्ष टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन फरवरी में कराने में असमर्थता जताई है। राज्य टेनिस संघ एमएसएलटीए अगर इस एटीपी 250 प्रतियोगिता का आयोजन करता है तो उसे कई समस्याओं से जूझना होगा। राज्य सरकार ने महामारी के कारण अब तक महाराष्ट्र में प्रतियोगिताओं की बहाली को स्वीकृति नहीं दी है और साथ ही बाहर से आने वाले सभी लोगों के लिए 14 दिन का पृथकवास अनिवार्य किया है जिस शर्त को फिलहाल एटीपी मानने को तैयार नहीं है। एटीपी चाहता है कि खिलाड़ियों को पृथकवास के समय से छूट दी जाए और जैविक रूप से सुरक्षित माहौल तैयार किया जाए जिससे टूर्नामेंट के खर्चे में काफी इजाफा होगा।

## पुरुष राष्ट्रीय हॉकी शिविर एक हफ्ते पहले 12 दिसंबर को खत्म होगा: साइ

**बेंगलुरू**। भारतीय हॉकी टीम का यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में चल रहा राष्ट्रीय शिविर मुख्य कोच ग्राहम रीड की सिफारिश पर एक हफ्ते पहले 12 दिसंबर को समाप्त होगा। चार महीनों से चल रहा यह शिविर इससे पहले 18 दिसंबर को समाप्त होना था। खिलाड़ी तीने हफ्ते के ब्रेक के बाद पांच जनवरी को दोबारा शिविर के लिए एकत्रित होंगे। साइ ने बयान में कहा कि मुख्य कोच और वैज्ञानिक सलाहकार (रॉबिन आर्केल) पुरुष सीनियर टीम के खिलाड़ियों को विस्तृत स्ट्रेंथ एवं अनुकूलन कार्यक्रम देंगे जो उन्हें ब्रेक के दौरान पूरा करना होगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम इस साल अगस्त से साइ के बेंगलुरू केंद्र में ट्रेनिंग कर रही है। कोविड-19 महामारी के कारण मार्च में लागू देशव्यापी लॉकडाउन के बाद खेल को चरणबद्ध तरीके से बहाल करने की तैयारी है।

# मौका मिला तो अगले तीन विश्व कप में विकेटकीपिंग करना चाहूंगा: राहुल



भाषा। सिडनी

**भारत** के सीमित ओवरों के उपकप्तान केएल राहुल ने बुधवार को कहा कि मौका मिलने पर वह अगले तीन विश्व कप में विकेटकीपिंग करना चाहेंगे हालांकि टीम प्रबंधन ने उनसे इस बारे में कोई बात नहीं की। राहुल सीमित ओवरों में विशेषज्ञ विकेटकीपर ऋषभ पंत और संजू सैमसन की बजाय भारतीय टीम की पहली पसंद बन गए हैं।अगले तीन साल में दो टी-20 विश्व कप और एक दिवसीय विश्व कप होना है। राहुल ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 27 नवंबर से शुरू हो रही सीमित ओवरों की श्रृंखला से पहले कहा कि मेरे विकेटकीपिंग करने से टीम संयोजन में मदद मिलती है और मुझे भी यह पसंद है। मौका मिलने पर मैं तीनों विश्व कप में विकेटकीपिंग करना चाहूंगा। यह पूछने पर कि क्या टीम प्रबंधन ने उनसे इस बारे में बात की है, उन्होंने कहा कि मुझसे कुछ कहा नहीं गया है और हम एक टीम के रूप में इतनी आगे का नहीं सोच रहे हैं। विश्व कप अहम है लेकिन हर टीम और देश के लिए दीर्घकालिन रणनीति होती है।

कर्नाटक के इस स्टायलिश बल्लेबाज ने कहा कि मैं एक समय पर एक ही मैच के बारे में सोचता हूं। अगर मैं लगातार अच्छा प्रदर्शन करता रहा तो हमारे पास अतिरिक्त गेंदबाज और बल्लेबाज को उतारने का मौका होगा। राहुल वनडे में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं और टी-20 में पारी का आगाज करते हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि बल्लेबाजी क्रम में उनका स्थान प्रारूप पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि यह इस पर निर्भर करता है कि टीम मुझसे क्या चाहती है और कौन सा टीम संयोजन बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में मैने पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी का भी मजा लिया। टीम मुझे जो भी भूमिका देगी, मैं उसे निभाकर खुश हूं। क्या वह महेंद्र सिंह धोनी की तरह कुलदीप यादव या युजवेंद्र चहल की गेंदों पर विकेटकीपिंग कर सकेंगे, उन्होंने कहा कि एमएस धोनी की जगह कोई नहीं ले सकता।

उन्होंने हमें रास्ता दिखाया है कि विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका कैसे निभाते हैं। उन्होने कहा कि कुलदीप, युजी या जड्डू के साथ अच्छी दोस्ती है और कोई गलती होने पर मैं उन्हें फीडबैक दूंगा कि किस लैंग्थ से गेंदबाजी करनी है या कोई भी विकेटकीपर ऐसा ही करेगा।

# यूवेंटस, बार्सीलोना व चेल्सी चैंपियन्स लीग में आगे बढ़े

**लंदन**। यूवेंटस, बार्सीलोना, चेल्सी और सेविला ने दो मैच शेष रहते ही चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बना ली है। अल्वारो मोराटा ने इंजरी टाइम में गोल दागकर यूवेंटस को हंगरी की टीम फेरेनक्वारोस पर 2-1 गोल की जीत दिलाई जिससे इटली की टीम का ग्रुप जी में कम से कम दूसरे स्थान पर रहना तय हो गया। बार्सीलोना की टीम डाइनेमो कीव को 4-0 गोल से हराकर सत्र की लगातार 17वीं जीत के साथ ग्रुप जी में शीर्ष पर रहते हुए अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रही। बार्सीलोना की टीम इस मैच में लियोनल मेस्सी, फ्रेंकी डि जोंग और कई अन्य खिलाड़ियों के बिना उतरी थी लेकिन इसके बावजूद आसान जीत दर्ज करने में सफल रही।बार्सीलोना की ओर से मार्टिन ब्रेथवेट ने दो जबकि सर्जिनो डेस्ट और एंटोनी ग्रिजमैन ने एक-एक गोल दागा जिससे टीम ने ग्रुप में चार मैचों में चौथी जीत दर्ज की। टीम ने फिलहाल यूवेंटस पर तीन अंक की बढ़त बना रखी है। चेल्सी और सेविला ने ग्रुप ई से नॉकआउट में जगह बनाई। स्थानापन्न खिलाड़ी ओलिवर गिरोड ने इंजरी टाइम में हैडर से गोल दागकर चेल्सी को रेनेस के खिलाफ 2-1 की जीत दिलाई। मुनीर अल हदादी ने भी इंजरी टाइम के अंतिम मिनट में गोल दागकर सेविला को रूस की टीम क्रेसनोदार पर 2-1 की जीत दिलाई। ग्रुप ई में सेविला और चेल्सी दोनों के 10 अंक हैं जबकि क्रेसनोदार और रेनेस के चार मैचों के बाद एक-एक अंक हैं। दूसरी तरफ एर्लिंग हेलेंड ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दो गोल दागे जिससे बोरूसिया डोर्टमंड क्लब ब्रूग को 3-0 गोल से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाने के करीब पहुंच गया है। डोर्टमंड की टीम अगले मैच में दो दिसंबर को दूसरे स्थान पर चल रहे लाजियो से भिड़ेगी। लाजियो ने जेनिट सेंट पीटर्सबर्ग को 3-1 से हराया। टीम की जीत में डोर्टमंड के पूर्व फारवर्ड काइरो इमोबाइल ने दो गोल दागे ।

## भारतीय तीरंदाजी संघ को सरकार से मिली मान्यता

**कोलकाता**। भारतीय तीरंदाजी संघ को बुधवार को आठ साल बाद सरकार से फिर मान्यता मिल गई। राष्ट्रीय खेल विकास संहिता के अनुरूप चुनाव नहीं कराने के कारण उसकी मान्यता रद्द की गई थी। एएआई के चुनाव इस साल जनवरी में हुए जिसमें केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पैनल ने बहुमत हासिल किया। खेल मंत्रालय के उप सचिव एसपीएस तोमर ने एएआई अध्यक्ष और महासचिव को लिखे पत्र में कहा कि यह स्पष्ट है कि सरकारी दिशा निर्देशों के पालन को लेकन मंत्रालय की चिंताओं का एएआई ने निवारण कर दिया है। इसके साथ ही एएआई की मान्यता बहाल करने का फैसला लिया गया है जो एक साल तक वैध रहेगी। मुंडा ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे भारत की ओलंपिक तैयारी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय तीरंदाजी संघ का अध्यक्ष होने के नाते मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि तीरंदाजी संघ को मान्यता मिल गई है।

# मुनाफावसूली के दबाव में बाजार टूटा

## सेंसेक्स 695 अंक लुढ़का

भाषा। मुंबई

**शेयर** बाजारों में तीन दिनों से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लग गया। वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच निवेशकों की मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स 695 अंक लुढ़क गया। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 694.92 अंक यानी 1.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 43,828.10 अंक पर बंद हुआ। शुरूआती कारोबार के दौरान यह 44,825.37 के रिकार्ड स्तर तक चला गया था।

इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्चेंज का निफ्टी 196.75 यानी 1.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 12,858.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह अबतक के सर्वोच्च स्तर 13,145.85 तक चला गया था। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक नुकसान में कोटक बैंक रहा। इसमें 3.22 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा एक्सिस बैंक, सन फार्मा, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, इन्फोसिस और टेक महिंदा में भी गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ केवल तीन शेयरा ओएनजीसी, पावरग्रिड और इंडसइंड बैंक लाभ में रहे। इनमें 6.25 प्रतिशत तक की तेजी आई। अमेरिका में कोविड-19 टीके को लेकर उम्मीद के बीच मंगलवार को डो जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 30,000 अंक के पार निकल गया। इसका असर बाजार पर पड़ा। ऐसी रिपोर्ट है कि अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन वित्त मंत्री पद के लिए फेडरल रिजर्व की पूर्व प्रमुख जेनेट एलेन को चुनेंगे। इससे भी निवेशकों में उत्साह रहा जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, टीके के विकास को लेकर सकारात्मक खबरें तथा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लगातार पूंजी प्रवाह से पिछले कुछ दिनों से बाजार में तेजी पर बुधवार को विराम लगा। इसका कारण कारोबार के दूसरे चरण में विभिन्न शेयरों में मुनाफावसूली रही। वहीं पश्चिमी बाजारों में सकारात्मक रुख बना हुआ है। इसका कारण टीके के विकास तथा अमेरिका में राजनीतिक असमंजस की स्थिति का दूर होना है। उन्होंने कहा कि घरेलू बाजार में अल्पकाल में मुनाफावसूली बने रहने की संभावना है क्योंकि नकदी आधारित तेजी रिकार्ड उंचाई पर पहुंच गई है। इस तेजी पर अब कुछ अंकुश लग सकता है।

## बीएसई ने कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग को सदस्यता से निलंबित किया

**नई दिल्ली**। प्रमुख शेयर एक्सचेंज बीएसई ने भी कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग को चूककर्ता (डिफॉल्टर) घोषित किया है और इस ब्रोकरेज हाउस को अपनी सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। इससे पूर्व समान कार्वाई नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के द्वारा की गई थी। बीएसई ने कहा कि इस ब्रोकरेज फर्म के खिलाफ बकाए को लेकर कोई भी निवेशक नोटिस के जारी होने की तारीख से 22 फरवरी 2021 तक की 90 दिन की अवधि के भीतर एक्सचेंज के पास अपने दावे दर्ज करा सकता है। बीएसई ने कहा कि एक्सचेंज ने एक्सचेंज के कॉरपोरेट ट्रेडिंग मेंबर कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लिमिटेड को डिफॉल्टर घोषित किया है।

## आईसीएआई व नीदरलैंड के वीआरसी के बीच एमओयू को मंत्रिमंडल की मंजूरी

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) तथा नीदरलैंड के वेरेनिगिंग वैन रजिस्टर कंट्रोलर्स (वीआरसी) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में एमओयू को मंजूरी दी गई। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस एमओयू से लेखा प्रणाली को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

बयान में कहा गया है कि आईसीएआई तथा वीआरसी, नीदरलैंड में तकनीकी कार्यक्रम, संगोष्ठियां और सम्मेलन आयोजित करने के लिए मिलकर काम करेंगे। नीदरलैंड में दोनों संस्थान लेखा, वित्त, सूचना प्रौद्योगिकी और ऑडिट के क्षेत्र में अल्पावधि के पेशेवर पाठ्यक्रम की पेशकश करेंगे। साथ ही दोनों संस्थाएं विद्यार्थी तथा फैकल्टी आदान-प्रदान कार्यक्रम के रूप में संभावनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे।

# ईएसआईसी योजनाओं में सितंबर में 11.49 लाख नए सदस्य जुड़े

संवाददाता। नई दिल्ली

**कर्मचारी** राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से सितंबर में 11.49 लाख नए सदस्य जुड़े। अगस्त में यह आंकड़ा 9.47 लाख रहा था। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। ताजा आंकड़े राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा बुधवार को जारी रिपोर्ट का हिस्सा हैं। आंकड़ों के अनुसार, ईएसआईसी से जून में 8.27 लाख नए सदस्य जुड़े थे। मई में यह आंकड़ा 4.87 लाख और अप्रैल में 2.62 लाख रहा था। आंकड़ों से पता चलता है कि लॉकडाउन में ढील के बाद ईएसआईसी के अंशधारकों की संख्या बढ़ रही है। इसके बाद जुलाई में ईएसआईसी से 7.61 लाख नए सदस्य जुड़े। अगस्त में यह आंकड़ा बढ़कर 9.47 लाख हो गया। मई में जारी पेरोल आंकड़ों के अनुसार मार्च में ईएसआईसी संचालित योजनाओं से 8.21 लाख नए सदस्य जुड़े थे। फरवरी में यह आंकड़ा 11.83 लाख रहा था। एनएसओ की रिपोर्ट के उनसार 2019-20 में ईएसआईसी से कुल 1.51 करोड़ नए सदस्य जुड़े थे। सितंबर, 2017 से मार्च, 2018 के दौरान 83.35 लाख नए अंशधारक ईएसआईसी योजनाओं से जुड़े। रिपोर्ट के अनुसार सितंबर, 2017 से सितंबर, 2018 की अवधि में ईएसआईसी से कुल 4.28 करोड़ नए सदस्य जोड़े गए। एनएसओ की रिपोर्ट ईएसआईसी द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) तथा पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के पेरोल आंकड़ों पर आधारित होती है।

# आतंकवादियों का पाकिस्तान सबसे बड़ा आश्रयदाता: भारत

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र में क हा पाकिस्तान को एबटाबाद याद रखना चाहिए

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**भारत ने** संयुक्त राष्ट्र में कहा कि पाकिस्तान, संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादियों का सबसे बड़ा प्रश्रयदाता है और उसे एबटाबाद याद रखना चाहिए जहां अल-कायदा का सरगना ओसामा बिन लादेन कई सालों तक छिपा रहा और अंतत: मारा गया। संरा महासचिव एंतोनियो गुतारेस को पाकिस्तान के राजनयिक द्वारा एक डोजियर सौंपा गया था जिसके जवाब में भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत टी एस तिरुमूर्ति ने ट्वीट किया कि पाकिस्तान की ओर से दिया गया डोजियर झूठ



● संराष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत टी एस तिरुमूर्ति ने ट्वीट किया कि पाकिस्तान की ओर से दिया गया डोजियर झूठ का पुलिंदा है और उसकी कोई विश्वसनीयता नहीं है

का पुलिंदा है और उसकी कोई विश्वसनीयता नहीं है। उन्होंने कहा, फर्जी दस्तावेज देना और झूठा कथानक गढ़ना पाकिस्तान के लिए नई बात नहीं है। वह संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादियों का सबसे बड़ा प्रश्रयदाता है। उसे एबटाबाद याद रखना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र में इस्लामाबाद के राजनयिक मुनीर अकरम ने गुतारेस से भेंट कर उन्हें पाकिस्तान सरकार की ओर से एक डोजियर सौंपा था और आरोप लगाया था भारत उनके देश में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है।

तिरुमूर्ति ने अपने ट्वीट में पाकिस्तान के शहर एबटाबाद की याद दिलाई जहां बिन लादेन कई सालों तक छिपा रहा और मई 2011 में अमेरिकी नौसेना के सील कमांडों के दस्ते ने उसे मार गिराया था।

विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रृंगला ने सोमवार को अमेरिका, रूस, फ्रांस और जापान जैसे बड़े देशों के दूतों को पाकिस्तान स्थित जैश ए मोहम्मद आतंकी संगठन द्वारा जम्मू कश्मीर के नगरोटा में हमले की साजिश से अवगत कराया था।भारतीय सुरक्षा बलों ने 19 नवंबर को आतंकवादियों की इस साजिश को नाकाम करते हुए मुठभेड़ में चार आतंकवादियों को मार गिराया था।



बैंकाक में तीन उंगलियां दिखाकर प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारी

# मेरा राष्ट्रीय सुरक्षा दल अमेरिका को सुरक्षित रखेगा: बाइडन

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उनका राष्ट्रीय सुरक्षा दल देश को सुरक्षित रखेगा ताकि यह प्रदर्शित किया जा सके कि अमेरिका विश्व का नेतृत्व करने को एक बार फिर तैयार है, इससे पीछे हटने को नहीं।डेलावेयर के विलमिंगटन में अपने सत्ता हस्तांतरण मुख्यालय से बाइडन ने मंगलवार को अनुभवी राजनयिक एंटनी ब्लिनकेन को विदेश मंत्री, एलेजांद्रो मयोरकास को होमलैंड सिक्योरिटी मंत्री, लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत और एवरिल हैंस को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के तौर पर नामित करने के अपने इरादे की घोषणा की।

एवरिल राष्ट्रीय खुफिया निदेशक बनने वाली पहली महिला होंगी। बाइडन ने जॉन कैरी को राष्ट्रपति का विशेष जलवायु दूत और जेक सुलिवन (43) को राष्ट्रीय सलाहकार के पद के लिए नामित करने की भी घोषणा की थी। सुलिवन, दशकों में इस पद पर सेवा देने वाले सबसे कम उम्र के लोगों में से एक होंगे।

कई प्रमुख केबल नेटवर्क पर प्रसारित संबोधन में बाइडन ने कहा, यह एक ऐसा दल है जो हमारे देश और हमारे लोगों को सुरक्षित रखेगा और यह एक ऐसा दल है जो उस तथ्य को प्रदर्शित करेगा कि अमेरिका विश्व का नेतृत्व करने को एक बार फिर तैयार है, इससे पीछे हटने को नहीं। एक बार फिर सर्वश्रेष्ठ होने, अपने प्रतिद्वंद्वियों का सामना करने , सहयोगियों के साथ खड़ा होने, हमारे मूल्यों के लिए

### एनएसए नियुक्त जेक सुलिवन जैसा बुद्धिजीवी पीढ़ियों में कोई एक होता है: नवनिर्वाचित राष्ट्रपति

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन जैसा बुद्धिजीवी पीढ़ियों में कोई एक होता है और उनमें दुनिया के कठिनतम कामों से एक को करने के लिए अनुभव और मिज़ाज दोनों हैं। बाइडन ने डेलावेयर के विलमिंगटन में अपने सत्ता हस्तांतरण मुख्यालय में मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, मेरे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में मैं जेक सुलिवन का चयन करता हूं। उनके जैसा मेधावी पीढ़ियों में कोई एक होता है और उनमें दुनिया के कठिनतम कामों से एक को करने के लिए अनुभव और मिज़ाज दोनों हैं। सुलिवन (43), दशकों में पहली बार सबसे कम उम्र के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार होंगे। बाइडन जब उप राष्ट्रपति थे तब सुलिवन उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे। वह विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन के एक मुख्य सलाहकार रह चुके हैं।उन्होंने कहा, और राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार के दौरान वह विदेशी और घरेलू नीतियों में मेरे सबसे भरोसेमंद सलाहकार रहे। साथ ही उन्होंने कोविड-19 से निपटने की रणनीति बनाने में मेरी मदद की। जेक मेरे उस दृष्टिकोण को समझते हैं कि आर्थिक सुरक्षा ही राष्ट्रीय सुरक्षा है।



# भारतवंशियों की उपलब्धियों, समाज में उनके योगदान पर गर्व है: रूट

**द हेग।** नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रूट ने कहा कि उनका देश यूरोप के उन देशों में शामिल है जहां सर्वाधिक भारतवंशी रहते हैं और उन्हें भारतवंशियों की उपलब्धियों तथा समाज में उनके योगदान पर गर्व है इस महीने नीदरलैंड में अपना कार्यकाल पूरा करने जा रहे भारत के राजदूत वेणु राजमणि को लिखे पत्र में डच प्रधानमंत्री ने सात दशक लंबे भारत-नीदरलैंड द्विपक्षीय संबंधों का जिक्र किया और कहा कि दोनों देश जल, कृषि और नवीकरणीय ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं। रूट ने 20 नवंबर को लिखे पत्र में कहा, 'नीदरलैंड और भारत के बीच 70 साल से द्विपक्षीय संबंध हैं तथा नीदरलैंड यूरोप के उन देशों में शामिल है जहां सबसे अधिक भारतवंशी रहते हैं। हमें उनकी उपलब्धियों और हमारे समाज के लिए उनके योगदान पर गर्व है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण नीदरलैंड डिजिटल व्यापार को प्राथमिकता दे रहा है जिसमें जल, कृषि तथा नवीकरणीय ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। रुट ने राजमणि को लिखे पत्र में कहा, मुझे विश्वास है कि नीदरलैंड के साथ आपका रिश्ता आपके तबादले के साथ खत्म नहीं होगा और आप डच-भारतीय मित्रता में कूटनीतिक योगदान देना जारी रखेंगे। राजमणि जून, 2017 से नीदरलैंड में भारत के राजदूत के तौर पर काम कर रहे हैं और राजनयिक के रूप में तीन दशक के करियर के बाद आगामी 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। रुट ने पत्र में लिखा कि उन्हें 2017 में नीदरलैंड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत कर खुशी हुई थी। उन्होंने 2015 और 2018 में हैदराबाद हाउस की यात्रा से जुड़ी अपनी यादों का भी जिक्र किया।

# न्यूजीलैंड में भारतीय मूल के सांसद ने संस्कृत में ली शपथ



**भाषा।** मेलबर्न

**न्यूजीलैंड में** नवनिर्वाचित युवा सांसदों में से एक डॉक्टर गौरव शर्मा ने देश की संसद में बुधवार को संस्कृत में शपथ ली।डॉ शर्मा (33) का संबंध हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से है। हाल ही में वह न्यूजीलैंड के हैमिल्टन वेस्ट से लेबर पार्टी के सांसद चुने गए हैं।न्यूजीलैंड और समोआ में भारत के उच्चायुक्त मुक्तेश परदेशी ने ट्विटर पर कहा कि शर्मा ने भारत और न्यूजीलैंड की सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त करते हुए पहले न्यूजीलैंड की भाषा माओरी में शपथ ली और उसके बाद उन्होंने भारत की भाषा संस्कृत में शपथ ली।शर्मा ने ऑकलैंड से एमबीबीएस किया है और वाशिंगटन से एमबीए की डिग्री हासिल की है। वह हैमिल्टन के नॉटन में जनरल प्रैक्टिशनर के तौर पर काम करते हैं।उन्होंने न्यूजीलैंड, स्पेन, अमेरिका, नेपाल, वियतनाम, मंगोलिया, स्विट्जरलैंड और भारत में लोक स्वास्थ्य एवं नीति निर्धारण के क्षेत्र में काम किया है।ट्विटर पर एक व्यक्ति ने शर्मा से पूछा कि उन्होंने हिंदी में शपथ क्यों नहीं ली। इसपर शर्मा ने कहा कि सभी को खुश नहीं किया जा सकता, इसलिए उन्होंने संस्कृत में शपथ लेना उचित समझा जिससे सभी भारतीय भाषाओं को सम्मान मिला।उन्होंने ट्वीट किया, ईमानदारी से कहूं तो मैंने इसपर विचार किया था लेकिन मेरी पहली भाषा पहाड़ी या पंजाबी में शपथ लेने से संबंधित सवाल उत्पन्न हुआ। सभी को खुश रखना कठिन है। संस्कृत से सभी भाषाओं का आदर होता है, इसलिए मैंने इसमें शपथ लेना उचित समझा। शर्मा को 2017 के चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। इस साल उन्होंने नेशनल पार्टी के टिम मसिन्डो को पराजित किया।



व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में डोनाल्ड ट्रंप। साथ में उनकी पत्नी मेलिनिया ट्रंप

## क्विक न्यूज

### हार्वर्ड में पहली बार छात्र संगठन द्वारा एक काले छात्र को चुना गया अध्यक्ष

**मिसीसिपी।** हार्वर्ड विश्वविद्यालय मे पहली बार मिसीसिपी के 20 वर्षीय एक काले छात्र को छात्र संगठन का अध्यक्ष चुना गया है।हैटिसबर्ग के नोआ हैरिस को 12 नवंबर को हार्वर्ड के स्नातक परिषद का अध्यक्ष चुना गया। प्रशासनिक विषयों की पढ़ाई कर रहे हैरिस स्नातक परिषद के काले छात्रों के समूह के सहअध्यक्ष भी है।इसके पहले दो और छात्र स्नातक परिषद के अध्यक्ष रह चुके है लेकिन हैरिस छात्र संगठन द्वारा चुना गया पहला काला छात्र है। हैरिस ने पत्रकारों को बताया कि वह इस सम्मान को हल्के मे नही लेंगे। उन्होंने कहा, इस वर्ष गर्मियो में जॉर्ज फ्लॉयड, ब्रयोना टेलर और अहमॉद आर्बरी की मौत के बाद देश मे नस्लभेद को लेकर जो आंदोलन शुरु हुआ उसके बाद हार्वर्ड छात्र संगठन द्वारा एक काले छात्र पर भरोसा कर चुनना एक एतिहासिक कदम है। हैरिस के साथ स्नातक परिषद की उपाध्यक्ष क्लीवलैंड की जेनी गन को चुना गया है। गन न्यूरोसाइंस की पढाई कर रही है। दोनों का कहना है कि वे छात्रों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहते है।

### 70 प्रतिशत लोगों ने भी अगर मास्क पहना होता तो, महामारी नियंत्रण में होती: अध्ययन

**सिंगापुर।** कोविड-19 वैश्विक महामारी को इतना विकराल रूप लेने से रोका जा सकता था, अगर 70 प्रतिशत लोगों ने भी लगातार मास्क पहना होता। एक अध्ययन मे इसके साथ ही कहा गया है कि आम कपड़े से भी लगातार मुंह ढकने से संक्रमण फैलने की दर कम हो सकती है। मास्क बनाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री और उसे पहनने की अवधि के उसके असर मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के संबंध मे किए गए अध्ययनों की समीक्षा मे यह बात सामने आई है।पत्रिका फिजिक्स ऑफ फ्लुइड्स मे प्रकाशित इस अध्ययन मे, फेस मास्क पर किए गए अध्ययनो का आकलन किया गया और इस पर महामारी विज्ञान की रिपोर्टों की समीक्षा कि क्या ए एक संक्रमित व्यक्ति के दूसरे लोगो को संक्रमित करने की संख्या को कम करते है। अध्ययन मे कहा गया, अत्यधिक प्रभावकारी फेस मास्क, जैसे कि लगभग 70 प्रतिशत अनुमानित प्रभावकारिता वाले सर्जिकल मास्क को अगर 70 प्रतिशत लोगो ने भी सार्वजनिक स्थानो पर पहना होता तो, वैश्विक महामारी के प्रकोप को कम किया जा सकता था। अध्ययन के शोधकर्ताओं मे नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर के संजय कुमार भी शामिल थे। कुमार ने कहा, यहां तक की आम कपड़े से भी लगातार मुंह ढकने से संक्रमण फैलने की दर कम हो सकती है।

### कोविड-19: सिंगापुर के मंत्री ने कहा, दुनिया से खुद को काटे रखना कोई विकल्प नहीं

**सिंगापुर।** सिंगापुर के व्यापार और उद्योग मंत्री चान चुन सिंग ने बुधवार को कहा कि देश को दुनिया से अलग-थलग रखना कोई विकल्प नही है और इसलिए जोखिम का प्रबंधन कैसे करना है यह सीखना ज्यादा उत्पादक रुख हो सकता है।ट्रैवल रीवाइव व्यापार शो के दौरान अपने संबोधन मे चान ने कहा कि देश को फिर से खोलने के सभी जोखिमो को खत्म करने की उम्मीद व्यावहारिक नही है। मंत्री ने कहा, दुनिया से खुद को अलग-थलग कर लेना विकल्प नही है। सिंगापुर हमारे पर्यटन क्षेत्र को बड़ी स्थानीय आबादी या घरेलू यात्रा से बरकरार रखने मे सक्षम नही है। चैनल न्यूज एशिया ने मंत्री को उद्धृत करते हुए कहा, ऐसे मे जोखिम का प्रबंधन कैसे करना है यह सीखना ज्यादा व्यवहारिक तरीका है और यह हमे अच्छी स्थिति मे रखेगा क्योंकि हम नही जानते कि हमारे सामने अगला संकट कौन सा आ सकता है या अगला कौन सा विषाणु है जो हवाई यात्रा को बाधित कर सकता है। चान ने कहा कि सिंगापुर जैसे देश जिनका बड़ा घरेलू बाजार नही है उन देशो को कोविड-19 ने खासतौर पर बुरी तरह प्रभावित किया। लेकिन इस आपदा ने सिंगापुर जैसे देशो को खुद को उभारने के काम को गति देने का भी काम किया। उन्होंने कहा, हम वैक्सीन के पहुंचने का इंतजार नही कर रहे है। न ही हम कोविड-19 महामारी के खत्म होने का इंतजार कर रहे है। इसके बजाए, हम अब नीव स्थापित कर रहे है और पुनर्निर्माण और उद्योग को सुदृढ़ करने के लिए कदम उठा रहे है।

### भारत की सीमा पर चीन की निर्माण गतिविधियों को लेकर अमेरिकी सांसद ने चिंता जताई

**वाशिंगटन।** लद्दाख मे भारतीय सीमा पर चीन की अवैध निर्माण गतिविधियो पर चिंता व्यक्त करते हुए अमेरिका के एक प्रभावशाली सांसद ने कहा कि उनका देश हमेशा भारत के साथ खड़ा रहेगा और चीनी सरकार या किसी अन्य के बदलाव के प्रयास का विरोध करेगा जो क्षेत्र मे शांति और स्थिरता के लिए चुनौती हो।भारत और चीन के बीच मई से पूर्वी लद्दाख मे वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गतिरोध चल रहा है।डेमोक्रेटिक पार्टी से कांग्रेस के सदस्य राजा कृष्णमूर्ति ने मंगलवार को कहा,' भारत से लगती विवादित सीमा पर चीनी सेना द्वारा निर्माण की खबरो के बारे मे मुझे जानकारी है और मै इनसे चिंतित हूं। अगर यह रिपोर्ट सच है तो चीन के सैन्य उकसावे से क्षेत्र मे तनाव बढ़ता रहेगा।' उन्होंने कहा कि अमेरिका हिंद प्रशांत क्षेत्र मे हमारे भारतीय साझेदार के साथ हमेशा खड़ा रहेगा और चीन या किसी अन्य द्वारा बदलाव के किसी भी प्रयास का विरोध करेगा जो शांति एवं स्थिरता को चुनौती हो।

# जयशंकर ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबत बनाने में भारतवंशियों के योगदान की सराहना की

**भाषा।** मनामा

**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने बुधवार को बहरीन के भारतवंशियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बातचीत की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने में बहुमूल्य योगदान के लिए उनकी सराहना की।

जयशंकर 24-25 नवंबर की दो दिवसीय बहरीन यात्रा पर हैं। विदेश मंत्री बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात और सेशल्स, तीन देशों की छह दिन की यात्रा पर हैं। पूरी दुनिया में डर का माहौल पैदा करने वाली कोरोना वायरस महामारी के समय यह यात्रा काफी महत्वपूर्ण है।भारतवंशियों के साथ ऑनलाइन बातचीत के बाद जयशंकर ने ट्वीट किया, बहरीन में भारतीय समुदाय के लोगों से ऑनलाइन बातचीत कर अच्छा लगा। भारत के झंडे को बुलंद रखने के लिए उनका धन्यवाद। हमारे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने में बहुमूल्य योगदान की सराहना करता हूं। जयशंकर बहरीन की राजधानी मनामा स्थित सदियों



पुराने कृष्ण मंदिर भी गए।उन्होंने ट्वीट किया, मनामा में 200 साल पुराने मंदिर में दर्शन के साथ दिन की शुरुआत की। यह बहरीन के साथ हमारी पुरानी और प्रगाढ़ मित्रता का साक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल मंदिर के पुनर्विकास कार्यों के लिए 42 लाख डॉलर की लागत वाली परियोजना शुरू की थी।जयशंकर ने मंगलवार को बहरीन में अपने समकक्ष अब्दुललतीफ बिन राशिद अल जयानी के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बहरीन के प्रधानमंत्री खलीफा बिन सलमान अल खलीफा के 11 नवंबर को हुए निधन पर भारत सरकार और जनता की ओर से शोक भी व्यक्त किया।

## पाकिस्तान में ट्रांसजेंडरों को मिला अपना पहला गिरजाघर

**एजेंसी।** कराची

**पाकिस्तान में** ईसाई ट्रांसजेंडर लोगों को अक्सर सामाजिक बहिष्कार, उपहास और अपमान का सामना करना पड़ता है लेकिन समुदाय के लोगों का मानना है कि उनके लिए बनाए गए गिरिजाघर में अब उन्हें शांति और सांत्वना मिलेगी। उनका कहना है कि दूसरे गिरजाघरों में सुनवाई नहीं होने पर वे अपनी समस्याएं यहां साझा कर सकते हैं। पाकिस्तान में फर्स्ट चर्च ऑफ यूनक(किन्नर) नाम का यह गिरजाघर केवल ट्रांसजेडर ईसाइयों के लिए है। किन्नर शब्द दक्षिणी एशिया में अक्सर महिला ट्रांसजेंडरों के लिए उपयोग किया जाता है और कुछ लोग इसे अपमानजनक मानते हैं।गिरजाघर की पादरी और सह संस्थापक गजाला शफीक ने कहा कि उन्होंने अपनी बात रखने के लिए यह नाम चुना। बाइबल के अंशों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि किन्नरों पर ईश्वर की कृपा होती है।सभी धर्मों की ट्रांसजेंडर महिलाओं और पुरुषों को रुढ़िवादी पाकिस्तान में अक्सर सार्वजनिक रूप अपमान, यहां तक की हिंसा का सामना करना पड़ता है।सरकार ने हालांकि उन्हें आधिकारिक तौर पर थर्ड जेंडर के रूप में मान्यता दे दी है लेकिन अक्सर उनके परिवावाले उन्हें त्याग देते हैं जिसके बाद उन्हें भीख मांगकर, शादियों में नाच कर अपना गुजारा करना पड़ता है। उनको अक्सर यौन शोषण का सामना करना पड़ा है और अंतत: वे यौनकर्मी बन जाते हैं।

# जापान ने चीनी विदेशमंत्री के दौरे के दौरान द्वीप पर घुसपैठ को लेकर विरोध जताया

**एपी।** तोक्यो

**जापान ने** चीन के विदेश मंत्री की यात्रा के दौरान, पूर्वी चीन सागर के विवादित द्वीपों पर उसकी घुसपैठ और बढ़ती गतिविधियों को लेकर बुधवार को विरोध दर्ज कराया। दोनों पक्षों ने विवादित क्षेत्र में उकसावे वाली कार्वाई से बचने पर सहमति जताई। दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को तोक्यो पहुंचे चीन के विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात के बाद मुख्य कैबिनेट सचिव कातसुनोबी कातो ने पत्रकारों को बताया, स्थिति बेहद गंभीर है। क्षेत्रीय विवाद और युद्ध के इतिहास को देखते हुए दोनों देशों के बीच रिश्ते तनावपूर्ण हैं, यद्यपि अमेरिका के साथ चीन का व्यापार विवाद बढ़ने के बाद हाल के वर्षों में जापान के साथ उसके रिश्तों में सुधार आया है। क्षेत्रीय विवाद मुख्य रूप से जापान के नियंत्रण वाले पूर्वी चीन सागर द्वीपों को लेकर है जिन्हें जापान सेनकाकू और चीन दिआओयू कहता है। जापान की चेतावनी और विरोध के बावजूद चीनी तटरक्षक जहाजों ने इस द्वीप के आसपास अपनी गतिविधियां बढ़ा दी हैं। कातो ने कहा कि जापान सरकार ने बुधवार को विरोध दर्ज कराया जब चीनी जहाज जापान के सन्निहित क्षेत्र में घुस आए जो उसके जल क्षेत्र के ठीक बाहर स्थित है। जापान ने कहा कि यह इस साल इस तरह की 306वीं घटना है। कातो ने कहा, मैंने (वांग को) द्वीपों के आसपास चीनी सरकार के जहाजों की गतिविधियों को लेकर हमारी चिंताओं से अवगत कराया और चीन से सकारात्मक कदम उठाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वांग के मुताबिक चीन को जापान के साथ सकारात्मक रिश्तों की उम्मीद है और यह क्षेत्र में एक रचनात्मक भूमिका निभाएगा।

# महिला सशक्तीकरण के प्रति संकल्पित बालिका

## इंटरनेशनल चिल्ड्रेन्स पीस प्राइज़ 2020 का नामांकन मिला

राजस्थान की सोलह वर्ष की **वसुंधरा प्रजापत** को वर्ष 2020 का इंटरनेशनल चिल्ड्रेन्स पीस प्राइज़ हेतु नामांकन मिला है। इस होनहार बालिका ने अपने गांव में बाल-विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने की दिशा में प्रेरक कार्य किया है। इसके साथ ही उसने महिलाओं को माहवारी स्वच्छता जैसे विषय पर खुलकर बात करने की शक्ति भी प्रदान की है। प्रस्तुत है पायनियर संवाददाता **डॉ. आभा शर्मा** की ये रिपोर्ट...

**कुछ** साल पहले तक वो भी गांव की एक अत्यंत शर्मीली लड़की हुआ करती थी। वो घर आने वाले अतिथियों के सामने आने से कतराने के अलावा उनसे बात करने में भी हिचकिचाती थी। वो बस उनके सामने आकर अवसर पाते ही वहां से निकल जाया करती थी। लेकिन आज वो युवाओं के लिए एक आइकन बन चुकी है। सोलह वर्ष की वसुंधरा प्रजापत को वर्ष 2020 के इंटरनेषनल चिल्ड्रेन्स पीस प्राइज़ 2020 हेतु नामांकित किया गया है। राजस्थान के टोंक जिले के दर्दातुर्की गांव की रहने वाली इस बालिका के लिए मुस्कुराने के लिए पर्याप्त कारण हैं। उसे जमीनी स्तर पर लैंगिक समानता के लिए संघर्ष करने के कारण ही इस पुरस्कार हेतु नामांकित किया गया है।




अपनी इस यात्रा का स्मरण करते हुए वसुंधरा बताती हैं कि प्रारंभ में उन्हें सेव द चिल्ड्रेन और शिव शिक्षा समिति जैसे तीन दषक पुराने स्थानीय एनजीओ द्वारा आहूत बैठकों में जाने में हिचक होती थी उसके माता-पिता का भी उसे पूरा समर्थन नहीं मिला लेकिन जब उसके साथियों ने उससे वहां आने का आग्रह किया तो सहर्ष इसके लिए सहमत हो गई। वो बताती है, 'मेरे लिए ये आंखे खोल देने वाला क्षण था। उसके लिए ये बिलकुल नया परिप्रेक्ष्य था। उसके लिए सर्वाधिक प्रेरक बात ये थी कि इससे उसे अपनी समस्या स्वयं निबटाने की स्वतंत्रता मिलती थी।'

उसका जन्म और पालन-पोषण ऐसे वातावरण में हुआ था जहां संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत, बाल-विवाह को एक प्रकार से सामाजिक स्वीकृति मिली हुई थी। उसने विवाह जैसे अवसरों के बारे में खाने, नाचने और आनंद लेने से परे कुछ सोचा ही नहीं था। लेकिन प्रजनन संबंधी अधिकारों के बारे मे चलाए जा रहे अभियान के चलते उसे बाल-विवाह के कुप्रभावों-स्वास्थ्य, मासिक स्वच्छता, बालिका के शिक्षा प्राप्त करने के अधिकार आदि के बारे में जानकारी ही नहीं थी। उसने अनुभव किया कि ये सभी अधिकार किसी भी लड़की के उज्ज्वल भविष्य को देखते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण थे लेकिन इसके बारे में स्कूल या घरों पर कोई बात नहीं करता था।

वो धीरे धीरे षिव शक्ति समिति की परियोजना समन्वयक ढोली के संपर्क में आने के बाद वो उनके एक 'षादी बच्चों का खेल नहीं' अभियान की सक्रिय सदस्य बन गई। शीघ्र ही वो बाल समूह की सदस्य बनीं और फिर उसे कौषल संबंधी प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। सामाजिक कार्य के लिए उसके उत्साह को देखते हुए ढोली ने वसुंधरा के माता-पिता से उसका उत्साहवर्धन करने के लिए कहा। यही से उसके सक्रिय जीवन की यात्रा प्रारंभ हुई जब वो 2017 में किषोर वार्तालाप समूह की सदस्य बन गई।

संस्था के वर्तमान समन्वयक सीताराम ने बताया, 'हमारा अभियान साथी शिक्षक की अवधारणा पर काम करता है। इसके अंतर्गत समूह बनाने के बाद अलग अलग मॉड्यूलों में लाइफस्किल का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसमें स्वयं का परिचय देने से लेकर विश्वास प्राप्त करने तक के संप्रेषण कौशल की बात की जाती है। लैंगिक मानकों की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी उन्हें मानसिक तौर पर तैयार किया जाता है कि किस प्रकार आप समाज, मेरे और मेरे शरीर में किस प्रकार परिवर्तन करके, जिसमें स्वास्थ्य समस्याओं आदि के बारे में जागरूकता प्रसारित करने के साथ ही शारीरिक हिंसा पर भी शिक्षित किया जाता है।'

धीरे धीरे वसुंधरा किशोरियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील और जागरूक होती गई। उसे पता चल गया कि यदि गांवों में स्कूल नहीं होंगे तो लड़कियां खेतों में काम करने तक ही सीमित रहेंगी। उसने लड़कियों पर लागू पाबंदियों की भी पहचान करना प्रारंभ कर दिया कि कैसे किसी लड़की को मासिक संबंधी स्वच्छता तथा बाल-विवाह के प्रति जागरूक किया जाए। महिला षिक्षा तथा सषक्तीकरण के लिए सरकारी योजनाएं क्या क्या हैं। स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रदान की जा रही सरकारी




सुविधाओं को किस प्रकार से लिया जा सकता है।

इसी से उसकी यात्रा परिवर्तनकारी बनती चली गई। इस परियोजना के अंग के रूप में गांव में पंचायल स्तर पर फरवरी 2019 में एक फेडरेशन बनाई गई जिसका नाम कल्पना था। इसमें ग्राम पंचायत तथा ब्लॉक लेवल फेडरेषन के लिए 20 लड़कियों का चयन किया गया और उन्हें विविध भूमिकाएं प्रदान कर दी गईं। वसुंधरा को उसकी वाकपटुता के कारण मीडिया का दायित्व सौंपा गया। वसुंधरा का मानना है, 'महत्व के विषयों पर जनता का उचित पक्ष रखने के द्वारा लोग सत्ता में बैठे लोगों को उनकी बातों को सुनने के लिए बाध्य कर सकते हैं।'

लेकिन लड़कियों तथा उनके माता-पिता के साथ बातचीत प्रारंभ करना उतना सरल नहीं था जितना लगता था। सर्वाधिक कठिन कार्य मासिक स्वच्छता तथा बाल-विवाह पर बात करना था। लेकिन प्रयास जारी रहने पर धीरे धीरे लोग मान गए। उसने दूसरी लड़कियों को भी मासिक स्वच्छता पर अधिक स्वच्छंद होकर बात करने की प्रेरणा दी। अब वो अपने परिवारीजनों से भी खुल कर बात कर सकती थी ताकि वे उसे उसके काम में अपना पूरा समर्थन प्रदान करें। वास्तव में उसने तो अपनी मां को भी सैनिटरी पैड को सही ढंग से लगाना सिखाया था।

वसुंधरा के गांव के स्कूल में लड़के और लड़कियों के लिए कक्षा 12 तक की पढ़ाई की व्यवस्था थी। लेकिन दूसरे गांवों में तो केवल पांचवीं कक्षा तक ही लड़कियों की पढ़ाई की व्यवस्था थी। चूंकि माता-पिता अपनी बेटियों को गांव से बाहर के कॉलेजों में भेजने के लिए तैयार नहीं थे तो अधिकांष लड़कियां कक्षा 5 के बाद पढ़ाई छोड़ देती थीं। पढ़ाई छोड़ने वाली लड़कियों से वसुंधरा ने समिति द्वारा आयोजित 2 माह के विषेष सत्रों में आने का आग्रह किया। इसमें उन्हें हिंदी और अंग्रेजी की प्रारंभिक जानकारी प्रदान की गई। ग्राम पंचायत, ब्लॉक तथा जनपद स्तर पर उसने सभी अभियानो का नेतृत्व किया। फिर चाहे निकट के खेदुला गांव में बालिका विद्यालय के कक्षा आठ तक उच्चीकरण की बात हो या फिर निजी स्कूलों में सेनिटरी नैपकिन वितरण या फिर टोंक जिले को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में शामिल करने की मांग करना। उसने हर मंच पर अपने स्वरों को बुलंद किया और सरपंच, जिलाअधिकारी, स्थानीय सांसद तथा मीडिया जैसे मंचों पर भी अपनी बात रखी।


वसुंधरा ने बताया, 'हाल ही में लगाए गए लॉकडाउन के समय सरकार तथा अन्य संगठनों का पूरा ध्यान खाद्य आपूर्ति को बनाए रखने पर ही केन्द्रित रहा जो आवष्यक भी था। स्वास्थ्य केन्द्रों पर सैनिटरी नैपकिनों की आपूर्ति बाधित होने के बाद महिलाओं तथा लड़कियों को वे कहां से उपलब्ध हों? जब विद्यालय खुले होते हैं तो लड़कियों को ये वहां से मिल जाते हैं लेकिन इसकी आपूर्ति लॉकडाउन के दौरान भी बनाए रखना आवश्यक था।' सोशल मीडिया पर भी शिवशक्ति समिति की सक्रियता के चलते उसकी चिंताओं को मुखरता मिली। प्रषासन तक भी बात पहुंचाई गई। वो नैपकिनों को सही ढंग से निस्तारित करने के लिए एक इंसीनरेटर लगवाने के लिए कई बार कह चुकी थी। उसके प्रयासों से प्रभावित होकर सरपंच ने गांव के स्कूल में भी इसे लगवाने का वादा किया है।

शिवशक्ति समिति की सचिव षिवजी राम यादव ने बताया कि वसुंधरा ने लाइफ स्किल सत्रों में 180 लड़कियों को प्रशिक्षित किया था। उन्होंने कहा, 'चुप्पी तोड़ो' नामक अभियान में उसकी भूमिका प्रशंसनीय रही है जिसके अंतर्गत मासिक स्वच्छता पर ध्यान दिया जाता है। बाल विवाह तथा किषोरी स्वास्थ्य तथा अधिकारों के बारे में जागरूकता पैदा करने के कार्य में उसने उल्लेखनीय योगदान दिया है।'

अपने तीन भाई बहनों में वसुंधरा सबसे बड़ी है अत: उसके माता-पिता उसका विवाह शीघ्र ही करवाना चाहते थे। वे उसे प्यार तो करते ही थे लेकिन पुरानी मानसिकता के चलते उनकी ये बाध्यता थी। ऐसे में वसुंधरा ने साहस जुटाकर उनसे उसे पढ़ने देने की प्रार्थना की। हेल्पलाइन नंबरों की सहायता से उसने तीन बाल-विवाहों को रोकने में भूमिका अदा की। विवाह तो रुक गए लेकिन उसे इसके लिए गावंवासियों का कोपभाजन बनना पड़ा। उनमें से कुछ लोगों ने तो उसके परिवार से संपर्क ही तोड़ लिया। वे कहते थे, 'देखो तो, अब ये हमें सिखाएगी कि क्या सही है और क्या गलत।' लेकिन वसुंधरा अपने परिवार के समर्थन से आगे बढ़ती रही। उसने बताया, 'यदि आपका परिवार आपके साथ हो तो आप कुछ भी कर सकते हैं।' इस पुरस्कार के लिए नामांकित किये जाने पर अब उसके प्रति लोगों में सहजता आने लगी है और लोग उसकी प्रशंसा करते भी दिखाई देते हैं। उससे उसके समपों के बारे में पूछे जाने पर उसका उत्तर था, 'लोगों तथा लड़कियों का जीवन अच्छा बनाने के लिए मैं राजनीति में आना चाहती हूं।' वो मुख्य रूप से पूर्वप्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी तथा उसकी नामाराषि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से बहुत प्रेरित है। उसका मानना है कि सरकार से ही लोगों की समस्याएं सुलझाई जा सकती हैं। उसने कहा, 'समस्या का हल सरकार से ही आता है। यदि आप पद पर हैं तो आप लोगों के जीवन में बदलाव ला सकते हैं, विषेष रूप से लड़कियों के लिए एक अच्छा जीवन।' वो सपना देखने वाली हर लड़की की मदद करना चाहती है जैसे उसकी प्रिय फिल्म 'द सीक्रेट सुपरस्टार' की नायिका करती थी।

**( चरखा फीचर्स )**

## 'ओटीटी के कारण कंटेंट का महत्व बढ़ा है'



**बॉलिवुड** अभिनेता इकबाल खान का कहना है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म कहानियों तथा प्रयोगों के लिए अच्छा मंच उपलब्ध कराते हैं। उनके अनुसार कंटेंट बनाने वालों को अपना दायित्व स्वीकार करना चाहिये वहीं सेल्फसेंसरशिप से कहानी पर विपरीत प्रभाव नहीं आना चाहिये। इकबाल को इससे पहले बेवसीरीज़ क्रैकडाउन में देखा गया था। वो इस समय अपनी अगली सीरीज़ के लिए शूटिंग में व्यस्त हैं।

उनका कहना है, 'ओटीटी कहानियों को मोबाइल तथा लैपटॉप तक पहुंचाता है और उनका कहीं और कभी भी आनंद लिया जा सकता है। मेरे विचार से समय बीतने के साथ ही इन माध्यमों के बीच समन्वय स्थापित हो जाएगा। हर प्लेटफॉर्म के लिए उचित कंटेंट बनाई जा सकती है। अधिकारी ओटीटी पर आत्म-सेंसरशिप पर मनन कर रहे हैं। लेकिन निर्माता द्वारा भी कंटेंट की प्रकृति का संज्ञान लेना आवश्यक है। मेरा मानना है कि ऐसी सेंसरशिप कलात्मक स्वतंत्रता की राह में अवरोध नहीं बनेगी।'

'ओटीटी प्लेटफॉर्म की सफलता के कारण ही मैं इसमें अधिक काम करने के लिए प्रेरित हुआ हूं। मेरा मानना है कि छोटी सी अवधि में ही ओटीटी ने भाषा तथा भौगोलिक सीमाओं को क्षीण कर दिया है। अब अच्छी कंटेंट को किसी भी देष और भाषा में देखा जाने लगा है। अब इतनी कहानियां ऑनलाइन चल रही हैं कि अच्छे अभिनेता को टीवी या फिल्मों की तुलना में उसे चुनना कठिन कार्य नहीं रह गया है। लेकिन मैं तो कंटेंट को ही प्राथमिकता देता हूं फिर मैं ये नहीं देखता कि प्लेटफॉर्म या भाषा क्या है।'

## विराट कोहली ऑगमेंटेड रियलिटी में फेसबुक और इंस्टाग्राम पर आए





**क्रिकेट के** मामले में सबसे बड़े देश, भारत और ऑस्ट्रेलिया दुनिया में क्रिकेट फैंस को लुभाने वाले हैं। भारतीय क्रिकेट कप्तान, विराट कोहली ऑल न्यू एआर इफेक्ट के साथ ऑगमेंटेड रियलिटी में फेसबुक और इंस्टाग्राम पर आए हैं। बैट टॉक्स फॉर इंडिया शीर्षक के साथ एआर फिल्टर फैंस को लगभग दो साल पहले कोहली द्वारा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफठोंके गए शतक के बाद कोहली के खुशी के जश्न का दोबारा निर्माण करने का मौका दे रहा है और वो इस इफेक्ट को अपने फेटो एवं वीडियों में स्थापित कर उसे फेसबुक व इंस्टाग्राम पर साझा कर सकेंगे। फेसबुक ने स्पोटर्स ईमोज़ी और 3डी एआर इफेक्ट का विकास करने के लिए ऑगमेंटेड रियलिटी इफेक्ट उत्पन्न करने में उद्योग की लीडरए स्पोटर्समानिया के साथ साझेदारी की है। क्रिकेट के फैंस फेसबुक पर अपनी स्टोरीज़ और इंस्टाग्राम पर रील्स के माध्यम से यह इफेक्ट साझा कर टीम इंडिया के लिए अपनी सपोर्ट प्रदर्शित कर सकेंगे। इस लॉन्च के बारे में विराट कोहली ने कहाए ष्मुझे नया बैट टॉक्स फॉर इंडिया फिल्टर लॉन्च करने के लिए फेसबुक के साथ सहयोग करने की खुशी है। इसके द्वारा मेरे फैंस मेरे करियर के सबसे यादगार क्षणों को वर्चुअल माध्यम में पुन: उत्पन्न कर सकेंगे। मैं उत्साहित हूँ कि भारत एवं विश्व में क्रिकेटप्रेमी कनेक्ट व इंगेज़ होने के इस नए माध्यम का उपयोग करेंगे।

## 'एण्डटीवी प्रस्तुत करता है हिंदी जीईसी में पहली बार येशु की अनकही कहानी'

**वाराणसी।** हप्पू की उलटन पलटन, गुड़िया हमारी सभी पे भारी, संतोषी मां सुनाएं व्रत कथाएं और हालिया सुपरहिट शो एक महानायक डॉ. बीआर आम्बेडकर जैसे शो की विविधतापूर्ण और उथल पुथल से भरपूर कहानियों के द्वारा वास्तविक एवं विशिष्ट संस्कृति को सफलतापूर्वक दर्शाने के बाद एण्डटीवी हिंदी जीईसी में पहली बार येशु की अनकही और अनसुनी कहानी लेकर आ रहा है। इस शो को अरविन्द बब्बल प्रोडक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित किया गया है। येशु विशेष रूप से एक परोपकारी बच्चे की कहानी है जो सिर्फअच्छाई करना चाहता है और अपने आसपास खुशियां फैलाता है। सभी के लिए उसका प्यार और करुणा उन बुरी शैतानी शक्तियों के लिये बिल्कुल विपरीत हैं, जो उनके जन्म और बचपन के दौरान मौजूद थीं। अपने परिवार और समाज पर होने वाले अत्याचारों ने उन्हें काफी प्रभावित किया। दूसरों की मदद करने और उनके दर्द को कम करने की कोशिश अक्सर उन्हें उस राह पर ले जाती थी जहां वह निश्चित रूप से आहत होते थे और न सिर्फ उत्पीड़कों बल्कि एक बड़ी संख्या में लोगो द्वारा भी उनकी निंदा की जाती थी। लेकिन आखिरकार ये चीजें भी उन्हें उनके रास्ते पर चलने से नहीं रोक पाईं। येशु की कहानी अच्छाई बनाम बुराई के बीच की सिर्फएक आदर्श कहानी ही नहीं हैए बल्कि यह येशु और उनकी समर्थक एवं मार्गदर्शक बनीं उनकी मां के बीच के खुबसूरत रिश्ते को भी दर्शाता है।

## हीराकुद बांध क्षेत्र में प्रवासी पक्षियों का आगमन हुआ आरंभ

**भाषा।** संबलपुर



**सर्दियों की** शुरुआत के साथ ही ओडिशा के संबलपुर जिले के हीराकुद बांध क्षेत्र में विभिन्न महाद्वीपों से प्रवासी पक्षियों का आगमन शुरु हो गया है। एक अधिकारी ने बताया कि गल और ब्लैक कॉर्मोरेंट जैसे पक्षियों को हाल ही में हीराकुद बांध जलाशय स्थल पर देखा गया है। हीराकुद वन्यजीव प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) प्रताप कोटापल्ली ने कहा, पक्षियों ने अपने शीतकालीन प्रवास के लिए जलाशय में आना शुरू कर दिया है। अगले कुछ दिनों में विभिन्न प्रजातियों के पक्षी जलाशय में नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि पक्षियों की सुरक्षा और संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किए गए हैं। साथ ही पक्षियों के शिकार को रोकने के लिए नियमित नाव गश्त हो रही है। जीरो प्वाइंट, बरखटिया, परबतटोंग और गोबिंदपुर में पक्षी सुरक्षा समूह पहले ही तैनात किए जा चुके हैं।हजारों विदेशी पक्षी हर सर्दी के दौरान नवंबर में हीराकुद बांध जलाशय आते हैं और मार्च तक यहां रहते हैं।

## ऑस्कर के लिए भारत की तरफ से जलीकट्टू फिल्म को भेजने का फैसला

**भाषा।** नई दिल्ली




**फिल्म फेडरेशन** ऑफ इंडिया (एएफआई) ने बुधवार को कहा कि लीजो जोस पेल्लिसेरी द्वारा निर्देशित मलयालम फिल्म जलीकट्टू को ऑस्कर में अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के लिए भारत की ओर से आधिकारिक तौर पर भेजने का फैसला किया गया है।

हिंदी, उड़िया, मराठी और अन्य भाषाओं की 27 प्रविष्टियों के बीच इस फिल्म को सर्वसम्मति से चुना गया। जलीकट्टू फिल्म की कहानी एक गांव की है जहां उपद्रव मचाने वाले एक बैल को रोकने के लिए ढेर सारे लोग जमा होते हैं। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया के चयन मंडल के अध्यक्ष फिल्मकार राहुल रवैल ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में बताया, हिंदी, मलयालम और मराठी समेत कुल 27 फिल्में आई थी। चयन मंडल ने फैसला किया है कि मलयालम फिल्म जलीकट्टू ऑस्कर में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। रवैल ने कहा कि फिल्म के जरिए जमीनी समस्या को भी बयां किया गया है। यह फिल्म हरीश की लघु कथा पर आधारित है। इसमें एंटनी वर्गीज, चेम्बन विनोद जोस, सबुमन अब्दुसमद और सेंथी बालाचंद्रण ने भूमिका निभाई है। चयन मंडल ने छपाक, शकुंतला देवी, छलांग, गुलाबो सिताबो, द स्काय इज पिंक, बुलबुल और द डिसाइपल जैसी फिल्मों के बीच इसका चयन किया। अंगामली डायरीज और ऐ मा यू जैसी कई चर्चित फिल्में बनाने वाले जोस पेल्लिसेरी को बहुत समर्थ निर्देशक बताते हुए रवैल ने कहा कि जलीकट्टू जैसी फिल्म पर देश को नाज होना चाहिए। अध्यक्ष ने कहा, फिल्म में बूचड़खाने से भागने वाले एक जानवर और उसे पकड़ने के लिए जमा गांव के लोगों की कहानी है...अच्छे से चित्रण किया गया है और बहुत अच्छे से फिल्माया गया है। फिल्म के दौरान कई तरह की भावनाएं उमड़ती रहती हैं। इसी वजह से हमने इस फिल्म का चयन किया है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष फिरदौसुल हसन के मुताबिक कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर इस साल 14 सदर्स्इय चयन मंडल ने डिजिटल तरीके से बैठक की। रवैल की अध्यक्षता वाले चयन मंडल में निर्देशक अभिषेक शाह, अतनु घोष, लेखक श्रीनिवास भानागे आदि सदस्य थे। जलीकट्टू को सितंबर 2019 में टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित किया गया था और इसे काफी सराहना मिली थी। पिछले साल पेल्लिसेरी को भारत के 50 वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार भी मिला था। वर्ष 2019 में जोया अख्तर की फिल्म गली ब्वॉय को भारत की तरफ से आधिकारिक तौर पर ऑस्कर के लिए भेजा गया था।

नोडल अधिकारी के आदेश बेअसर

# ठेकेदार पर एफआईआर से कतरा रहा स्वास्थ्य महकमा

- शनिवार को मिनिस्ती एस ने किया था निरीक्षण, महिला अस्पताल में धूमिल हुई शासन की छवि

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

**क्षेत्र के** थानों में एक तरफ अपराध बेलगाम हो चुके हैं वहीं अब उच्चाधिकारियों के आदेशों की भी पुलिस अधिकारी हवा निकाल रहे हैं। महिला अस्पताल में कई महीनों से गर्भवती महिलाओं को भोजन नहीं मिला। शासन की छवि को धूमिल वाली कार्यदायी संस्था पर नोडल अधिकारी मिनिस्ती के आदेशों के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है। ठेकेदार पुलिस की पकड़ से बाहर है। गत सप्ताह शनिवार को महमूदाबाद के दौरे पर पहुँचीं नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस ने महिला अस्पताल का निरीक्षण किया था। इस दौरान महिला अस्पताल में कई महीनों से भोजन न बनने की शिकायत और धोबी के भुगतान होने की स्थिति में कड़ी नाराजगी जाहिर की थी। नोडल अधिकारी ने सीओ महमूदाबाद को मौके पर बुलाकर सम्बंधित ठेकेदार को तुरंत ढूंढने और एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये। नोडल ने यह भी कहा था कि रसोइया और बकाया भुगतान के मामले को निपटा दिया जाये। तीन दिन का समय बीत जाने के बाद भी पुलिस ने आदेषों पर कोई अमल नहीं किया। कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को पुलिस ढूंढ तक नहीं सकी है। धोबी और रसोइया अपने भुगतान की आस लगाये बैठे हैं। एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गर्भवती महिलाओं को पोषणयुक्त आहार देने के लिये लगातार योजनाएँ बना रहे हैं लेकिन धरातल पर उनके प्रयास सार्थक नहीं हो रहे हैं। पुलिस के अधिकारी जनता के जुड़े मुद्दों पर सार्थक जवाब देने के पक्ष में भी नहीं है जो कि सवालिया प्रश्नचिन्ह लगा रहा है।


महमूदाबाद-महिला अस्पताल में अधिकारियों को निर्देश देती नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस (फाइल फोटो)

### ...जब सवाल पर तिलमिला उठे सीओ

**नोडल** अधिकारी से मिले आदेश के तीन दिन बीत जाने के बाद भी आदेश पर अमल न होने को लेकर जब सीओ रविशंकर प्रसाद से सवाल किया गया तो वह सही जवाब देने के बजाये तिलमिला उठे। उन्होने कहा कि 'जब कोई एफआईआर करायेगा तब होगी कि हम एफआईआर करायेंगें। उन्होने एसडीएम से बात करने का हवाला देकर फोन काट दिया।

### क्या बोले अधीक्षक

**सीएचसी** अधीक्षक डा. प्रदीप ने बताया कि भोजन के लिये स्वयं सहायता समूहों से संचालित करने के निर्देश मिले थे। इसको लेकर जिले के उच्चाधिकारियों से बात की जायेगी। जैसा आदेष मिलेगा उस हिसाब से काम किया जायेगा।

## क्विक न्यूज

### विद्यालय में हुई शोकसभा

**सीतापुर।** पंत इंटर कॉलेज बम्हौरा में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। इसमें विद्यालय की विभिन्न समस्यओं पर मंथन किया गया। छत व फर्श की मरम्मत का निर्णय किया गया। विद्यालय में योगदान देने वाले विंदेश्वर बक्स सिंह, बाल कृष्ण दीक्षित व पूर्व सांसद स्व. शारदानंद दीक्षित की पत्नी रामा देवी की मौत पर शोक व्यक्त किया गया। इस मौके पर अमर नाथ त्रिपाठी, अतुल दीक्षित, शिवम दीक्षित, प्रतीक दीक्षित, पुश्पा देवी, शोभा दीक्षित आदि मौजूद रही।

### हड़ताल पर गए डीसीडीएफके कर्मचारी

- चेयरमैन पर लगाया अभद्रभाषा करने का आरोप

**सीतापुर।** डीसीडीएफ के कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि फेडरेशन के चेयरमैन सत्यप्रकाश मिश्रा व सचिव कर्मचारियों से अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। सहायक आयुक्त सहकारिता को ज्ञापन देने विकास भवन पहुंचे कर्मचारियों ने कहा कि अनरगल आरोप लगाते हुए संविदा कर्मी अयुश दीक्षित को बेवजह निकाल दिया गया है, सचिव अन्य कर्मचारियों के खिलाफभी ऐसी ही कहानी रच रहे हैं। इस मौके पर अंशु कुमार, प्रेमचंद्र, रामपाल आदि मौजूद रहे।

### आल इण्डिया पिछड़ा जन समाज पार्टी कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** जन समस्याओं को लेकर आल इण्डिया पिछड़ा जन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आवाज उठाई है। एक दिवसीय धरना देते हुए निस्तारण की मांग के समर्थन में सीएम को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया है। मण्डल अध्यक्ष रामलखन गौतम ने कहना कि जनसमस्यों के निपटारे के लिए शासन प्रशासन संजीदा नहीं है, समस्याओं का निस्तारण जल्द न किया गया तो संगठन अगले महीने की 7 तरीख से बेमियादी धरना देगा। इस मौके पर रामदेवी, शिवकुमार, शिवप्यारी, बच्चू लाल, उदल, पप्पू, जीतू भारतीय, सुरेश कुमार राज, राकेश गौतम, राजू भारती, शिवप्रसाद, जगदीश आदि मौजूद रहे।

### 24 घंटे में मिले 11 कोरोना पॉजिटिव




- पीएसी मे फिर मिला केस

**सीतापुर।** मास्क लगाने में किसी तरह की कोताही न करें, साथ ही बार-बार हाथ धोते रहें, नहीं तो सीतापुर भी दिल्ली बनने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। जांच कम होने के बावजूद जिले में कोरोना के केस दहाई को क्रास करने लगे हैं। पिछले 24 घंटे में 11 मरीजों की पहचान की गई है। इसी के साथ जनपद में 4,566 कोरोना के केस हो गए हैं। अब तक 70 की मौत हो चुकी है। पीएसी की चहारदीवारी में एक बार फिर कोरोना की सेंध लग गई है। सेकेण्ड बटालियन और नई बस्ती में 1-1 केस मिला है। 2 केस नगर पालिका महमूदाबाद के साथ ही मोहल्ला बाबूपुर के हैं। लहरपुर के भी 2 केस हैं। खैराबाद के जोशी टोला, मिश्रिख, हरगांव व रेउसा में 1-1 केस मिला है। 1 मरीज अन्य स्थान का है।

थाना पिसावा इलाके के सेरवाडीह गन्ना क्रय केंद्र के समीप का मामला

# गन्ना चुराने आए चोरों ने की हत्या ?

- संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव
- अज्ञात चोरों द्वारा हत्या की जताई जा रही आंशका परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने शूरू की जांच

**पिसावां सीतापुर।** थाना पिसावा इलाके में मंगलवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। शव के पैर व गला कपड़े से बन्धे होने व घटना स्थल से गन्ने लदी ट्राली गायब होने के चलते चर्चा है कि अज्ञात चोरों ने युवक की हत्या की है। दरअसल पुलिस के अनुसार थाना रामकोट के डलिया निवासी रामनरेश पुत्र रामप्रताप गन्ना क्रय केंद्र सरवाडीह पर चौकीदार रामसागर के साथ बीते 15 वर्षों से रहता था। सूत्रों के अनुसार चौकीदार घटना की रात घर गया था और जब सुबह लौटा तो मृतक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घटना स्थल से कुछ दूर खेत में पड़ा मिला। शव के पैर व गला कपड़े से बन्धे है, शरीर पर भी चोट के निशान भी पाए गए हैं। ग्रामीणों की सूचना पर थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह हमराही दल के साथ मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मौका मुआयना करने पहुंचे सीओ मिश्रिख एम पी सिंह ने मामले की जानकारी दी।

# 'हक की बात जिलाधिकारी के साथ' में महिलाओं ने रखीं समस्याएं

- डीएम विशाल भारद्वाज ने सुनीं समस्याएं, दिए अधिकारियों को निर्देश

संवाददाता। सीतापुर

**जिलाधिकारी** ने ''हक की बात जिलाधिकारी के साथ'' कार्यक्रम के दौरान सुनी महिलाओं और बालिकाओं की समस्याएं, त्वरित निस्तारण कर अवगत कराने के सम्बंधित अधिकारियों को दिए निर्देश मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का किया गया आयोजन। फोन द्वारा जिलाधिकारी ने सुनी शिकायतें एवं समस्याएं। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतुं संचालित मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत निदेशक, महिला कल्याण के द्वारा निर्धारित कार्ययोजना में 'हक की बात जिलाधिकारी के साथ' कार्यक्रम का आयोजन कराये जाने के प्राप्त निर्देश के अनुपालन में जिलाधिकारी ने कार्यक्रम आयोजन किया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं के द्वारा जिलाधिकारी से संवाद कर अपनी दहेज, हिंसा, लैंगिक असमानता, धान क्रय, प्रधानमंत्री शहरी आवास, शौचालय, इण्टर कॉलेज में बालिकाओं को सैनेटरी पैड का वितरण न होने व रोजगार आदि समस्याओं के सबन्ध में जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को एक एक करके सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को मौके से ही दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए शारदीय नवरात्र 2020 से वासंतिक नवरात्रि 2021 तक मिशन शक्ति का अभियान चलाया जा रहा है। महिलाओं एवं बालिकाओं से सीधे वार्ता करके उनसे संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से एवं उनकी समस्याओं के प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर भी महिलाओं को पूरी सुविधा दिए जाने के उद्देश्य से भी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सभी कार्यालयाध्यक्षों को दिए जा रहे हैं। सभी कार्यस्थलों पर महिलाओं के लिए अलग टायलेट का प्रबंध किये जाने के साथ साथ अन्य सभी निर्देशों का पालन भी सुनिश्चित किया जाय। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्वनी कुमार भी उपस्थित रहे।


सीतापुर-शिकायते सुनते डीएम विशाल भारद्वाज

शहर कोतवाली अंतर्गत शाह महोली चौकी के बड़ागांव निकट का मामला

# शादी का सफर बना मौत की यात्रा

- सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर हुआ दर्दनाक हादसा, हादसे में कार सवार दो की मौत, चार घायल
- घायलों में दो की हालत बताई जा रही गंभीर, इलाज के लिए जिला अस्पताल सीतापुर में कराया गया भर्ती

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर-लखीमपुर मार्ग** पर शहर कोतवाली इलाके में हुए सड़क हादसे में 2 युवकों की मौत हो। मंगलवार देर रात हुए दर्दनाक हादसे में उनके अन्य चार साथी भी घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल सीतापुर में भर्ती कराया गया है। दरअसल घायलों के अनुसार मंगलवार को पड़ोसी जनपद लखीमपुर के थाना निघासन इलाके के गांव ढखेरवा निवासी सुमेश कुमार, दिलीप वर्मा, सौरभ वर्मा, सुकेश गिरी, शिवा सिंह व थाना धौराहरा के कफारा निवासी मुजीब सेलेरियो कार से शादी अटेंड करने मिश्रिख के लिए निकले। लेकिन निकलते वक्त सुमेश व दिलीप ने कतई नहीं सोचा होगा कि रिस्तेदार की शादी का सफर उनके लिए मौत की यात्रा बन जाएगा। शाहमहोली चौकी इलाके के बड़ागांव के समीप सामने से आ रही बाइक को बचाने में दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे बाइक सवार तो बच निकला लेकिन कार सवार सभी लोग घायल हो गये। स्थानीयों की सूचना पर पहुंची डायल 112 व चौकी पुलिस ने जब तक उन्हें जिला अस्पताल सीतापुर पहुंचाया, तबतक 2 ने रास्ते में ही दम तोड़ था दिया। डॉक्टरों ने सुमेश व दीपक को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्यों में 2 की हालत गंभीर होने के चलते अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है।मामले की पड़ताल करने अस्पताल पहुंचे शहर कोतवाल टीपी सिंह ने बताया कि शवों पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


सीतापुर-जिला अस्पताल में घायलों को पहुंचाती पुलिस

# पेंशनर अब डाकघर से प्राप्त कर सकेंगे ई-जीवन प्रमाणपत्र

- जिले के 323 डाकघरों में यह सुविधा सुलभ

संवाददाता। सीतापुर

**सरकारी सेवा** से रिटायर हुए पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र पाने को भटकना नहीं होगा। वो डाकघर के जरिए ई-जीवन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे। बशर्ते, उन्हें नजदीक डाकघर में जाकर 70 रुपये शुल्क के साथ आवेदन करना होगा। फैले कोरोना वायरस को देखते हुए यह व्यवस्था की गई। हर बरस नवंबर माह में पेंशनरों को कोषागार में जिंदा होने का सबूत देना पड़ता है। ये प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के बाद ही पेंशनरों को नियमित पेंशन मिलती है। इस बार वैश्विक कोरोना महामारी के चलते प्रशासन ने बुजुर्ग पेंशनरों की सेहत को ध्यान में देखते हुए भारतीय डाक विभाग ने सभी विभागों के पेंशनरों को डाकघर के माध्यम से ई-जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा शुरू की है। डाक अधीक्षक हरेकृष्ण यादव के मुताबिक पेंशनरों को अपने नजदीकी डाकघर में जाकर या अपने क्षेत्र के पोस्टमैन से संपर्क कर ई-जीवन प्रमाण पत्र जारी करवा सकेंगे।यह प्रमाण पत्र संबंधित विभाग को स्वत ऑनलाइन प्राप्त हो जाएगा। जिले में 323 डाकघरों में यह सुविधा उपलब्ध है। ये प्रमाण पत्र पाने को पेंशनरों को 70 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही पेंशनर घर बैठे पेंशन की धनराशि आधार इनेबल्ड प्रेमेंट सिस्टम के माध्यम से अपने खाते से निकाल सकते हैं।

## संवरती सड़के...


सीतापुर-षहर की सड़को पर इनायत हुई पीडब्लूडी की नजरों के बाद सड़को की सूरत बदल रही है, संवर रही सड़के, यातायात को सुगम बना रही है, बुधवार को सरोजनी वाटिका के पास भी सड़क की सफाई का काम षुरू हुआ, जल्द ही यह रोड लोगो को बेहतर यातयात के लिए तैयार हो जाएगी।
(विपिन राजवंषी)

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर बंद रहेंगे ये सेक्टर

- बैंक, बीमा, डाकघर, दूरसंचार परिवहन शामिल

**सीतापुर।** श्रम विरोधी नीतियों के विरोध में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के राष्ट्र व्यापी आम हड़ताल के आह्वान पर 26 नवंबर को जिले में विभिन्न सेक्टरों में तालाबंदी रहेगी। इस हड़ताल में बैंक, बीमा, डाकघरों, दूरसंचार, परिवहन आदि सेक्टर के अफसर-कर्मचारी शामिल हैं। इनके हड़ताल पर रहने से बैंकिंग, बीमा, डाक व संचार सेवाओं से प्रभावित होने के असर हैं। उधर, प्रदेश सरकार ने छह माह के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी है। अगर कर्मचारी हड़ताल पर जाते हैं तो उनपर होगी एस्मा की कार्रवाई। बता दें कि मोदी सरकार ने लोकसभा ने हाल में संपन्न सत्र में तीन नए श्रम कानूनों को पारित किया है और कारोबार सुगमता के नाम पर 27 मौजूदा कानूनों को समाप्त कर दिया है। ये कानून शुद्ध रूप से कॉरपोरेट जगत के हित में हैं। इस प्रक्रिया में 75 प्रतिशत श्रमिकों को श्रम कानूनों के दायरे से बाहर कर दिया गया है। नए कानूनों में श्रमिकों पर असर पड़ेगा। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने श्रम-विरोधी नीतियों के विरोध में 26 नवंबर में राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का एलान किया है। हड़ताल का आह्वान भारतीय मजदूर संघ को छोड़कर 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियन हड़ताल में शामिल रहेंगे। आयावर्त बैंक के स्वरोजगार के निदेशक डॉ. कमलेश कुमार पांडेय ने बताया कि यूनियन के आह्वान पर 26 नवंबर को हड़ताल रहेगी। बैंकों में हड़ताल पर रहने से कैश काउंटर पर लेनदेन प्रभावित होगा। इनके अलावा दूरसंचार, बीमा, डाकघर, परिवहन समेत अन्य विभागों में भी कामकाज प्रभावित होगा।

परिवहन निगम कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

# नारों से गूंजा रोडवेज बस स्टेशन परिसर

- लम्बित मांगों के समर्थन में धरना देकर किया प्रदर्शन

संवाददाता। सीतापुर

**यात्रियों की** चहलकदमी और पूछतांछ केन्द्र पर जानकारी लेते मुसाफिरो के बीच बुधवार को रोडवेज बस स्टैण्ड परिसर में सरकार विरोधी नारों से गूंजा। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम कर्मचारियों ने धरना देकर लम्बित मांगो के समर्थन में आवाज उठाई। 'अभी तो यह अंगडाई है, आगे और लड़ाई है'' आवाज दो हम एक है,' चाहे जो मजबूरी हो हमारी मांगे पूरी हो' जैसे नारो के साथ सरकार पर हल्ला बोला। उत्तर-प्रदेश राज्य सरकार परिवहन निगम कर्मचारी अधिकारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले कर्मचारियों ने एक स्वर से कहा कि अवैधानिक तरीको से निजी वाहन स्वामियों के लिए प्रारम्भ की गई योजनाएं, निर्णय निरस्त किए जाएं और डग्गामार निजी वाहन चालको का संचालन बंद कराया जाए। शाखा मंत्री सीतापुर विनोद कुमार मिश्रा ने पायनियर से कहा कि कोरोना काल में सरकार ने प्रति कर्मचारी 300 रूपये देने को कहा था, जिसका भुगतान नहीं किया गया। ऐसे में कर्मचारी करो-मरो की लड़ाई का मूड बना चुके है। क्षेत्रीय अध्यक्ष वी.के. त्रिपाठी ने कहा कि सरकार अगर नहीं चेती तो आर-पार की लड़ाई होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री को सम्बोधित मांगपत्र एसडीएम सदर अमित भट्ट को सौंपा। विनोद मिश्रा, अम्बुज बाजपेयी, रामधार वर्मा, वी.के. त्रिपाठी, नवनीत वर्मा सहित तमाम कर्मचारी शामिल रहे।


सीतापुर-रोडवेज कर्मियों का ज्ञापन लेते एसडीएम अमित भट्ट

नोयडा से 20 हजार रूपये देकर रिक्षा वाले

# शार्पशूटर से दामाद ने कराई थी ससुर की हत्या

- 13 नवम्बर को अटरिया के उनई में कांशीराम को मारी गई थी गोली, जांच में लगी पुलिस टीम ने किया खुलासा

संवाददाता। अटरिया सीतापुर

**सीतापुर के** अटरिया थाना इलाके में हुए कांशीराम हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा किया है। 13 नवम्बर की रात अटरिया के उनई की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या की वारदात में मृतक का दामाद ही वारदात का मास्टरमाइंड निकला है। आरोपी दामाद लोकेन्द्र ने अपने ससुर काशीराम की नोयडा से आटो रिक्शा वाले शूटर को बुलाकर हत्या कराई थी। ये सनसनीखेज खुलासा पुलिस ने किया है। उसने सिर्फबीस हजार रुपये के भाड़े पर शूटर को यहां बुलाया था। दामाद एक गुटखा कंपनी में काम करता है और शूटर ऑटो रिक्शा चलाता है, जिसके विरूद्ध पूर्व में भी हत्या समेत सात मुकदमे दर्ज हैं। बीते 13 नवंबर की रात थाना अटरिया इलाके में 50 वर्षीय काशीराम विश्वकर्मा पुत्र पुत्ती लाल निवासी उनई की अज्ञात हमलावरों ने घर से बुलाकर गांव में ही गोली मारकर हत्या कर सनसनी फैला दी थी। इस मामले में एसपी आरपी सिंह ने तीन टीमों को खुलासे के लिए लगाया था। थाना अटरिया, स्वॉट और सर्विलाँस की संयुक्त टीमों ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए हत्या में शामिल दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मृतक कांशीराम का पड़ोसी गांव के ही एक महिला से संबंध थे। जिसे लेकर उसका दामाद शिवम सिंह निवासी रेखपुर थाना व जनपद कासगंज काफी क्षुब्ध था। शिवम नोयडा की एक गुटखा कंपनी में नौकरी करता है। शिवम की लोकेंद्र सिंह उर्फ नेहना निवासी ग्राम बाधनू थाना सहसनी जिला हाथरस से मित्रता थी। लोकेंद्र भी नोयडा में ही ऑटो रिक्शा चलाता था। लोकेंद्र एक अभ्यस्त अपराधी व भाड़े का हत्यारा है।


अटरिय पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

# शातिर आटोलिफ्टर गिरफ्तार

## सात बाइकें बरामद तिकुनियां पुलिस ने दो अवैध शराब बेंचने वालों को पकड़ा

संवाददाता। मोहम्मदी/निघासन-खीरी





**मोहम्मदी पुलिस** द्वारा रात्रि चेकिंग अभियान के दौरान हरिनगर गुरुद्वारा तिराहा से छोटे सिंह उर्फ सतेन्द्र सिंह उर्फ मुनीष कुमार को चोरी की मोटर साइकिल व अवैध तमंच-कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर 6 अन्य बाइक भी बरामद की गई हैं। एसपी ने गिरफ्तार करने वाली टीम को 5000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया है। बताया गया कि गिरफ्तार छोटे सिंह के खिलाफ गोला कोतवाली में चार, हैदराबाद थाने में दो व पड़ोसी जिला सीतापुर की कोतवाली हरगांव में एक मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक लक्ष्मा गोस्वामी, उप निरीक्षक कृपेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक शशि शेखर यादव, कांस्टेबल पवन कुमार सिंह, कांस्टेबल आशीष दांगी व कांस्टेबल विपिन कुमार शामिल रहे। **निघासन संवाददाता के अनुसार**, निघासन पुलिस द्वारा 24/25 नवम्बर की रात अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए अभियान में दो अभियुक्तों देवू उर्फ गुरुदेव पुत्र महल सिंह निवासी ग्राम नानकपुर मजरा मंझरा थाना तिकुनियां व रामप्रवेश पुत्र मौजी लाल निवासी ग्राम दुमेड़ा मजरा मंझरा थाना तिकुनियां को औधड़ बाबा स्थान से गिरफ्तार किया गया। दोनों के पास से प्लास्टिक की एक-एक पिपिया में कुल 10-10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। गौरतलब है कि अभियुक्त देवू उर्फ गुरुदेव पुत्र महल सिंह व रामप्रवेश पुत्र मौजी लाल वांछित चल रहे थे। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है।

## यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**लखीमपुर-खीरी।** परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत गुरुनानक विद्यक सभा कन्या इंटर कालेज में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कालेज की प्रधानाचार्या डा. मीनाक्षी तिवारी ने की। छात्राओं के बीच प्रश्नोत्तरी, भाषण, निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। राष्ट्र सेविका समिति ने महिला सशक्तिकरण जागरण अभियान के तहत पश्चिमी सभ्यता का अंधानुकरण किए बगैर स्वयं को आधुनिक बनाने पर बल दिया। सामाजिक कार्यकर्ता एवं इतिहास संकलन समिति के विभाग प्रमुख राजेश दीक्षित ने कहा कि हमारा नारी सशक्तिकरण पश्चिम के नारी मुक्ति आंदोलन से भिन्न है। समाज में देह नहीं अपितु ध्येय, जीवन लक्ष्य नारी की पहचान बननी चाहिए। हम सनातन भारतीय संस्कृति, शाश्वत जीवन मूल्यों के अनुरूप नारी सशक्तिकरण चाहते हैं। हमें कार्यशील महिलाओं की समस्याओं, उन पर पड़ने वाले दोहरे उत्तरदायित्वों एवं इससे उपजने वाला सामाजिक तनाव पर विचार कर समुचित समाधान खोजना है।

# सड़क हादसे का शिकार लोगों के घर पहुंचे सपा नेता हिमांशु पटेल

संवाददाता। ढखेरवा-खीरी



**गांव मनसुख** पुरवा ढखेरवा निवासी गया प्रसाद के पुत्र जयशंकर प्रसाद की मंगलवार शाम सीतापुर बारात जा रही थी। इस दौरान ढखेरवा लखाही के प्रधान राकेश वर्मा के भतीजे व श्यामू वर्मा के पुत्र सौरभ वर्मा अपनी सेलेरियो कार से बारात जा रहे थे। तभी किसी वाहन को ओवरटेक करते समय कार अनियंत्रित होकर एक गहरे खाई में पलट गई। जिसमें सवार ढखेरवा गांव के दिलीप कुमार वर्मा 30 वर्ष पुत्र लक्ष्मी नारायण वर्मा, सुमेश कनौजिया 25 वर्ष पुत्र सियाराम व मुकेश गिरी 32 वर्ष पुत्र राममूर्ति गिरी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि कार चालक सौरभ वर्मा, सचिन वर्मा और मुजीब मंसूरी घायल हो गए। इसमें गंभीर रूप से घायल सचिन की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। जिसका लखनऊ मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। मामले की जानकारी पाकर समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व लोकसभा प्रभारी चौधरी हिमांशु पटेल ने उक्त तीनों मृतकों के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर सपा नेता चश्मुद्दीन अंसारी, मुन्ना सोहरिया, जयनरायन पाल, मंशाराम कनौजिया व राकेश पाल सहित क्षेत्र के काफी लोग मौजूद रहे।

## बेटी की शादी के लिए दी आर्थिक सहायता

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** सपा के नगर अध्यक्ष ह्युमन वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष, सामाजिक कार्यकर्ता वारिस अली अंसारी ने विधानसभा गोला गोकर्णनाथ के ग्राम पंचायत गोला देहात के मजरा ग्राम कोंधवा के रामकली की असहाय बेटी शिवानी की शादी के लिए आर्थिक मदद एवं कुछ आवश्यक वस्तुएं प्रदान की। इस शुभ अवसर पर नवीन भार्गव, जलीस अंसारी, सुरिंदर यादव व मुकेश भार्गव आदि लोग उपस्थित रहे।

# मौलाना सादिक के निधन पर जताया दुख




**मोहम्मदी-खीरी।** शिया कमेटी की एक बैठक इमामबाड़े में कमेटी के अध्यक्ष अब्बास नकवी की सदारत में हुई। इसमें शिया धर्म गुरु व मौलाना कल्बे सादिक की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। अब्बास नकवी ने कहा कि पूरी जिंदगी मौलाना कल्बे सादिक ने आपसी भाईचारा, मोहब्बत और तालीम पर जोर दिया। उन्होंने शिया सुन्नी एकता के साथ हिन्दू-मुस्लिम एकता के लिए बराबर सम्मेलन किये। कल्बे सादिक साहब ने लखनऊ सहित अन्य शहरों में यूनिटी कॉलेज के साथ-साथ इरा मेडिकल कालेज खोल कर शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसीलिए सभी धर्मों के लोग और नेता उनका नाम बड़े आदर से लेते हैं। सभी ने मौलाना के निधन पर खेराजे अकीदत पेश कर दुख का इजहार कर उनके मगफिरत के लिए दुआ की गयी। इस मौके पर अधिवक्ता मो. हसन नकवी, जमीर हसन रिजवी, भोला जैदी, अली सहबाज, अकरम रिजवी, शहीद हसन, मो. अहमद जैदी, जमीन रिजवी व आलिम रजा सहित कमेटी के अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी से महिलाओं ने की हक की बात

## वर्चुअल कार्यक्रम से जुड़ीं महिलाएं और बालिकाएं

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी



बुधवार को डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले की महिलाओं एवं बालिकाओं से हक की बात कार्यक्रम में जुड़े। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने मिशन शक्ति की प्रासंगिकता के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं से अपील की कि वह अपने अधिकारों के प्रति सजग होकर अपने सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए जागरूक हो। आज के इस कार्यक्रम में जिले की प्रबुद्ध महिलाएं बड़ी संख्या में जुड़ने पर खुशी जाहिर की। घरों में बेटियों को अपने अधिकारों के प्रति प्रोत्साहित कर उन्हें हर संभव सुविधा मुहैया करें। बेटियां बेटों से किसी आधार पर कमतर नहीं है बल्कि सहनशीलता की शक्ति परिपूर्ण है। बालिकाओं एवं महिलाओं का बिना स्वालंबन के यथोचित सम्मान संभव नहीं है। वर्तमान में महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में बढ़ाने के लिए सरकार नित नए कदम उठा रही है। बेटा अपनी शादी तक एवं बेटियां अंतिम स्वास तक आपके साथ हैं।

डीएम ने बेटियों को उड़ान भरने का मौका देने के साथ ही उन्हें सक्षम एवं समर्थ बनाएं। बेटियां बेटों की अपेक्षा प्रबल इच्छाशक्ति एवं ईमानदारी से अपने कार्य दायित्वों का निर्वहन करती हैं। केंद्र एवं प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सुकन्या योजना सहित विभिन्न महिलापरक योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। एएसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने थानों में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना कराई है।

यही नहीं उसमें महिला पुलिसकर्मियों की ही ड्यूटी लगाई। जिससे महिलाओं में जागरूकता आने के साथ ही अपनी समस्याओं को पुलिस के समक्ष बड़ी बेबाकी रखते हुए निदान करा रही है। पुलिस को अपना मित्र माने। गांव गली मोहल्ले में शक्ति मोबाइल को महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक्टिवेट किया गया। महिलाओं के प्रकरण को पूरी संवेदनशीलता के साथ निदान कराया जा रहा है।

आर्य कन्या डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डॉ0 सुलोचना त्रिवेदी ने मिशन शक्ति के तहत आयोजित इस कार्यक्रम के सहयात्री बनने पर गौरवान्वित महसूस किया। डीएम के साथ हक की बात कार्यक्रम सरकार की एक सार्थक पहल है। परिवार की शांति के लिए महिलाएं दूसरों की मर्जी से अपना जीवन जीती हैं। इस मौके पर शहर की कई नामचीन हस्तियों ने भी महिला सशक्तिकरण की वर्तमान परिदृश्य में महती आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

डीएम के सीयूजी नंबर पर तय कार्यक्रम एवं समय के मुताबिक जिले के विभिन्न क्षेत्रों से करीब 20 महिलाओं ने अपनी शिकायत एवं समस्या डीएम के साथ साझा की। जिसमें ज्यादातर समस्या पारिवारिक कलह एवं पति पत्नी का आपसी विवाद था। वहीं कुछ समस्याएं जमीनी विवाद को लेकर सामने आयी। डीएम ने सभी समस्याओं को स्वयं नोट कर संबंधित अधिकारियों को उनकी समस्याओं का यथासंभव निस्तारण के निर्देश दिए।

## विधायक ने मांगा समर्थन

**मोहम्मदी-खीरी।** विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने नगर के युग निर्माण कन्या इंटर कॉलेज पीडी भारतीय इंटर कॉलेज और जेपी इंटर कॉलेज में स्नातक व शिक्षक एमएलसी चुनावों के परिप्रेक्ष्य में मतदाताओं से संपर्क कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन मांगा। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह नगर के युग निर्माण कन्या इंटर कॉलेज पीडी भारतीय इंटर कॉलेज, जेपी इंटर कालेज पहुंचे जहां उन्होंने अध्यापकों व स्कूल के स्टाफ के साथ बैठक की। शिक्षक प्रत्याशी उमेश द्विवेदी व स्नातक एमएलसी प्रत्याशी इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह के समर्थन में मतदान की अपील की। इस दौरान उनके साथ शिक्षक एमएलसी चुनाव प्रभारी आनंद गुप्ता मतदान केंद्र प्रभारी दिनेश गुप्ता स्नातक एमएलसी चुनाव के बूथ प्रभारी व नगर महामंत्री रवि शुक्ला नीरज रस्तोगी सचिन गुप्ता हेमू, जेपी इंटर कॉलेज के प्रबंधक अवनीश गुप्ता डाक्टर शिवा गुप्ता मनोज गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### पति के तानों से तंग आकर विवाहिता ने तालाब में कूदकर कर ली आत्महत्या

**संडीला (हरदोई)।** ससुराल में पति के द्वारा लगातार मानसिक उत्पीड़न झेल रही विवाहिता ने गांव के बाहर तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना थाना अतरौली के अर्न्तगत् ग्राम आलमपुर की है। ग्राम निवासी उमेश पाल की पैंतीस वर्षीय पत्नी किरन ने गांव के बाहर एक तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता ने पोस्टमार्टम हाउस पर बताया कि उसका दामाद मोटरसाइकिल न लाने के कारण लगातार शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न कर रहा था। मंगलवार को भी उमेश ने किरन के साथ मारपीट की। इससे क्षुब्ध होकर किरन गांव के बाहर स्थित तालाब में जाकर कूद गयी। लोगों ने जब शव को तैरता हुआ देखा तो उसका शव निकाला गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मृतका के पिता ने एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**संडीला (हरदोई)।** एक युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कासिपुर के अर्न्तगत् ग्राम सरेहरी निवासी अजय कुमार पुत्र हरदेव प्रसाद सुबह रोज की भांति दौड़ लगाने के लिए गया था। वहां से लौटने के बाद वह अपने कमरे में गया तथा उसे बंद कर लिया। जब काफी देर कमरा नहीं खुला तो घर वालों को आशंका हुई। दरवाजा तोड़कर जब घरवालों में कमरे में प्रवेश किया तो उसका शव लटकता हुआ मिला।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### कोविड नियमों का पालन न करने वाले दुकानदारों पर होगी कार्रवाई : एसडीएम



**संडीला (हरदोई)।** नगर में कोविड नियमों को पालन करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की जायेगी और यदि आवश्यकता समझी गयी तो दुकान शीज भी की जा सकती है। नगर पालिका परिषद सभागार में नगर के व्यापारियों और नगर के प्रतिष्ठित लोगों को सम्बोधित करते हुए एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि दुकानदार शोसल डिस्टेंसिंग का सख्ती से पालन करे। दुकानदार स्वयं मास्क लगाकर अपनी दुकान पर बैठे और यह ध्यान रखें यदि ग्राहक उनकी दुकान पर बिना मास्क के आता है तो उसे सामान कदापि न दें। उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि जो भी दुकानदार कोविड नियमों का पालन नहीं करेगा। उसकी दुकान शीज करने की कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने कहा कि तीन दिन बाद पुलिस प्रशासन और नगर पालिका की ओर से चेकिंग अभियान शुरु किया जायेगा और मास्क न लगाने वालों से जुर्माना वसूली के साथ कड़ी कार्रवाई भी की जायेगी। इस बैठक में अधिशासी अधिकारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस चौकी नगर प्रभारी तथा नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

### दवा लेकर लौट लौट रहे दो युवकों की दुर्घटना में मौत

**बरेली।** रात के समय दवा लेकर मोटरसाइकिल से अपने घर वापस लौट रहे दो युवकों को पीछे से आए किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दोनों की अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। पुलिस ने लाशों को जिला अस्पताल भेजा जहां उनके घर वालों ने लाखों की शिनाख्त कर ली। पुलिस ने उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव कुरमुरी निवासी 20 वर्षीय मुकेश पुत्र प्रेम पाल और गांव के ही रहने वाले 30 वर्षीय भानु प्रताप पुत्र हरप्रसाद की बीती रात लगभग 10 बजे फरीदपुर के गांव ढकनी में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतकों के घरवालों ने जिला अस्पताल में बताया कि मुकेश कल शाम को भानु प्रताप के साथ उसे दवा दिलवाने के लिए फरीदपुर स्थित एक डॉक्टर के क्लीनिक पर गया था। जहां से रात लगभग 10बजे दोनों बाइक से अपने घर वापस लौट रहे थे। लेकिन रास्ते में ही ढकनी गांव के पास पीछे से आए किसी वाहन ने उनकी वाइफको टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद उन्हें टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए अज्ञात के रूप में जिला अस्पताल भेजा। लेकिन उनकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचे घर वालों ने लाशों की शिनाख्त कर ली। जिन्हें पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक मुकेश की मां का नाम मुन्नी देवी है। वह अविवाहित था बाय तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। भूप राम का विवाह पिंकी से लगभग 1 वर्ष पूर्व ही हुआ है।

# लोक अदालत 12 दिसम्बर को

**फतेहपुर।** सिविल जज सी0डि0/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनन्द मिश्र ने बताया कि उच्चतम न्यायालय/कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 12 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौता के माध्यम से न्यायालयों में लंबित ज्युडिशल डाटा ग्रिड प्रदर्शित एवं प्री-लिटिगेशन के माध्यम से लोक अदालत में आपराधिक समनीय वाद, धारा 138 परक्राम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, वैवाहिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (असमनीय वादों को छोड़कर) वेतन, भत्तों एवं सेवानिवृत्ति लाभों से संबंधित सेवा प्रकरण, राजस्व वाद, अन्य दीवानी वाद (किराएदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद एवं विशिष्ट अनुतोष आदि) निस्तारित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

# हरी-भरी सब्जियों से गुलजार हुई जलाला नहर कोठी



संवाददाता। फतेहपुर

**ब्रिटिश हुकूमत** मे घोड़ों की टॉप से गुलजार रहने वाली नहर कोठी जलाला इस समय जैविक किचन गार्डन की प्रयोगशाला बन गई है। वीरान पड़ी रहने वाली नहर कोठी में जहां लोग जाने से डरते थे जिसे भूत बंगला कह कर के पुकारते थे। आज वहां पर लोगों का रहना हो रहा है। नहर विभाग की बनी कोठी में जैविक किचन गार्डन बना दिया गया है। बताते चलें जेवीवी कंट्रक्शन लिमिटेड हैदराबाद द्वारा निचली रामगंगा नहर की खुदाई एवं पुल मरम्मतिकरण, नवनिर्माण आदि का ठेका लिया गया है जिसके सभी कर्मचारी नहर कोठी जलाला में शिविर बनाकर रह रहे हैं। कोरोना संक्रमण के प्रभाव के कारण बाजार से दूरी बनाकर कर्मचारियों की सोच से शिविर में ही सब्जी उत्पादन किया जा रहा है। जिससे शिविर में रहने वाले 30 से 35 कर्मचारियों की रसोई में जैविक तरीके से उगाई गई सब्जियां पक रही हैं। इस किचन गार्डन में नहर कोठी के शिविर में रहने वाले लोगों को कोरोना संक्रमण से भी बचा रखा है। यहां पर रसोई का काम देखने वाले गुड्डू काजी नहर कोठी में ही किचन गार्डन तैयार किया है। यहां पर जैविक खाद से सब्जियां तैयार की गईं हैं। किचन गार्डन में पालक, मेथी, सोया, गाजर, मूली, मटर, मिर्च, शलजम, सेम, राजमा, प्याज, भिंडी, गोभी, आलू, धनिया, लौकी, बैंगन तीन प्रकार के एवं चने का साग, सरसों, बाकला, कद्दू, लौकी आदि पौष्टिक सब्जियां उगाई गई हैं। जो रसोई में पकती हैं। इसके लिए यहां पर रहने वाले कर्मचारी देखरेख करते हैं तथा निराई, गुड़ाई के लिए दो अन्य कर्मचारी भी नियुक्त कर रखे हैं। यहां के ठेकेदार योगेंद्र टोकला ने बताया कोरोना संक्रमण बाजार व भीड़ भाड़ में जाने से अधिक फैलता है। किचन गार्डन तैयार करने का मकसद था रासायनिक खाद व पेस्टिसाइड का उपयोग कर तैयार की गई सब्जियों से बचना है जिससे यहां पर रहने वाले सभी कर्मचारी स्वस्थ रह सकें। दूसरे कोरोना में बाजार से सब्जी लेकर आने से संक्रमण का खतरा भी बना रहता था अब बाजार नहीं जाना पड़ता है। बहुत लंबे समय से नहर कोठी को ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित करने की मांग करने वाले युवा विकास समिति के जिला प्रवक्ता आलोक गौड़ ने जेवीवी कांट्रेक्शन लिमिटेड हैदराबाद के कर्मचारियों द्वारा जैविक खाद से किचन गार्डन तैयार करने की सराहना की है। उन्होंने खुद इस मॉडल को अन्य लोगों से बताया और दिखाया भी है। उन्होंने कहा है प्रगतिशील किसानों के संपर्क से आसपास के लोगों को यहां का विजिट भी कराया जाएगा ताकि इससे प्रेरित होकर किचन गार्डन तैयार कर सकें।

## निजीकरण के विरोध में परिवहन निगम कर्मचारियों ने दिया धरना

**फतेहपुर।** प्रदेश के राष्ट्रीयकृत मार्गों पर निजी बस चलाने से सम्बन्धित एवं परिवहन विभाग के कारोबार को समेट कर उसके अस्तित्व को समाप्त करने की सरकार को प्रस्तावित योजनाओं के विरोध में तथा परिवहन निगम कर्मचारी-अधिकारियों की अन्य सामूहिक प्रमुख मांगों की समयबद्ध पूर्ति हेतु अनुरोध के साथ डिपो की कार्यशाला में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर प्रस्तावित योजनाओं के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर संयोजक बीएस बाजपेयी, सचिव एमएल केसरवानी, जयचंद्र प्रकाश, पीयूष पाठक, संजय कुमार, सुरेश सिंह चंदेल, सुभाष श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार, अनूप श्रीवास्तव, सर्वेश यादव, विजय कुमार मिश्रा, सुरेंद्र सिंह पाल, श्रीकांत शर्मा, प्रेम शंकर, महेंद्र प्रताप, जय प्रकाश शुक्ला, राजकुमार, रियाज अली, मो0 आजम, इजहार अहमद, किरण कुमारी, जगलाल सरोज, श्रीमती लीलावती, श्रीमती आशा देवी, श्रीमती भाग्यवती, श्रीमती दीपशिखा आदि लोगों ने धरने का समर्थन करते हुए अपने विचार व्यक्त किए।

# ताला तोड़कर जेवरात सहित लाखों की चोरी

संवाददाता। बिंदकी (फतेहपुर)

**सुने घर** का ताला तोड़कर रात को अज्ञात चोर अंदर घुसे और बॉक्स के ताला तोड़कर दो हजार रूपये नगद व सोने-चांदी के जेवरात सहित करीब एक लाख रूपये की संपत्ति चोरी कर ले गए। सुबह चोरी की जानकारी हुई तो ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की छानबीन की।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के पारादान गांव में गणेश पटेल के सूने घर का ताला तोड़कर रात को अज्ञात चोर घुसे और बॉक्स के ताले तोड़कर दो हजार रूपये नगद सोने चांदी के जेवरात सहित करीब एक लाख रूपये से अधिक की संपत्ति चोरी कर ले गए। सुबह जब लोगों को चोरी की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की छानबीन की। बताते चलें कि पारादान गांव निवासी गणेश पटेल वर्तमान समय में बकेवर थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में अपने ससुराल में सपरिवार रहते हैं। जबकि गांव स्थित घर में वह घर के ऊपरी हिस्से स्थित कमरे में ताला बंद किए रहते हैं।

जबकि घर के नीचे वाले हिस्से में उनके बड़े भाई महेश पटेल आदि लोग रहते हैं। रात को अज्ञात चोर सीधे छत में चढ़े और कमरे का ताला तोड़ दिया तथा अंदर घुसकर नगदी व जेवर सहित करीब एक लाख रूपये से अधिक की संपत्ति चोरी कर ले गए। चोरी की घटना से गांव में हड़कंप मचा रहा। सूचना मिलने पर गृह स्वामी भी अपने घर पहुंचे और घर के अंदर चोरी की गई। नगदी जेवरात व सामान के बारे में तहकीकात किया। चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# अधिवक्ता संघ के चुनाव में दो पर्चे वापस

संवाददाता। बिंदकी (फतेहपुर)

**बिंदकी तहसील** अधिवक्ता संघ का चुनाव प्रचार तेजी से शुरू हो गया है। बुधवार को नामांकन पत्र वापसी का दिन था। जिसके चलते उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए एक-एक दावेदारों ने अपना पर्चा वापस लिया। इसी के साथ चुनाव की गहमागहमी अधिक बढ़ गई है। प्रत्याशी अपना अपना चुनाव प्रचार अधिवक्ता मतदाताओं के बीच कर रहे हैं।

बिंदकी तहसील अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर लगातार सरगर्मी बढ़ती जा रही है। बुधवार को नामांकन पत्र वापसी का दिन था। जिसके चलते उपाध्यक्ष पद पर लोकेंद्र पाल सिंह ने अपना पर्चा वापस लिया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नवाब हुसैन ने भी अपना पर्चा वापस ले लिया। पर्चा वापसी का समय समाप्त होने के बाद अधिवक्ता संघ चुनाव की तस्वीर पूरी तरह से सामने स्पष्ट हो गई है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद के लिए रमाकांत वर्मा तथा नरेंद्र मिश्र के बीच सीधा मुकाबला होगा। दोनों ही प्रत्याशियों ने अपना-अपना चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। वहीं सचिव पद के लिए तीन प्रत्याशी राकेश कुमार सोनकर, विमलेश कुमार तथा मदन चंद्र यादव मैदान में हैं। तीनों प्रत्याशियों ने अपना प्रचार अधिवक्ताओं के बीच पहुंचकर शुरू कर दिया है। तीनों प्रत्याशी अपने-अपने लिए वोट मांग रहे हैं। वहीं उपाध्यक्ष पद में लोकेंद्र पाल सिंह द्वारा अपना पर्चा वापस लेने के बाद उपाध्यक्ष पद में सत्यार्थ सिंह गौतम तथा अजय सिंह कुशवाहा मैदान में बचे हैं। दोनों ही प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला होगा। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद में नवाब हुसैन द्वारा अपना पर्चा वापस लेने के बाद लक्ष्मी सिंह गौतम का वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनना तय हो गया है। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद में अखिलेश्वर अकेले दावेदार थे। जिसके चलते उनका भी कोषाध्यक्ष बनना तय हैं। संयुक्त सचिव प्रशासन में विष्णु दत्त तिवारी अकेले दावेदार हैं। जिसके चलते उनको भी निर्विरोध चुना जायेगा। संयुक्त सचिव प्रशासन के लिए अखिलेश चंद अकेले उम्मीदवार हैं उनका भी निर्विरोध चुना जायेगा। इसके अलावा छह वरिष्ठ तथा 6 कनिष्ठ सदस्य निर्विरोध होना तय है। चुनाव अधिकारी रामकरण सिंह चौहान, जय सिंह यादव तथा शिवराम वर्मा ने बताया कि नामांकन पत्र वापसी के बाद तस्वीर पूरी तरह से स्पष्ट हो गई है। अध्यक्ष पद में रमाकांत वर्मा तथा नरेंद्र मिश्र चुनावी मैदान में हैं। जबकि सचिव पद के लिए राकेश कुमार सोनकर, विमलेश कुमार तथा मदन चंद्र यादव चुनाव मैदान में हैं। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए सत्यार्थ सिंह गौतम तथा अजय कुशवाहा मैदान में हैं। बाकी पदाधिकारी निर्विरोध घोषित होना तय हो गया है।

## बाइक को टक्कर मार ट्रैक्टर पलटा, दो की मौत

### हादसे में गम्भीर घायल को कराया भर्ती

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत जलाला गांव के समीप देर रात बाइक को टक्कर मारकर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट जाने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं एक बुरी तरह घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कानपुर नगर के थाना घाटमपुर गांव खजुरी परास निवासी श्यामलाल का 35 वर्षीय पुत्र राकेश मजदूरी करता था। बताते हैं कि कल वह ट्रैक्टर में सवार होकर बिन्दकी भाड़े की ईंट डालने आया था। देर रात वापस लौटते समय जैसे ही ट्रैक्टर बकेवर थाने के जहानाबाद रोड जलालपुर गांव के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक को टक्कर मारने के बाद पलट गया। जिससे राकेश व बाइक सवार नरेश कुमार पुत्र कालीदीन निवासी किशनपुर की घटनास्थल पर मौत हो गयी। जबकि बाइक में सवार एक अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल सरकारी एम्बुलेन्स को बुलाकर घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया। वहीं दोनों शवों का पंचनामा भरकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

संवाददाता। फर्रूखाबाद



**शहर** कोतवाली पुलिस ने अवैध हथियार बनाने की एक फैक्ट्री का भण्डाफोड़ करके, तीन अभियुक्तों से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद कर गिरफ्तार किया।

सीओ सिटी राजवीर सिंह ने फतेहगढ़ जिला मुख्यालय पुलिस लाइन में बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि फर्रूखाबाद जिले में अवैध शस्त्रों के निर्माण एवं बिक्री रोकथाम के लिये शुरू हुये अभियान के तहत मुखबिर से मिली सूचना पर फर्रूखाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वेदप्रकाश पाण्डेय एवं एसओजी टीम प्रभारी जे0पी शर्मा ने अपने दलबल- के साथ आज बुधवार तड़के कोतवाली क्षेत्र में छोटा बंगशपुरा और बड़ा बंगशपुरा के समीपवर्ती दो मंजिला मकान के मध्य झाड़ियों में अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भण्डाफोड़ करने के लिये छापेमारी की। पुलिस ने घटनास्थल से अवैध हथियार बनाने के उपकरणों के साथ 14 अवैध तमंचें 315 बोर, दो तमंचे 12 बोर बने हुये के अलावा दो तमंचे अधबने, छः जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये तथा अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री चलाने वाले अभियुक्तों में हरदोई जिले के थाना पचदेवरा ग्राम नारायणपुर निवासी संजय व फर्रूखाबाद जनपद के राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हरियरपुर निवासी हरजीत सिंह व इसी गांव के राजीव को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक ने अच्छा कार्य करने वाले पुलिस कार्मियों को पुरस्कार देने की घोषणा की।

## तेंदुए ने गाय के बछड़े को मारकर खाया, ग्रामीणों में दहशत

**फर्रूखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र में आज तेंदुए ने गाय के बछड़े को मारकर खाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल उत्पन्न होते ही पुलिस ने गांव वालों को रात्रि के समय अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ सतर्क रहने के लिये एक बैठक की।राजेपुर थानाध्यक्ष देवेन्द्र गंगवार ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम उदयपुर के निवासी राधेश्याम मिश्रा की एक गाय का बछड़ा गांव समीपवर्ती गन्ने के खेत में मंगलवार रात्रि में तेंदुआ जैसे जंगली जानवर ने मारकर खा गया। बुधवार सुबह जब ग्रामीण गन्ने के खेत के समीप से जब गुजरे तो उन्होने गाय के बछड़े के लहुलुहान अंग अवशेषों को देखकर थाना पुलिस और वनविभाग को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने बुधवार को ग्राम प्रधान की मौजूदगी में गांव वालों की एक बैठक करके सभी गांवों को रात्रि के समय अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ घरों के अन्दर सतर्कता से रहने की अपील की। थानाध्यक्ष श्री गंगवार ने बताया कि वनविभाग के डीएफओ को गांव में तेंदुआ जैसे जंगली जानवर को पिंजड़ा लेकर पकड़ने का अनुरोध किया गया। इधर सूत्रों के अनुसार वनविभाग निरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने अपनी विनविभाग टीम के साथ मौके पर पहुँचकर जंगली जानवर के पंजों के सहारे काफी दूर तक कॉबिंग की। जिसमें तेंदुए जैसे जंगली जानवर के पैरो के निशान होने का अनुमान लगाया गया। इसके साथ ही इस तेंदुआ जैसे जंगली जानवर को कल वनविभाग द्वारा पकड़े जाने के प्रयास होंगे।

# मौनी मुनि आश्रम पेरोजोर में भण्डारे का हुआ आयोजन



संवाददाता। कानपुर देहात

**पैराजोर** गॉव के मौनी मुनि आश्रम के भण्डारे में अकबरपुर रनियॉ पूर्व प्रत्याशी नीरज सिंह गौर ने पहुँचकर मुनि महाराज का आर्शीवाद लिया और आर्शीवाद ग्रहण किया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने भण्डारे में पहुँचकर प्रसाद चखा तथा दर्शन के साथ अर्चन पूजन किया। पैराजोर गॉव स्थित मौनी मुनि आश्रम में वुधवार को भण्डारे का आयोजन किया गया। अकबरपुर रनियॉ से पिछले विस चुनाव में समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी रहे नीरज सिंह गौर ने मुनि महाराज का दर्शन कर उनसे आर्शीवाद ग्रहण किया और भण्डारे का प्रसाद चखा। इस मौके पर रामस्वरूप सिंह यादव शालू सिंह, अमन सिंह, देशराज सिंह, हरिकरण सिंह अमन ठाकुर, बलवान सिंह, राकेश्ज्ञ सिंह, जीतू सिंह, पंकज सिंह, कुबेर ठाकुर, वीर प्रताप सिंह, रणविजय सिंह, सचि सिंह, श्या मजी सिंह, बच्चन सिंह, भानु सिंह पूर्व प्रधान, रामू सिंह प्रधान उत्तर सिंह, रज्जन तिवारी, दीपक सिंह, आदित्य सिंह, कृपकान्त सिंह, जीतेन्द्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# तुलसी विवाह की तैयारियां पर विचार विमर्श

संवाददाता। औरैया



**एक** विचित्र पहल सेवा समिति रजिण् औरैया महिला शाखा तुलसी की आवश्यक बैठक बुधवार को दोपहर 12ण्30 बजे श्री पोरवाल धर्मशालाए औरैया में संपन्न हुईए बैठक में प्रमुख रूप से बैकुंठ चौदस के पावन अवसर पर आगामी 29 नवंबर रविवार को प्रात: 11 बजे से श्री पोरवाल धर्मशालाए औरैया में आयोजित होने वाले तुलसी विवाह व जरुरतमंद बबिता व दीपक का पारंपरिक रूप से वैदिक रीति रिवाजों के साथ वास्तविक रूप में पुनर्विवाह धूमधाम से आयोजित कराने हेतु सर्वसम्मति से विचार.विमर्श किया गया। बैठक में महिला शाखा तुलसी की अध्यक्ष बबिता ने बताया कि देवोत्थानी एकादशी को आज का दिन तुलसी विवाह के रूप में जाना जाता हैए शादी विवाह संस्कार तथा रुके हुए कार्य आज से प्रारंभ हो जाते हैं मान्यता के अनुसार चार महीने से सोए हुए देव जाग जाते हैंए आज के दिन से ही तुलसी विवाह का सिलसिला प्रारंभ हो जाता हैए महिला शाखा तुलसी की प्रभारी मीरा गुप्ता ने बताया कि रविवार को तुलसी विवाह के साथ एक जरूरतमंद जोड़े का विवाह भी समिति द्वारा विधिवत संपन्न कराया जाएगाए शाखा की संरक्षक लक्ष्मी बिश्नोई ने बताया कि तुलसी मैया व बेसहारा बबिता की पैर पुजाई दोपहर दो बजे श्री पोरवाल धर्मशालाए औरैया में संपन्न होगीए उन्होंने नगर की माताओं बहनों से तुलसी विवाह के पुनीत आयोजन में समय से पधारने की अपील की है। शाखा की कोषाध्यक्ष क्षमा सोनी व सदस्य मधु शर्मा ने कहा कि विधवा विवाह आयोजन से तमाम कुरीतियों आडंबरों व सामाजिक बंधनों पर विराम लगेगा जबकि तमाम हमारी कम उम्र की विधवा बहनों को आगे बढ़कर नए जीवन की शुरुआत करने का अवसर मिलेगा। बैठक में प्रमुख रूप से सुनीता बिश्नोईए लक्ष्मी वर्मा, यूविका पोरवाल, रिंकी शुक्ला, उमा गहोईए आशा विश्नोई, प्रतिभा सोनी, सीमा पोरवाल, प्रतिमा सविता, लक्ष्मी गुप्ता, प्रभा भदौरिया, सुनीता गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## चोरी होने से बचे मवेशी, लोगों के जागने भागे चोर

**जसवंतनगर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में मंगलवार की देर रात अज्ञात चोरों ने राजपुर तमेरी गांव में भैंस चोरी करने का असफल प्रयास किया। जगार होने पर चोर पशुओं की चोरी में सफल नही हो सके। घटना की जानकारी देते हुए राजपुर तमेरी निवासी पशुपालक सुरेश सिंह कठेरिया ने बताया कि मंगलवार की देर रात कुछ अज्ञात व्यक्ति पशुपालक भैंस खोलकर एक लोडर वाहन से लादकर जा रहे थे कि अचानक उन लोगों की नींद खुल गई। शोर मचाने पर चोर पशुओं को छोड़कर भाग गए। रात के समय चीखपुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। लोगों ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। लोगों के जागने से चोरी करने आए लोगों के मंसूबे परवान नहीं चढ़ सके और वक्त रहते ही उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया गया।

# भरथना नहीं टूटेगा, जल्द बनेगा बाइपासः कठेरिया

संवाददाता। इटावा



**इटावा-कन्नौज** हाईवे चौड़ीकरण व निर्माण को लेकर भरथना नगर में होने सम्भावित तोड़फोड़ से भरथना नगर के व्यापारी बर्षो से परेशान और चिंतित थे। जिसको लेकर भरथना के वरिष्ठ व्यापारी भाजपा नेता पंडित दिवाकांत शुक्ला व श्रीभगवान पोरवाल के नेतत्व में सैकड़ों व्यापारियों ने इटावा के सांसद प्रोफेसर डॉक्टर रामशंकर कठेरिया से नगर में बिना तोड़फोड़ के भरथना में वाईपास की मांग को लेकर केई बार गुहार लगा चुके थे। जिसके उपरांत भरथना के सैकड़ो व्यापारियों ने बीते दिनों सांसद श्री कठेरिया का भरथना नगर के मुख्य चौराहे पर घिराव कर वाईपास निर्माण का एक ज्ञापन सौंपा था। जिसको लेकर इटावा के सांसद श्री कठेरिया ने हाईवे निर्माण विभाग और निर्माण कम्पनी के आलाधिकारियों से ठोस वार्ता कर भरथना नगर में होने बाली सम्भावित तोड़फोड़ पर हमेशा के लिये विराम लगवा दिया है।

जिसकी खुशी में बुधवार को भरथना के व्यापारियों ने भरथना नगर में घुसते ही सांसद श्री कठेरिया का मन्दिरदान सहाय से लेकर प्रगति आफसेट प्रेस पुलिस चौकी तक जगह जगह जोरदार स्वागत सम्मान किया। स्वागत सम्मान करने बालों में प्रमुख रूप से नागेश वर्मा सर्राफ सन्तोष वर्मा, एडवोकेट निशान्त पोरवाल, अमित गुप्ता, नाथूराम पोरवाल, कैलाश पोरवाल, पप्पन चौहान, अनुराग यादव, अतुल पोरवाल, कुलदीप तिवारी, सोनू पोरवाल, सत्यवीर गोस्वामी, बलबन्त सिंह सिंधी, विजयेन्द्र तिमोरी, सजंय भाटिया, शिवमंगल गोस्वामी, बसंती देवी, मिस्त्री मोहम्मद बकील, श्रीकृष्ण दिवाकर, श्रीकृष्ण गुप्ता, रामौतार यादव, चिंटू कठेरिया, जगदीश कश्यप सहित सैकड़ो व्यापारी दुकानदार व ग्रहस्वामी सामिल रहे। सांसद कठेरिया के साथ प्रमुख रूप से उ0प्र0व्यापार मण्डल के प्रदेश सचिव श्रीभगवान पोरवाल, भाजपा सभासद मनोज गुप्ता मुन्नी, भाजपा नामित सभासद हरिओम दुबे आदि भाजपा नेता पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कागजों पर ही चल रहा स्वच्छता अभियान

संवाददाता। जसवंतनगर इटावा



**क्षेत्र** के ग्राम झीला में अभी तक स्वच्छता अभियान के दर्शन नहीं हुए हैं।ग्रामीणों की मानें तो उन्हें नहीं मालूम कि स्वच्छता अभियान पर सरकार खर्च कर रही है। इस गांव में आज तक ग्रामीणों ने सफाई कर्मी को काम करते नही देखा। इस गांव के ग्रामीणों की नारकीय स्थिति की सुध लेने और देखने व सुनने वाला कोई नहीं है ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में आज तक न तो सेक्रेटरी स्थित देखने आए और न ही कोई अधिकारी। कभी कभार हम लोग प्रधान से अपना दुखड़ा रोने चले जाते हैं।वह भी हमे केवल टरका देते हैं। गांव का हैंडपंप लगभग 5 वर्ष से खराब पड़ा है। गांव के खरंजे पर जलभराव है उसके निकास की कभी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। ग्रामीणों को उसी गंदे भरे पानी में होकर निकलना पड़ता है।गांव में जलभराव का कारण पानी का निकास बंद कर दिया जाना है। बताते हैं कि पहले गांव का पानी खेतों के किनारे किनारे बंबे में जाकर गिरता था एलेकिन बीच में कुछ लोगों ने पानी का निकास बंद कर दियाए जिससे गांव में जलभराव हो गया। कई वर्षों से इस जलभराव ने खरंजे को अपनी चपेट में ले लिया। प्रधान या सेक्रेट्री या किसी अन्य अधिकारी ने आकर इस जन समस्या से निपटने के लिए कभी कोई प्रयास नहीं किया। गांव गंदगी का ये आलम है कि जगह जगह कूड़े के ढेर जमा हैं। गांव के शौचालय जो अब से 2 साल पूर्व ही बनाए गए थेए क्षतिग्रस्त अवस्था में पहुंच गए हैं।लोग इनमे शौच को भी नही जातेए जिस वजह ऐसा लगता है के शौचालय सिर्फशो पीस३ बनाने के लिए बनाए गए थे। इनके निर्माण में घपले की शुरू से ही चर्चा है। बताया गया कि शौचालय के साथ दो गड्ढे खोदे जाने थेए मगर सिर्फएक ही गड्ढा हर शौचालय पर खोदा गया।कई शौचालयों में अभी तक सीट भी नहीं रखी गयी है और किसी पर छत भी नहीं है। इस कारण इन शौचालयों का उपयोग कंडे एकरब या अन्य वस्तुओं को रखने के कमरे के रूप में हो रहा है।

## बिना बताए बारात छोड़ भागा दूल्हा, लड़की पक्ष ने दी तहरीर

**बरेली।** नौकरी लगने के बाद दूल्हे का मन बदल गया और बारात वाले दिन अपने घर से भाग गया। जब देर रात तक बारात नही पहुंची तो लड़की वालो ने संपर्क किया। इस पर लड़के वालो ने कह दिया कि वह किसी को भी बिना बताए कही चला गया है। लड़की वालो ने थाने मे तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। फरीदपुर के शांति नगर निवासी परिवार ने अपनी बीए पास बेटी का विवाह पीलीभीत के बिलसंडा के युवक से तय किया। तिलकोत्सव मे लड़की पक्ष के परिवार ने सात लाख की नकदी और उपहार दिए। बारात के स्वागत की तैयारिया चल रही थी। बारात के सजे पांडाल मे तमाम रिश्तेदार दावत के बाद बारात आगमन का इंतजार कर रहे थे। लेकिन देर शाम तक बारात नही पहुंची। जिसके बाद होने वाली दुल्हन के पिता ने फोन करके लड़के पक्ष के लोगो से वार्ता की तो जानकारी मिली कि लड़का उनके घर से कही चला गया है। उन्हे यह भी पता चला कि लड़के की हाल ही मे बेसिक शिक्षा विभाग मे शिक्षक पद पर नौकरी लग गई। इसलिए उसने रिश्ता तोड़ा है। लड़की के पिता ने फरीदपुर थाने मे तहरीर दे दी। लड़की पक्ष के कुछ लोग बिलसंडा रवाना हो गए। सीओ आलोक अग्रहरि ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। शादी को लेकर समझौता नही हुआ तो उनके वापस आने के बाद मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई करेंगे।

**बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र हेतुकन्ट्रोल रूम की हुई स्थापना:** बरेली । अपर आयुक्त(प्रशा.)बरेली मण्डल बरेली/सहायक रिटर्निंग ऑफीसर बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र ने बताया कि बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक द्विवर्षिक निर्वाचन-2020 में आयुक्त, बरेली मण्डल, बरेली के कार्यालय में कन्ट्रोल रूम (कन्ट्रोल रूम नम्बर 0581-2970118) की स्थापना की गई है।

# देवोत्थानी एकदशी पर खूब बिका गन्ना और सिंघाड़ा



संवाददाता घाटमपुर

**बीते** वर्ष की तरह इस बार भी देवोत्थानी एकादशी के पर्व पर गन्ना और और सिंधाड़ा खूब बिका। मान्यता है कि भगवान बिष्णु चौमासा के बाद एकादशी के दि नही बाहर आये थे जिसके चलते इस दिन देवोत्थानी एकादशी के रुप में पूजित है और आज से ही बिवाह आदि शुभ कार्य शुरु हो जाते है। और आज के दिन लोग गन्ना-सिघाड़ा को धर ले जाकर पूजन पाठ के बाद सिघाड़ा खाने के साथ ही गन्ना चूसना शुभा माना जाता है। कस्बे के कानपुर रोड़ पर बस स्टाप के सामने गन्ना बेंच रहे सलमान राइन व सोनू गुप्ता ने बताया कि बीते वर्ष भी एक गन्ने की कीमत 15 से 20 रुपये थी यही दाम इस वर्ष भी है। उधर बीते कल तक सिंघाड़ा 10 से 15 रुपये प्रति किलो बिक रहा था लेकिन आज ठेलिया वालों ने दुगनी कीमत पर बेंचा। इसी तरह कुछ उबला सिंघाड़ा दुगनी कीमत पर लोग खरीदने को बिवश हुए।

### नही लगेगा कुष्माॅण्डा देवी मंदिर में लगने वाला मेला

**घाटमपुर।** कार्तिक पूर्णमा के अवसर पर नगर के कुष्मॉण्डा देवी मंदिर प्रांगण में लगने वाला मेला कोरोना वायरस के चलते नही लगेगा। शासन स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि जनपद हापुड़ की तरह अन्य नगर निकायों में लगने वाले मेले में बाहरी जनपदों से आने वालों पर रोक रहेगी। शासन के आदेश के बाद नगर पालिका परिषद घाटमपुर ने मेले के आयोजन से हाथ खींच लिये है,और स्थानीय लोग श्रद्दालु आयेगा उसे अनलाक गाइड का पूरी तरह पालन करना पड़ेगा। पालिका के संविदा कर्मी गुरु प्रसाद शर्मा ने बताया कि लोगों को जानकारी के लिये प्रचार प्रसार कराकर अनलॉक की गाइड लाइन का पालन कराया जायेगा।

# झुक जाओ तनिक रघुवीर लली...

संवाददाता। फर्रूखाबाद



**विधाता** ने जो रच दिया है संसार में वही सबकुछ होता है सीता स्वयंबर में पहले से श्रीराम-सीता विवाह तय था जिसे विधाता ने रचा था उसी अनुसार हुआ। मानस सम्मेलन के चौथे दिन पण्डाबाग सत्संग भवन में डॉ0 रामबाबू पाठक के संयोजन में चल रही मानस कथा में उरई जालौन से आयीं मानस कोकिला श्रीमती मिथलेश दीक्षित ने सीता स्वयंबर प्रसंग पर कहा कि जनक जी ने घोषणा कर दी कि शिवजी के धनुष को जो तोड़ेगा उसी को उनकी पुत्री सीता अपना वर चुनेगी शिवजी के धनुष को जब कई वीर राजा हिला नहीं सके। तो जनक जी ने कहा कि धरती वीरों से खाली हो गयी इस पर लक्ष्मण जी ने क्रोधवश इसका विरोध किया। गुरू वशिष्ट ने श्रीराम को आदेश दिया ''उठऊ राम भजेऊ धनु चापा सीता ने धरती माता से प्रार्थना की कि श्रीराम को धनुष तोड़ने में मदद करे तब श्रीराम ने धनुष पर प्रतंचा चढ़ाकर धनुष तोड़ दिया। तो सीता की माता सुनैना कहती है ''झुक जाओ तनिक रघुवीर लली मेरी छोटी सी'' मंगल गीत गाये जाने लगे और सीता ने श्रीराम में गले में जयमाला डाल दी। बांदा से आये मानस मनोहर रामगोपाल तिवारी ने कहा कि हनुमान जी ने तीन बार छलांग लगाई प्रथम बार सूर्य को मुख में रखकर जन्म के समय दूसरी बार भक्तिरूपी सीता की खोज में लंका जाने के लिये तीसरी बार लक्ष्मण मूरछा के समय संजीवनी बूटी लाने हेतु इस प्रकार ज्ञान भक्ति और बैराग की अपने जीवनकाल में तीन छलांग लगाई थी। मानस मर्मग्य डॉ0 रामबाबू पाठक ने कहा कि कैकेई ने राजा दशरथ से दो वरदान मांगे भरत को राज और श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास श्रीराम के सामने पिता व माता के सामने धर्म का संकट है। कैकेई ने श्रीराम से कहा कि तुम 14 वर्ष के लिये वन चले जाओ तो यह धर्म संकट समाप्त हो जाये। श्रीराम ने पिता दशरथ से सहर्ष जाने की अनुमति मांगी और पिता को धर्म संकट से उबारते हुये वन को सीता-लक्ष्मणा सहित गमन किया। इसके अलावा झांसी के अरूण गोस्वामी व शेवेन्द्रनाथ विजय ने भी प्रवचन किया। तबले पर थाप नन्दकिशोर पाठक ने दी।

## वेबिनार का आयोजन

**कानपुर देहात।** मिशन शक्ति द्वितीय चरण अभियान के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं नोडल शिक्षिकाओं के साथ एक वेबिनार का आयोजन किया जिसके माध्यम से उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा प्रदेश में जारी मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक महिला व बालिका तक जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। विद्यालयों में समस्त शिक्षक जारी हेल्पलाइन नंबर पेंट करा लें साथ ही बाल अपराध व महिला अपराध कानून की धाराओं का भी ज्ञान महिलाओं व किशोरियों को कराना सुनिश्चित करें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा बाल अधिकारों में अनेक प्रकार के प्रावधानों को सम्मिलित किया गया हैए जिनमें प्रमुख जीवन का अधिकारए राष्ट्रीयता और नाम पाने का अधिकारए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकारए विवेक और धर्म का अधिकार गोपनीयता परिवार घर या पत्राचार में गैर.कानूनी और निरंकुश हस्तक्षेप से सुरक्षा पाने का अधिकार तथा उच्चतम स्वास्थ्य स्तर का उपभोग करने का अधिकार है।

# सत्ता दल भयभीत वोटर्स को अब नहीं कर पाएंगे भ्रमित : इंजी. हरि किशोर

संवाददाता। इटावा



**इंजीनियर** हरि किशोर तिवारी जो कि स्नातक आगरा खंड से चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी हैं। ख़ास बातचीत में उन्होंने बताया कि जिस प्रकार से सरकार जनता के साथ धोखा कर रही है। वह लोगों को पता चल चुका है। अब इन्हीं मुद्दों के साथ अपनी बात कहते हुए कहा कि सरकार ने आर्मी की पुरानी पेंशन को ख़त्म किया है। कर्मचारियों पर कुठाराघात है। सरकार हमारा पैसा शेयर मार्केट में लगा रहे हैं। हमारे कर्मचारी क्लास थ्रीए क्लास फोर का है।जिनको इसकी जानकारी नहीं है। सरकार ने जिन कंपनियों में पैसा लगाया है उसमें कई कंपनियां डूब गई हैं। पिछले वर्ष में देश का सबसे बड़ा आंदोलन किया था। अगले बार फिर से आंदोलन करने जा रहे हैं हमको सरकार से पुरानी पेंशन वाला ही पैसा चाहिए। इसके लिए हम लगातार प्रयास करते रहेंगे।

स्नातक घरेलू महिलाओं के रोजगार पर कहा कि सरकार का जो एंप्लॉयमेंट ऑफिस वह पूरी तरह से बेकार है मेरे प्रयास से हमने अपने विद्यालय में प्रतिवर्ष पांच. पांच सौ बेरोजगार लोगों को प्रतिष्ठित बड़ी बड़ी कंपनियों में रोजगार दिलवाने का कार्य किया है। जब हम चुनाव जीत के आएंगे उसके बाद एंप्लॉयमेंट ऑफिस को लगातार काम करने के लिए प्रेरित करेंगे और बेरोजगारों को काम दिलवाने के लिए प्रयास अवश्य करेंगे। योजना यह सरकार की बहुत अच्छी योजना है लेकिन इस पर कोई कार्य नहीं हुआ है जिस प्रकार से जनपद में प्रोडक्ट बनता है तो उसको बिक्री करने के लिए बड़े बाजार में आवश्यकता है। हैंडलूम पॉवरलूम को इंडस्ट्रीज बनना चाहिए। कम्बल यहाँ बन सकता है। आज कम्बल लुधियाना में बन रहा है वहीं से आ रहा है। हमारे यहाँ भी बन सकता है। हम लोगों से सरकार ले सकती है। स्कूल की ड्रेस का कपड़ा भी हमारे यहाँ जनपद में बन सकता है।भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कहा कि जितनी प्रदर्शित होगी उतनी ही जल्दी भ्रष्टाचार समाप्त किया जा सकता है छुपा कर कोई चीज न की जाए तो भ्रष्टाचार समाप्त होगा।शिक्षामित्रों के लिए सरकार ने बड़ा कुठाराघात किया है। शिक्षामित्रों को पहले बढ़ी हुई सैलरी को कम कर दिया है यह बहुत ही तकलीफ दायक है। सरकार को जब अपना कोई बजट पास करना होता है तो हाउस में पास हो जाता है सरकार का नजरिया हम लोगों के प्रति ठीक नहीं है। शिक्षा मित्रों के साथ अन्याय होना चाहिए। हम लोग सदन में निश्चित तौर पर आवाज उठाएंगे।शिक्षा लोन पर बताया कि आज सरकार की नीति बहुत खराब है।

## विधि-विधान से हुआ तुलसी-शालिग्राम का विवाहोत्सव

**फर्रूखाबाद।** श्री तुलसी विवाहोत्सव व मेला कमेटी, फतेहगढ़ के तत्वाधान में देवोत्थान एकादशी के पावन पर्व पर बुधवार को श्री तुलसी-श्री सालिगराम विवाहोत्सव शोभायात्रा भोर श्री राधे गेस्ट हाउस सब्जी मण्डी फतेहगढ़ से नगर भ्रमण करते हुये प्रात:काल बरगदियाघाट फतेहगढ़ गंगाघाट पर पहुॅची। जहां पर गायत्री परिवार के पुरोहित महेन्द्र बाबू सक्सेना ने वैदिक मंत्रोच्चार व पौराणिक रीति-रिवाज के अनुसार विवाह सम्पन्न कराया। शोभायात्रा की झांकी में तुलसी जी कु0 साक्षी गुप्ता व श्री विष्णु कु0 काजल गुप्ता के साथ कला विशेषज्ञ मटर लाल दुबे द्वारा विशेष साज-सज्जा से तैयार की गई थी। रोडलाइट व बैंड-बाजों के साथ सभी झाांकियां भक्तों को मंत्र-मुग्ध कर रही थी। ढोल पर अपने विक्राल रूप में तांडव करती काली जी का अखाड़ा विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। आकाशीय आतिशबाजी ने चांद-सितारों से छटा बिखेर दी।

# चलती कार में लूट करने वाले बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे

## ● चार अभियुक्तों से नगदी व जेवरात बरामद



**बांदा।** बाँदा के गिरवां थाना क्षेत्र अंतर्गत बेखौफबदमाशों ने विगत दिनों चलती हुई कार से की थी सोने के आभूषण सहित नगदी रुपये की लूट जिस पर पीड़ित की तहरीर के आधार पर घटना की एफआईआर दर्ज की गई थी। और पुलिस के द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित किया गया था जहां गिरवा नरैनी पुलिस के द्वारा अभियुक्तों को माल बरांमदगी सहित गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। चलती कार से बदमाशों ने की लूट पूरा मामला गिरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत का है जहां 20.11. 2020 को नरैनी के रहने वाले दिलीप कुमार गुप्ता अपनी मां एवं भाभी को इलाज करवाने को लेकर बांदा आ रहे थे जिस पर लुटेरों के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से एक मोटर बाइक में बैठकर चलती गाड़ी को रुकवा कर घटना को अंजाम दिया था। दुर्घटना का मुकदमा थाना गिरवा में लिखा गया था और पुलिस अधीक्षक बाँदा सिद्धार्थ शंकर मीणा के निर्देशन में पुलिस की एक संयुक्त टीम गठित की गई थी। जिस टीम ने थाना नरैनी व गिरवां पुलिस की सह भागी टीम ने चार अभियुक्तों को घटना को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

लूट के सामान सहित अभियुक्त गिरफ्तार नरैनी के रहने वाले अभियुक्तों ने योजनाबद्ध तरीके से दवा करवाने जा रहे नरैनी के रहने वाले दिलीप कुमार को ओवरटेक कर गाड़ी रुकवा कर मां और भाभी के पहने हुए आभूषण सोने के मंगलसूत्र कान की कील तथा मोबाइल व आभूषण और नगद 10000 लूटे थे जहां पुलिस टीम के द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर लूटी हुई ज्वेलरी व नगद रुपए बरामद कर लिया है। और चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा है घटना की जानकारी संबंधित घटना की जानकारी देते अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र प्रताप चौहान ने बताया है कि घटना 20.11. 2020 की है जहां चलती कार में चार अभियुक्तों के द्वारा सोने चांदी के जेवरात मोबाइल व नगदी सहित लूटे गए थे। वही गिरवा व नरैनी पुलिस की टीम के द्वारा घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तों को आज गिरफ्तार कर लिया गया है जो कि जनपद के नरैनी थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। अभियुक्तों के पास से लूटी लुटे हुए माल की बरामदगी कर ली गई है और जेल भेजा जा रहा है।

# अपर सूचना निदेशक राममनोहर त्रिपाठी बुन्देलखंड रत्न से सम्मानित



**हमीरपुर।** जनपद निवासी एवम् सूचना विभाग में अपर निदेशक के पद पर कार्यरत राम मनोहर त्रिपाठी को सामाजिक व संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अनुरागिनी संस्था द्वारा लखनऊ के आईसीसीएमआरटी रिंग रोड लखनऊ में आयोजित बुंदेलखंड महोत्सव में बुंदेलखंड रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश श्री स्वतंत्र देव सिंह एवं हमीरपुर महोबा के सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल प्रदेश महामंत्री डॉ प्रवीण सिंह जादौन उच्च न्यायालय प्रयागराज के न्यायाधीश सुरेश कुमार गुप्ता मौदहा द्वारा इन्हें सम्मानित किया गया यह जानकारी देते हुए अनुरागिनी संस्था के समन्वयक अखिलेश सिंह गौर ने बताया कि राममनोहर त्रिपाठी हमीरपुर के मूल निवासी हैं।

सूचना विभाग में सहायक निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। पूर्व में श्री त्रिपाठी आकाशवाणी में कार्यरत रहे हैं। त्रिपाठी जी द्वारा ग्रामीण परिवेश। और रोजगार के सृजन हेतु ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए। आकाशवाणी के माध्यम से विशेष कार्य किया। श्री त्रिपाठी की रुचि वृक्षारोपण में है। इसके परिणाम स्वरूप लखनऊ के इंदिरा नगर इलाके में इनके द्वारा एक पार्क का विकास किया गया है जिसमें उन्होंने अपने संसाधनों से बड़ी की संख्या में फलदार वृक्ष लगाकर पार्क में हर प्रकार के पक्षियों को आकर्षित किया है। अनुरागिनी संस्था ने बुंदेलखंड में सात उल्लेखनीय कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया है।

## क्विक न्यूज

### बदमाशों ने किराना व्यापारी से लूटे 2.75 लाख रुपए

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे में नहीं थम रहा अपराध। एक के बाद एक हो रही लूट, हत्या, अपहरण जैसी घटनाएं से कस्बे वासियों में दहशत का माहौल व्याप्त है। बीती रात्रि बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने किराना व्यापारी के साथ तमंचा अड़ाकर लाखों रुपये व मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गये। पीड़ित किराना व्यापारी ने थाने में तहरीर दी है। कस्बे के कोटबाजार मोहल्ला निवासी विक्रांत पुत्र सुरेंद्र गुप्ता ने बताया कि वह किराना व सरसो के तेल का व्यापार करता है। रात करीब 2 बजे वह पिकप गाड़ी से माधौगढ़ सरसो का तेल लेने जा रहा था। तभी घर से कुछ दूरी पर बाइक सवार बदमाश आए और उसके हाथ पैर बांध गाड़ी में रखे 2.75 लाख रुपये व मोबाइल फोन लूट कर ले गये। बताया कि बदमाशो ने पिकप चालक के भी हाथ पैर बांध उसका भी मोबाइल लूट लिया। व्यापारी के चिल्लाने पर बाइक सवार बदमाश मौके से फरार हो गये। व्यापारी के साथ हुई लूट वारदात से कस्बे वासियों में हड़कंप मचा हुआ है। कोतवाल केके पांडेय ने बताया कि व्यापारी की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### सड़क हादसों में महिला समेत पांच घायल, एक रिफर

**मौदहा(हमीरपुर)।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र में अलग अलग सड़क हादसे में एक महिला सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। महिला की हालत चिंताजनक होने पर उसे सदर अस्पताल के लिए रिफर किया गया है। सिसोलर थाना क्षेत्र के गांव भमई निवासी चंद्रशेखर एवं गांव का ही चंदन एक बाईक से बीती रात लगभग दश बजे मौदहा की ओर आ रहे थे तथा कोतवाली मौदहा क्षेत्र के गांव खण्डेह निवासी दयाशंकर40 पुत्र बंशीधर व बीरेंद्र दोनों लोग एक बाईक से मौदहा से अपने गांव की ओर जा रहे थे ।गाँव सिजनौडा के समीप दोनों ही बाइकों की आमने सामने टक्कर होने से इनमें सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।सभी घायलों को मौदहा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।इधर महोबा निवासी मुमताज बीती शाम अपनी पत्नी गोरन्ती 40 को बाईक में बैठाकर मौदहा की ओर आ रहा था तभी रास्ते में अचानक संतुलन बिगड़ जाने से गोरन्ती बाईक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।उसे मौदहा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया जहाँ हालत चिंताजनक होने पर डाक्टर ने उसे सदर अस्पताल के लिए रिफर कर दिया है।

### मारपीट की शिकायत की पुलिस से

**कुरारा(हमीरपुर)।** पति की रोज रोज की मारपीट से तंग महिला ने थाने में पति के खिलाफ मारपीट की शिकायत की है। कुरारा थाना क्षेत्र के खरौंज गांव निवासिनी मांडवी बाल्मीकि पत्नी रवि बाल्मीकि पुलिस को बताया कि उसकी शादी को अभी पांच वर्ष हुए है इन पांच वर्षों में उसका पति रवि रोज शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है जिसमे उसके परिवारीजन भी शामिल है अभी त्योहार के समय मैं अपने मायके हमीरपुर चली गई थी तो मंगलवार को मेरी सास मुझे मायके से बहला फुसला कर लिवा ले गई थी आज फिर मेरे पति ने मुझे घसीटकर मारा पीटा है। मांडवी ने पति सहित परिवारीजनों के खिलाफतहरीर देकर मुकदमा लिखे जाने की बात कही है।

### बड़े भाई को कुल्हाड़ी मार किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के नवैनी गांव में शराबी भाई ने छोटे भाई को कुल्हाड़ी से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है नवैनी गाँव निवासी काशीराम ने बताया कि उसका छोटा भाई रामसिंह शराब पीने का लति है। बुधवार की सुबह रामसिंह पिता को शराब के नशे में गाली गलौज कर रहा था। जब उसने विरोध किया तो रामसिंह ने उसके ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे घायल कर दिया। मारपीट से युवक का हाथ टूट गया है। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है। हालत गंभीर होने चिकित्सक जिला अस्पताल रिफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला ने खाया जहर, रिफर

**राठ(हमीरपुर)।** मझगवां थाना क्षेत्र अटगांव निवासी शबनम (30) पत्नी चांदबाबू ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रिफर कर दिया।

### जिलाबदर अपराधी पर करें कार्रवाई: एसपी

**चित्रकूट।** पुलिस कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन कर एसपी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये है। जिन अभियुक्तो के खिलाफजिलाबदर की कार्रवाई होती है उन्हे दो दिनों के अंदर डुग्गी, लाउडस्पीकर बजवाकर गांव मुहल्ले मे पुकार कराये। यह व्यक्ति महिला अपराधी अथवा अन्य अपराधो मे शामिल है इस कारण जिला बदर की कार्रवाई की गई है यह संदेश प्रचारित करा दिया जाये। सभी थाना प्रभारियो को योजना बनाने के निर्देश दिये है। किसी न किसी संबंधित गांव का प्रत्येक दिन भ्रमण कर हिस्ट्रीशीटर की जानकारी ली जाये उनके आय व्यय का ब्यौरा इकट्ठा कर जमानतदारों पर पैनी निगाह रखी जाये। अवैध शराब, गांजा बिक्री पर रोक लगाई जाये।

### वांछित गिरफ्तार

**चित्रकूट।** एसपी अंकित मित्तल के निर्देशन में चलाये जा रहे वारंटी अभियुक्तों की धरपकड अभियान में सुभाषचन्द्र चौरसिया प्रभारी निरीक्षक मऊ के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक दिनेश पाण्डेय आरक्षी नागेन्द्र के साथ विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे गुडड्न मिश्रा पुत्र उमेश मिश्रा निवासी शिवपुर थाना मऊ को गिरफ्तार किया है।

### मंत्री का आगमन आज

**चित्रकूट।** नागरिक उड्डयन मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी का जनपद भ्रमण कार्यक्रम तय हो गया है वह आज दो बजे गाजीपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर 8 बजे श्रीजी गेस्ट हाउस सीतापुर पहुंचेगे। वहां वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर रात्रि विश्राम करेंगे।

### निर्माणाधीन मकान से गैस सिलेंडर, तार चोरी

**जालौन (उरई)।** निर्माणाधीन मकान में रखा गैस सिलेंडर व बिजली की फिटिंग का सामान अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौधरयाना निवासी इरशाद खान ने पुलिस को बताया कि उन्होंने मोहल्ला खटीकान में एक प्लॉट लिया था। जिस पर वह निर्माण कार्य करा रहे हैं। मकान लगभग बनकर तैयार है। मकान में काम करने के लिए भरा गैस सिलेंडर रखा था। जनरेटर का डायनमा का तार एवं बिजली की फिटिंग का तार एवं अन्य सामान रखा हुआ था। मंगलवार की रात वह काम बंद कराकर सामान को उसी मकान में रखकर वह अपने घर चला आया। रात में किसी अज्ञात चोर ने छत से चढ़कर मकान में रखे उक्त सिलेंडर सहित लगभग 50 हजार रुपये का बिजली फिटिंग का सामान चोरी कर लिया।

### सदन में अच्छे लोगों को जाने से क्षेत्रीय विकास होता: बुधौलिया

**सरीला (सरीला)।** नगर के चौपरा तालाब के पास आयोजित स्नातक विधानसभा मतदाता सम्मेलन को संबोधित करते मुख्य अतिथि राजनारायण बुधौलिया ने कहा कि सदन में अच्छे लोगों के पहुंचने से क्षेत्रीय विकास के द्वार खुलते हैं। जिलाध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता ने पार्टी की नीतियों के बारे में जानकारी दी। जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार तिवारी, जिला मंत्री विजय राजपूत ने सम्मेलन की प्रस्तावना रखी।

## तोबड़तोड़ छापेमारी से अपहृत किसान को छोड़ अपहरणकर्ता फरार

**बांदा।** आखिरकार पुलिस की तोबड़तोड़ छापेमारी से भयभीत अपहरणकर्ता अपहृत किसान को गांव के नजदीक ही कबरा पुरवा के पास कड़ैली नाला के किनारे में छोड़ कर भाग गये। थाना क्षेत्र के तरसूमा ग्राम पंचायत के मजरा पचपेड़िया निवासी संतोष यादव का मंगलवार की शाम लगभग 7-8 बजे के करीब लगभग 4 से 5 असलहाधारी बदमाशों ने उसके घर से 100 मीटर की दूरी पर स्थित बाड़े से अगुआ कर लिया गया था। अपहृत के अपहरण किये जाने की जानकारी होने पर परिवार व गांव के लोगों ने इस इस संबंध में पुलिस को तत्काल सूचना दी जिसके बाद पुलिस व ग्रामीणों तलाश जारी जिससे पुलिस घेराबंदी से घबरा कर अपहरणकर्ता अपहृत संतोष के घटना स्थल से लगभग 2 किलोमीटर दूर कबरा पुरवा के नजदीक कड़ैली के पास छोड़कर फरार हो गए। इस संबंध में अपहृत की पत्नी मुन्नी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संतोष घर से खा पीकर नजदीक के बाड़े में सोने गया था इसके बाद उसका बड़ा पुत्र कल्लू जब मौके पर गया तो उसका पिता वहां पर नही था इसके बाद पीछे खेतों से चिल्लाते हुए अपहरण हो जाने की आवाज आयी जिसके बाद सब चौकन्ना हुए और गांव के लोगों तथा पुलिस को सूचना दी।

## सिंचाई विभाग के जेई द्वारा बच्चों के यौन उत्पीड़न का मामला

**बांदा।** यूपी के बांदा चित्रकूट और हमीरपुर के 50 से अधिक बच्चों के यौन शोषण और पोर्नोग्राफी मामले में सीबीआई ने चित्रकूट में तैनात सिंचाई विभाग के जूनियर इंजीनियर को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने कुछ सोर्सेज के हवाले से 31 अक्टूबर को 14 पॉक्सो एक्ट 67बी आईटी एक्ट और 377 आईपीसी धाराओं के तहत एक केस दर्ज किया था जिसकी एफआईआर है। 48 साल के जूनियर इंजीनियर रामभवन पर आरोप है कि बीते कई सालों में उसने 50 से अधिक बच्चों के साथ अप्राकृतिक यौन शोषण किया। अपने आसपास के बच्चों में शिकार तलाशता था फिर उनके साथ दुष्कर्म कर मोबाइल से वीडियो शूट कर उसे इंटेरनेशनल पोर्न मार्केट में ऑनलाइन बेच देता था।

## नसबंदी कार्यक्रम में ध्यान न देने वाले डाक्टरों से किया जाये जवाब तलब: डीएम

**हमीरपुर।** जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम शून्य प्रगति वाले डाक्टरो से जवाब तलब किया जाये उन्होंने कहा कि लोगों को फैमिली प्लानिंग के बारे में जागरूक प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में डीएम ने विभिन्न योजनाओं जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों का समयबद्ध भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों के डाटा को पोर्टल पर फीड किया जाए तथा लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ ध् आर्थिक सहायता समयबद्ध ढंग से ढ़ी जाय, इसमें पेंडेंसी ना रखी जाए। जननी सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराया जाए। कहा कि एम्बुलेंस की समयबद्ध ढंग से उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बीसीजी एवं खसरा के शत प्रतिशत टीकाकरण करने सहित अन्य जरूरी दिशा निर्देश दिए।

# बांदा में डीडीओ समेत छह अफसरों और 29 कर्मियों का रोका वेतन

**बांदा।** डीएम ने लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त रूख अपनाया है। जिला विकास अधिकारी सहित छह अफसरों और उनके 29 मातहत कर्मियों का वेतन रोक दिया। सभी से तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। सही जवाब न दिए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। निरीक्षण के दौरान मंगलवार को डीएम को ये अधिकारी और कर्मचारी बिना कोई अवकाश गायब मिले थे।

डीएम आनंद कुमार सिंह को विकास भवन में संचालित दफ्तरों में अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही की शिकायतें मिल रही थीं। इस पर उन्होंने मंगलवार को दोपहर अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान समाज कल्याण कार्यालय में बड़ी लापरवाही मिली। समाज कल्याण अधिकारी गीता सिंह बिना कोई अवकाश के नदारत थीं। वहीं वरिष्ठ सहायक फूलचंद्र सुपरवाइजर आक्रोश गुप्ता आयशा परवीन भी गायब मिले। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में एक्सईएन मोहम्मद शमीम सहित लिपिक राजेश कुमार ऋषि कुमार रति अहिरवार राजेश वर्मा रमाशंकर गिरि रामखेलावन शिवकुमार नीलम वर्मा मीरा देवी भी अनुपस्थित मिलीं। डीएम ने जिला विकास कार्यालय में निरीक्षण किया तो प्रभारी जिला विकास अधिकारी कृष्ण करुणाकर पांडेय भी नदारद मिले। उनके दफ्तर के लेखाकार जगदंबा प्रसाद सहित लिपिक अब्दुल कादिर गणेश प्रसाद का भी कोई पता नहीं था। मनरेगा सेल में उपायुक्त वेद प्रकाश मौर्या बिना कोई सूचना गायब मिले। उनके लिपिक मोहम्मद सगीर भी पटल से गायब थे। जबकि रजिस्टर में इनकी हाजिरी थी। जिला युवा कल्याण में जिला युवा कल्याण अधिकारी ब्रजेंद्र कुमार उनकी लिपिक तारकेश्वरी मुखर्जी और नेडा दफ्तर में परियोजना अधिकारी ओपी शुक्ला कृषि विभाग में लिपिक संदीप कुमार लघु सिचाई विभाग में प्रदीप कुमार कौशल विकास मिशन में जिला समन्वयक रामबदन पटेल सीवीओ दफ्तर में शशिकला गैरहाजिर रहीं। वहीं जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय में एडीओ रवि कुमार व देव आनंद समाज कल्याण में सहायक प्रबंधक अरविद कुमार जिला निर्वाचन कार्यालय में अजय कुमार गुप्ता सहकारिता में एआर वीरेंद्र बाबू दीक्षित हरिश्चंद्र व पंचायतीराज विभाग में महेंद्र कुमार व मिथलेश त्रिवेदी अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने इन सभी लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोक दिया है। साथ ही तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। सही व संतोषजनक जवाब न मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## कानून व्यवस्था को लेकर डीएम-एसपी ने ली अधिकारियों की बैठक

**चित्रकूट।** डीएम शेषमणि पाण्डेय, एसपी अंकित मित्तल ने एसपी कार्यालय में कानून व्यवस्था, अभियोजना संबंधित बैठक ली। डीएम ने कहा कि राजस्व और पुलिस अधिकारी आपस में सामंजस्य बैठाकर कार्य को अंजाम दें। अपने कर्तव्यों का पालन करें। एसडीएम और सीओ अपने-अपने क्षेत्रों में जाये लोगों को सतर्क करें। जहां पर भी समस्यायें मिल रही है उन्हें तत्काल निस्तारित कराये महिला संबंधित अपराधो पर संवेदनशील होकर कार्य करें। आपके बीट का सिपाही सब क्षेत्रों में रहता है किस गांव मे कौन व्यक्ति रहता है कहां क्या समस्यायें है उनको देखे। 10 से 1 बजे तक जनसमस्याओं को सुनने के बाद अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करे। कोविड 19 का पालन कराये। एसडीएम और सीओ से कहा कि अभियान चलाकर दुकान और चौराहो पर सख्ती से चालान कराये।

# टोल प्लाजा पर पर्ची काटने को लेकर मारपीट

## ● पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ की शांति भंग की कार्रवाई

**संवाददाता।** एट (जालौन)



आटा टोल प्लाजा।

**भले ही** टोल प्लाजा पर एक लेन छोड़कर सभी को फास्ट ट्रैक कर दिया गया हो किंतु फिर भी टोल पर विवाद व मारपीट थमने का नाम नहीं ले रही है आए दिन वाहन चालकों से मारपीट आम बात हो गई है क्योंकि टोल प्लाजा के संचालक द्वारा स्थानीय पुलिस को सुविधा शुल्क के रूप मे लाखों रुपए भेजे जाते हैं जिससे विवाद व मारपीट की घटनाओं को नजरंदाज किया जा सके।

इसी प्रकार आज चावनपुरा निवासी दीपक निरंजन तथा शिवा निरंजन पुत्रगण उमाकांत निरंजन का एट टोल पर पर्ची कटवाने को लेकर विवाद हो गया। युवकों ने कहा हमारे खेत यही आसपास है जिससे हमें दिन में कई बार यहां से गुजरना पड़ता है इतना कहते ही टोल कर्मी में एक युवक को थप्पड़ रसीद कर दिया जिससे आवेश में आकर युवकों ने अपने साथियों को फोन कर बुला लिया करीब दो दर्जन साथी टोल पर पहुंच गए मामला बिगड़ता देख टोल कर्मियों ने थाना एट में सूचना कर दी। आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर सभी साथी मौके से फरार हो गए और मौका पाकर टोल कर्मियों ने दोनों युवकों की जमकर धुनाई की मामले की सूचना पाकर युवकों का पिता उमाकांत मौके पर पहुंच गया। पिता उमाकांत ने थाने में तहरीर दी वहीं दूसरे पक्ष से टोल कर्मियों ने भी युवकों व उनके पिता के खिलाफथाने में तहरीर दी पुलिस ने टोल कर्मी विनोद पुत्र रामकरण मनमौजी पुत्र रामगोपाल तथा दूसरा पक्ष दीपक निरंजन, शिवा निरंजन तथा पिता उमाकांत के खिलाफ शांति भंग करने की कारवाई की।


# पत्नी ने कथित प्रेमी के साथ मिलकर की थी पति की हत्या

**कालपी ( जालौन )।** कालपी नगर के मोहल्ला राम चबूतरा नई बस्ती में पांच दिन पहले ट्रैक्टर मिस्त्री की हुई हत्या की घटना का पुलिस ने पर्दाफाश कर लिया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी एवं उसके कथित आशिक को गिरफ्तार कर के जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार बीते दो साल से दोनों में कथित प्रेम प्रसंग चल रहा था। बुधवार को स्थानीय कोतवाली के मीटिंग हॉल मे क्षेत्राधिकारी राजीव प्रताप सिंह ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए अवगत कराया कि 19-20 नवंबर की रात मे घर के अंदर ट्रेक्टर मिस्त्री बाबू खां पुत्र कल्लू खां की पत्थर तथा चाकुओं के हमले से हत्या कर दी गई थी। उक्त प्रकरण मे मृतक की पत्नी नगीना ने चार अज्ञात लोगो के खिलाफ कोतवाली में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। प्रभारी निरीक्षक शिवगोपाल सिंह मामले की विवेचना कर रहे थे। घटना के खुलासे के लिये कोतवाल शिव गोपाल सिंह, ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज रवि शंकर मिश्रा उपनिरीक्षक योगेश पाठक, एस. एस. आई. दिनेश कुरील सर्विलांस टीम के उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह की टीम को तैनात किया गया था। मोबाइल फोन के कॉल डिटेल तथा घटना स्थल मे एकत्रित साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने हत्यारोपी प्रेमी मु. जावेद पुत्र स्वर्गीय जाहिद खां निवासी ग्रामीण महजहमी गली थाना विन्दकी को कालपी कोतवाली क्षेत्र के चौरासी गुम्बद के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पत्नी नगीना को रामचबूतरा कालपी से पुलिस ने दबोच लिया। अभियुक्तों की निशानदेही पर हत्या मे प्रयुक्त चाकू को पुलिस टीम ने बरामद कर लिया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि मृतक की पत्नी ने पहले अपने पति बाबू खान को रात में नशे की गोली दी बाद मे पत्थर तथा चाकूओं से हमला कर हत्या कर दी थी।

# पांच हजार वर्ष पूर्व विश्व योगी स्वामी मंच्छिद्र नाथ महाराज ने चित्रकूट में की थी बालाजी मठ की स्थापना

## ● नाथ सम्प्रदाय की आध्यात्मिक ऊर्जा स्थली है प्राचीन बालाजी मंदिर

**रतन पटेल।** चित्रकूट



बालाजी मंदिर।

**विंध्य पर्वत** श्रृंखला के मध्य स्थित भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में मराठा नरेश बाजीराव पेशवा द्वितीय द्वारा अपने पुत्र अमृतराव पेशवा के नाम पर बसाया गया अमृत नगर (वर्तमान कर्वी) नाथ संम्प्रदाय की आध्यात्मिक स्थली रही है। नगर के मध्य स्थित बालाजी मंदिर (मठ) नाथ सम्प्रदाय की प्राचीन आध्यात्मिक गौरव गाथा का बखान कर रहा है। नाथ संप्रदाय के इस प्राचीन साधना स्थली को करीब पांच हजार वर्ष से प्राचीन आध्यात्मिक स्थल को स्वंय भगवान विष्णु के अवतार माने जाने वाले स्वामी मंच्छिद्र नाथ महाराज ने स्थापित किया था। नाथ सम्प्रदाय से जुड़े हजारों लोग इस प्राचीन मंदिर के दर्शन के लिए चित्रकूट आते है।

आदि तीर्थ के रूप में समूचे विश्व में विख्यात धर्म नगरी चित्रकूट का गौरवशाली इतिहास रहा है। मराठा नरेश बाजी राव पेशव द्वितीय ने वर्ष 1802 में अपने पुत्र अमृत राव पेशवा के नाम पर विन्ध पर्वत श्रृंखला के मध्य वर्तमान कर्वी नगर (चित्रकूट) को अमृत नगर के नाम से बसाया था। भौगोलिक दृष्टि कोण से यह नगर पहले भले ही आज की तरह विकसित न रहा हो, किन्तु धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि कोण से समूचे विश्व में अग्रणी रहा है। नगर के मध्य स्थित बालाजी के मंदिर को स्वयं भगवान विष्णु का अवतार माने जाने वाले स्वामी मंच्छिद्र नाथ महाराज ने लगभग 5 हजार वर्ष पूर्व एक मठ के रुप में स्थापित किया था। आध्यात्मिक शक्ति से परिपूर्ण बालाजी का यह प्राचीन मंदिर, साक्षात भगवान आदि नाथ का स्थान है। नाथ संप्रदाय का प्रमुख साधना केन्द्र है। मंदिर के संस्थापक स्वामी मंच्छिद्र नाथ महाराज ने इस मंदिर में एक गद्दी का निर्माण कराया था। जिसमें बैठकर उन्होंनें कई वर्षों तक धर्म का प्रचार- प्रसार व साधना की थी। इस गदी में चौरंगी नाथ, गैनी नाथ, निवृत्ति नाथ, संत ज्ञानेश्वर नाथ, सत्यामल नाथ, गुस नाथ (महिला संत), सत्यामल नाथ, गुस नाथ, परम हंस, ब्रम्हानन्द नाथ, काशी नाथ, विटठल नाथ, विश्व नाथ, माधव नाथ तथा वर्तमान में मंगल नाथ जी महाराज गादी का दायित्व संभाल रहे है। इस प्राचीन मंदिर में गादी संभालने के बाद महज 16 वर्ष की उम्र में वृम्ह लीन होने वाले गुप्तनाथ जी महाराज की समाधि है। इसी समाधि के ऊपर बालाजी भगवान तथा देवी लक्ष्मी व भू देवी समेत अनेक देवताओं की अष्टधातु निर्मित प्राचीन प्रतिमायें स्थापित है। बालाजी मंदिर में ही वर्ष प्रति पदा के शुभ दिन 26 मार्च 1857 को गुप्त नाथ जी महाराज के समाधि की परिक्रमा मार्ग में माधव नाथ महाराज का जन्म हुआ था। इन्होंनें 10 वर्ष की अल्पायु में गादी का दायित्व संभाला था। दया,क्षमा तथा भक्ति भाव से परिपूर्ण स्वामी माधव नाथ महाराज ने जीवन पर्यंत लोगों को भक्ति मार्ग में जोड़ने के साथ -साथ देश भर में योग साधना का प्रचार -प्रसार करने का काम किया। मंदिर के नये उत्तराधिकारी के रुप में दस वर्षीय माधव वेंकट रत्न पारखी उर्फ मंगल नाथ महाराज औरंगाबाद महाराष्ट्र का चयन हुआ, जिन्हें 3 अप्रैल 1946 को इसी मंदिर में आयोजित गादी अरोहण समारोह में उन्हें बालाजी मंदिर (मठ) का उत्तराधिकारी नियुक्त किया गया। देश भर में आध्यात्मिक सम्मेलनों के माध्यम से नाथ सम्प्रदाय की आध्यात्मिक और धार्मिक परम्पराओ का प्रसार कर रहे है। मंदिर के उत्तराधिकारी मंगलनाथ महाराज ने शिष्य औरंगाबाद (महाराष्ट्र) निवासी कृपा शंकर तिवारी व उनकी पत्नी सीमा तिवारी की देखरेख में मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ।

## तीन शस्त्रधारक एक शस्त्र 13 दिसंबर तक करें सरेंडर: शेषमणि पांडेय

**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिला** मजिस्ट्रेट शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि शासन से निर्देशों के क्रम में शस्त्र लाइसेंस धारक केवल दो शस्त्र रख सकता है यदि किसी भी लाइसेंस धारक के पास पूर्व से तीन शस्त्र लाइसेंस या तीन शस्त्र अंकित हैं तो संबंधित लाइसेंस धारक 13 दिसंबर तक किसी भी एक शस्त्र को किसी भी शस्त्र लाइसेंस धारक, आर्म्स डीलर या थाना, मलकाना में निस्तारण कर शस्त्र लाइसेंस जमा व सरेंडर कर सकता है। उन्होंने बताया कि लाइसेंस की अवधि धारा- 15 के अनुसार 3 वर्ष से बढ़कर 5 वर्ष तक कर दी गई है प्रत्येक शस्त्र लाइसेंस धारकों को शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण हेतु आगामी नवीनीकरण के समय 3 वर्ष के स्थान पर 5 वर्ष का नवीनीकरण शुल्क निर्धारित लेखा शीर्षक में जमा कर वांछित प्रपत्रों के साथ आवेदन करना होगा।

# भाजपा युवाओं को रोजगार देने में असफल साबित हुई है: अखिलेश

**संवाददाता।** गुरसहायगंज (कन्नौज)

**भाजपा** की जनविरोधी नीतियो के चलते हजारों की संख्या में युवा बेरोजगार घूम रहे है, सरकार युवाओं को रोजगार देने में असफल साबित हुई है। पूर्व की तत्कालीन सपा सरकार द्वारा प्रदेश में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं सहित विकास कार्यों पर भाजपा सरकार नें ब्रेक लगा दी है। प्रदेश की भाजपा सरकार महिलाओं पर हो रहे अत्याचार व हत्या लूट जैसे जघन्य अपराधों को रोकने में असफल साबित हुई है। लोकसभा चुनाव से पूर्व पीएम नरेंद्र मोदी ने सभा में जनता से जनपद के चौमुखी विकास का वादा किया था। जोकि झूठा साबित हो रहा है।

यह बात सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने नगर के मोहल्ला गांधी नगर स्थित पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी के आवास पर उनके पुत्र जुनैद सिद्दीकी के वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान नव दंपति को उज्जवल भविष्य की



प्रेसवार्ता में प्रतिक्रिया व्यक्त करते पूर्व सीएम।

स्नेहिल शुभकामनाएं देने के उपरांत प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि देश में फैली वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण काल में देश व प्रदेश की जनता को आधारभूत सुविधाएं देने में भाजपा सरकार असफल साबित हुई है। जिससे देश में हजारों लोग काल के गाल में समा गए।

देश के हालात दिन पर दिन बिगडते ही जा रहे हैं। उन्होनें ईवीएम मशीन पर सवालिया निशान लगाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य तहसील सिद्दीकी, ब्लाक प्रमुख राशिद जमाल सिद्दीकी, विधानसभा प्रभारी अरशद जमाल सिद्दीकी, युवा उद्योगपति तस्कीन सिद्दीकी, प्रदेश सचिव विनय श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकास गुप्ता, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि इंद्र कुमार गुप्ता, अब्दुल सत्तार कुरेशी, पूर्व चेयरमैन नकीम खान, युवा सपा नेता उत्कर्ष गुप्ता, मकबूल अहमद, अजीम सिददीकी, बदरुल सिददीकी, आमिर खान, शहनुददीन उर्फ भूरा, गुडडू, मुजीब सिददीकी, फक्ररूल पहलवान, विपिन यादव, लल्ला यादव सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 26 नवबंर 2020



## एडमिशन न होने की शिकायत पर विद्यालय पहुंच गए डीएम

# दो शिक्षिकाओं को किया निलंबित



संवाददाता। लालगंज, रायबरेली

**मिशन** शक्ति के तहत जिलाधिकारी को फोन कर प्रधानाध्यापिका ने दो किशोरियों के एडमिशन न होने की शिकायत की तो जिलाधिकारी स्वयं विद्यालय पहुंच गए। यहां प्रधानाध्यापिका व सहायक अध्यापिका नियमानुसार अवकाश नहीं लिए मिली। जिस पर दोनों को जिलाधिकारी ने तत्काल निलंबित करने के आदेश दिए।वहीं किशोरी का एडमिशन कक्षा 9 में कराने के आदेश जारी किए हैं। आज दोपहर 11रू00 बजे से 1रू00 बजे तक मिशन शक्ति के तहत जिलाधिकारी के मोबाइल नंबर पर महिला संबंधी समस्याएं सुनी जानी थी ।पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरीपुर की प्रधानाध्यापिका मिथिलेश ने फोन पर जिलाधिकारी को सूचना दी कि उनके विद्यालय से कक्षा 8 पास करने वाली छात्रा प्रियंका निवासिनी पूरे भवानी व पूनम निवासिनी पूरे अमृत बेहद मेधावी रही हैं लेकिन आर्थिक तंगी के चलते हैं उनका प्रवेश कक्षा 9 में नहीं हो पाया है।इस पर जिलाधिकारी स्वयं दोपहर लगभग 2रू00 बजे उक्त विद्यालय पहुंच गए। यहां प्रधानाध्यापिका मिथलेश समेत सहायक अध्यापिका सरोज जायसवाल अनुपस्थित मिली। वार्ता करने पर मिथिलेश देवी ने बताया कि उन्होंने विद्यालय में सूचना देकर अवकाश लिया है। जिस पर जिलाधिकारी का कहना था कि नियमानुसार ऑनलाइन अवकाश लेना चाहिए।नियमानुसार अवकाश प्रक्रिया पूरी न करने के चलते दोनों लोगों के निलंबन के आदेश जिलाधिकारी नें जारी किए। वहीं छात्रा प्रियंका के प्रवेश की जिम्मेदारी बीएसए व खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी ।बीएसए आनंद प्रकाश शर्मा व खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज रवि सिंह छात्रा को लेकर नजदीक में स्थित राजकीय महिला इंटर कॉलेज पहुंचे जहां बताया गया कि कक्षा 9 से 12 की प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब किसी भी छात्र का प्रवेश लेना संभव नहीं है। इस पर अधिकारियों ने शिक्षा की अनुमति देने की बात कहते हुए कहा कि मामले की फाइल बनाकर मिशन शक्ति के तहत उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जाएगी और छात्रा का प्रवेश दिलाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर जिलाधिकारी ने उक्त विद्यालय में बच्चों को ठंड से राहत देने के लिए स्वेटर भी वितरित किए।

## सरकार के आदेशों की उड़ाई धज्जियां, फूंकी गई पराली



संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**एक** तरफ सरकार लोगों के स्वास्थ्य के लिए बेहद गंभीर हैं पराली जलाने पर रोक लगा रखी है लेकिन रायबरेली के बछरावां में इन आदेशों का कोई मतलब नहीं बचा है बताते चलें कि बछरावां महाराजगंज रोड पर हनुमान मंदिर के बगल में कम लगभग 20 बीघा पराली जलाई गई है वहीं अगर किसी गरीब का एक बीघा पराली जलता तो पूरा शासन-प्रशासन एक बीघा किसान के ऊपर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर देता लेकिन सोचने वाली बात तो यह है कि 20 बीघा पराली जलाने वाले के ऊपर कोई भी कार्रवाई नहीं होती नजर आ रही है सरकार के आदेश केवल हवा हवाई की नजर आ रहे हैं आखिर ऐसे कानून ऐसे आदेश किस काम के धरातल पर शासन के नुमाइंदे उतारने में काफी कमजोर नजर आ रहे हैं अब देखना यह होगा कि ऐसे लोगों पर उप जिलाधिकारी महराजगंज कार्रवाई करते हैं या फिर मामला यूं ही खत्म कर दिया जाएगा छोटे किसानों को ऊपर यह अधिकारी एवं शासन के आदेश को उतारने की प्रयास किया जाता रहा है बल्कि बड़े जमींदारों के ऊपर कार्रवाई करने के वक्त ऐसे अधिकारियों की कलम क्यों रुक जाती है या बड़ा यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

## क्विक न्यूज

### पुलिस ने दौड़ाकर चोरों को पकड़ा

**श्रावस्ती।** जमुनहा. मल्हीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुनहा बहराइच मार्ग स्थित कनीबोझी चौराहे पर किराए के मकान में ब्यापारी जहरउद्दीन पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी कनीबोझी की दुकान गल्ले का करता है प्रतिदिन की भांति दुकान बंद कर के घर चला जाता था बरामदे में लगे धान और गेहूं के बोरे बीती रात को अज्ञात चोरों द्वारा तीन मोटरसाइकिल सवार 6 लोग बोरियां लाद कर भाग रहे थे। पास में गस्त कर रही मल्हीपुर पुलिस ने रात्रि में अज्ञात तीन मोटरसाइकिल पे बोरियां लदी देख इनको रोकने का प्रयास किया जिसपर अज्ञात चोरों ने बोरो को फेंक कर ककरदरी राप्ती बैराज की तरफ भागने लगे गस्त कर रही पुलिस ने उन्हें खदेड़ कर एक अज्ञात चोर को मोटरसाइकिल व आधार कार्ड बैंक पासबुक सहित मल्हीपुर पुलिस एस0एस0आई0 विक्रमादित्य मय बल के साथ अज्ञात एक चोर को पकड़ लिया और वहीं दो मोटरसाइकिल सवार चोर भागने में सफल रहे। पूछताछ करने पर चोर ने अपनी पहचान मल्हीपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गाजोबरी के निवासी निरंजन तिवारी पुत्र काशीराम के रूप में बतायी। बरामद अनाज की बोरियों को कब्जे में ले लिया गया है। मल्हीपुर थाना प्रभारी इंचार्ज उप निरीक्षक विक्रमादित्य ने बताया एक चोर को पकड़ा गया है पूछताछ की जा रही है जल्द ही अन्य चोरों को भी पकड़ लिया जाएगा।

### प्रवेश की तिथि बढ़ी

**श्रावस्ती।** जमुनहा प्रबेश के लिए राजर्षि टण्डन विश्वविद्यालय प्रयागराज से सम्बंधित सत्य नारायन उच्च शिक्षा संस्थान तुलसीपुर श्रावस्ती में सभी कोर्सों की आखिरी तारीख बढ़ाकर 30 नवम्बर 2020 कर दी गई है जिसमें छात्रों के डिप्लोमा स्नातक परास्नातक योग पत्रकारिता कृषि गृहविज्ञान फूड न्यूट्रीशियन आपदा प्रबंधन दूध डेयरी सामाजिक वानिकी यम यस डब्लू आदि रोजगार परक कोर्स उपलबध हैं कोरोना महामारी को देखते हुए सरकार की गाइडलाइन का पालन करते हुए छात्रों को ऑनलाइन शिक्षा भी उपलब्ध है।

### बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**श्रावस्ती।** उत्तर प्रदेश सरकार के षासनादेष सं0.2456 ई.2.13.2020.38ध्2014 11 नवम्बर के अनुपालन में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के होने वाले द्विवार्शिक निर्वाचन.2020 में शान्ति पूर्ण मतदान कराये जाने के उद्देष्य से टी0के0 शिबु जिला मजिस्ट्रेट जनपद श्रावस्ती आबकारी अधिनियम 1910 की घारा.59 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1954 की धारा.135.ग में सम्बन्धित प्राविधानों का अनुपालन करते हुए इस चुनाव हेतु नियत मतदान दिवस 01दिसम्बर को मतदान समाप्ति के नियत समय सायं 5 बजे से 48 घण्टे पूर्व से मतदान समाप्त होने तक अर्थात 29 नवम्बर की सायं 5:00 बजे से 01 दिसम्बर को मतदान समाप्ति तक जनपद श्रावस्ती की समस्त देषी विदेशी मदिरा बीयर व भांग के फुटकर थोक अनुज्ञापनों से बिक्री पूर्णतया बन्द रखने का आदेष प्रदान करता हूॅं। इस बन्दी हेतु लाइसेंसधारियों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा।

### अब निर्माण श्रमिकों के पुत्रों को भी मिलेगी साइकिल

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से संचालित संत रविदास शिक्षा सहायता योजना के तहत अब बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों के पुत्रों को भी स्कूल या कॉलेज आने जाने के लिए साइकिल मिलेगी जबकि पहले व्यवस्था सिर्फ श्रमिकों की पुत्रियों के लिए ही थी।इससे श्रमिकों को काफी राहत मिल सकेगी उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से संचालित संत रविदास शिक्षा सहायता योजना के तहत अब पंजीकृत श्रमिकों के पुत्रों को भी छात्रवृत्ति के साथ-साथ साइकिल उपलब्ध कराई जाएगी इसके लिए 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण कर अगली कक्षा में दाखिला लेने पर आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित करने के लिए और उन्हें स्कूल या कॉलेज जाने की सुविधा देने का प्रावधान हैद्यइस योजना के तहत पहले सिर्फ श्रमिकों की पुत्रियों को साइकिल जाती थी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए के लिए निर्माण श्रमिकों को आवेदन के साथ उत्तीर्ण परीक्षा की अंकपत्र,अगली परीक्षा में अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र शुल्क रसीद व नियोजन प्रमाण पत्र के साथआधार व बैंक पासबुक की छाया प्रति संलग्न करना होगा।

### उर्वरक व बीज की दुकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

**करनैलगंज ( गोंडा )।** उर्वरक व बीज की दुकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी से दुकानदारों में दहशत फैल गई। बुधवार को कृषि विभाग की टीमों द्वारा 38 दुकानों पर छापेमारी कर 49 नमूना ग्रहित किया 5 दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई। शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी डॉ. नितिन बंसल द्वारा टीम बनाकर जिले के समस्त उर्वरक व बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों व गोदामों पर गहन छापेमारी की गई। जिसमें कुल 49 नमूने ग्रहित किए गए एवम 38 दुकानों पर छापेमारी की गई। जिलाधिकारी डॉ नितिन बंसल द्वारा बीज निरीक्षकों की टीम बनाई गई। जिसमें उप कृषि निदेशक डॉ. मुकुल तिवारी को तरबगंज एवं मनकापुर तहसील में निरीक्षक नियुक्त किया गया और जिला कृषि अधिकारी जेपी यादव को सदर एवं करनैलगंज में निरीक्षक नियुक्त करते हुए बीज विक्रेताओं की दुकानों पर छापेमारी की कार्रवाई कराई गई। डॉक्टर मुकुल तिवारी उप कृषि निदेशक द्वारा 12 दुकानों पर निरीक्षण किया गया व 9 नमूने गर्हित किए गए तथा जिला कृषि अधिकारी जेपी यादव द्वारा सदर एवं करनैलगंज तहसील के 26 दुकानों का निरीक्षण करते हुए 40 नमूना लिया गया। तिवारी बीज भंडार बालपुर, गौतम बीज भंडार करनैलगंज, त्रिपाठी बीज भंडार चोरी चौराहा, गंगा बीज भंडार पहाडापुर एवं राधेश्याम बीज भंडार आर्य नगर रुपईडीह के अभिलेख अपूर्ण होने के कारण, कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। ग्रहीत नमूने को विश्लेषण के लिए उसको प्रयोगशाला को भेजा जा रहा है। डीएओ ने बताया कि जिले में कहीं भी नकली बीज की बिक्री ना हो इसको दृष्टिगत रखते हुए आगे भी निरंतर छापेमारी की कार्रवाई की जाती रहेगी।

### गायब किशोरी बरामद, आरोपित को भेजा जेल

**लालगंज रायबरेली।** नाबालिक किशोरी के अपहरण के मामले में नामजद कोचिंग संचालक को पुलिस ने पकड़कर जेल भेजा है। दीपावली वाली देर शाम को एक गांव से एक नाबालिक किशोरी को कोचिंग पढ़ाने वाले बृजेंद्र नगर मुहल्ला निवासी सुनील यादव भगा ले गया था। किशोरी के पिता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामले का मुकदमा दर्ज कर लिया था। तभी से किशोरी की खोजबीन चालू थी। कोतवाल अरूण कुमार सिंह ने बताया कि मामले में धारा 363 व 366 के तहत मुकदमा दर्ज था बाद में धारा 376 तथा पास्को एक्ट की भी बढ़ोतरी की गई है।गायब किशोरी को बरामद करते हुए आरोपित युवक सुनील को डलमऊ तिराहे के निकट से पकड़कर उसे जेल भेजा गया है।

### आरेडिका के सामने से बाइक चोरी

**लालगंज रायबरेली।** आधुनिक रेलडिब्बा कारखाना लालगंज के सामने से बेखौफ चोर आए दिन बाइकें गायब करने में जुटे हैं। भदोखर थाना क्षेत्र के ग्राम रामदासपुर निवासी रामदीन आधुनिक रेलडिब्बा कारखाना में प्राइवेट कर्मचारी है। रामदीन ने बताया कि बीते दिन वह बाइक खडी कर कारखाना के अंदर गया था। वापस लौटने पर बाइक गायब मिली। मामले की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामले का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बैरक निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

**लालगंज,रायबरेली।** कोतवाली लालगंज में बनने वाली बैरिक के लिए भूमि पूजन किया गया। क्षेत्राधिकारी इंद्रपाल सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य भूमि पूजन किया। उल्लेखनीय है कि कोतवाली परिसर में चालीस सिपाहियों की क्षमता वाले बैरिक का निर्माण किया जा रहा है।इसी के साथ एक विवेचना कक्ष का निर्माण भी किया जाना है। जिसे एक साल की समय सीमा के भीतर 92 लाख की लागत से लोक निर्माण विभाग बनवाएगा। कोतवाल अरूण कुमार सिंह ने कहा कि बैरिक निर्माण के बाद सिपाहियों को कोतवाली परिसर से बाहर रहने की समस्या से निजात मिल जाएगी। उल्लेखनीय है कि अभी आवासों की समस्या के चलते कई महिला सिपाहियों व दरोगाओं को कोतवाली परिसर के बाहर रहना मजबूरी बनी हुई है।

## क्रय केंद्रों पर खरीदा जा रहा रसूखदारों का धान

संवाददाता। सुलतानपुर

**रसूखदार** कास्तकारों और बिचौलियों का धान बिक जा रहा है। वहीं छोटे किसानों को नियम-कानून का हवाला देकर टरकाया जा रहा है। सर्द रातों में किसान क्रय केंद्र पर धान बिक्री के लिए इंतजार करने को मजबूर है। रुपये न होने से सहालग और रबी फसलों के बोआई की चिता भी सता रही है। किसान मजबूरी में बिचौलियों को सस्ते दर पर धान बेच रहे हैं। हालात यह हैं कि 24 दिन में मात्र 4440 क्विंटल धान की खरीद हो सकी है। ऐसे में लक्ष्य पूर्ति पर संशय बना हुआ है।

विकास खंड पीपी कमैचा की विपणन शाखा का क्रय केंद्र खोला गया है। क्रय केंद्र पर किसान दिन भर धान बेचने को लेकर चक्कर लगा रहे हैं। किसानों की मानें तो यहां तैनात विपणन निरीक्षक अशोक कुमार धान लेकर आने वाले किसानों को रजिस्ट्रेशन, खतौनी सत्यापन व मोटा धान बता टरकाते रहते हैं। खरीद शुरु होने के 24 दिन बीतने के बाद महज 97 किसानों से ही धान खरीदा की जा सकी है। उधर, सत्यप्रकाश राय, मार्केटिंग अधिकारी लम्भुआ का कहना है कि जिन किसान का धान खरीदने लायक नहीं है वही लोग आरोप लगा रहे हैं। मैं स्वयं खरीद केंद्रों की मॉनीटरिंग कर रहा हूं। शासन की मंशानुसार खरीद हो रही है

किसान सतीश मिश्रा कहते है कि एमआई ने धान में नमी की बात कह कर लेने से इंकार कर दिया। अर्जुनपुर के किसान रामसजीवन मखोधर बताते है कि सुबह से आए है अभी तक धान की तौल नहीं कराई गई है, जबकि तीन पिकअप पर अलग अलग धान लदा आया और उसे बिना तौल किए सीधा गोदाम में उतार दिया गया।

## डीएम ने पशु चिकित्सालय सदर का किया निरीक्षण



संवाददाता। सुलतानपुर

**जिलाधिकारी** रवीश गुप्ता द्वारा पशु चिकित्सालय सदर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पशु चिकित्सालय सदर पर पदस्थ समस्त कार्मिक उपस्थित पाये गये। चिकित्सालय कैम्पस में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोष जनक पायी गयी। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि पशु चिकित्सालय कैम्पस का बाउण्ड्रीवाल जिला पंचायत से कराया जाय। डीएम द्वारा सीवीओध्पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि पशु चिकित्सालय परिसर में अस्थायी रूप से एस0पी0सी0ए0 पशु चिकित्सालय के रूप में संचालित किया जाय तथा एस0पी0सी0ए0 पशु चिकित्सालय पर रोस्टरवार तीन पशु चिकित्सकों की ड्यूटी लगायी जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रमाशंकर सिंह, प्रभारी उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सदर शिव शंकर यादव आदि उपस्थित रहे।

## विभागों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

संवाददाता। सुलतानपुर

**पं.** राम नरेश त्रिपाठी सभागार में डीएम की अध्यक्षता में अनुपूरक पोषाहार की नवीन विकेन्द्रीकृत व्यवस्था (ड्राई राशन वितरण) के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों के साथ एक दिवसीय जनपद स्तरीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन।

जिलाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण में अपना मार्गदर्शन देते हुए निर्देशित किया गया कि योजना के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता बरती जाय एवं यह सुनिश्चित किया जाय कि राशन प्राप्ति एवं लाभार्थियों को वितरित किये जाने का रिकार्ड (लेखा-जोखा) केन्द्र पर अनिवार्य रूप से संरक्षित किया जाय एवं वितरण से सम्बन्धित फोटाग्राफ भी संरक्षित किया जाय। जिलाधिकारी द्वारा समस्त उपजिलाधिकारियों को पूरी व्यवस्था के निगरानी एवं प्रभावी अनुश्रवण हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ड्राई राशन वितरण की नवीन व्यवस्था पर चर्चा करते हुए प्रशिक्षित किया गया एवं इस तत्व पर जोर दिया गया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने बाद सभी सम्बन्धित 26 से 28 नवम्बर, 2020 तक ब्लाकों में होने वाले ड्राई राशन प्रशिक्षण में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए प्रशिक्षण पूरा करायें एवं वितरण को प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कराना सभी सम्बन्धित विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन एवं नगरीय क्षेत्रों में राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से योजनान्तर्गत ड्राई राशन वितरण आंगनबाड़ी केन्द्रों के लाभार्थियों गर्भवतीध्धात्री महिलाएं, किशोरी बालिकाओं, 6 माह से 3 वर्ष व 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों व अतिकुपोषित बच्चों को दिये जाने की व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई।

## प्रत्याशी को जिताने के लिए सपाइयों ने बैठक में बनाई रणनीति

**सुलतानपुर।** समाजवादी पार्टी बल्दीराय ब्लाक की मासिक बैठक गनापुर, बल्दीराय में संपन्न हुई। बैठक में गोरखपुर-फैजाबाद स्नातक एमएलसी के चुनाव पर चर्चा की गई। पार्टी पदाधिकारियों ने जीत के लिए रणनीति भी तैयार की। बल्दीराय ब्लाक अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की तरफ से लड़ाए जा रहे प्रत्याशी अवधेश कुमार यादव को ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाने पर चर्चा की। बैठक का संचालन इसौली विधानसभा अध्यक्ष स्वामीनाथ यादव ने किया। स्नातक एमएलसी के चुनाव की तिथियां घोषित हो चुकी है। तारीखें घोषित होते ही चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। समाजवादी पार्टी स्नातक एमएलसी के चुनाव में अवधेश कुमार यादव को अपना प्रत्याशी बनाया है।

## लकड़ी से लदी ट्रॉली को पुलिस ने किया जब्त



संवाददाता। श्रावस्ती

**जमुनहा** थाना मल्हीपुर के क्षेत्रों में इन दिनों हरे पेड़ों पर वन विभाग के लापरवाही से आम के फलदार वृक्ष का ग्रामीण अंचलों से सफाया होता जा रहा है लेकिन विभाग मौन बना हुआ है। प्राप्त जानकरी के अनुसार मल्हीपुर थाना के गिरंट के अंतर्गत बदला चौराहा पर आम के हरे पेड़ काटकर बिना परमिट के ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर कर भट्टे पर ले जा रहे थे तभी मौके पर सूचना पाकर मल्हीपुर पुलिस पहुंच गई और आम की लकड़ी लदी हुई ट्राली को पकड़ लिया और ट्रैक्टर ट्राली को थाने पर ले आए इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि आम की बिना परमिट के कटी हुई लकड़ी को पकड़ा गया है और ट्रैक्टर चालक से कागजात मांगने पर प्रस्तुत नही कर पाने के कारण अभियोग दर्ज कर ट्रॉली सहित लकड़ी को जब्त कर लकड़ी माफिया के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

## किसान हितों के लिए बजाज चीनी मिल संकल्पित: जीवी सिंह



संवाददाता। गोंडा

**बजाज** हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड-कुन्दरखी के पेराई सत्र 2020-21 की मुहुर्त पूजा विगत 22 नवम्बर को बस्ती से पधारे आचार्य अनिल तिवारी ने विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कराया था। इसीक्रम में 25 नवम्बर दिन बुधवार को इकाई प्रमुख जी0वी0 सिंह, महाप्रबंधक (गन्ना) योगेन्द्र सिंह, आईटी हेड यू0के0 पाण्डेय आदि ने कांटों की पूजा कर चीनी मिल का संचालन शुरू कराया। इस दौरान इकाई प्रमुख व महाप्रबंधक (गन्ना) ने तौल लिपिक का माल्यापर्ण करते हुए उन्हें उपहार भेंट किया। वहीं पेराई सत्र शुरू होने से गन्ना किसानों में खुशी की लहर व्याप्त है।

इकाई प्रमुख श्री सिंह ने कहा कि ने कहा कि चीनी मिल किसानों के हित की रक्षा के लिए सदैव संकल्पित है। मिल प्रबंधन द्वारा कोविड-19 के परिपेक्ष्य में शासन से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पेराई सत्र को सुचारू रूप से सम्पन्न कराया जायेगा। वहीं महाप्रबन्धक (गन्ना) ने कहा कि पेराई सत्र के दौरान किसानों की समस्याओं के निदान हेतु चीनी मिल में किसान समस्या समाधान केन्द्र स्थापित किया गया है। उन्होंने किसानों से चीनी मिल को साफ-सुथरा एवं जड़, पत्ती, अगोला रहित) गन्ना आपूर्ति करने की अपील किया है। इस दौरान जोनल हेड मानव संसाधन आर.सी. पाण्डेय, वरिष्ठ गन्ना प्रबन्धक अरूण सिंह, प्रबंधक लेखा आर0पी0 शाही, अपर गन्ना प्रबन्धक शशिकान्त दूबे, सुरक्षा अधिकारी जे.एन. सिंह, श्रवण पाण्डेय, अनुज दयाल, विरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## धान खरीद केंद्र प्रभारी की मनमानी से किसान आजिज



संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**एक** तरफ सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का प्रयास कर रही है वहीं दूसरी तरफ बछरावां नगर से लगभग तीन किलोमीटर दूर तिलेंडा ग्राम सभा में खाद्य विभाग के धान खरीद केंद्र पर खरीद केंद्र प्रभारी रश्मि वर्मा के अपने बनाए हुए नियम खुद किसानों पर लागू कर रही हैं राजकीय धान खरीद केंद्र को बनिया की दुकान बनाए हुए हैं। सेंटर पर केवल कुछ किसानों का ही मोती धान खरीद कर इतिश्री कर ली गई है। वही जब अब किसान अपने मोती धान के लिए सेंटर पर आते हैं। तो उनसे बताया जाता है इस धान की रिकवरी नहीं है उसको हम नहीं लेंगे। मजबूरन गेहूं की बुवाई करने के लिए किसान अपने धान को 11 से 12 रूपए प्रति किलो के हिसाब से बेचने को मजबूर है। किसानों की समस्या का निदान मिलते हुए नहीं दिखाई पड़ रहा है। वही कल विजय कुमार चौधरी एडवोकेट जब अपने धान की तौल कराने के लिए सेंटर पर लेकर गए तब उनके धान की 62 बोरियों की तौल कर ली गई। बाकी धान को नम बता कर प्रभारी द्वारा तौल ही नहीं करवाई गई। मनमाना रवैया अपनाकर किसानों का शोषण लगातार जारी है।वही मौके पर भाजपा मंडल मंत्री मयंक रंजन द्विवेदी, रोहित कुमार, राज कुमार चौधरी, व मुकेश मिश्रा सहित दर्जनों किसानों ने अपनी पीड़ा को व्यक्त किया कि अब धान कहां ले जाए।

## अब पंचायत चुनावों में मैनुअल स्टांप का नही होगा इस्तेमाल

संवाददाता। सुलतानपुर

**ई-स्टापिग** को बढ़ावा देने के लिए इस बार पंचायत चुनावों में मैनुअल स्टांप नहीं इस्तेमाल किए जाएंगे। उम्मीदवारों की आवश्यकता को देखते हुए सौ रुपये एवं उससे कम कीमत के ई-स्टांप उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए अतिरिक्त काउंटर भी खोले जाने की तैयारी की जा रही है। प्रशासन द्वारा चुनाव के दौरान प्रयोग में लाए जाने वाले स्टांप पेपरों की उपलब्धता का दावा किया जा रहा है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के दौरान उम्मीदवारों को शपथ पत्र आदि जरूरी प्रपत्र दाखिल करने में स्टांप पेपरों की जरूरत होती है। अभी तक मैनुअल स्टांप ही इस्तेमाल में लाए जाते रहे हैं, लेकिन अब सरकार ई-स्टांप को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही है। पंचायत चुनाव के दौरान जिस भी कीमत के स्टांप की जरूरत होगी, उसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही। इस दौरान सौ रुपये एवं उससे कम कीमत के स्टांप की सबसे अधिक आवश्यकता होगी। उम्मीद जताई जा रही कि करीब पांच से आठ हजार से अधिक स्टांप पेपर की जरूरत होगी। आवश्यकता को देखते हुए निबंधन कार्यालय ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमाकांत त्रिपाठी ने बताया कि ई-स्टांप उपलब्ध कराने के लिए अभी से अतिरिक्त काउंटर खुलवाने की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया अधिक कीमत पर स्टांप बेचने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिसका असर जल्द ही देखने का मिलेगा। आवश्यकता को देखते हुए निबंधन कार्यालय ने तैयारी शुरू कर दी है, जल्द ही खोले जाएंगे अतिरिक्त काउंटर। जिससे लोगों को काफी हद तक राहत मिल सकेगी।

### बन्द मिले धान क्रय केन्द्र

**सुलतानपुर।** भारतीय जनता पार्टी धान क्रय केन्द्र जिला प्रभारी रामभवन मिश्रा ने मण्डी समिति में स्थापित तीन में से दो धान क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण किया और किसानों से मुलाकात की। इस दौरान रामभवन मिश्रा ने अमहट में एफसीआई व खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा संचालित एवं सरायगोकुल व देहली बाजार स्थित धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सरायगोकुल व देहली बाजार स्थित धान क्रय केन्द्र बन्द मिला जबकि डिप्टी आर.एम.ओं प्रशांत वर्मा द्वारा रामभवन मिश्रा को बताया गया कि चालू है। बीजेपी धान क्रय केन्द्र प्रमुख ने जिलाधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर डिप्टी आरएमओ के झूठ एवं किसानों की समस्याओं से अवगत कराया व व्यवस्था दलाल मुक्त व पारदर्शी बनाने का अनुरोध किया। श्री मिश्रा ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमाकांत त्रिपाठी से भी मुलाकात की और धान क्रय केन्द्र पर हो रही परेशानी से अवगत कराया।

## अहमद पटेल के निधन पर शोकसभा का आयोजन

**रायबरेली** जिला शहर कांग्रेस कमेटी रायबरेली द्वारा अहमद पटेल जी के निधन पर शोक-सभा का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय तिलक भवन में किया गया।जिला कांग्रेस कमेटी रायबरेली के अध्यक्ष पंकज तिवारी एडवोकेट ने कहा कि श्री अहमद पटेल जी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष माननीया श्रीमती सोनिया गांधी जी के राजनीतिक सलाहकार भी थे। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव, वी.के.शुक्ल, निर्मल शुक्ल, राजकुमार दीक्षित, अजीत सिंह, सुमित्रा रावत, घनश्याम शुक्ला, आलोक विक्रम यादव, कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव, श्रीमती शैलजा सिंह, हाफिज रियाज, पंकज सोनकर, अल्का सिंह राजपूत, रेशमा बानो, सुनील कुमार, रामसमुझ धीमान, बब्बू सिंह, मोहित सिंह, राशिद अंसारी, हाफिज निसार, शत्रोहन सोनकर, प्रमोद पाण्डेय सहित अन्य कांग्रेसी जन मौजूद रहे।

## सीएम ने डीएम के प्रोजेक्ट को सराहा

# अब पूरे प्रदेश में चलेगा फॉर्मूला

● जिले में एक साल से चल रहा अविवादित वरासत को खतौनी में अंकित करने का अभियान ● नाम दर्ज होते ही किसानों को मिलने लगा सरकारी योजनाओं का लाभ

**संवाददाता।** बस्ती



जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन

**वैसे हर** जिलाधिकारी का अपना एक एजेंडा होता है, जिसे वह जिले में आने के बाद लागू का प्रयास करता है, ताकि जिले से जाने के बाद उसे याद किया जा सके। किसी डीएम को अपने एजेंडें को अमलीजामा पहनाने का समय मिलता है तो किसी को नहीं मिल पाता है। यही कारण है कि जिलाधिकारियों का कार्यकाल कम से कम तीन साल की करने की मांग उठती रही है। जिन जिलाधिकारियों को तीन साल से अधिक काम करने का मौका मिला, उनको जनता उनके कार्यो के लिए आज भी याद करती है। वैसे तो कठोर निर्णय लेने के मामले में अपनी पहचान बना चुके वर्तमान जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन आते ही तीन योजनाओं को अमलीजामा पहनानें के प्रयास में लग गए, इनमें एक योजना है अविवादित वरासतों को अभियान चलाकर उन्हें खतौनी में दर्ज कराना।काम आसान नहीं था, मगर पहल करने का नतीजा यह रहा कि तीन हजार से अधिक किसानों का नाम खतौनी में अंकित हो चुका है, यह सभी किसान सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए पात्र हो गए हैं, इन्हें अपनी संपत्तियों को विक्रय करने का भी अधिकार मिल गया। इस योजना को चार चांद लगाने में सीआरओ नीता यादव, राजस्व निरीक्षक एंव प्रभारी सहायक भूलेख अधिकारी राघवेंद्र पांडेय का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सीआरओ ने बताया कि इस योजना में आवेदकों को आनलाइन आवेदन करता होता है, बताया कि आनलाइन मदद कराने के लिए लेखपाल को लगाया गया है। लेखपाल गांव-गांव जाकर पहले सभी के सामने खतौनी पढ़कर सुनाते हैं, अगर किसी की मृत्यु हो गई, तो उनके वारिषों का नाम खतौनी में अंकित करने की प्रक्रिया निभाते है। यह पारदर्षी व्यवस्था इस लिए किया गया, ताकि षासन और प्रषासन की छवि बेहतर हो सके। खतौनी में नाम चढ़ जाने से किसान गन्ना, धान और गेहूं की सरकारी विक्री कर सकता है। फसलबीमा और कृषि आधारित सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

### 12 को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

**संतकबीरनगर।** आगामी 12 दिसम्बर 2020 दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय परिसर एवं तहसील मेंहदावल, खलीलाबाद, तथा धनघटा एवं अन्य सम्बंधित विभागो में किया जाएगा है। उक्त जानकारी सत्य प्रकाश आर्य, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दी। उन्होने बताया कि लोक अदालत में भरण पोषण, वैवाहिक मामलें जिसमें लम्बित एवं प्री-लीटिगेशन मामले भी लम्बित है, स्थानीय विधियों के अन्तर्गत समनीय वाद, वन अधिनियम, किरायेदारी, पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान, मोटर यान अधिनियम, मनोरंजन कर अधिनियम, वाट माप, प्रचालन अधिनियम, दुकान एवं वाणिज्य अधिनियम, गृह कर, जल कल, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड , जाति एवं आय प्रमाण पत्र दाखिल खारिज वाद, मेड़बन्दी सम्बंधित प्रकरण आदि का भी निपटारा आपसी सुहल समझौते के आधार कराया जा सकता है।

## अब समय से नहीं हो पाएगा मतदाता सूची का प्रकाशन

● फीडिग करने वाली एजेंसी की लापरवाही से आधा अधूरा हो सकता है प्रकाशन दस दिन में किया मात्र 15 फीसद से अधिक फीडिग, 11 दिन में करना है 85 फीसद डीएम ने जारी किया नोटिस

**बस्ती।** मतदाता निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण 2020 को झटका लग सकता है। पुनरीक्षण कार्य तो समय से हो जाएगा, मगर मतदाता सूची का फीडिगं नहीं हो पाएगा, और जब मतदाता सूची की फीडिगं नहीं होगी तो प्रकाषन भी नहीं होगा, और जब समय से प्रकाशन नहीं होगा तो जिले की बदनामी होगी, मजबूरी में आधे अधूरे मतदाता सूची का प्रकाशन करना होगा। इसके लिए फीडिंग करने वाले वेंडर राम इन्फोटेक को जिम्मेदार माना जा रहा है। अब जरा अंदाजा लगाइए कि जब दस दिन में मात्र 15 फीसद हुआ तो 11 दिन में कैसे 85 फीसद हो सकता है। अगर नित्य पांच फीसद भी फीडिगं हुआ होता तो समय से प्रकाशन हो जाता, और जिले की वाहवाही भी होती। इसके लिए डीएम आशुतोष निरंजन ने एडीईओ को नोटिस जारी किया है।

किसी भी प्रशासन के लिए समय से मतदाता सूची को प्रकाशित कराना चुनौती होता है। लगता है कि इस बार पंचायती चुनाव प्रशासन चुनौती का सामना नहीं पाएगा। आकड़े गवाह है कि अभी तक मात्र 15 फीसद ही फीडिगं का कार्य हुआ, अंन्तिम सूची प्रकाशित करने में मात्र 11 दिन रह गए है। चार लाख 19 हजार 546 में से मात्र 66316 ही फीडिगं हुआ है। छह दिसंबर 20 को मतदाता सूची का अंन्तिम प्रकाश होना है। जबकि अंन्तिम प्रकाषन के दो दिन पहले ही शत-प्रतिशत फीडिगं हो जाना चाहिए। अगर फीडिगं करने वाला वेंडर प्रति दिन 50 हजार मतदाताओं का नाम फीड करता है तो प्रशासन की इज्जत बच सकती है। जो कि संभव नजर नहीं आ रहा। 29 दिसंबर को अंतिम प्रकाशन होना है।

## क्विक न्यूज

### अपना दल एस की बैठक में पंचायत चुनाव की तैयारी की समीक्षा

**मीरजापुर शेरवां।** अपना दल (एस)अहरौरा जोन कि मासिक बैठक चौकिया गांव के शिव मंदिर परिसर में की गई। इसमें पंचायत चुनाव की तैयारी के साथ ही सांगठनिक कार्यों की समीक्षा की गई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पटेल ने कहा कि संगठन के ही बल पर पंचायत चुनाव में मजबूती से पार्टी मैदान में उतरेगी। लिहाजा दिसम्बर तक बूथ कमेटियों का गठन कर लिया जाए। उन्होंने झंडा लगाओ अभियान में तेजी लाने की अपील की। विशिष्ट अतिथि पंचायत मंच के प्रदेश महासचिव रामसमुझ पटेल ने कहा कि पंचायत चुनाव विधानसभा चुनाव का रिहर्सल है। मेन एग्जाम के पहले प्री है। इसे हल्के में नहीं लेना है। बैठक की शुरुआत यशरूकायी बोधिसत्व डॉण् सोनेलाल पटेल के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। अतिथियों को पुष्पहार व अंगवस्त्रम से सम्मानित किया गया। संचालन अशोक कुमार गुप्ता ने किया। अध्यक्षता अहरौरा जोन के अध्यक्ष भगवान दास प्रजापति ने की। बैठक में रामानंद साहनी, श्रवण कुमार बिंद, रामा शंकर पटेल, राम लखन बिंद, डॉक्टर मनोज कुमार सिंह पटेल, किशन प्रजापति, अमरनाथ सहानी, जंगाली सोनकर, रामदुलार विश्वकर्मा, रामू बिहार, राजू शर्मा, भानु प्रताप शर्मा आदि उपस्थित थे।

### 23 पुलिस कर्मियों को मिला प्रमाणपत्र



**संतकबीरनगर।** रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में पुलिस आपात कालीन प्रबंधन प्रणाली उप्र परियोजना (आपात सेवाएं 112) में चार पहिया/दो पहिया पीआरवी पर नियुक्त कमाण्डर/सब-कमांडर का जनपद स्तरीय 18 दिवसीय प्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम गत 03, नवम्बर से 25, नवम्बर 2020 तक जिला प्रशिक्षण ईकाई द्वारा सम्पन्न किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शासन द्वारा निर्देशित समस्त कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए जनपद स्तर पर 23 पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी 23 पुलिस कर्मियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक पंकज त्रिपाठी, निरीक्षक डायल -112 ब्रजेश यादव सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### टीएसआई ने अतिक्रमण हटवाया



**संतकबीरनगर।** यातायात जागरुकता माह के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह द्वारा यातायात जागरुकता कार्यक्रम के दृष्टिगत बुधवार को यातायात पुलिस द्वारा मेहदावल बाईपास, आजाद तिराहा, गोलाबाजार, बरदहिया बाजार आदि स्थानों पर कोविड-19 के दृष्टिगत शासन द्वारा जारी सोशल डिस्टेंसिंग व अन्य दिशा निर्देशों का पालन करते हुए फ्रकोना छोड़ो अभियानफ्र अन्तर्गत अवैध अतिक्रमण हटवाया गया व चालान किया गया तथा सख्त हिदायत दी गयी कि दुबारा अतिक्रमण करने पर अन्य विधिक कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर प्रभारी यातायात संतोष कुमार मिश्रा, यातायात पुलिस के एचसीपी जगदम्बा गुप्ता, एच0सी0पी0 अनिल शर्मा, एच0सी0पी0 भोला प्रसाद एच0सी0पी0 नन्द लाल, का0 कृष्णानन्द पाण्डेय व यातायात पुलिस के अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### अहमद पटेल के निधन पर काग्रेसियों ने जताया शोक

**संतकबीरनगर।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर राज्य सभा सांसद एवं गांधी परिवार के काफी करीबी रहे अहमद पटेल के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन जिला अध्यक्ष प्रवीण चंद पांडेय के नेतृत्व किया गया। जिला कार्यालय पर मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओ दो मिनट का मौन रहकर अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि दी और ईश्वर अल्ला मालिक से उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की जिला अध्यक्ष प्रवीण चंद पांडेय ने कहा कांग्रेस और देश ने अपना एक ऐसा नेता खो दिया है। जिसकी भरपाई हम आने वाले भाविष्य में अभी नहीं कर सकते कांग्रेस पार्टी के हर राजनैतिक संकट में संकटमोचन की भूमिका निभाने वाले इस नेता को कभी नहीं भुला पाएंगे शोक सभा में मुख्य रूप से महेंद्र कनौजिया, शांति देवी, अजय सिंह, सुनील कुमार पांडेय, भुनेश्वर भारती, मीनू सिंह, संजय चौरसिया, अखिलेश पांडेय, विजय कुमार शुक्ला, राजीव गोंड, शेषनाथ मोर्या, दुर्गेश सिंह, बिट्टू सिंह, प्रशांत सिंह, ज्ञानू सिंह, गोपाल मिश्रा, परशुराम सिंह, अहमद जमाल, अयाजूल हक, निसार अहमद, मो नजीर, खालिद अंसारी, सलीम, मोइन अंसारी, अनिल राय सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने लालगंज तहसील का किया निरीक्षण

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी ने तहसील लालगंज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका रजिस्टर, उपजिलाधिकारी तहसीलदार कोर्ट के सभी रजिस्टर का विधिवत निरीक्षण कर एसडीएम लालगंज को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील के मालखानाए कम्प्यूटर कक्षए खतौनी आदि का भी निरीक्षण करने के साथ ही साफसफाई व्यवस्थाएं कोविड से बचाव के लिए भी बरती जानें वाली सावधानियों के बारे में जानकारी प्राप्त की कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। निर्देशित किया कि सभी कार्यालय में आने जाने वाले लोगों को अनिवार्य रूप से मास्क लगाकर ही प्रवेश करने दिया जाय तथा शारिरीक दूरी का भी अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने पुराने लंबित वाद को तीन माह में निस्तारण करने की सख्त हिदायत देते हुए कहा कि अविवादित वरासत के मामलों को 15 दिन में निस्तारण सुनिश्चित किया जाये तथा आईजीआरएस के लंबित प्रार्थना पत्रों का भी त्वरित गति से निस्तारण सुनिश्चित किया जाये इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। लापरवाही बरतने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस मौके पर उपजिलाधिकारी जंगबहादुर सिंह, तहसीलदार लालगंज ओमप्रकाश पांडेय सहित संबंधित अधिकारीए कर्मचारी मौजूद रहे हैं।

## मलेरिया अधिकारी समेत कई मिले गैरहाजिर

**बस्ती।** सीएमओ कार्यालय के औचक निरीक्षण में जिला मलेरिया अधिकारी समेत अनेक नियमित, संविदाकर्मी अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित मिले अधिकारियो, कर्मचारियों का डीएम आषुतोष निरंजन ने एक दिन का वेतन रोकने का निर्देष दिया। अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। सीएमओ कार्यालय में नियमित 27 अधिकारी,कर्मचारी में से राधेश्याम चौधरी, हरिराम, शरद चौधरी, अशोक कुमार चौधरी, बृजेश श्रीवास्तव, रामकेश, काशी प्रसाद अनुपस्थित पाए गए। वहीं विलम्ब से आने वाले मो0 सलीम, रामायण, हीरालाल, महेश का स्पष्टीकरण तलब करने के लिए सीएमओ को निर्देशित किया।



संविदा कर्मी महेन्द्र कुमार, स्वाती त्रिपाठी, राजनारायण, अजय प्रकाश मिश्रा, आरयान, अब्दुल अदीम अंसारी अनुपस्थित पाए गए। डॉ0 शिप्रा, हरीश गुप्ता, डॉ0 सुरेन्द्र कुमार, रामगोपाल गुप्ता, रोहन धवन से अनुपस्थिति के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए सीएमओ को निर्देशित किया। सलीमा देवी, कृष्ण चन्द्र यादव, पलक श्रीवास्तव, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, रमेश बाबू गुप्ता, उमाशंकर, संजय कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ0 आईए अंसारी भी अनुपस्थित मिले।सभी का वेतन रोकते हुए अनुपस्थिति का स्पष्टीकरण तलब किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने वैक्सीन पंजिका देखा। रजिस्टर में आईपीवी, डीओपीवी, पोलियो ओरल, हेपीटाईटिस बी आदि का स्टाक पाया गया परन्तु स्वाइन लू के टीके का रजिस्टर नही बनाया गया है। इस पर असंतोष व्यक्त करते हुए सीएमओ को रजिस्टर तैयार कराने का निर्देश दिया। स्वाइन फ्लू का टीका अभी तक किसी को लगाया नही गया है। इसकी भी कार्यवाही करने के लिए सीएमओ को निर्देश दिया गया। निमोनिया का टीका की उपलब्धता के लिए शासन को पत्र भेजवाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डा0 एके गुप्ता, एसीएमओ डा0 फखरेयार, डा0 सीके वर्मा व अन्य मौजूद रहे।

## विद्युत का सही दिशा में प्रवाहित न होना ही इलेक्ट्रिकल फाल्ट: देवाशीष

● संविदा विद्युत प्रचालकों के लिए प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ




**शक्तिनगर/सोनभद्र।** एनटीपीसी सिंगरौली में संविदा पर कार्यरत विद्युत प्रचालकों के लिए एक माह का प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। मुख्य महाप्रबंधक देवाशीष चट्टोपाध्याय के ने विद्युत प्रचालकों के दायित्वों जिक्र करते हुये कहा कि विदयुत का सही दिशा में प्रवाह न होना ही इलेक्ट्रीकल फाल्ट है विषय पर प्रशिक्षुओं का मार्ग दर्शन किया। अपने सम्बोधन में महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण एस सी नायक ने कहा कि सुरक्षित ढंग से काम करने के लिए आपको पूरी तरह से प्रशिक्षित होना आवश्यक हैं। यह प्रशिक्षण आपको जहां कुशल प्रचालक तैयार करने में सफल होगा वहीं आपका कौशल बढाने में अहम योगदान प्रदान करेगा। प्रशिक्षण आपके हुनर में निखार लाते है। विद्युत प्रचालक कार्य हर वक्त चौकन्ना एवं सावधानी का है इसमें कोताही भारी कष्टप्रद हो सकती है। इसलिये आपको लगे कि पावर नहीं है फिर भी आपने पास उपलब्ध टूल्स के माध्यम से इसकी जॉच कर सन्तुष्ट हो ले तभी कार्य आरंभ करे इन्ही शब्दों के इस प्रशिक्षण को प्रतिभागियों के लिए एक अवसर बताया महाप्रबंधक प्रचालन सी एस श्रीनिवासन ने बताया कि प्रशिक्षण की सफलताओं की कामना के साथ सुरक्षा को एनटीपीसी की प्रथम प्राथमिकता बताया। इस मौके पर उपस्थित महाप्रबंधक प्रचालनद्ध सी एस श्रीनिवास ने कोविड-19 से बचाव के उपायों को अपनाते हुए प्रशिक्षण का लाभ उठाने की अपेक्षा के साथ कहा कि आप अपने पूर्व प्रशिक्षणों का नवीनिकरण करते हुए कार्यगत कठिनाईयों, समस्याओं का समाधान भी प्रशिक्षण सत्र में प्राप्त करें। उद्घाटन सत्र में अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन वि.शिवा प्रसाद ने इस प्रशिक्षण की आवश्यकताओं को रेखते प्रशिक्षण की रूपरेखा से अवगत कराया तथा मुख्य महाप्रबंधक महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण महाप्रबंधक प्रचालन तथा सभी वरिष्ठ अधिकारियों प्रशिक्षुओं का स्वागत सम्बोधन करते सभी प्रशिक्षुओं से पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करने का परामर्श रखा। अपर महाप्रबंधक प्रचालन एस एस गुप्ता ने प्रशिक्षण मॉडयूल के बारें में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संयोजन राजभाषा प्रबंधक आदेश कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

### मीट विक्रेताओं ने महावीर जयंती पर जीव हत्या नही करने का लिया फैसला

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद के बकरा, मुर्गा, मछली मीट विक्रेताओं हर साल की भांति इस साल भी महावीर जयंती के अवसर पर स्वत: अपनी-अपनी दुकान बन्द रखी है। महावीर जयंती भगवान महावीर के आदेश का पालन करते हुए उनके जन्मदिन पर जीव हत्या न करने का फैसला किया है। जबकि ये हमारी रोजी-रोटी से जुड़ा हुआ है। आज का दिन राष्ट्रीय एकता सदभावना स्वरूप पूरे विश्व में मनाया जाता है। इसी क्रम में खलीलाबाद मीट मण्डी के समस्त विक्रेताओं ने जैन धर्म के लोगों को मुबारक वाद देते हुए राष्ट्रीय एकता अखण्डता पर बल दिया है जिसकी जानकारी पशु चिकित्सा अधिकारी को दे दिया गयी है। उन्होने इस पर धन्यवाद ज्ञापित किया है। ये बात मण्डी विक्रेता के संघ मो0 असलम, मो0 अहरम, रमजान ने संयुक्त रूप से दी है। इस अवसर पर अब्दुल करीम, सगीर अहमद, शब्बीर अहमद, अब्दुल कादिर, फिद्दा हुसेन, अब्दुल रऊफ मो0 महमूद, महबूब अली उर्फ टेनी, इल्ताफ अहमद, लल्लू, हैदर अली, मो0 सलीम, मो0 असलम, मिथलेश, लालचन्द सुभाष, बालकरन, गणेश, मोहन, अल्ली सोखा, अवधू, गौवकरन उपस्थित रहे।

## मतदान के लिये प्रस्तुत करना होगा पहचान पत्र

**सोनभद्र।** अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी योगेन्द्र बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 05 खण्ड स्नातक एवं 06 खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों का द्विवार्षिक निर्वाचन 2020 के लिए होने वाले मतदान में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता, जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। जैसे आधार कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट राज्य केन्द्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र सांसदों विधायकों विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र शैक्षिक संस्थाओं जिनमें संबंधित शिक्षक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हों विश्वविद्यालय द्वारा जारी उपाधि डिप्लोमा का प्रमाण पत्र रूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता संबंधी प्रमाण पत्र मूल रूप में उपरोक्त किसी भी बात के होते हुये निर्वाचन के संचालन नियम 1961 के नियम 35(3) और 37 (2)(ख) के उपबन्धों के दृष्टिगत अयाेग ये निर्देश जारी करता रहा है कि लोकसभा और विधान सभाओं के निर्वाचनों में निर्वाचक मतदान केन्द्र पर अपना निर्वाचन फोटो पहचान पत्र या अन्य निर्दिष्ट दस्तावेज प्रस्तुत करेगें और उनकी ओर से उक्त निर्वाचन फोटो पहचान पत्र या दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहने पर या इनकार करने पर उनको मतपत्र दिए जाने या मत देने की अनुमति दिए जाने से मना किया जा सकता है।

### मार्गदर्शक शिक्षक कार्यशाला का हुआ आयोजन

**संतकबीरनगर।** 28 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की जनपद स्तरीय मार्गदर्शक शिक्षक कार्यशाला का आयोजन जूम एप पर बुधवार को 11 बजे से 1 बजे के बीच किया गया। इसका संचालन जिला समन्वयक अभिषेक कुमार सिंह तथा जिला अकादमिक समन्वयक डॉ आर के सिंह ने किया। इस कार्यशाला में जनपद के अपर प्राइमरी, मिडिल, उच्चतर माध्यमिक और माध्यमिक विद्यालयों के 86 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला का आरंभ जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में बच्चों के परियोजना निर्माण की कार्यशैली में बदलाव लाना होगा तथा समस्त कार्यक्रम ऑनलाइन करना होगा। कार्यशाला में परियोजना निर्माण कैसे हो इस पर विस्तृत परिचर्चा पावर पॉइंट के माध्यम से राज्य अकादमिक समन्वयक डॉक्टर विजय कुमार द्वारा की गई। कार्यशाला में परियोजना पर परिचर्चा करते हुए पुरा बाल विज्ञानी सौरभ सिंह ने अपने अनुभवों को शेयर किया जिसमें उन्होंने बताया कि परियोजना में क्या खामियां होने पर वह अगले स्तर को पार नहीं कर पाती हैं। कार्यशाला में बोलते हुए जीजीआईसी बघौली की प्रधानाचार्या निशा यादव ने बताया कि किस प्रकार से हम कोरोना काल में अधिक से अधिक बच्चों का रजिस्ट्रेशन एवं प्रतिभाग के लिए प्रेरित करें। कार्यशाला में इसरो के वैज्ञानिक डॉ विजय कुमार ने बताया कि हम कैसे बच्चों को मोटिवेट रखें और उनमें क्रिएटिविटी डेवलप करें। इसी क्रम में बोलते हुए भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर के वैज्ञानिक डॉ कृष्ण कुमार सिंह ने बताया की बाल विज्ञानं कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य देश के कोने कोने में छुपी वैज्ञानिक प्रतिभा को निखारना है। राज्य समन्वयक डॉ एस सिंह ने कहा कि कि हम विज्ञान कांग्रेस में किसी परियोजना पर कार्य करते हैं ना कि माडल पर और इसके द्वारा बच्चों में तार्किक क्षमता का विकास होता है। वर्चुअल प्लेटफार्म के लिए तकनिकी सहयोग अटल तिन्केरिंग लैब, हीरालाल रामनिवास इन्टर कॉलेज के राज कश्यप और सुशांत यादव ने दिया।

## मिशन शक्ति अभियान में डीएम से हुई हक की बात

● महिलाओं व बालिकाओं ने यौन शोषण, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा आदि मुद्दों पर उठाए सवाल

**संवाददाता।** सोनभद्र

**जिला प्रोवेशन** विभाग की तरफ से मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत 25 नवंबर को जिलाधिकारी सभागार में जिलाधिकारी एस राजलिंगम की मौजूदगी में हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद के सभी विकास खंडों से आई महिलाओं और बालिकाओं ने यौन शोषण, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, मानसिक शोषण, बाल विवाह, लैंगिक असमानता आदि पर मुखर होकर प्रश्न किया और अपने सुझाव भी साझा किए। कार्यक्रम के शुभारंभ में जनपद के जिला प्रोबेशन अधिकारी अमरेंद्र कुमार प्रोत्सायन ने आए हुए अतिथियों तथा उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं का स्वागत करते हुए बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत जो कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं इसका मुख्य उद्देश्य आम जनमानस में जागरूकता पैदा करना है। जिससे समाज में फैली कुरीतियों व भ्रान्तियों तथा असमानता को दूर किया जा सके। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए किया जा रहा है। मिशन शक्ति को हर माह अलग थीम पर मनाने का निर्णय लिया गया है। इस माह की थीम मानसिक स्वास्थ्य तथा मनो सामाजिक मुद्दों से सुरक्षा और सपोर्ट तय की गई है। जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री प्रोत्सायन ने कहा कि महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति के तहत बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के साथ



संयुक्त कार्ययोजना बनाकर इसे चलाया जा रहा है। इसके बाद म्योरपुर विकास खंड से आई महिला आशा देवी ने जिलाधिकारी से प्रश्न किया कि महिला सशक्तिकरण क्या है। जिसका जवाब देते हुए जिलाधिकारी एस राजलिगंम ने कहा कि जब तक निर्णय में सहभागिता नहीं किया जाएगा तब तक महिला सशक्तिकरण की बात करना बेमानी है। ऐसे में आर्थिक रूप से महिलाओं और बालिकाओं को और सशक्त बनाने की आवश्यकता है तथा नारी स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। विकास खंड रावट्र्सगंज से रावट्र्सगंज की रहने वाली लक्ष्मी जयसवाल ने पूछा कि भ्रूण हत्या क्या है और बाल विवाह कैसे रोका जाए। जिस पर जिलाधिकारी एस राजलिगंम ने कहा कि भ्रूण हत्या जघन्य अपराध है। इसे रोकने के लिए समाज में फैली कुरीतियों तथा बेटा-बेटी में अंतर रखने वाले लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा रावट्र्सगंज विकास खंड के करौली गांव की आंगनबाड़ी सरला देवी ने नारी सशक्तिकरण पर सवाल किया । विंध्य कन्या पीजी कॉलेज की छात्रा एवं परही गांव की निवासी सुजाता सिंह ने भी पूछा कि आय प्रमाण पत्र में पिता का नाम आता है लेकिन माता का क्यों नहीं। रावट्र्सगंज की रहने वाली कलश तिवारी ने पुरुष एवं महिला में बराबर की हिस्सेदारी का प्रश्न उठाया। जिस पर जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने बारी बारी से बालिकाओं एवं महिलाओं का जवाब दिया और कहा कि आज धीरे-धीरे समाज में परिवर्तन हो रहा है समाज में जितनी भ्रांतियां कुरीतियां फैली हैं उस पर अंकुश भी लग रहा है। जब तक आप अपने अधिकार की बात नहीं करेंगे तब तक कोई देने वाला नहीं है। इसलिए पहले अधिकार की बात जरूरी है। साथ ही जब घर में असमानता दूर होगी तभी समाज में भी असमानता दूर होगी।

## जिला विकास अधिकारी ने सेमरियावां ब्लाक का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**सेमरियावां (संतकबीरनगर)।** बुधवार को जिला विकास अधिकारी ने सेमरियावां ब्लाक के सभी कार्यालयों का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही मातहतों को आवश्यक दिशानिर्देश भी दिये। जिला विकास अधिकारी राजितराम मिश्रा ने बुधवार को खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, मनरेगा सेल, सहायक विकास अधिकारी(पं.) के कार्यालयों का बड़ी गहनता से जांच की। साथ ही अभिलेखों के रखरखाव, अभिलेखों को पूर्ण रखने तथा साफ सफाई की बिन्दुआर अधीनस्थों से जानकारी ली। डीडीओ राजितराम मिश्रा ने उपस्थिति रजिस्टर, डिस्पैच रजिस्टर, स्टाक रजिस्टर, मनरेगा सेल के अभिलेखों, प्राप्ति रजिस्टर, इश्यू रजिस्टर, मास्टर रोल रजिस्टर, वित्तीय स्वीकृतियों के रखरखाव, मनरेगा कार्यों का सत्यापन,



कार्यस्थल पर बोर्ड की स्थिति, जाब चार्ट, एम.आर., शासनादेश के अनुसार अलग अलग कार्यों की सूची, रेजक्ट पेमेंट तथा डिले पेमेंट, पत्राचार, आदेश पंजिका, मनरेगा के पत्राचार का रजिस्टर, वृक्षारोपण रजिस्टर, राज्य वित्त, शौचालयों की स्थिति पर बारीकी से अधीनस्थों से पूछताछ की। साथ ही कार्यप्रणाली में सुधार लाने की चेतावनी दी। उन्होंने रोजगार सेवकों तथा ग्राम पंचायत सचिवों की बैठकों का रजिस्टर बनाने तथा कार्यालयों में साफ सफाई दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला विकास अधिकारी राजितराम मिश्रा ने ब्लाक कर्मचारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने तथा शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी विजय कुमार पाण्डेय, एडीओ(पं.) शशिभूषण पाण्डेय, एडीओ (आईएसबी) संतराम चौधरी, एपीओ सूर्य प्रकाश चौधरी, प्रवीण यादव, गौरीशंकर, शकील अहमद, शिवमूरत मौर्या, विमला यादव, राम प्रकाश तिवारी, माधुरी कंप्यूटर आपरेटर आदि मौजूद रहे।

# अधिकारी कार्यालयों में उपस्थित रहें: डीएम

### जिलाधिकारी ने की विकास कार्यो की समीक्षा

### निर्माण कार्यो में मानकों का पूरी तरह हो पालन अन्यथा कार्रवाई होगी

संवाददाता। देवरिया।



**विकास** कार्यो की मासिक प्रगति समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी अमित किशोर ने सभी अधिकारियों को अपने कार्यालयों में अनिवार्य रुप से पूर्वान्ह् 10 से 12 बजे तक उपस्थित रहकर जन समस्याओं की सुनवाई व उसका समाधान प्राथमिकता के साथ किये जाने का निर्देश दिया है। डीएम ने कहा है कि इस दौरान अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया जायेगा और ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी श्री किशोर विकास भवन के गांधी सभागार में विकास कार्यो की समीक्षा हेतु आहूत बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होने बिजली बकाये की समीक्षा में विधुत विभाग के अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिया कि वसूली कार्य को प्रभावी तरीके से सुनिश्चित करें तथा विभागों में जो बकाएं है, उसकी वसूली में भी तेजी लायें। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि उनके विभाग में बिजली बिल का भुगतान बकाया हो तो उसे अनिवार्य रुप से कर दें और यदि बजट न हो तो उसके लिये अपने विभागाध्यक्ष से डिमाण्ड करना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्माण कार्यो में गुणवत्ता मानको को सुनिश्चित कराये जाने का भी निर्देश अधिकारियों को दियाए कहा कि जो भी निर्माण हो उसमें गुणवत्ता व समयबद्धता का पूरी तरह से अनुपालन प्राथमिकता के साथ कराया जाये। मण्डी समिति में निर्माणाधीन भवन की गुणवत्ता की जांच कराये जाने के लिये उन्होने समिति गठित करने का निर्देश दिया।

बीडीओ भटनी को अपने ब्लाक मुख्यालय पर ही निवासरत रहने के निर्देश के साथ सचेत करते हुए कहा कि वे मुख्यालय पर ही रहे, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी निर्माण कार्य इस वित्तीय वर्ष में पूर्ण किये जाने की समयबद्धता निर्धारित हो, उसे अनिवार्य रुप से 31 मार्च तक अवश्य ही पूर्ण करें। धान क्रय में और तेजी लाये जाने के लिये डिप्टी आरएमओ को निर्देश किया कि वे इसका प्रभावी अनुश्रवण करें और सभी केन्द्रों पर सुचारु रुप से कृषको से धान क्रय करने को सुनिश्चित करायेए जो भी शिथिलता बरतें उस केन्द्र प्रभारी के विरुद्ध कार्यवाही भी करायें। उन्होने विकास कार्यो का जो भी लक्ष्य जिस विभाग को निर्धारित किया गया है, उसे समयबद्धता के साथ शतप्रतिशत पूर्ति किये जाने का निर्देश दिया और उसके लिये अधिकारियों को आगाह भी किया। उन्होने जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण किये जाने के निर्देश के साथ कहा कि सभी अधिकारी जन शिकायती सन्दर्भो का समाधान समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करें। किसी भी दशा में कोई भी प्रकरण डिफाल्टर न होए इस पर विशेष रुप से ध्यान रखते हुए कार्य करें।

बैठक में ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट सुमित यादव, सीएमओ डा. आलोक पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी श्रीकृष्ण पाण्डेय, डीसी मनरेगा गजेन्द्र त्रिपाठी, डीएसओ विनय कुमार सिंह, डीडी कृषि डा. एके मिश्र, सीवीओ डा. विकास साठे, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकान्त राय आदि उपस्थित रहे।

# दीपक की रोशनी से जगमगाया गायघाट

### महिलाओं ने धूमधाम से मनाई देव दीपावली

संवाददाता। मऊ



**नगर** क्षेत्र स्थित गायघाट पर समर्थ नारी समर्थ भारत की तरफ देव दीपावली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गाय घाट की छटा बहुत ही निराली लग रही थीए विभिन्न प्रकार की रंगोली, दीपक तथा मोमबत्ती से गायघाट का शिव मंदिर का प्रांगण जगमगा उठा। कार्यक्रम के दौरान समर्थ नारी समर्थ भारत, मऊ की महिलाओं के द्वारा देव दिवाली मनाना सभी महिलाएं अपने-अपने घरों से दीपक, तेल, बाती, मोमबत्ती आदि लाकर सुंदर-सुंदर रंगोलियां बनाकर उसको भव्य रूप से सजाने तथा बड़े उल्लास के साथ दिवाली का पर्व मनाया। समर्थ नारी समर्थ भारत की जिला संयोजिका विनीता पांडेय ने बताया कि यह संगठन महिलाओं की अखिल भारतीय संगठन है जिसका मुख्य उद्देश्य शस्त्र से शास्त्र तक रोटी से रोजगार तक का है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के लिए कोई भी कार्य असंभव नहीं है वह रोटी से लेकर रोजगार एवं शस्त्र से लेकर शास्त्र की ज्ञाता है। ऐसा कोई भी कार्य नहीं है जो महिला नहीं कर सकती है हर क्षेत्र में पुरुषों से आगे बढ़कर काम कर रही है। संयोजिका की जिम्मेदारी उन्हें प्रदान किया गया है। वह इस जिम्मेदारी को बखूबी निभा भी रहीं हैं और महिलाओं के हुनर को ऊपर उठाने में हर कदम प्रयास भी कर रहीं हैं।

श्रीमती विनीता पांडेय ने यह भी बताया कि जो समाज में यह भ्रम है कि एक महिला ही एक महिला की दुश्मन है इस भ्रम को तोड़ना भी हमारा एक मकसद है। क्योंकि हमारे संगठन में हर क्षेत्र की पारंगत महिलाएं जुड़ी हुई हैं और सब एक दूसरे को ऊपर उठाने में अपना पूरा सहयोग एवं समर्थन दे रहीं हैं । कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से नूपुर अग्रवाल महासचिव, संतोष पांडेय कोषाध्यक्ष, डा. नम्रता श्रीवास्तव, संगीता द्विवेदी, नीलम आभा त्रिपाठी, पूजा राय, गीता पांडेय, मानस मंदाकिनी रागिनी, रिचा त्रिपाठी, वीना गुप्ता, अनीता सिंह एवं पम्मी, विंध्यवासिनी पांडेय सरोज यादव एवं अर्चना पांडेय के साथ ही साथ मधुलिका बरनवाल, पूनम पांडेय, पूजा पांडेय, अनीता यादव, अनुभूति द्विवेदी, नेहा कपूर, कंचन द्विवेदी, रितु लता पांडेय, सुनीता पांडेय, निशी सब्बरवाल, पूनम सिंह, गरिमा राय, संजना ग्रोवर, रितु अग्रवाल, अंशिका मद्धेशिया, रितिका राय, क्षमा ओझा, रागिनी यादव व

## देव दीपावली महोत्सव को लेकर श्री संकट मोचन ट्रस्ट ने की बैठक



**जौनपुर**। सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री संकट मोचन ट्रस्ट की बैठक ऐतिहासिक शाही पुल के पास स्थित गोपी घाट पर हुई। इस मौके पर आगामी कार्तिक पूर्णिमा को होने वाले देव दीपावली महोत्सव पर चर्चा की गयी। साथ ही बताया गया कि कोरोना काल को देखते हुये इस बार रंगोली व नृत्य प्रतियोगिता सरकारी गाइडलाइन के तहत किया जायेगा। वहीं वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति को देखते हुये दो गज की दूरी एवं मास्क जरूरी का पालन किया जाय। बैठक की अध्यक्षता आदित्य चौधरी व संचालन प्रदीप तिवारी ने किया। इस अवसर पर बाबू लाल निषाद, पुल्लू निषाद, शिव नारायण पण्डा, रितेश जासयवाल, सूरज निषाद, डा. मुकेश श्रीवास्तव, राकेश निषाद, रवि निषाद, रामू निषाद, विलास निषाद, धर्मेन्द्र कुमार, चन्दन निषाद, अमरजीत, कुन्दन, विद्यासागर, प्रवीन, सोनू निषाद सहित तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन का जन्मोत्सव धूम से मना

बदलापुर (**जौनपुर**)। प्रदेश सहित समूचे भारत में अनवरत चल रहे जायसवाल युवा क्लब के आराध्य देव जन्मोत्सव कार्यक्रम के क्रम में बदलापुर तहसील में हजारों की संख्या में उपस्थित स्वजातीय बंधुओं ने जन्मोत्सव मनाया। मुख्य अतिथि जायसवाल क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज जायसवाल एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जायसवाल युवा क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष जायसवाल राजन रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में क्लब के प्रदेश अध्यक्ष नन्द लाल जायसवाल, क्लब के प्रदेश मंत्री कैलाश नाथ, वाराणसी के प्रखर राजनीतिज्ञ विजय प्रकाश जायसवाल, जायसवाल युवा क्लब के प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल जायसवाल लिटिल (लखनऊ), प्रदेश सदस्य विशाल जायसवाल (शाहगंज) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल एवं संचालन समाजसेवी ईशान ने किया। तमाम वक्ताओं ने अपने ओजस्वी व तेजस्वी भाषणों में आराध्य देव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के अलावा महान इतिहासकार, कानूनविद्, मुद्राशास्त्री डा. काशी प्रसाद जायसवाल के विषय में विस्तार से बताया।

## धर्मांतरण निरोधक बिल को मंजूरी मिलने पर भाजपाइयों ने मनाई खुशी, बांटी मिठाइयां



संवाददाता। देवरिया

**योगी** सरकार से गैर कानूनी धर्मांतरण निरोधक बिल 2020 को मंजूरी मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा देवरिया की कार्यकर्ताओ ने गरुलपार स्थित भाजपा कार्यालय पर एक दूसरे को मिठाई खिला खुशी जाहिर किया और मुख्यमंत्री योगी समेत कैबिनेट के सभी मंत्रियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस दौरान महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष भारती शर्मा ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के साथ धर्मांतरण के नाम पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने जो धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश 2020 को मंजूरी दी है उससे महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण भाजपा की प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। लव जिहाद के खिलाफ इस अध्यादेश के आने से धर्म, नाम व अपनी पहचान छुपाकर शादी करने जैसी घटना अब नहीं होगी व यह अध्यादेश उत्तर प्रदेश की बेटियों की सुरक्षा का भी एक माध्यम बनेगा। इस अध्यादेश के माध्यम से छल प्रपंच करने वाले लोगों के लिए कड़े कानून का प्रावधान किया गया है। यह अध्यादेश कानून व्यवस्था को सामान्य रखने के लिए और बहन-बेटियों को सुरक्षित वातावरण देने हेतु बेहद जरूरी था। इस दौरान भाजपा मीडिया प्रमुख अम्बिकेश पाण्डेय, जिलामहामंत्री महिला मोर्चा मिनती सिंह, मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा रेनू देवी, मधु कुमारी, यशोदा देवी आदि मौजूद रहे। वहीं इस अध्यादेश के उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने ट्वीट कर लिखा कि लव जिहाद जैसे साम्प्रदायिक कलंक व घिनौने कृत्य को रोकने के लिए योगी सरकार ने गैर कानूनी धर्मांतरण निरोधक बिल 2020 को मंजूरी दे दी है। लव जिहाद निश्चित रूप से सभ्य समाज के लिए एक कलंक है। इससे समाज का ताना.बाना न सिर्फ टूटता है बल्कि सामाजिक सदभाव बिगड़ता है। मीडिया प्रमुख भाजपा अम्बिकेश पाण्डेय के हवाले से राज्य मंत्री जयप्रकाश निषाद ने बताया कि लव जिहाद के खिलाफ एक सख्त व कड़ा कानून बनाने से प्रदेश की बहन-बेटियों के भविष्य की रक्षा एवं समाज में एक स्वच्छ व भयमुक्त वातावरण तैयार करने में यह कानून निश्चित ही प्रभावशाली साबित होगा।

### निधन पर शोक जताया

मुग़लसराय (**चन्दौली**)। शहर कांग्रेस कमेटी के कालीमहाल स्थित पार्टी कैम्प कार्यालय पर एक शोकसभा आयोजित की गयी। जिसमे शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राज्य सभा सांसद अहमद पटेल के निधन का समाचार बहुत ही दुखद है। उनके रूप में पार्टी के संकटमोचक की कमी को पूरी करना मुश्किल होगा। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते है।

## हिन्दी भाषा में शिक्षक तैयार करें ऑनलाइन सामग्री: प्रो. शास्त्री

सिद्दीकीपुर (**जौनपुर**)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मूक्स प्रकोष्ठ द्वारा आनलाइन एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें विवि के शिक्षकोंए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मूक्स (मैसिव ओपन आनलाइन कोर्सेज) के विविध आयामों से परिचित कराया गया। इस दौरान ओरिएटेशन कार्यक्रम में केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश मूक्स प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रो. ओएसकेएस शास्त्री ने कहा कि आज देश में शिक्षकों और विद्वानों द्वारा अंग्रेजी भाषा में मूक्स पर वीडियो उपलब्ध कराए जा रहे हैं। क्षेत्रीय भाषाओं में वीडियो उपलब्ध होने पर विद्यार्थियों को ज्ञान अर्जन में काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा में विभिन्न विषयों का ज्ञान वैश्विक स्तर पर उपलब्ध कराने के लिए शिक्षकों को आगे आना होगा। शिक्षक उपलब्ध साहित्य का



अध्ययन कर अपना सृजन करें तब वह विद्यार्थियों को प्रभावित कर पाएंगे। इसी क्रम में अध्यक्षीय उदबोधन में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि आनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से आज विश्व के तमाम देश शिक्षा उपलब्ध करा रहे हैं। आनलाइन प्लेटफार्म द्वारा पूरे विश्व किसी कोने से विद्यार्थी ज्ञान अर्जन कर सकता है। आज के दौर में आनलाइन शिक्षा एक नए रूप में हमारे सामने आई है। शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि गुणवत्तायुक्त आनलाइन पाठ्यसामग्री का सृजन करें। संयोजक प्रबंध अध्ययन संकाय के अध्यक्ष प्रोण् अविनाश पाथर्डीकर ने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के युग में विश्वविद्यालय के शिक्षकों को आनलाइन कंटेंट बनाकर विश्व पटल पर योगदान देना होगा।

### एक दिसम्बर को आकस्मिक अवकाश घोषित: डीएम

संवाददाता। जौनपुर

**जिलाधिकारी** दिनेश सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद कि वाराणसी खंड शिक्षक-स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन 2020 हेतु एक दिसंबर को मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में सामान्य प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन में मतदान करने हेतु जनपद के सभी कर्मचारी जो विश्वविद्यालय स्नातक हैं और जो स्नातक तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से होने वाले राज्य विधान परिषद के निर्वाचनों हेतु बोनाफाइड मतदाता हैए को मताधिकार के प्रयोग हेतु मतदान दिवस एक दिसंबर को विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जाएगा।

## आयोग के निर्देशों का अनुपालन सभी को करना अनिवार्य: डीएम

संवाददाता। देवरिया

**गोरखपुर**-फैजाबाद खण्ड शिक्षक द्विवार्षिक निर्वाचन 2020 के तहत आगामी एक दिसम्बर को होने वाले मतदान के लिये मतदाताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा वोट डालने के लिए मतपत्र पर अधिमान अंकित करने का तरीका निर्धारित किया गया है, जिसके अनुरुप ही मतदाताओं को मतपत्र पर अपना अधिमान अंकित करना होगा।

यह जानकारी जिलाधिकारी अमित किशोर ने बताया कि आयोग द्वारा सभी प्रत्याशियों से यह अपेक्षा की गयी है कि वे तद्नुसार मतदाताओं के मतपत्र पर सही तरीके से अधिमान अंकित करने के बारे में अवगत करायें। मतपत्र का रंग गुलाबी होगा तथा इस पर अधिमान अंकों 1, 2, 3 में दिया जायेगा। मतदाता जितने प्रत्याशी हैं, उतने अधिमान अंकित करने के लिये स्वतंत्र है। मतपत्र पर अंकित अधिमान के अंकों में होने के अतिरिक्त कुछ भी लिखावट चिन्ह आदि की स्थिति में मतपत्र अवैध हो जायेगा।

उन्होने बताया कि मतदान अभिकर्ताओं की नियुक्ति निर्धारित प्रारुप पर की जायेगी। सभी प्रत्याशी, प्रतिनिधि अभिकर्ताओं की नियुक्ति करते उन्हे मतदान दिवस पर समय से मतदान केन्द्र पर उपस्थित होने तथा कोविड-19 के प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित करने के बारे में यथावश्यक निर्देशों से अवगत कराएंगें। मतदान के दिन कोई भी उम्मीदवार मतदेय स्थल से निर्धारित सीमा के भीतर किसी भी प्रकार का प्रचार-प्रसार अथवा कनवेन्सिग का कार्य नहीं करेगें।

# अब बोरा छाप डॉक्टरों के जाल में फंस रहे हैं पीड़ित

संवाददाता। बढ़नी

एक तरफ चिकित्सा विभाग जहां झोलाछाप डॉक्टरों के जांच-पड़ताल के पीछे पड़ा हुआ है। वहीं झोलाछाप के साथ ही साथ बोरा छाप अपने को धनवंतरी से भी ज्यादा विद्वान अनुभवी बताने वाले वैद्य डॉक्टरों की भरमार हो गई है। बोरा छाप डॉक्टर सड़कों पर बोरा बिछा कर के तमाम जड़ी बूटियों एवं दवाओं को रखकर सर दर्द से लेकर के हर प्रकार के दर्द यहां तक देश में फैली हुई तमाम बीमारियों का इलाज करते फिर रहे हैं। यही नहीं यह अपने चमत्कारी जड़ी बूटियों के बल पर कुछ ऐसे लाइलाज मर्जो की दवा करने का दम भरते हैं। जिन बीमारियों की दवा सामान्य अस्पतालों में नहीं हो सकती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढनी के गेट के सामने बोरा बिछा कर के बोरा छाप डॉक्टर अपनी दवा बेच रहे थे। बताया जाता है कि गिलास में रखा हुआ खून जैसा दिखने वाला पानी को जो कुछ गंदा था, उसमें उनका दिया हुआ दवा मिलाने से पूरा पानी साफ हो गया और वह लाल रंग का गंदा घोल से सफेद रंग के घोल में बदल गया। सबसे आश्चर्यजनक बात यह है की अपनी दवा का प्रचार करते हुए तमाम प्रकार के असाध्य रोगों को चुटकी भर दवा की कुछ दिन की सेवन से ही ठीक करने का दम भरते हैं ऐसे बोरा छाप डॉक्टरों के बारे में देखा जाए तो यह लोग तो दवा के बल पर असाध्य रोगों को एक महीने दो महीने में ठीक करने का वादा करते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि यह बोरा छाप डॉक्टर मोबाइल, अस्पताल लेकर चलते हैं जो एक जगह पर मुश्किल से 10 से 15 दिन ही रहते हैं और वहां से चले जाते है। इस संबंध में एक जानकार का कहना है कि यह लोग कुछ रासायनिक यौगिकों का प्रयोग कर कुछ ऐसा दिखाते हैं जो देखने मात्र से ही आश्चर्यचकित कर देता है। समीकरणों के बल पर रासायनिक पदार्थों का प्रयोग कर यह भोली-भाली जनता को झांसे में डाल देते हैं और जनता इनके बहकावे में आकर जनता अपनी गाढ़ी कमाई का बड़ा हिस्सा बोरा छाप डॉक्टर को देता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढनी पर मुख्य गेट के बगल में एक बोरा छाप डॉक्टर बैठकर के शुगर, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, गठिया, माइग्रेन, नसों में दर्द, पैरों में दर्द, घुटनों में दर्द पेट में गड़बड़ी, मानसिक, शारीरिक, यौन, सहित अन्य रोगों का इलाज करते हैं।

### अर्जुन महाराज की मनाई गई जयंती

मुगलसराय (**चन्दौली**)। उत्तर प्रदेश जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा चंदौली इकाई के कैंप कार्यालय मुगलसराय में स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन मैनाताली में जायसवाल समाज के कुलदेवता श्री श्री राज राजेश्वर अर्जुन महाराज की जयंती समारोह बड़े धूमधाम से वैदिक रीति रिवाज से मनाई गई। अपने उदबोधन में वयोवृद्ध चिकित्सक डॉक्टर डी. प्रसाद में कहीं अपने परिवार समाज देश के पूर्व का इतिहास याद रखना और उनकी अच्छाइयों पर गर्व करना आज के वर्तमान परिवेश में नितांत आवश्यक है जिससे हमारे वंशज की पहचान हो सके उनकी संस्कृति याद करना उनकी जन्म दिवस मनाना यह हमारे सभ्यता में होनी चाहिए। समारोह में राहुल जायसवाल, ललित नारायण जायसवाल, चंदन जायसवाल, विकास जायसवाल, गुलाब जायसवाल, मुन्नी देवी आदि मौजूद रहीं।

## मौलाना कल्बे सादिक के निधन को लेकर मुस्लिम समाज शोकाकुल

संवाददाता। जौनपुर

**हकीमे** उम्मत मौलाना सादिक साहब नायब सदर आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के निधन की खबर मिलते ही मुस्लिम समाज में शोक की लहर दौड़ गई। इसी क्रम में जौनपुर के इमाम-ए-जुमा व प्रिन्सिपल जामिया इमानिया नासिरया मौलाना महफूज़ुल हसन खां की अध्यक्षता में शिक्षकों एवं छात्रों ने शोकसभा किया। इस मौके पर ताजियत व तस्लियत पेश की गई। कुरानखानी के बाद उनकी मगफेरत के लिए सूर-ए-फातेहा पढ़ी गई। वहीं हुसैनी फोरम इंडिया जौनपुर के अध्यक्ष सैय्यद मोहम्मद हसन, संयोजक इकबाल खानए तहसीन अब्बास, सैय्यद असलम नकी, नासिर रजा, तालिब रजा शकील एडवोकेट, सैय्यद परवेज हसन, समीर अली, शाहिद मेंहदी, शाहिद रिजवी ने शोक व्यक्त किया। शेख नूरूल हसन मेमोरियल सोसाएटी के संरक्षक शेख हसीन अहमद की अध्यक्षता में हुई शोकसभा में सोसायटी के प्रबन्धक शेख अली मंजर डेजी ने कहा कि डा. सैय्यद कल्बे सादिक नक्की जैसी शख्सियत वर्षों में पैदा होती है। इसी क्रम में मजार लुक्का शाह रोडवेज तिराहा पर शिया सुन्नी इत्तेहाद के प्रतीक डा. सादिक को शिया-सुन्नी समुदाय ने मिलकर बाद नमाजे जोहर उनकी मगफेरत के लिए सूर-ए-फातेहा पढ़ी।

### जिला स्तरीय उद्योग बन्धु व व्यापार मण्डल की बैठक

**सिद्धार्थनगर**। जिला स्तरीय उद्योग बन्धु व व्यापार मण्डल की बैठक अम्बेडकर सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को उसके निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने लीड बैक अधिकारी को निर्देश दिया कि व्यापारियों के जो भी लोन के प्रकरण है उन्हें निस्तारित कराया जाये तथा व्यापारियों को परेशान न करें। जिलाधिकारी ने लीड बैंक अधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि मुद्रा लोन तथा भारत सरकार/उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं के संबध में व्यापारियों को जागरूक करें। उपायुक्त उद्योग ने जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए बताया कि एकल मेज व्यवस्था के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों का समय से निस्तारण किया जाता है। औद्योगिक इकाईयों के विद्युत भार से संबधित कोई भी आवेदन पत्र माह नवम्बर 2020 में प्राप्त नही हुआ है।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**देवरिया**। भारतीय जनता पार्टी मण्डल सहजौर मझौली द्वारा दो दिवसीय केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग मण्डल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नवनिर्मित नगर पंचायत मझौली राज में आयोजित की जा रही है। प्रशिक्षण का शुभारम्भ सलेमपुर विधायक काली प्रसाद ने किया। काली प्रसाद ने प्रथम सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रवाद का विचार एक ऐसा विचार है, जिसे अपनाकर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अपना पूरा जीवन लगा देता है।

ऐसे राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं को संगठन कार्य में प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष अंतर्यामी सिंह ने सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम ऐसे दल के कार्यकर्ता हैंए जिसका लक्ष्य ही राष्ट्र निर्माण हैंए राष्ट्र के लिए कार्य करना है। हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है और हमें इस बात का गर्व है और यही विशेषता हमें अन्य राष्ट्रीय दलों से अलग करती हैं।

# हक की बात डीएम के साथ

संवाददाता। अमेठी



**जिलाधिकारी** अरुण कुमार के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत नारी शक्तिए नारी सुरक्षाए नारी स्वावलंबन को लेकर जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी अमेठी अजय पाल सिंह ने बताया की महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षाए सशक्तिकरण व सम्मान हेतु शारदीय नवरात्र से वासंतिक नवरात्र के मध्य ष्मिशन शक्तिष् के अंतर्गत नारी सुरक्षाए नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैंए इसी क्रम में आज ष्हक की बात जिलाधिकारी के साथष् कार्यक्रम का आयोजन किया गयाए जिसमें आज प्रभारी जिलाधिकारीध्मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर से दूरभाष के माध्यम से जनपद की महिलाओं ने बात कर अपनी समस्या से अवगत करायाए मुख्य विकास अधिकारी महोदया ने महिलाओं की समस्याओं को ध्यान से सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया साथ ही उन्होंने महिलाओं को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन द्वारा उनकी समस्याओं का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के साथ ही शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाएगा। इसी के साथ ही जनपद के सभी विकास खंडों एवं ग्राम पंचायतों में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियोंए जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से विकास खंडोंए आंगनवाड़ी केंद्रों पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा विद्यालयोंध्स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रकार के उपायों तथा बच्चों के विरुद्ध हो रहे विभिन्न अपराधों की रोकथाम के बारे में विस्तृत रूप से प्रचार.प्रसार के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। शिक्षा विभाग के द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अमेठी में मिशन शक्ति के अंतर्गत शक्ति मंच का गठन किया गया और छात्राओं के बीच नारी शक्ति के ऊपर संगीत प्रतियोगिता आयोजित कर जागरूक किया गया। श्री गोपाल इंटर कॉलेज पंडरीए श्री निषाद राज इंटर कॉलेज कितियांवा एवं विद्या निकेतन इंटर कॉलेज वारिसगंजए श्री मुकुट नाथ इंटर कॉलेज ताला एवं राजकुमार इंटर कॉलेज शुकुल बाजार एवं जनपद के अन्य कॉलेज एवं स्कूलों में छात्राओं के द्वारा मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गयाए अभियान में छात्र.छात्राओं तथा विद्यालय की अध्यापिकायेंएअध्यापकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त अभियान में बालिकाओं महिलाओं के साथ हो रहे विभिन्न प्रकार के अपराधों को रोकने साइबर क्राइम एवं बाल बिवाह की रोकथामए घरेलू हिंसा बाल श्रम की रोकथाम तथा बालिकाओं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अभियान चलाकर महिलाओं बालिकाओं बालकों को विभिन्न प्रकार की हेल्पलाइन नम्बरों 1098 चाइल्ड लाइन 1090 महिला हेल्पलाइन तथा 112 पुलिस सहायता का प्रचार.प्रसार कर आम जनमानस को जागरूक किया गया।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी को दिया तलाक

संवाददाता। जगदीशपुर, अमेठी

**दहेज** की मांग पूरी न होने पर पति ने महिला को दिया तलाक ।भुक्तभोगी ने स्थानीय कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की माँग की । जगदीशपुर कोतवाली के अंतर्गत दौलतपुर लोनहट निवासी राफिया बानो पुत्री मोहम्मद नजजू ने अवगत कराया है कि मेरी शादी मोहम्मद मुस्लिम निवासी माहेमऊ कोतवाली जगदीशपुर के साथ हुई थी जिसमें मेरे परिजनों ने अपनी हैसियत के हिसाब से शादी में मोटरसाइकिल सोने की चैन व अन्य सामान समेत नगदी दिया था कुछ दिनों तक सबकुछ ठीक ठाक चलता रहा किंतु पिछले कुछ दिनों से ससुराल वालों के द्वारा कार व पाँच लाख रुपये नगदी की मांग की जाने लगी जिसकी जानकारी मैंने अपने परिजनों को दी जहाँ मेरे भाई व पिता ने ससुराल वालों से असमर्थता जताई जिसके चलते आए दिन मारपीट व मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न किया जाने लगा जिसकी शिकायत पिछले दिनों स्थानीय चौकी वारिसगंज में मेरे पिता की ओर से की गई जहाँ से समझा बुझा कर दोनों को शाँति पूर्ण ढंग से रहने की नसीहत दे कर घर रवाना कर दिया गया। तब से मैं अपनी ससुराल में हूँ मेरा एक दस माह का बच्चा भी है । लेकिन वहां से आने के बाद भी हालात जस के तस बने रहे वहीं महिला ने शिकायती पत्र में बताया है कि ससुराल वालों के द्वारा कार व नगदी न मिलने के कारण सादे कागज पर जबरन तलाक के लिए हस्ताक्षर करने के लिए कहा लेकिन मेरे द्वारा हस्ताक्षर ना करने पर जला कर मारने की कोशिश की गयी ।जहाँ पीड़िता ने ससुरालीजनो से जान का खतरा बताते हुए कोतवाली में तहरीरदी है। वहीं दूसरी घटना मैगलगंज निवासी कमर जहाँ ने भी लगभग दो माह पूर्व तीन तलाक से परेशान हो कर स्थानीय कोतवाली में शिकायत कर कार्यवाही की मांग की थी लेकिन मामला जसका तस बना हुआ है।

# अहमद पटेल के निधन पर प्रमोद व मोना ने जताया शोक

संवाददाता। लालगंज, प्रतापगढ़

**कांग्रेस** के राज्यसभा सदस्य एवं वरिष्ठ पार्टी नेता अहमद पटेल के आकस्मिक निधन पर बुधवार को यहां शोक छा गया। जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक एवं पार्टी विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर शोकसभा कर अहमद पटेल के सम्मान मे पार्टी का ध्वज झुका दिया गया। क्षेत्र के सांगीपुर, रामपुर तथा संग्रामगढ़ मे भी कार्यकर्ताओं ने बैठक कर अहमद पटेल को श्रंद्धाजलि अर्पित की। वहीं खानापटटी के मदरसा दारूल उलूम बाबुन्नवी मे पटेल की रूह को जन्नत के लिए कुरानखानी पेश हुई। इधर कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने दुखी मन से कहा कि अहमद पटेल जैसा दूसरा कोई नही हो सकता। प्रमोद तिवारी ने अहमद पटेल के निधन को पीड़ादायक ठहराते हुए कहा कि उनके लिए यह विश्वास करना कठिन है और अहमद पटेल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं तथा नेताओं व अन्य दलों के लोगों से सामजस्य बनाने के लिए पार्टी नेतृत्व के लिए एक सेतु के रूप मे सदैव याद किये जाएगें। श्री तिवारी ने कहा कि अहमद पटेल की महारत थी कि यूपीए वन व यूपीए टू की सरकार चलाते हुए उन्होने अपने राजनीतिक कौशल से राष्ट्रपति के चुनाव मे कांग्रेस को विजयश्री दिलाई। श्री तिवारी ने राज्यसभा के अपने कार्यकाल का हवाला देते हुए कहा कि विपक्ष के रूप मे राजनैतिक हमला करना उन्होनें अहमद पटेल जी के साथ मिलकर बहुत करीब से देखा। श्री तिवारी ने तिरूपति अधिवेशन मे भी संगठन के चुनाव मे सर्वाधिक मतो से कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य के रूप मे अहमद पटेल के निर्वाचन को यादगार ठहराया।

## दो घरों में लगी आग

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात कारणों के चलते दो घरो मे लगी आग से गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। बाद मे फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची लेकिन तब ग्रामीण आग बुझाने मे कामयाब हो चुके थे। घटना से ग्रामीणो मे दहशत का माहौल दिखाई दिया। लालगंज कोतवाली के रायपुर भटनी मे रामचंद्र व पुतुन सोनकर के घर मे आग लग गयी। आग की चपेट मे आने से देखते ही देखते दोनो छप्परनुमा घर धू धू कर जलने लगे। परिजनो ने घर से बाहर भागकर अपनी जान बचाई। दो घरो मे आग लगने से हल्लागुहार मच गया। ग्रामीणो ने दो घंटे की मशक्कत कर किसी तरह आग बुझायी ।तब तक दोनो घरो की गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। ग्रामीणो के मुताबिक दोनो घरो मे एक लाख से अधिक का सामान जला है। घटना की जानकारी पर फायर ब्रिगेड की टीम गांव पहुंची लेकिन तब तक आग पूरी तरह से बुझ चुकी थी।

# शिक्षित नौजवानों के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई होगी तेज: बीके

संवाददाता। प्रतापगढ़

**लखनऊ** खण्ड स्नातक विधान परिषद के प्रत्याशी बी.के. शुक्ला ने स्नातक विधान परिषद चुनाव को लेकर प्रतापगढ़ जिले मे प्रबुद्ध वर्ग तथा अधिवक्ताओं व शिक्षकों से सघन जनसंपर्क किया। नगर के एक होटल मे आयोजित प्रेसवार्ता मे श्री बृजकिशोर शुक्ला बी.के. शुक्ला ने कहा है कि उनके संघर्ष की प्राथमिकता बेरोजगार शिक्षित नौजवानों को प्रत्येक प्रतियोगात्मक परीक्षाओं मे सम्मिलित होने के लिए फॉर्म तथा परीक्षा केन्द्रो पर लिखित एवं मौखिक साक्षात्कार के लिये आवागमन एवं परीक्षा स्थलों के चिन्हित केन्द्रों पर उनके ठहरने आदि के भी नि:शुल्क प्रबन्ध सुनिश्चित कराये जाने के लिए संघर्ष को ठहराया है। श्री शुक्ला ने कहा कि इस समय देश मे सबसे बड़ा मुददा शिक्षित युवकों को रोजगार के क्षेत्र का है। सरकारें चुनावो मे शिक्षित युवको का एकमुश्त समर्थन लेकर सत्ता मे आती है किन्तु स्नातक बेरोजगारो के लिये सत्ता मे आते ही उनकी प्राथमिकताएं शून्य हो जाया करती है। श्री शुक्ल ने कहा कि विधान परिषद के चुनाव मे सफलता मिली तो वह यह सुनिश्चित करायेगें कि प्रत्येक जिले तथा तहसील मुख्यालयो पर काउन्सिलिंग सेटरों की स्थापना करायी जाय, जहां पर मेधावी छात्रो को शिक्षा तथा रोजगार के क्षेत्र मे समुचित मार्गदर्शन निशुल्क हासिल हो सके। उन्होनें वित्तविहीन शिक्षको को सम्मानपूर्वक समान कार्य का समान वेतन तथा सभी संवर्गो के लिए पुरानी पेंशन बहाली कराये जाने को भी अपनी प्राथमिकता घोषित की है।



## परिवहन कर्मियों का धरना निजीकरण को गलत ठहराया

**बाराबंकी।** विभिन्न विसंगतियों और निजीकरण के फैसले को लेकर यूपी राज्य सड़क परिवहन निगम कर्मचारी अधिकारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले बुधवार को तमाम कर्मचारियों और अधिकारियों ने निजीकरण व राष्ट्रीय मार्गों पर संचालन में परेशानी होने को लेकर मोर्चे के लोगों ने विशाल धरना देते हुए बाराबंकी डिपो पर विशाल धरना दिया और विभाग के आउट सोर्स चालको परिचालकों की तमाम परेशानियों को दूर किया जाए वहीं मोर्चे के अध्यक्ष आरपी सिंह विशेन ने कहा कि निजीकरण का फैसला अभी तो देखने मे सही लग रहा है लेकिन इसके दूरगामी परिणाम खराब होंगे।उक्त धरने में आरपी सिंह विशेन,परिवहन निगम इम्प्लॉईज यूनियन के संयोजक आशीष कुमार यादव,सह संयोजक महेंद्र कुमार सह सचिव आदि मौजूद रहे।वीरेंद्र कुमार इत्यादि उपस्थित और सभी ने बारी बारी से अपना सम्बोधन किया।

# जांच पर लीपापोती से अब नहीं चलेगा काम, मामले ने पकड़ा तूल

- स्थाई लोक अदालत में पहुंचेगा मनरेगा अनियमितता प्रकरण
- एक अन्य मामले में डीएम,सीडीओ के विरुद्ध दायर हुआ केस

विधि संवाददाता। बाराबंकी

**गांवों** में मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजनाओंमें अनियमितता की जांचों की जांच अधिकारी ज्यादातर लीपापोती करते रहे हैं।अब ऐसी अनियमित्तावो की स्थायी लोक अदालत भी सुनवाई करेगी। ब्लाक बंकी की ग्राम पंचायत चेचरूवा में अनियमित्तावो की लंबी फेहरिस्त की शिकायतों की जांच की मांग वही के निवासी श्याम सिंह ने कईबार की लेकिन वही लीपापोती की जाती रही,अब श्याम सिंह ने यह प्रकरण स्थायी लोक अदालत ले जाने का निश्चय कियाहै। श्याम सिंह द्वारा उजागर की गई अनियमित्तावो के बारे में कहा गया हैकि ग्राम पंचायत चेचरूवा में रास्ता निर्माणमें व्यापक अनियमितताएं की गई हैं।इनमें रामपुर मंदिरमें चारोंतरफ़ 85 मीटर नाली निर्माण कराना दर्शाया गया है जब कि शिकायतकर्ता श्याम सिंह का कहना है कि मात्र 52 मीटर तक ही निर्माणकियागया है।इसी तरह इंद्र सेन के घर से हरिजन आबादी तक 120 मीटर नाली निर्माण कराना दर्शाया गया है जबकि मात्र 75 मीटर नाली निर्माणकियागयाहै।इसी प्रकार कय्यूम के घरसे सीसी रोड तक 80 मीटर नाली निर्माण दर्शा कर मात्र 20 मीटर निर्माण किया गया है। विनोद के घर से राज कुमारके घर होकर तालाब तक 140 मीटर नाली मरम्मत दर्शायागयाहै जब कि मात्र 90 मीटर ही नाली रिपेयरिंग कराई गई है।इसीतरह की एक नही बल्कि अनेक अनियमित्तावो की शिकायत पूर्व में कीगई लेकिन लीपापोती कर मामला दबा दिया गया। जांच अधिकारियों के इस लीपा पोती रवैये से परेशान होकर श्यामसिंह ने प्रकरण स्थायी लोक अदालत ले जाने का फैसलाकिया है। स्थायी लोक अदालत कुछ ऐसे मामलों की सुनवाई शुरू भी कर चुकी है इससे अब इस प्रकारकी जांचों की लीपापोती से कामनहीं चलेगा।

# एसपी ने चलाई तबादला एक्सप्रेस, कई इधर से उधर

संवाददाता। बाराबंकी

**अपनो** पर रहम गैरों पर सितम की तर्ज पर मंगलवार की देर रात एसपी डॉणअरविंद चतुर्वेदी ने जिले के पुलिस महकमे में बड़ी तबादला एक्सप्रेस चलाई जिसमे लगभग एक दर्जन से अधिक प्रभारी निरीक्षको का तबादला करके नए प्रभारियों को तैनात किया है और दर्जनों चौकी प्रभारियों की तैनाती में फेरबदल करते हुए नए स्थानों पर तैनाती दी है।

मंगलवार की देर रात पुलिस अधीक्षक ने तबादला एक्सप्रेस चलाते हुए जहांगीराबाद के प्रभारी निरीक्षक अक्षय कुमार सर्विलांस का प्रभारी बनाया है वहीं टिकैतनगर के प्रभारी निरीक्षक रहे आलोक कुमार वर्मा को अपराध शाखा में तैनाती दी गई बदोसराय के कोतवाल रहे सुधीर कुमार सिंह को प्रभारी डीसीआरबी व नोडल अधिकारी सहयोग एप बनाया गया है जबकि असन्द्रा के प्रभारी रहे निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा को भी अपराध शाखा में तैनाती दी गई है और जहांगीराबाद थाने का थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक दर्शन यादव को बनाया है दर्शन यादव अभी तक जिले के मलाईदार जैदपुर थाने में एसएसआई के पद पर तैनात थे वहीं निरीक्षक दयाशंकर सिंह को बदोसराय का कोतवाल बनाया है वहीं नारदमुनि सिंह को टिकैतनगर भेजा है वही निरीक्षक जितेंद्र विक्रम सिंह को बड्डूपुर के कोतवाल के पद से हटाते हुए उन्हें आईजीआरएस का प्रभारी बनाय है वहीं एसपी के पीआरओ रहे निरीक्षक गंगेश कुमार शुक्ला को क्राइम ब्रांच में भेजा है पीआरओ रहे निरीक्षक आनंद कुमार वैश्य को पुलिस कार्यालय के सम्मन सेल का प्रभारी बनाया है। निरीक्षक आलम शाह को भी अपराध शाखा भेजा है वहीं निरीक्षक जंग बहादुर पाण्डेय को असन्द्रा थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाकर नई तैनाती दी है वहीँ टिकैतनगर में अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक रहे सतेंद्र कुमार सिंह को घुंघटेर का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। वहीं घुंघटेर में अभी तक रहे निरीक्षक अमर सिंह अब पुलिस अधीक्षक के पीआरओ होंगे इसी के साथ नगर कोतवाली की सिटी चौकी इंचार्ज रहे अमित कुमार पाण्डेय की जगह अब अमित मिश्रा चौकी इंचार्ज बनाये गए हैं वहीं यातायात उपनिरीक्षक के खाली पड़े पद पर पुलिस ऑफिस के सहयोगी एप में रहे उपनिरीक्षक संजय कुमार पाण्डेय को बनाया है इसी के साथ पुलिस की स्वाट टीम में रहे उपनिरीक्षक संदीप कुमार दुबे देवा कोतवाली की माती चौकी के इंचार्ज होंगे इसी के साथ दर्जनों चौकी प्रभारियों की तैनाती में फेरबदल भी किया गया है और जिला महिला अस्पताल की वन स्टाफचौकी प्रभारी रही महिला उपनिरीक्षक प्रेम लता दीक्षित को भी अपराध शाखा में तैनाती दी गई है वहीं महिला उपनिरीक्षक विमला पाल को अब वनस्टाफचौकी का इंचार्ज बनाया गया और जिला अस्पताल की चौकी प्रभारी वेदप्रकाश यादव को चौकी प्रभारी के पद पर दिलावलपुर थाना असन्द्रा भेजा गया है।

## नहीं हटाये गये ये दरोगा

**गैरजनपद** स्थान्तरित हुए 2013 बैच के दो दरोगाओं को अभी तक रिलीव नही किया गया है इसमें एक असन्द्रा थाने की सिधौर चौकी के प्रभारी पण्डित त्रिपाठी बने हुए हैं,वहीं मनोज कुमार शर्मा करीब एक वर्ष से मोहम्मदपुर खाला थाने के थानाध्यक्ष के पद पर तैनात हैं इन्ही दोनो उपनिरीक्षकों पर यह कहावत चरितार्थ होती है कि अपनो पर रहम और गैरों पर सितम।

## विवाहिता की मौत

**बाराबंकी।** सन्दिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई अस्पताल की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम कराया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहपुर के ग्राम गुरसेल निवासी मजदूरी पेशाव्यक्ति मनोज कुमार की शादी सीतापुर जिले के रामपुर मथुरा थाना अन्तर्गत जानकीपुर निवासी ज्योति देवी से हुई थी बताया जाता है कि गत दिनो अचानक तबीयत बिगड़ने पर ज्योति को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया था।

# अधिकारी शासन के दिशा-निर्देशों को प्रसारित कराएं: जिलाधिकारी

संवाददाता। ललितपुर

**जिलाधिकारी** अन्नावि दिनेशकुमार की अध्यक्षता में कोविड.19 कोर कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में सर्वप्रथम विगत 24 घंटे के कोविड परिणामों पर चर्चा हुईए जिसमें बताया गया कि आज 1530 टेस्ट किये गए हैं। आज जनपद में 18 धनात्मक केस पाए गए हैंए साथ ही 13 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। जनपद में वर्तमान में कुल 88 एक्टिव केस हैं। जनपद में मरीजों का रिकवरी रेट 95ण्62ए सीएफआर 1ण्50 तथा धनात्मकता रेट 1ण्59 प्रतिशत है।

बैठक में यह भी बताया गया कि जनपद में दिनांक 24ण्11ण्2020 को दोपहर 01 बजे से दिनांक 25ण्11ण्2020 को दोपहर 01 बजे तक कुल 333 वाहनों के चालान किये गएए जिनसे 175800 रु0 की धनराशि वसूली गई। धारा 15;3द्ध के अंतर्गत मास्क न पहनने पर 229 व्यक्तियों के चालान किये गएए जिनसे 23400 रु0 की धनराशि वसूल की गई। धारा 15;5द्ध के अंतर्गत दोपहिया वाहनों पर एक सवारी से अधिक सवारी बैठाए जाने पर 03 व्यक्तियों का चालान किया गयाए जिनसे 1250 रु0 की धनराशि वसूल की गई।इस प्रकार जनपद में दिनांक 15ण्06ण्2020 से 25ण्11ण्2020 तक कुल 25820 वाहनों के चालान तथा 120 वाहन सीज किये गएए जिनसे 17883800 रु0 की धनराशि वसूली गई। धारा 15;3द्ध के अंतर्गत मास्क न पहनने पर 39495 व्यक्तियों के चालान किये गएए जिनसे 4215150 रु0 की धनराशि वसूल की गई। धारा 144 का उल्लंघन करने पर 106 व्यक्तियों पर धारा 188 के अंतर्गत कार्यवाही की गई। धारा 15;5द्ध के अंतर्गत दोपहिया वाहनों पर एक सवारी से अधिक सवारी बैठाए जाने पर 4750 व्यक्तियों का चालान किया गयाए जिनसे 1232900 रु0 की धनराशि एवं धारा 15;4द्ध के अंतर्गत रात्रि 10 बजे के बाद घूमते पाए जाने पर 2987 व्यक्तियों के चालान से 378950 रु0 की धनराशि वसूल की गई।कोविड अस्पतालों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि कोविड अस्पतालों में भोजनए पानीए दवायें व चिकित्सकों की उपस्थिति शासन के निर्देशानुसार हैए साथ ही मरीजों को समय पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करायी जा रही हैंए इस पर जिलाधिकारी महोदय ने निर्देश दिये कि कोविड अस्पतालों में सभी आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में रखेंए यदि किसी चीज की कमी है तो उसके लिए मांग करें।

कांटेक्ट ट्रेसिंग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने निर्देश दिए कि मरीजों को ट्रेस करने के लिए जांच के समय उनका विवरण स्पष्ट रुप से अंकित करेंए साथ ही मोबाइल नम्बर जरुर अंकित किया जाएए जिससे कभी भी उनसे सम्पर्क किया जा सके।

## गोसंरक्षण को लेकर चलाया जाएगा अभियान: बिंदुसार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के हण्डौर गांव मे बुधवार को ब्राम्हण संरक्षण सेवा फाउन्डेशन के तत्वाधान मे गोसंरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। संगठन के प्रदेश महासचिव विनोद पाण्डेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गोमूत्र व गोबर से स्नान कर लोगों को गोसंरक्षण का महत्व समझाया। उन्होने कहा कि गाय को राष्ट्रमाता घोषित होने तक गांव गांव जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष बिंदुसार पाण्डेय व संरक्षक भुवनेश तिवारी ने प्रदेश भर मे जन-जागरण अभियान चलाकर गोसंरक्षण के संकल्प को पूरा करने का दावा किया। प्रदेश प्रभारी पं. श्रीराम मिश्र ने कहा कि देवताओं का वजूद जब खतरे मे पडा तो हनुमान जी सभी को उदर मे छिपाकर गाय के महत्व को बता दिया था। इस मौके पर त्रिभुवन त्रिपाठी, डीपी त्रिपाठी, सरसिज तिवारी, डा. त्रिलोचन, गुलाब मिश्र, राजेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# क्विक न्यूज

## एसटीएफ के हत्थे चढ़ा 25 हजार का ईनामी

**प्रतापगढ़।** एसटीएफ प्रयागराज की टीम ने चिलबिला पुलिस के साथ मिलकर 25 हजार रुपये के इनामी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास एक तमंचा व एक बाइक बरामद हुई। वह स्मैक तस्करी में लेनदेन के विवाद में गोली मारकर फरार चल रहा था।एसटीएफ के एएसपी नीरज पाण्डेय ने बताया कि चिलबिला के दासीपुर निवासी परवेज खान लूट और नशीले पदार्थों की तस्करी करता है। उसका साथी इस्तखार अहमद उर्फ छुरीबाज महुली निवासी गुड्डू सिंह को चोरी की सीमेंट बेचता है। परवेज ने भी कई बार बाराबंकी से स्मैक की खेप लाकर गुड्डू को दी। तस्करी के लेनदेन में उसका गुड्डू से विवाद हो गया। इसी खुन्नस में अक्तूबर 2019 में परवेज ने अपने साथी इस्तखार निवासी खमपुर व जावेद निवासी पिपरी खालसा के साथ मिलकर गुड्डू को गोली मारी थी। इसके बाद तीनों एमपी, गुजरात व दिल्ली में फरारी काटते रहे। पुलिस ने परवेज की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम रख दिया। मंगलवार रात करीब सवा 11 बजे चिलबिला चौकी प्रभारी अहसानुलहक की मदद से एसटीएफ के साजिद आदि की टीम ने चिलबिला में परवेज को पकड़ लिया। एसटीएफ के मुताबिक परवेज ने अमेठी में भी ट्रक लूटा था।

## दीवार ढहाने के मामले मे आरोपी के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बडी इटौरी निवासी दिनेश कुमार मिश्र ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीती उन्नींस नवंबर को हरखपुर मान्धाता निवासी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने उसकी दीवार ढहा दी। आरोप है कि विपक्षी जबरन उसकी जमीन पर कब्जा करना चाहता है। इसके चलते आये दिन वह निर्माण कार्य बाधित करने का हर संभव प्रयास करता है। पीडित की तहरीर पर आरोपित धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के खिलाफ जबरन दीवार गिराने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मुकदमा वापस नही लेने पर अभद्र व्यवहार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के अचकवापुर हरनाहर निवासी मिटठूलाल विश्वकर्मा का आरोप है कि गांव का अभिषेक सरोज मुकदमे मे समझौता कराने की बात नही मानने पर आये दिन उसे व उसके परिवार के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी लिखता है। आरोपी कभी शस्त्र व कारतूस के साथ फोटो वायरल करता है तो कभी अश्लील फोटो बनाकर परिवार को बदनाम करने मे लगा हुआ है। पीडित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## झाड़ियो में फंसा मिला नवजात शिशु का शव, सनसनी

**फतेहपुर बाराबंकी।** क्षेत्र में बुधवार कोसुमली नदी के पटेरिया के किनारे एक नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैल गई है, पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर जांच पड़ताल शुरु कर दी है लेकिन अभी तक पुलिस को कुछ पता नही चल सका ।वही लोकलाज के भय से शव छोड़ने की बात कह रहे है जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह सुमली नदी की पटरियों के किनारे से गुजर रहे थे। इसबीच इन लोगों की नजर एक नवजात शिशु के शव की ओर गई जो कि झाड़ियों के बीच फंसा था। नवजात के शव की जानकारी बम्भनवा गांव के साथ आस पास के गांवों में जंगल में आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते घटना स्थल पर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। इसी दौरान किसी ने मोहम्मदपुर खाला पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने स्थानीय चौकी इंचार्ज सुरेशचंद्र मिश्रा को दी ।मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने नवजात के शव को बाहर निकाला और चौकी ले गई। जहां से नवजात शिशु के शव को पीएम के लिए भेज दिया गया ।ग्रामीणों ने आशंका जताते हुए बताया कि किसी ने अंधेरे का फायदा उठा कर नवजात के शव को यहां फेंका होगा। इस संबंध में थानाध्यक्ष मनोज शर्मा ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। नवजात शिशु करीब पांच माह का लग रहा है

## मारपीट में 7 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**सिद्धौर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के मजपुरा गांव में आबादी की जमीन को लेकर दो पक्षों में बुधवार को लाठी.डंडों से मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों से सात लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर चिकित्सीय परीक्षण कराया है। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को जिला अस्पताल रेफर किया गया ।मामला कोठी थाना क्षेत्र के मजपुरा मजरे डेढवा गांव का है। गांव निवासी दीन मोहम्मद उर्फ बबलू का आरोप है कि उनकी घर के सामने खाली पड़ी आबादी की जमीन पर गांव निवासी इसरार अली के द्वारा कब्जेदारी को लेकर बीते दिनों से हस्तक्षेप किया जा रहा था। जिससे बुधवार को जमीन पर कब्जादारी को लेकर दोनों के बीच में लाठी.डंडों से मारपीट हो गई। जिसमें प्रथम पक्ष से दीनअहमद उर्फ बबलू,सद्दाम,अनवर व शमसुद्दीन तो दूसरे पक्ष से इसरार,अंसार व निसारके विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित के परिजनों ने बताया कि गंभीर रूप से घायल दीनअहमद को सीएचसी कोठी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। शेष का सीएचसी कोठी पर इलाज किया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रत्नेश पांडे ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है।

## रोजगार सेवकों की बैठक

**त्रिवेदीगंज बाराबंकी।** ग्राम रोजगार सेवकों की एक बैठक ब्लाक परिसर में हुई द्यबैठक में संघ के ब्लाक अध्यक्ष रामसजीवन यादव ने कहा कि बेलहरी ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक रामराज सिंह को पारिवारिक रंजिश में पद से हटाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है द्य उन्होने कहा कि जब पंचायत सचिव मोहित चतुर्वेदी को ही ऐसी किसी बैठक की जानकारी ही नहीं है तो रोजगार सेवक को कैसे पद से हटा दिया गया द्यउत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## छापेमारी में शराब व लहन बरामद

**अमेठी।** आज जिलाधिकारी के निर्देश पर चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आबकारी टीम द्वारा ग्राम उमराव सिंह का पुरवाएगढ़ा माफी अंतर्गत थाना मुंशीगंज व ग्राम अन्नी बैजल थाना गौरीगंज में चेकिंग की कार्यवाही की गई।इस कार्यवाही में कुल 2 अभियोग पंजीकृत करते हुए 6 लीटर अवैध शराब बरामद की गई व 450 किलो लहन मौके पर टीम द्वारा नष्ट किया गया।दबिश टीम में नागेन्द्र सिंह आबकारी निरीक्षक गौरीगंज सर्वश्री सुधीर पाठकएअनिल सिंहएअनुरागएसंजय सरोजएमो हमजा सभी आबकारी सिपाही हमराह के रूप में साथ रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**जगदीशपुर, अमेठी।** बीती शाम खेत से कार्य करके घर जाते समय अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहाँ हालत गम्भीर देख कर चिकित्सकों ने जिला रेफर किया जिसकी इलाज के दौरान मृत हो गई । जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के मड़वा निवासी भवानी भीख पुत्र तेजई जो खेत में काम करके वापस घर लौट रहे थे कि शुकुल बाजार रानीगंज रोड़ स्थित देवकली चौराहे के निकट रोड़ पार कर रहे थे कि अचानक किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जगदीशपुर में भर्ती कराया गया जहाँ हालत गम्भीर देख कर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई ।

## हत्या के आरोप में दो को आजीवनकारावास

**बाराबंकी।** अपर जिलाजज अनुपमा गोपाल निगम ने हत्या सम्बन्धी एक मुकदमे का फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को दोसी करार देकर आजीवनकारावास व प्रत्येक को 26हजार रुपये अर्थ दण्ड की सजा से दण्डित किया। जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित अवस्थी ने अभियोजन कथानक का व्योरा देते हुये बताया कि 25 अक्टूबर 2004 को थाना व कस्बा रुदौली निवासी वादी मो0 रिजवान खां ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि उसके बहनोई सगीर खान, व उसकीबहन रुखसाना बनो भी उसके ही घर के पास अपना मकान बनाकर रह रहीहैं।